# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच

**

गुरुवार, 27 फरवरी, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 57, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com


**असम में शुरू होंगी 80 हजार करोड़ की सड़क परियोजनाएं**

सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि असम में 80,000 करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाओं पर काम जल्द ही शुरू होगा। } 14

**अफ्रीका के प्रति भारत का दृष्टिकोण संबंधों पर आधारितः जयशंकर**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि अफ्रीका के प्रति भारत का दृष्टिकोण संबंधों के शोषणकारी मॉडल से नहीं, बल्कि परस्पर लाभकारी साझेदारी बनाने की गहरी प्रतिबद्धता से प्रेरित है। } 16





# महाकुंभ में रिकॉर्ड 66 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगायी आस्था की डुबकी

## महाशिवरात्रि पर स्नान के बाद भव्य और दिव्य महाकुंभ का समापन

विशेष संवाददाता

महाकुंभ नगर। प्रयागराज में 45 दिनों तक विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक एवं आध्यात्मिक समागम-महाकुंभ 2025, बुधवार को अंतिम स्नान पर्व महाशिवरात्रि के साथ संपन्न हो गया। तेरह जनवरी से प्रारंभ हुए इस मेले में देश विदेश से 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई।

मेला प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, बुधवार को शाम छह बजे तक 1.44 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई तथा 13 जनवरी से अब तक स्नान करने वालों की संख्या 66.21 करोड़ पहुंच गई है। श्रद्धालुओं की यह संख्या चीन और भारत को छोड़कर अमेरिका, रूस और यूरोपीय देशों समेत सभी देशों की आबादी से अधिक



है। साथ ही यह मक्का और वेटिकन सिटी जाने वाले श्रद्धालुओं से भी अधिक है। महाकुंभ अपनी स्वच्छता को लेकर भी चर्चा में रहा जिसमें स्वच्छता कर्मियों की अहम भूमिका रही। महाकुंभ ...शेष पृष्ठ 14 पर

## शिवरात्रि पर योगी ने की चार शिवालयों में पूजा-अर्चना

जिला संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर गोरखपुर में गोरक्षनाथ मंदिर के अलावा चार शिवालयों में पूजा-अर्चना की और भगवान आदियोगी से लोकमंगल, राष्ट्र कल्याण और सभी नागरिकों के लिए आराग्यमय, सुखमय, समृद्ध एवं शांतिमय जीवन की प्रार्थना की।

एक बयान के मुताबिक, गोरक्षपीठाधीश्वर योगी ने सुबह गोरक्षनाथ मंदिर के प्रथम तल पर स्थित शक्ति मंदिर में गाय के दूध से भगवान



शिव का रुद्राभिषेक किया। इसमें कहा गया है कि योगी ने शक्ति मंदिर में हवन और आरती भी की, जिसके बाद वह गोरक्षनाथ ...शेष पृष्ठ 14 पर

### महाकुंभ में श्रद्धालुओं ने दिया राष्ट्रीय एकता का संदेश : मुख्यमंत्री

लखनऊ। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में आयोजित मानवता का 'महायज्ञ', आस्था, एकता और समता का महापर्व महाकुम्भ-2025, प्रयागराज बुधवार महाशिवरात्रि के पवित्र स्नान के साथ ही अपनी पूर्णाहुति की ओर अग्रसर है। 13 जनवरी, पौष पूर्णिमा से प्रारंभ महाकुम्भ-2025,...शेष पृष्ठ 14 पर

**संक्षेप**

### सड़क हादसों में 20 की मौत, 18 घायल

लखनऊ। बदायूं, झांसी, प्रतापगढ़, प्रयागराज, गाजियाबाद और हाथरस में हुए सड़क हादसों में 20 लोगों की मौत हो गई जबकि 18 अन्य घायल हो गए। बदायूं जिले के थाना बिल्सी क्षेत्र में आज दोपहर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिसमें तीन युवकों हुसैनपुर गांव के जितिन (24) और धर्मेंद्र (21) नामक दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गौरव (23) ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं, झांसी जिले में एक कार और ट्रक की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गयी तथा छह अन्य जख्मी हो गये। पुलिस क्षेत्राधिकारी (सदर) आलोक ...शेष पृष्ठ 14 पर

## उत्तराखंड में दे रहे पर्यटन को बढ़ावा : धामी

### कुमाऊं के सभी मंदिरों को जोड़कर बनाया जा रहा है धार्मिक सर्किट

प्रमुख संवाददाता

ऊधम सिंह नगर। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश में ग्रीष्म कालीन पर्यटन के साथ ही शीत कालीन पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है। केदारनाथ से शीत कालीन यात्रा का प्रारम्भ किया गया। अब वर्ष भर वहां धार्मिक पर्यटकों की लगातार आमद बढ़ रही है। जिससे प्रदेश व क्षेत्र की जनता व सभी प्रकार व्यापारियों को लाभ मिल रहा है।

प्रदेश में रोजगार के नए अवसर उत्पन्न हो रहे हैं, आर्थिकी को मजबूती मिल रही है। उक्त उद्गार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऊधम सिंह नगर के खटीमा में स्थित श्री वनखंडी महादेव शिव मंदिर में महाशिवरात्रि मेले के शुभारंभ समारोह को संबोधित करते



हुए व्यक्त किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद मंदिरों का कायाकल्प हुआ जिससे पुरे विश्व में धार्मिक पुनर्जागरण हुआ है। केदारनाथ में भीषण आपदा आने से श्रद्धांलुओं का आना बहुत कम हो गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ...शेष पृष्ठ 14 पर

### भारी बर्फबारी में 36 अफगानिस्तानियों की मौत, 40 घायल

इस्लामाबाद। अफगानिस्तान के विभिन्न हिस्सों में भारी बर्फबारी और बारिश के कारण 36 लोगों की मौत हो गई और 40 अन्य घायल हो गए। तालिबान सरकार के एक प्रवक्ता ने बुधवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रवक्ता अब्दुल्ला जान साइक ने कहा कि देश के अधिकतर प्रांतों में कई दिनों तक हुई बारिश से सूखे का प्रभाव कम हुआ है, लेकिन इससे जानमाल की क्षति हुई है। प्रांतीय अधिकारियों के प्रारंभिक आंकड़ों से पता चला है कि बर्फबारी और बारिश के कारण देश भर में दर्जनों लोग मारे गए और घायल हुए हैं, जिनमें से अधिकतर दक्षिण-पश्चिमी फराह प्रांत में हैं। साइक ने कहा कि खराब मौसम के कारण 240 घर पूरी तरह नष्ट हो गए तथा 61 ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सूडान का सैन्य विमान दुर्घटनाग्रस्त, 49 मरे

एजेंसी

काहिरा। सूडान के एक सैन्य विमान के ओमडुरमैन शहर में दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से मरने वालों की संख्या बढ़कर कम से कम 49 हो गई। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। खारतूम मीडिया कार्यालय ने बताया कि दुर्घटना में 10 अन्य लोग घायल हुए हैं। सेना ने एक बयान में बताया कि एंटोनोव विमान मंगलवार को ओमडुरमैन के उत्तर में वादी सैयदना एयरबेस से उड़ान भरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

उसने बताया कि इस दुर्घटना में सैन्य कर्मियों और आम नागरिकों की मौत हुई है लेकिन उसने यह नहीं बताया कि दुर्घटना किस कारण से हुई। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में मारे गए लोगों की संख्या बढ़कर कम से कम 49 हो गई है। मंत्रालय ने कहा कि



विमान ओमडुरमैन के कर्रारी जिले में दुर्घटनाग्रस्त होकर एक आम नागरिक के घर पर गिरा जिसके कारण जमीन पर भी लोगों की मौत होने की आशंका है। सूडान 2023 में तभी से गृहयुद्ध की स्थिति में है, जब सेना और अर्धसैनिक समूह रैपिड सपोर्ट फोर्सेज के बीच तनाव खुले युद्ध में बदल गया था।



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 29.00 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 16.00 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- सीएम ने की मॉनिटरिंग, तड़के 4 बजे से ही कंट्रोल रूम में डटे रहे (पृष्ठ-02)
- विदेशी श्रद्धालुओं ने साझा किए अपने अनुभव (पृष्ठ-02)
- ब्रिटेन के मंत्रियों ने भारत दौरे पर 17 नये समझौते किये (पृष्ठ-14)
- केंद्र बुनियादी ढांचे के विकास में महाराष्ट्र की पहल को पूरा समर्थन देगा: गोयल (पृष्ठ-14)
- पेट्रोल में एथनॉल मिश्रण को अधिक करने पर विचार (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर**

**घाटी में आतंकवादियों की कमर तोड़ने के लिए सेना और पुलिस ने कसी कमर**

# राजौरी में सेना के वाहन पर आतंकी हमला, तलाश जारी

एजेंसी

राजौरी/जम्मू। जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा के पास स्थित एक गांव में बुधवार को संदिग्ध आतंकवादियों ने सेना के एक वाहन पर गोलीबारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि हालांकि सुंदरबनी सेक्टर के फाल गांव के पास हुई इस गोलीबारी में कोई हताहत नहीं हुआ। माना जा रहा है कि जंगल में छिपे आतंकवादियों ने इलाके से गुजर रहे सेना के वाहन पर कुछ गोलियां चलाईं। जंगल को आतंकवादियों के लिए घुसपैठ का पारंपरिक मार्ग माना जाता है। अधिकारियों ने बताया कि सैनिकों ने जवाबी गोलीबारी की और



आतंकवादियों को खत्म करने के लिए अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों को भेजा गया है। उन्होंने बताया कि इलाके में तलाशी अभियान जारी है। अधिकारियों ने बताया कि एक अन्य घटना में, सेना के जवानों ने मंगलवार -बुधवार की दरम्यानी रात जम्मू के अखनूर सेक्टर के कीरी बट्टल इलाके में नियंत्रण रेखा के पास संदिग्ध गतिविधियां देखने के बाद गोली चलाई। उन्होंने बताया कि आज सुबह बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया गया, जो अंतिम रिपोर्ट मिलने तक जारी था। वहीं, घाटी में आतंकियों की कमर तोड़ने के लिहाज से राज्यपुलिस ने भी कमर कस ली है। इस क्रम में जम्मू-कश्मीर पुलिस ने उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के हंदवाड़ा में दो आतंकी आकाओं की लाखों की संपत्ति कुर्क की। पाकिस्तान में बैठे ये आतंकी जम्मू-कश्मीर में आतंकी गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि दोनों आतंकियों के खिलाफ क्रालगुंड पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज थी। अतिरिक्त सत्र न्यायालय हंदवाड़ा ने इनकी संपत्ति कुर्क करने के आदेश जारी किए थे। इसके बाद पुलिस ने आतंकियों ताहिर अहमद पीर निवासी बदरा बाला और मोहम्मद रमजान गनी ...शेष पृष्ठ 14 पर

## महाकुंभ में बने कई कीर्तिमानः डीजीपी

एजेंसी

लखनउऊ। महाकुंभ की सकुशल समाप्ति पर डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि यह बिना किसी बड़ी त्रासदी के संपन्न हुआ। महाकुंभ ने कई कीर्तिमान बनाए हैं, जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेंगे। बता दें कि महाकुंभ की समाप्ति पर बृहस्पतिवार को सीएम योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में प्रयागराज में बड़ा खाना का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें मुख्य सचिव, डीजीपी समेत पुलिस के करीब 5 हजार से अधिक अधिकारी एवं कर्मचारी हिस्सा लेंगे। डीजीपी ने अंतिम स्नान के सकुशल संपन्न होने पर जारी अपने बयान में कहा कि आज महाकुंभ का आखिरी दिन है। बीते 45 दिनों के महाकुंभ में 66 करोड़ से अधिक भक्तों ने प्रयागराज में पवित्र स्नान किया।



सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर हमने भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा और तकनीकों का एक अभूतपूर्व मॉडल पेश किया है। हमने भीड़ प्रबंधन और निगरानी के लिए विश्व स्तरीय प्रौद्योगिकी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग किया। सभी एजेंसियों के सहयोग से हमें मदद मिली। अयोध्या, वाराणसी और विंध्यवासिनी देवी जैसे धार्मिक स्थानों पर पर्यटकों की भारी भीड़ देखी गई, जो प्रयागराज ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

# संगम तट पर फलीभूत हुआ एकता का महाकुम्भ

## करोड़ों श्रद्धालुओं ने लगायी आस्था की डुबकी, न वर्ण, न जाति, बस सनातन एकता का उत्सव

विशेष संवाददाता



महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ के अंतिम अमृत स्नान पर्व महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर प्रयागराज में करोड़ों सनातनी श्रद्धालुओं का समुद्र उमड़ पड़ा। न 'ब्राह्मण,' न 'वैश्य,' न 'क्षत्रिय,' न 'शूद्र', सिर्फ सनातन धर्म की शाश्वत सुंदरता और एकता का प्रतीक बनकर संगम तट पर यह पवित्र स्नान संपन्न हुआ। सुबह के धुंधलके से लेकर दिन चढ़ते तक, गंगा, यमुना और सरस्वती के पवित्र संगम पर श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाकर पुण्य अर्जित किया। मंत्रोच्चार और भक्ति संगीत के बीच यह दृश्य सनातन संस्कृति की जीवंतता को दर्शाता रहा। प्रशासन द्वारा सुरक्षा और व्यवस्था के लिए किए गए कड़े इंतजामों के बीच यह महाकुम्भ महज धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सनातन समाज की एकजुटता और आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक बन गया। महाशिवरात्रि का यह स्नान कुम्भ के समापन का एक ऐतिहासिक क्षण रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महाकुम्भ 2025 न केवल एक धार्मिक आयोजन बन गया, बल्कि यह राष्ट्रीय एकता और सनातन संस्कृति के संकल्प का प्रतीक भी बन गया है। पीएम मोदी और सीएम योगी ने इसे एकता का महाकुम्भ करार देते हुए देशवासियों को एक सूत्र में बांधने का संदेश दिया था। संगम तट पर लाखों श्रद्धालुओं का समागम इस संकल्प की जीवंत तस्वीर पेश कर रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जहां इस महाकुम्भ को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए दिन-रात प्रयास किए, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मार्गदर्शन से इसे वैश्विक पटल पर पहचान दिलाई। सीएम योगी ने महाकुम्भ को लेकर कहा था कि यह आयोजन जाति, पंथ और वर्ग के भेदभाव को मिटाकर एक भारत-श्रेष्ठ भारत की भावना को मजबूत करता है। लाखों श्रद्धालुओं ने एकजुट होकर यह सिद्ध कर दिखाया कि एकता ही हमारी असली पहचान है। महाशिवरात्रि के पवित्र अवसर पर अंतिम स्नान के साथ महाकुम्भ का समापन हुआ, लेकिन इसका संदेश विश्व भर में गूंज रहा है। योगी और मोदी के संकल्प से प्रेरित यह महाकुम्भ न सिर्फ आध्यात्मिक शक्ति का प्रदर्शन है, बल्कि भारत की सांस्कृतिक और आर्थिक ताकत को भी रेखांकित कर रहा है।

## त्रिवेणी में भारत के रंगों का संगम नेपाल व अन्य देशों से आए श्रद्धालु

विशेष संवाददाता

महाकुम्भ नगर। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर त्रिवेणी संगम में झांझों की मधुर झंकार, पवित्र मंत्रोच्चार और भारत के विविध रंग एक-दूसरे में घुलमिल गए। देश के कोने-कोने से आए श्रद्धालुओं ने इस पवित्र संगम स्थल पर डुबकी लगाकर महाकुम्भ के अंतिम दिन को यादगार बनाया। आखिरी शुभ स्नान होने के कारण, मध्यरात्रि से ही संगम के तट पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी थी। कुछ ने 'ब्रह्म मुहूर्त' में स्नान के लिए धैर्यपूर्वक इंतजार किया, तो कई ने निर्धारित समय से पहले ही स्नान कर लिया। इन श्रद्धालुओं में पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी से आए चार दोस्त भी शामिल थे, जिन्होंने एकसमान चटख पीले धोती पहनकर स्नान के लिए घाट की ओर कदम बढ़ाया। आकाश पाल (एमएनसी कर्मचारी), अभिजीत चक्रवर्ती (कंटेंट राइटर), राजा सोनवानी (फार्मास्युटिकल क्षेत्र में कार्यरत) और अभिषेक पाल (वकील) अलग-अलग पेशे से हैं, लेकिन महाशिवरात्रि को महाकुम्भ में मनाने की चाह ने उन्हें एकजुट किया। आकाश पाल ने बताया, 'हम दोस्त हैं और पश्चिम बंगाल से प्रयागराज तक कार से आए। जहां वाहन की अनुमति खत्म हुई, वहां से पैदल चलकर संगम पहुंचे। इस अद्भुत समागम का हिस्सा बनना और खास तौर पर इस शुभ दिन पर, बेहद रोमांचक है।' चारों ने गंगा जल ले जाने के लिए भगवा रंग के कंटेनर भी साथ रखे थे। इनके अलावा, दुर्गापुर और कूचबिहार जैसे स्थानों से भी बंगाल के श्रद्धालु पहुंचे। इस मेले ने न केवल भारत के चारों कोनों से लोगों को आकर्षित किया, बल्कि पड़ोसी देश नेपाल से भी श्रद्धालु आए। चार किशोरों मनीष मंडल, रब्बज मंडल, अर्जुन मंडल और दीपक साहनी ने अपने चाचा डोमी साहनी के साथ महाशिवरात्रि पर पवित्र डुबकी लगाई।



## श्रद्धालुओं पर हुई पुष्पवर्षा, महादेव के जयकारों से गूंजी महाकुम्भ नगरी

### 20 क्विंटल गुलाब की पंखुड़ियों से अंतिम स्नान पर हुई पुष्पवर्षा

विशेष संवाददाता

महाकुम्भ नगर। अंतिम स्नान पर्व महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर योगी सरकार ने संगम स्नान करने पहुंचे श्रद्धालुओं के अनुभव को यादगार बनाने के लिए उन पर हेलीकॉप्टर के जरिए पुष्पवर्षा कराई। पिछले सभी प्रमुख स्नान पर्वों पर सरकार फूलों की वर्षा करा चुकी है। इसी क्रम में बुधवार को महाशिवरात्रि पर भी इस परम्परा का पालन करते हुए 20 क्विंटल गुलाब की पंखुड़ियों से पुष्पवर्षा कराई गई। इसकी शुरुआत सुबह 8 बजे से ही हो गई, जब बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगम के विभिन्न तटों पर स्नान कर रहे थे। आसमान से गुलाब की पंखुड़ियों की बारिश देख संगम तट पर मौजूद श्रद्धालुओं ने अभिभूत होकर जय श्री राम, हर हर महादेव, गंगा मइया और तीर्थराज के जयकारे लगाए। अपनी धार्मिक आस्था का सम्मान दिए जाने पर श्रद्धालुओं ने योगी सरकार की भूरि-भूरि प्रशंसा की। महाशिवरात्रि का स्नान पर्व दिव्य-भव्य महाकुम्भ-2025 का अंतिम महत्वपूर्ण स्नान है। मंगलवार-बुधवार की रात से ही संगम तट पर लाखों श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया। उपनिदेशक उद्यान, प्रयागराज मंडल कृष्ण मोहन चौधरी ने बताया कि श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पुष्पवर्षा की तैयारी पहले ही कर ली गई थी। सभी श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा के लिए लगभग 20 क्विंटल गुलाब की पंखुड़ियों की व्यवस्था की गई थी। पुष्प वर्षा के प्रभारी वीके सिंह ने बताया कि त्रिवेणी संगम स्थित स्नान घाटों पर 5 से 6 राउंड पुष्प वर्षा की गई। पहले राउंड का आयोजन सुबह 8 बजे से शुरू हुआ। इसके तहत, हेलीकॉप्टर के जरिए श्रद्धालुओं पर आकाश से पुष्प वर्षा की गई। यह नजारा न केवल श्रद्धालुओं के लिए अद्वितीय रहा, बल्कि महाकुम्भ की दिव्यता को और बढ़ाने वाला भी रहा। हर राउंड के लिए गुलाब की पंखुड़ियों को व्यवस्थित रूप से पहले से ही अलग-अलग तैयार कर रखा गया था। उन्होंने कहा कि योगी सरकार के निर्देश पर सभी अमृत स्नान और स्नान पर्व पर 20-20 क्विंटल पुष्पवर्षा कराई गई है। इस दौरान अबतक लगभग 120 क्विंटल गुलाब की पंखुड़ियों की व्यवस्था की गई थी। इस विशेष आयोजन के जरिए महाकुम्भ में आने वाले श्रद्धालुओं को एक नया अनुभव देने की कोशिश है। पुष्पवर्षा के जरिए श्रद्धालुओं को सम्मानित और स्वागत करते हुए उन्हें धार्मिक और आध्यात्मिक ऊर्जा से भरपूर माहौल प्रदान किया गया है।

## भावुक हुईं प्रीति जिंटा साझा किया अनुभव

महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ-2025 के अंतर्गत बुधवार को हुए आखिरी स्नान पर्व पर प्रीति जिंटा ने भावुक कर देने वाला आध्यात्मिक पोस्ट किया। सोशल मीडिया पर उनकी यह पोस्ट कुछ दिन पहले हुई तीर्थराज प्रयागराज की यात्रा से जुड़ी रही जिसमें अध्यात्मिक अनुभूतियों का समावेश रहा। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने ऑफिशियल अकाउंट से प्रयागराज महाकुम्भ में अपनी यात्रा से जुड़ा हुआ एक वीडियो शेयर करते हुए अपनी आध्यात्मिक अनुभूति के बारे में विस्तार से लिखा।

## विदेशी श्रद्धालुओं ने साझा किए अनुभव

विशेष संवाददाता

महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ 2025 अपने अंतिम चरण में पहुंच चुका है और महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर त्रिवेणी संगम में देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। लंदन, ब्राजील, मैक्सिको और अमेरिका समेत दुनिया के कई अन्य देशों से आए श्रद्धालुओं ने गंगा, यमुना और सरस्वती के संगम में पवित्र स्नान किया और भारतीय संस्कृति की गहराई को करीब से महसूस किया। इन विदेशी श्रद्धालुओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए इसे जीवन का अविस्मरणीय पल बताया। उल्लेखनीय है कि 13 जनवरी से 26 फरवरी के मध्य आयोजित किए गए महाकुम्भ 2025 ने विश्व भर से करोड़ों श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित किया। विदेशी भक्तों के अनुभव इस बात का प्रमाण हैं कि महाकुम्भ न केवल

- लंदन, ब्राजील, मैक्सिको और अमेरिका के श्रद्धालुओं ने अनुभव किया अनोखा आध्यात्मिक उत्साह

एक धार्मिक आयोजन है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति और आतिथ्य का वैश्विक मंच भी बन गया है। लंदन से आईं एक श्रद्धालु ने भावुक होकर कहा, यहां आकर मुझे बहुत खुशी और शांति मिली। भीड़ का माहौल अनुभव करने लायक है, यह अद्भुत है। आज हर कोई उत्सव मना रहा है, यह मेरे पिछले दिनों से भी ज्यादा खास लग रहा है। मैंने इसे जीवन में एक बार मिलने वाला मौका समझा और अपनी सारी योजनाएं रद कर यहां आ गई। यह मेरे लिए इतना महत्वपूर्ण था। उन्होंने आगे कहा, कि यहां के लोग बहुत स्वागत करने वाले और दोस्ताना हैं। मैं भारतीय संस्कृति और रोजमर्रा की होने वाली पूजा-अर्चना के महत्व के बारे में बहुत कुछ सीख रही हूं। यह देखना भी खूबसूरत है कि लोग गंगा का जल अपने परिवार के उन सदस्यों के लिए ले जा रहे हैं जो यहां नहीं आ सके। मैंने महाकुम्भ के बारे में सोशल मीडिया और दोस्तों से जाना। ब्राजील से आईं डेनियल ने उत्साह से कहा, कि यह एक अद्भुत और अविस्मरणीय अनुभव है। हम बहुत दूर से आए हैं और इसे अपने लोगों और देश को दिखाने के लिए उत्साहित हैं। पूरा कुम्भ मेला कमाल का है। लोग बहुत दोस्ताना और स्वागत करने वाले हैं। डेनियल ने बताया कि उन्हें महाकुम्भ के बारे में अपने बॉस से पता चला, जो 12 साल पहले कुम्भ मेले को कवर कर चुके थे। उन्होंने कहा, कि यह मेरा पहला अनुभव था और यह शानदार रहा। ब्राजील से ही आए काको बासेलीस ने कहा, कि हम लोगों के साथ यहां होने के लिए लंबा सफर तय करके आए हैं। यह इतिहास का सबसे बड़ा मानव समागम है। यहां लोगों की भावनाएं बहुत प्रबल हैं। भारतीय लोगों की मुस्कान अद्भुत है। उनके शब्दों में भारतीय आतिथ्य और आध्यात्मिक ऊर्जा की गहरी छाप झलकती है। मैक्सिको और अमेरिका से आए एक समूह ने भी त्रिवेणी संगम में स्नान किया। समूह की एक सदस्य एना ने कहा, कि मैं अपने समुदाय के एक समूह के साथ यहां आई हूं।

## सीएम ने की मॉनिटरिंग, तड़के 4 बजे से ही कंट्रोल रूम में डटे रहे

विशेष संवाददाता



महाकुम्भ नगर/गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाकुम्भ के अंतिम स्नान पर्व महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भी सुबह से ही एक्टिव नजर आए। बीते सभी अमृत स्नान और स्नान पर्व की तरह मुख्यमंत्री जी सुबह तड़के 4 बजे से ही व्यवस्थाओं को देखने के लिए कंट्रोल रूम पहुंच गए। गोरखपुर प्रवास के चलते उनके लिए गोरखनाथ मंदिर में ही कंट्रोल रूम स्थापित किया गया, जहां वह स्नान पर्व पर पल-पल की मॉनीटरिंग करते नजर आए। टीवी पर उन्होंने

- अंतिम स्नान पर्व महाशिवरात्रि पर भी सीएम योगी सुबह से रहे एक्टिव

श्रद्धालुओं के स्नान की एक-एक फीड को लाइव देखा और कंट्रोल रूम से ही आला अधिकारियों को निर्देशित किया। सीएम योगी के निर्देश पर समस्त आला अधिकारी भी मुस्तैद नजर आए और सुबह से ही उन्होंने भी मोर्चा संभाल लिया। इससे पूर्व सीएम योगी ने बसंत पंचमी और माघ पूर्णिमा अमृत स्नान के अवसर पर भी प्रातः से वॉर रूम में अधिकारियों के साथ बैठक की थी और मॉनिटरिंग करते रहे थे। महाशिवरात्रि अमृत स्नान के साथ ही बुधवार को महाकुम्भ 2025 का समापन होना है। ऐसे में मुख्यमंत्री ने महाशिवरात्रि स्नान पर्व के इस महत्वपूर्ण आयोजन की सुरक्षा और व्यवस्था के संदर्भ में पूरी स्थिति का जायजा लिया। गोरखपुर में वह सुबह से ही गोरखनाथ मंदिर स्थित कंट्रोल रूम में पहुंच गए और टीवी पर स्नान पर्व की लाइव फीड पर मॉनीटरिंग करते रहे। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि स्नान के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई भी असुविधा न हो और सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाएं। वह टीवी पर महाकुम्भ नगर समेत समस्त प्रयागराज में श्रद्धालुओं की भीड़, प्रशासनिक व्यवस्थाओं और सुविधाओं की लाइव फीड देखते रहे। योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे समस्त घाटों पर पूरी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें और श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक इंतजाम करें। साथ ही, उन्होंने आस्था के इस महान पर्व पर प्रशासन की तत्परता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से सुरक्षा व्यवस्था और यातायात प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित कियाए ताकि करोड़ों श्रद्धालुओं को बिना किसी समस्या के त्रिवेणी संगम में स्नान का लाभ मिल सके।

## यूपी में जल्द होगा मंत्रिमंडल का विस्तार

विशेष संवाददाता

लखनऊ। विधानसभा सत्र के बाद यूपी में अगले आठ से 10 दिन में मंत्रिमंडल विस्तार हो सकता है। इस विस्तार में तीन से चार नए चेहरों को शामिल किया जा सकता है। वहीं, खराब प्रदर्शन और भ्रष्टाचार की शिकायतों के आधार पर दो से तीन मंत्रियों की छुट्टी हो सकती है। मंत्रिमंडल फेरबदल में कई मंत्रियों के विभाग भी बदले जाएंगे और 75 पार हो चुके नेताओं को आराम दिया जाएगा। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने राज्यस्तर से फीडबैक लेने के बाद अपना होमवर्क पूरा कर लिया है। मंत्रिमंडल में पश्चिमी यूपी की हिस्सेदारी बढ़ेगी। मंत्रिमंडल में नये चेहरों को मौका देने का उद्देश्य कार्यकर्ताओ को 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए संदेश देना भी है कि पार्टी के निष्ठावान कार्यकर्ताओ की अनदेखी नहीं होने दी जाएगी। अभी हाल ही में सम्पन्न हुए विधानसभा उपचुनाव में भाजपा ने प्रतिष्ठित मिल्कीपुर सीट सहित 10 में से आठ सीटों पर जीत दर्ज की थी। भाजपा का अगला प्रदेश अध्यक्ष ब्राह्मण समाज से हो सकता है जिसकी घोषणा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की घोषणा से पहले हो सकती है। बता दें कि पहले भी इस तरह के अनुमान लगाए जा रहे थे कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा के नये अध्यक्ष की घोषणा हो सकती है। दिल्ली में भाजपा ने 27 साल बाद वापसी की है। अब सबकी नजरे भाजपा के नये राष्ट्रीय अध्यक्ष पर हैं। वहीं, यूपी प्रदेश अध्यक्ष का नाम भी चौंका सकता है। इसके अलावा भाजपा के जिलाध्यक्षों की सूची भी जल्द ही जारी की जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी इस पर स्थिति स्पष्ट कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव और महाकुंभ के आयोजन की वजह से प्रक्रिया कुछ धीमी हुई। जिलाध्यक्षों की सूची जारी होने में अब कहीं कोई पेंच नहीं है। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द ही जिलाध्यक्षों की सूची जारी की जाएगी। उन्होंने बताया कि सूची जारी होने में जो भी बिंदु सामने आए थे, सभी का निस्तारण हो गया है। भाजपा का संगठन सर्वव्यापी और सर्वस्पर्शी है। समाज के सभी वर्गों में हमारा प्रतिनिधित्व है। उन्होंने कहा कि हमारा ही एक ऐसा संगठन है, जिसमें महिलाओं और अनुसूचित जाति समेत सभी वर्गों के लिए काम करने के समान अवसर दिए गए हैं।

## महाकुम्भ में फिट इंडिया का संदेश, 600 किमी की साइकिल यात्रा



विशेष संवाददाता

महाकुम्भ नगर। गाजियाबाद के रहने वाले धनंजय ने एक अनोखा कारनामा कर दिखाया है। उन्होंने गाजियाबाद से प्रयागराज तक 600 किलोमीटर से अधिक की दूरी साइकिल से तय की, ताकि वे महाकुम्भ मेले में शामिल हो सकें। धनंजय ने बताया कि उन्होंने अपनी यात्रा रविवार सुबह 3 बजे शुरू की और लगातार साइकिल चलाते हुए प्रयागराज पहुंचे। इस दौरान उन्होंने छोटे-छोटे ब्रेक लिए, लेकिन उनका हौसला कभी कम नहीं हुआ। धनंजय का मकसद सिर्फ महाकुम्भ में शामिल होना ही नहीं था, बल्कि वे एक खास संदेश भी लेकर आए हैं। वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए फिट इंडिया मूवमेंट को बढ़ावा दे रहे हैं।

- गाजियाबाद के धनंजय ने 3 बजे सुबह शुरू की यात्रा, छोटे ब्रेक के साथ पहुंचे महाकुम्भ

धनंजय का कहना है कि आजकल लोग अपनी व्यस्त दिनचर्या और स्क्रीन टाइम में इतने उलझ गए हैं कि वे अपनी सेहत पर ध्यान नहीं दे पाते। वे चाहते हैं कि लोग अपने बिजी शेड्यूल से थोड़ा वक्त निकालकर व्यायाम करें और शारीरिक रूप से सक्रिय रहें। महाकुम्भ में पहुंचकर धनंजय ने न सिर्फ अपनी फिटनेस का सबूत दिया, बल्कि दूसरों के लिए भी एक मिसाल कायम की। उनका यह प्रयास लोगों को प्रेरित करने वाला है कि दृढ़ संकल्प और मेहनत से बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं।

## नेतृत्व क्षमता विकास के लिए कार्मिकों को दिया गया आधारभूत प्रशिक्षण

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में दीन दयाल उपाध्याय ग्राम्य विकास संस्थान बख्शी का तालाब में विभिन्न सरकारी, अर्धसरकारी विभाग ध्संस्थाओ के अधिकारियों व कर्मचारियों व विभाग व रचनात्मक कार्यों से जुड़े लोगों को प्रशिक्षण देकर उन्हें और अधिक दक्ष व सक्षम बनाने का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में दीनदयाल उपाध्याय राज्य ग्रम्य विकास संस्थान द्वारा आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के सहयोग से एफएसडीए विभाग के 2019 एवं 2022 में नियुक्त, लिपिकीय संवर्ग के कार्मिकों का आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम संस्थान पर 11 से 25 फरवरी की अवधि में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विषयों यथा शासकीय कर्मचारी आचरण नियमावली, अनुशासनिक कार्यवाही, अनुशासन एवं अपील, वित्तीय नियमों से सम्बन्धित समस्त प्रासंगिक विषय तथा अभिप्रेरणा के परिप्रेक्ष्य में व्यक्तित्व का विकास, नेतृत्व क्षमता विकास, दृष्टिकोण परिवर्तन, संवाद के माध्यम से व्यवहारिक परिवर्तन इत्यादि महत्वपूर्ण विषयों पर राज्य विषय विशेषज्ञो तथा सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा क्षमता संवर्धन किया गया।

## महाशिवरात्रि पर शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

विशेष संवाददाता

लखनऊ। महाशिवरात्रि पर बाबा विश्वनाथ मंदिर समेत प्रदेश भर में शिव मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। लाखों श्रद्धालुओं ने मां गंगा के दर्शन कर बाबा विश्वनाथ का दर्शन-पूजन किया और सुख-समृद्धि की कामना की। वाराणसी में भव्य शोभा यात्रा निकालने से लेकर छोटे शहरों में शांतिपूर्ण अनुष्ठानों तक लोग भगवान शिव से आशीर्वाद लेने के लिए एकत्र हुए। महाशिवरात्रि के पर्व पर वाराणसी में नागा साधुओं और अखाड़ों के साधु- संतों ने शोभा यात्रा निकाल कर बाबा श्री काशी विश्वनाथ का दर्शन-पूजन किया।

इस शोभा यात्रा में अखाड़ों के महामंडलेश्वर शाही रथ पर विराजमान हुए थे। काशी के लोगों ने हर हर महादेव के उद्घोष के साथ उनका स्वागत किया। शोभा यात्रा में नागा साधु हाथ में त्रिशूल, गदा और तलवार लिए बाबा विश्वनाथ के दरबार पहुंचे और जलाभिषेक किया। इस दौरान डमरू की ध्वनि और हर हर महादेव के उद्घोष से पूरा इलाका भक्तिमय रहा। शोभा यात्रा में शामिल निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर कैलाशानन्द गिरि महाराज ने कहा कि साधु-संत महाशिवरात्रि पर भगवान शिव का दर्शन कर कुंभ को पूर्ण मानते हैं। हम सब साधु-संत अपने भगवान के चरणों में उपस्थिति दर्ज कराने जा रहे हैं। महादेव ने महाकुंभ को विशाल और भव्य बनाया। उन्होंने कहा कि हम सब साधु-संत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सफल महाकुंभ की बधाई देते हैं। इस बार कुंभ के स्वरूप को पूरी दुनिया ने देखा। सनातन को मानने वाले सभी लोगों ने कुंभ में डुबकी लगाई। 60 करोड़ से ज्यादा लोगों ने यहां स्नान किया। यही राम राज्य की परिकल्पना है। अराजक लोगों को कुंभ अच्छा नहीं लगा। कैलाशानन्द ने कहा कि सबसे पहले मैं महाकुंभ का निमंत्रण देने महादेव के पास आया था। आज उस महाकुंभ की पूर्णाहुति होने जा रही है। हम सब आज महादेव के चरणों में दर्शन पूजन कर महाकुंभ का समापन करने जा रहे हैं। आज



सात अखाड़े काशी में उपस्थित हैं। कैलाशानन्द ने कहा कि सभी साधु-संत महादेव से नासिक और उज्जैन में होने वाले आगामी कुंभ के सकुशल सम्पन्न होने की कामना लेकर आये हैं। श्री काशी

- काशी विश्वनाथ के दरबार पहुंचे अखाड़े के संत
- विश्वनाथ मंदिर में लाखों श्रद्धालुओं ने टेका मत्था

विश्वनाथ मंदिर के प्रशासन के मुताबिक, महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्री काशी विश्वनाथ धाम रंग-बिरंगी रोशनी से चमक रहा है और विभिन्न प्रकार के सुगंधित पुष्पों से महक रहा है। महाशिवरात्रि के लिए मंदिर के दिव्य प्रांगण की भव्य आभा देखते ही बन रही है। श्री काशी विश्वनाथ धाम के द्वार से लेकर सभी मंडपों, विग्रहों के मंदिरों की फूलों से आकर्षक सजावट की गई है। मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्रा ने बताया कि गेट नंबर-चार से लेकर गंगा द्वार तक की गई मनभावन सजावट को देखकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए 25 फरवरी से 27 फरवरी तक श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में सभी तरह के प्रोटोकॉल पर रोक लगायी गई है। उन्होंने बताया कि श्री काशी विश्वनाथ धाम में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी जरूरी इंतजाम किए गए हैं जिससे श्रद्धालु कतारबध्य होकर सुगमता से श्री काशी विश्वनाथ महादेव का दर्शन कर सकें। मिश्रा ने कहा कि इस बार काशी विश्वनाथ मंदिर में बाबा के भक्तों की संख्या का नया रिकार्ड बन सकता है। श्रद्धालु पूरी रात दर्शन कर सकेंगे। यह क्रम 27 फरवरी की सुबह तक चलेगा। सम्भल में 46 साल बाद खुले प्राचीन कार्तिकेय महादेव मंदिर में इतने लम्बे अरसे बाद आज पहली महाशिवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। मंदिर में जलाभिषेक कर रहे लोगों में श्रद्धा, उत्साह और भावना का संगम देखने को मिल रहा है।

इस प्राचीन कार्तिकेय महादेव मंदिर में सम्भल से ही नहीं, अन्य शहरों से भी श्रद्धालु कांवड़ में जल ले कर भगवान शिव को चढ़ाने और उनका जलाभिषेक करने आ रहे हैं। अलीगढ़ में हजारों की संख्या में कांवड़िए और श्रद्धालु सिद्धपीठ खेरेश्वर धाम महादेव मंदिर में जलाभिषेक के लिए एकत्र हुए। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना करते हुए ओम नमः शिवाय का जाप किया। प्रशासन ने भीड़ के लिए मंदिर तक सुगम पहुंच की व्यवस्था की है। रायबरेली में शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के मंदिरों में हर हर महादेव के नारे लगाने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। शिव मंदिरों में लंबी कतारें लग गईं। लोग भगवान शिव की पूजा करने के लिए अपनी बारी का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। कानपुर में लाखों श्रद्धालुओं ने बाबा आनंदेश्वर मंदिर में दर्शन किये। इसे कानपुर की छोटी काशी के नाम से जाना जाता है। माना जाता है कि इस मंदिर का महाभारत से ऐतिहासिक संबंध है और यह आस्था का प्रमुख केंद्र है। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर गंगा जल और बेलपत्र चढ़ाए। राजधानी लखनऊमें मनकामेश्वर, दूधेश्वर और भूतनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। लखीमपुर खीरी जिले के गोला गोकर्णनाथ में लाखों की तादाद में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की पूजा- अर्चना की।

## बिछड़ने से बचने के लिए रस्सियां, गांठ और घुंघरू बांधकर चले श्रद्धालु

विशेष संवाददाता

महाकुंभनगर। प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में लाखों लोगों की भीड़ के बीच श्रद्धालु अपने परिवार के अन्य सदस्यों से आसानी से बिछड़ सकने की आशंका के बीच, संगम तक जाते समय और वापस आते समय अपने परिचितों के साथ-साथ चलने के लिए अलग-अलग उपाय अपना रहे हैं।

जहां कुछ लोग लंबी रस्सी लाए हैं और उन्होंने उससे एक सुरक्षा घेरा बनाया है जिसमें वे चल सकें, वहीं कई अन्य लोग एक-दूसरे के कपड़ों से गांठ बांधकर चल रहे हैं ताकि वे बिछड़ न जाएं। बुधवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर शुभ स्नान के साथ 45 दिवसीय महाकुंभ का समापन होगा। हर 12 साल बाद आयोजित होने वाले महाकुंभ का अंतिम स्नान पर्व बुधवार को हर हर महादेव के घोष के साथ प्रारंभ हो गया। बुधवार तड़के से ही श्रद्धालओं का गंगा और संगम में डुबकी लगाने का सिलसिला जारी है। इस बीच, सरकार ने श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा की। अधिकारियों ने बताया कि सुबह आठ बजे तक 60 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में डुबकी लगाई। इस तरह से 13 जनवरी से आरंभ



हुए महाकुंभ में अब तक 65.37 करोड़ से अधिक श्रद्धालु गंगा और संगम में डुबकी लगा चुके हैं और शाम तक यह आंकड़ा 66 करोड़ को पार करने की संभावना है। सोमवार रात से लेकर कई लोग अपने प्रियजन और मित्रों से नदी किनारों या मेला क्षेत्र के अन्य हिस्सों में बिछड़ चुके हैं। इनमें से कई लोगों को मानवीय सहायता और डिजिटल प्रौद्योगिकी के माध्यम से अपने परिजन से मिलाया जा चुका है। सेक्टर तीन, अक्षय वट रोड स्थित खोया-पाया केंद्र पर सोमवार देर रात तीन बजे भी चहल-पहल थी। मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा से आए 34 तीर्थयात्रियों ने अपने समूह के चारों तरफ रस्सी का घेरा बनाया जिसे विभिन्न ओर से समूह के कुछ सदस्यों ने थाम रखा था।

समूह में शामिल सोमदत्त शर्मा (34) ने कहा, कि हमने यह सुरक्षा घेरा इसलिए बनाया है ताकि हम एक-दूसरे से बिछड़ न जाएं। हम पहली बार किसी कुंभ में आए हैं और हम एक-दूसरे से अलग होने के खतरों से वाकिफ हैं इसलिए हमने यह व्यवस्था की है। कई अन्य लोग एक दूसरे के कपड़ों में गांठ बांधकर चल रहे हैं। पीली कोठी क्षेत्र के स्थानीय निवासी अजय कुमार कुंभ मेला शुरू होने के बाद से रोजाना अपने घर से तीर्थयात्रियों की भीड़ को गुजरते देखते हैं। उन्होंने कहा, कि गांवों के लोग गांठ बांधकर चलते हैं।

संक्षेप

## बाबा धाम में शिवभक्तों ने लिया मेले का आनन्द

प्रतापगढ़ ।बाबा घुइसरनाथ धाम मे महाशिवरात्रि के मेले मे दर्शन पूजन के बाद शिवभक्तों को दुकानों पर खरीददारी मे भी आनंदित देखा गया। जलाभिषेक के बाद श्रद्धालुओ ने मेले में दही व चाट तथा मिठाईयों का जायका लिया। श्रद्धालुओं को बाबा धाम में ॐ नमः शिवाय के जाप में भी भक्तिमय देखा गया।बड़े बुजुर्गो ने मेले में लकड़ी कारोबारी से जुड़े सामानों की खरीददारी की। वहीं महिलाएं खिलौने की दुकान पर बच्चों को दुलारती पुचकारती देखी गयी। नन्हें-मुन्हें खाने पीने की चीजों के साथ मेले में खिलौनों के लिए भी मम्मी पापा के साथ लालायित देखे गये। वहीं महाशिवरात्रि के पर्व पर सई नदी में स्नानार्थियों की बढ़ती संख्या देख प्रशासन ने गोताखोरों को भी मुस्तैद रखा।सई के तट पर नाव पर गोताखोरों के साथ महिला पुलिस बटालियन को भी मशक्कत में देखा गया। मेले में प्रशासन ने शांतिप्रिय माहौल बनाए रखने के लिए खुफिया निगरानी भी जारी रखी।

## भगवान शिव को भी लेकर दिखी आस्था की उमंग

प्रतापगढ़ ।महाशिवरात्रि पर बाबा घुइसरनाथ का दर्शन करने आये श्रद्धालुओं को सई के मध्य विराजे भगवान घुइसरनाथ जी की मूर्ति पर भी अक्षत पुष्प समर्पित करते देखा गया। सावन मास में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा विधायक आराधना मिश्रा मोना व प्रमोद तिवारी की छोटी बेटी प्रो0 डॉ0 विजयश्री सोना के निजी संकल्पों से सई की धार को स्पर्श करते विराजे भगवान शिव की प्रतिमा महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं में नये आकर्षण का भी केन्द्र दिखी। श्रद्धालुओं को सई के पैदल सेतु से मछलियों को लाई व चूरा के दाने खिलाने में उत्साहित देखा गया।

## शंकर तेरी जटा से बहती है गंगाधारा ...

प्रतापगढ़ । .... शंकर तेरी जटा से बहती है गंगा धार जैसे सुमधुर भजनों से बाबा घुइसरनाथ नगरी में तीसवें राष्ट्रीय एकता महोत्सव में जलाभिषेक व दर्शन पूजन करने पहुंचे श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो उठे।लखनऊ के जाने माने भजन गायक श्रीराम द्विवेदी संदीप व श्रद्धा मल्होत्रा के युगल गायन में श्रद्धालु बम बम शिवलहरी जैसे महादेव को समर्पित भजनों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। श्रीराम द्विवेदी ने भक्ति गीत रचा है सृष्टि जिस प्रभु ने वहीं ये सृष्टि चला रहा है .. वहीं श्रद्धा मल्होत्रा ने लोक गीतों की मनभावन प्रस्तुतियां दी। वहीं प्रमोद लहरी के सांस्कृतिक दल के द्वारा प्रस्तुत शंकर पार्वती के भाव नृत्य को देखकर पूरा महोत्सव झूम उठा।बाबा घुइसरनाथ ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा महोत्सव की संयोजिका क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कलाकारों को महोत्सव मोमेण्टो व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमो का संयोजन पार्श्वगायक रवि त्रिपाठी ने किया।

## नहर में बहते युवक की नहीं हो सकी शिनाख्त

इकदिल, इटावा।थाना क्षेत्र में गांव भूलपुरा नहर पुल के पास अज्ञात युवक का शव बहते हुए देख हड़कंप मच गया।राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने भोगनीपुर प्रखंड नहर से बहते हुए शव को बाहर निकलवाया और आसपास के लोगों को बुलाकर उसकी शिनाख्त कराने का काफी प्रयास किया लेकिन मृतक युवक के शव की देर शाम तक शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने मृतक युवक की उम्र 35 वर्ष आंकी है।मृतक अज्ञात युवक जीन्स की नीले रंग की जैकिट व पीली टीशर्ट और काले रंग की लोअर पहने हुए है। और तीन दिन पुराना शव होने के साथ शरीर पर चोटें के निशान भी प्रतीक होने पर फोरेंसिक टीम ने नमूने एकत्रित किये और पुलिस फोर्स ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में 72 घंटे के लिए रखवाया है।

## अभिभावक गोष्ठी 7 मार्च को

इकदिल, इटावा। कस्बा के मोहल्ला कायस्थान में स्थित आदर्श प्राथमिक विद्यालय एवं इंडियन एकेडमी इकदिल में अभिभावक गोष्ठी का आयोजन 7 मार्च दिन शुक्रबार को सुबह 9 बजे से किया जाएगा। एकेडमी के प्रधानाचार्य डॉ.सुशील सम्राट ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि अभिभावक गोष्ठी में शिक्षण व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के लिये अभिभावकों के साथ विचार विमर्श किया जाएगा।

# श्रावस्ती को लम्बे अंतराल में मिली टॉप टेन जेल

## हाईटेक जेल को बनाने में खर्च हुए 61 करोड़ 58 लाख

एसपी सिंह परिहार (vol)



श्रावस्ती। वर्षो पूर्व सेमरी चौराहे से भिनगा मुख्यालय जाने वाले मार्ग पर बनी जेल महाशिवरात्रि के पावस वेला में अंततः 20 वंदियों से गुलजार हो ही गई।बंदियों के प्रवेश से पूर्व पूर्ण विधि विधान से पूजन अर्चना हुई।ततपश्चात बहराइच जिला कारागार से श्रावस्ती जनपद के 20 बंदियों को कड़ी सुरछा व्यवस्था में लाकर शिफ्ट किया गया। ज्ञातव्य हो कि महा शिव रात्रि के पावन अवसर पर जिला जेल का उद्घाटन विधिवत पूजन अर्चन करके उद्घाटन किया गया और बहराइच जिला जेल से 20 कैदियों को श्रावस्ती जिला जेल मे सिफ्ट कर दिया गया। अभी तक श्रावस्ती जनपद में जेल की मुक़्कमल व्यवस्था न होने के कारण यहाँ के कैदियों को बहराइच जेल मे रखा जाता था।22 मई 1997 में तत्कालीन बसपा की सुप्रीमो और मुख्य मंत्री नें बहराइच के भू भाग को काट कर श्रावस्ती जिले की घोषणा किया।जिले की घोषणा तो हो गई।भिनगा में मुख्यालय के भवन कार्यालय बन कर संचालित हो गए लेकिन जिला कारागार को वजूद में आने के लिए कई दशकों तक इंतजार करना पड़ा। श्रावस्ती जिला कारागार की मंजूरी शासन द्वारा वर्ष 2013-14 में दी गई।बहराइच के तत्कालीन जेल अधीछक अरविन्द कुमार सिंह द्वारा जेल के लिए जमीन का चिन्हित करके अधिग्रहण कराने में सेतु की भूमिका निभाई। जेल भवन निर्माण व हस्तानांतरण में एक दशक का लम्बा समय लग गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस समय 250 कैदी अलग अलग मामलों मे सजा काट रहे हैं। इसके अतिरिक्त केसो का परिचण चल रहा है।मुख्यालय से 40 किलोमीटर की दूरी तय करके लोग बहराइच कारागार में परिजन मिलाई करने जाते थे।जेल भवन के संचालन हो जाने से इस समस्याओं से निजात मिल गया। जेल मे विशेष सुरक्षा बैरक भी बनाया गया है जिसमे खतरनाक अपराधी कैदियों को रखा जायेगा।निगरानी के लिए विशेष टीम का गठन किया गया

### कच्छप गति के कारण रुका कार्य बढ़ी धनराशि

श्रावस्ती जिला कारागार इकौना भिनगा रोड के राजा पुर गोड़ पुरवा के बीच किसानों की 57 एकड़ भूमि अधिग्रहण किया गया। जेल भवन आदि के निर्माण कार्य का काम राजकीय निर्माण कार्य निगम लिमिटेड को सौपी गई। निर्माण इकाई को 61 करोड़ 85 लाख रुपए में तैयार कर दिसम्बर 2016 को जेल विभाग को सुपुर्द करना था। अक्टूबर 2013 से शुरू किये गया कार्य इतना कच्छप गति से चला कि जेल अपने निर्धारित समय पर पूरे होने में धनराशि का ग्रहण लग गया.।निर्माण इकाई नें 40 करोड़ की अतिरिक्त धनराशि रीवाइज की मांग की गई।

## अगर किसी का भला करोगे वहां की जन्नत यहीं मिलेगी: कौशल्या

**सोनभद्र।** सोन संगीत फाउंडेशन व शहीद स्थल प्रवंधन ट्रस्ट करारी के संयुक्त तत्वावधान में महाशिवरात्रि पर्व पर शिवार्चन कवि गोष्ठी वसंतोत्सव पर आत्म प्रकाश तिवारी के आवास पर बुधवार को आयोजित हुई।अध्यक्षता कर रहे कविराज पं0रमाशंकर पांडेय विकल ओज की सशक्त कवयित्री कौशल्या कुमारी चैहान नवप्रवाह साहित्यिक मंच के गोपाल कुशवाहा शिक्षक मधुपुर तथा शायर जुल्फेकार हैदर खान का सारस्वत अभिनंदन किया गया। तदुपरांत दिवाकर द्विवेदी मेघ के वाणी वंदना से विधिवत आगाज हुआ। कवयित्री कौशल्या कुमारी चैहान ने अगर किसी से दगा करोगे तुझे मोहब्बत नहीं मिलेगी अगर किसी का भला करोगे वहां की जन्नत यहीं मिलेगी सुनाकर माहौल को काव्य मय बना दिया। प्रदुम्न त्रिपाठी एडवोकेट निदेशक शहीद स्थल प्रवंधन ट्रस्ट करारी सोनभद्र ने,,पार भव से उतरना है तुझको अगर तो फिर शिव शिव निरंतर जपो मेरे मन,, समसामयिक रचना सुनाया और शिवार्चन कवितांजलि को सफल बनाया।सोन संगीत फाउंडेशन प्रमुख सुशील मिश्रा ने सबका आभार व्यक्त किया। संचालन अशोक तिवारी एडवोकेट ने किया। धर्मेश चैहान एडवोकेट की रचना,, आ गया ऋतुराज बसंत, पतझड़ का हो गया है अंत सुनाया और वाहवाही बटोरी।

## 10 लीटर कच्ची दारू संग अभियुक्त गिरफ्तार



बलरामपुर। थाना कोतवाली जरवा पुलिस टीम द्वारा एक प्लास्टिक के झोले में 15 अदद सफेद पन्नियों में प्रत्येक पन्नी में 700 मिली0 कुल 10 लीटर नाजायज कच्ची शराब के साथ 01 को अभियुक्त गिरफ्तारकिया गया है। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा द्वारा चलाए जा रहे अवैध मादक पदार्थो की रोकथाम एवं अवैध मादक पदार्थ विक्रेताओं के विरुद्ध त्वरित कार्यवाही हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार व क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर राघवेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक गोविन्द कुमार के कुशल नेतृत्व मे थाना को0 जरवा पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त दीपक पुत्र मल्हे निवासी माधवडीहवा थाना तुलसीपुर के कब्जे से एक प्लास्टिक के झोले में 15 अदद सफेद पन्नियों में प्रत्येक पन्नी में 700 मिली0 कुल 10.500 लीटर नाजायज कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया तथा त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना स्थानीयथाने पर मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया ।

## एसपी ने किया शिवालयों का भ्रमण,परखी सुरक्षा व्यवस्था



बलरामपुर। महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा शिवालयों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर शिवालय पर दर्शन व जलाभिषेक हेतु भारी संख्या में श्रद्धालुओं के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था व श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन सुनिश्चित करने, भीड़ प्रबंधन एवं यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने हेतु ड्यूटी में तैनात अधिकारी / कर्मचारीगण को निर्देशित किया गया तथा संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने व सीसीटीवी कैमरों से निगरानी करने हेतु भी निर्देशित किया गया

# ग्रापए की सदर तहसील इकाई की बैठक सम्पन्न

**सोनभद्र।** राबर्ट्सगंज तहसील की ग्रापए की बैठक मधुपुर बाजार में जयनाथ मौर्या के कैम्प कार्यालय पर पूर्व निर्धारित समयानुसार बुधवार को तहसील अध्यक्ष विनोद कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई।जिसमें संगठन के विस्तार और तहसील रावर्ट्सगंज इकाई के उपाध्यक्ष पद पर सर्व सम्मति से विशाल कुमार के अनुमोदन पर जयनाथ मौर्य को सदर तहसील इकाई से चुना गया।

इसी क्रम में महामंत्री पद पर पत्रकार बलवंत सिंह के अनुमोदन पर बृजेश कुमार सिंह को बनाया गया।बलवंत के प्रस्ताव पर अभिषेक कुमार को संगठन महा मंत्री बनाया गया।परमेश्वर विश्वकर्मा को मंत्री बनाया गया।संगठन परिचर्चा के बाद आगामी होने वाले जिला सम्मेलन की रूपरेखा तहसील अध्यक्ष के तैयार करने पर पत्रकारों के हित के लिए स्वास्थ्य सुविधा, सरकारी बसों में यातायात के लिए सुविधा और अन्य कार्यालयों में मिलने वाली सुविधा की मांग पूर्ण करने के लिए चचाएं की गई।जिस पर श्री मिश्र अध्यक्ष ने विभिन्न मांगों को जिलाध्यक्ष के माध्यम से शासन तक पहुंचाने की बात कही।इस मौके पर तहसील अध्यक्ष विनोद कुमार मिश्रा, पूर्व तहसील अध्यक्ष रामकेश यादव, घोरावल उपाध्यक्ष सेराज अहमद, बलिराम मौर्य, बलवंत सिंह, धर्मेंद्र कुमार सिंह, नवनीत उपाध्याय, बृजेश कुमार सिंह, विशाल सिंह, परमेश्वर विश्वकर्मा, कमल कौशल विश्वकर्मा, रविंद्र कुमार, अभिषेक कुमार, आकाश मौर्य, राकेश कुमार, अमरजीत कुमार, रविंद्र कुमार सहित अन्य पत्रकार साथी उपस्थित रहे अंत में सभा का समापन घोरावल उपाध्यक्ष सेराज अहमद के द्वारा किया गया।

# मदरसा हुमैरा निसवा बलुहा में रिदा पोशी का आयोजन



बलरामपुर। मदरसा हुमैरा निसवा बलुहा पुलिस चौकी के पीछे जनपद बलरामपुर में रिदा पोशी का आयोजन हुआ हैं मदरसा हुमैरा निसवा में हर साल की तरह इस साल भी 25 फरवरी 2025 को आयोजित रिदा पोशी में पढ़ाई पूरी कर चुकी 22 छात्राएं की रिदा पोशी कर उनको उपहार के साथ प्रमाण पत्र वितरण किया गया । सरपरस्ती कर रहे मुफ़्ती अता मोहम्मद साहब सदारत कर रहे प्रबंधक मौलाना मोहम्मद हम्माद रजा नूरानी अलीमी और प्रिंसपल मुफ्तिया सादमा मोइनी ने किया।इस कार्यक्रम पर मुफ़्ती अता मोहम्मद द्वारा नजर बनाये रहे।मदरसा हुमैरा निसवा की अनेक छात्राएं ने हुजूर की सान में नात ए पाक पेश किया। मुफ्तिया राकिया मोइनी, मुफ्तिया शहर बानो, मुफ्तिया परबीन मोइनी , आलिमा साबरीन मोइनी , आलिमा नाजिया बरकाती, मोहतरमा नजमा सिद्दीकी , मोहतरमा नूरी मोहम्मदी ने इल्मी खिदमात को उजागर करते हुए इल्मे ए दीन के बारे में बताये। खलीफे ताजुसरया हजरत अल्लामा अलहाज मुफ़्ती अता मोममद बानी ओसरवरा जनाब सगीर अहमद साहब सिद्दीकी , कैशियर जनाब जनाब हाजी इकरामुद्दीन ,जनाब नियाज अहमद लिल्लाही , मौलाना निसार अहमद , हजरत मोहम्मद मुस्तकीम , हजरत कारी रेहानुल हक, डॉ कब्बाब रजा ने नात ए पाक पेश किया।वकता हजरत मुफ़्ती अहमद हुसैन साहब,वकता मौलाना फिदा मोहम्मद अलीमी, वकता नूर सबा अजीजी जौनपुर, वकता शीबा निजामी नागपुर, शायर रहीम रजा बलरामपुरी व महमूद रजा बलरामपुरी ने हुजूर पाक की सान में नात ए पाक पेश किया।और फरमाया कि इस मदरसे में इल्मे जाहिर की तालीम ,इल्म ए दीन और बेहतरीन दी जाती हैं दीनी तालीम के अलावा यहाँ पर अंग्रेजी हिन्दी व कंप्यूटर की भी शिक्षा दी जाती हैं उन्होंने सभी को शिक्षा ,अमन व शांतिपूर्ण का पैगाम दिया। मुफ़्ती अता महम्मद साहब ने कहा कि कुरान को याद रखने वाले लोग जहाँ जायेगे वहा ज्ञान की प्रकाश ही फैलाए गे।उन्होंने यह भी कहा की शिक्षा इंसान को बुलंदियों पर पंहुचा देती हैं इसलिए हमें हर हाल में शिक्षा हासिल करनी चाहिए।ईमान सबसे बड़ी दौलत हैं। कभी भी ईमान का सौदा नही करना चाहिए पाबन्दी से नमाज पढ़ने के साथ ही रोजे रखना भी चाहिए, झूठ से दूर रहना चाहिए व किसी की बुराई नही करना चाहिए।

## श्रद्धालुओं की पंक्ति में प्रतीक्षारत दिखे प्रमोद व मोना, भंडारे में बांटा प्रसाद



प्रतापगढ़।बाबा घुइसरनाथ धाम में महाशिवरात्रि पर दर्शन पूजन करने पहुंचे राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा प्रदेश कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने बाबा को बेल पत्र, दूध, दही, धतूरा, अक्षत, पुष्प समर्पित कर जलाभिषेक किया।सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधायक मोना ने बाबा घुइसरनाथ जी से सतत विकास के साथ लोकमंगल की कामना की।सांसद प्रमोद तिवारी के स्तुति मंत्र के साथ पूजन व दर्शन को देख गर्भगृह मे मौजूद आम श्रद्धालु देवाधिदेव महादेव का जयघोष करते आनंदित दिखे। वहीं सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधायक मोना प्रो0 डॉ0 विजयश्री सोना के साथ सुबह साढ़े नौ बजे धाम पहुंचे।मंदिर के सामने से लेकर गर्भगृह तक दोनों नेताओं को आम श्रद्धालुओं की पंक्ति में करीब आधे घण्टे अपनी बारी का प्रतीक्षा करते देखा गया। दर्शन पूजन के समय श्री श्री एक हजार आठ जगदगुरू शिवाचार्य साध्वी विश्वरूपा जी महराज व जगदगुरू अवधेश प्रपन्नाचार्य एवं पार्श्वगायक रवि त्रिपाठी ने भी बाबा को मत्था टेका।विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी की विशेष सुरक्षा को लेकर बाबा धाम में पुलिस व प्रशासन को भी हाईअलर्ट में देखा गया।दर्शन पूजन के बाद मंदिर से सांस्कृतिक मंच की ओर प्रमोद तिवारी तथा विधायक मोना निकले कि वहां बाबा घुइसरनाथ सेवा संस्थान के शिविर में पहुंच गये।यहां दोनों नेताओं ने शिवभक्तों को साबूदाना की खीर का प्रसाद बांटा।

# आस्था व विकास को बाबा घुइसरनाथ धाम से सदैव मिलती रहेगी मजबूती : प्रमोद तिवारी



प्रतापगढ़।महाशिवरात्रि पर बाबा घुइसरनाथ धाम मे तीसवें राष्ट्रीय एकता महोत्सव पर हुई सदभावना सभा में राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता तथा सौहार्द का सामूहिक संकल्प जताया गया। बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि भव्य पर्यटन नगरी के रूप में बाबा धाम में विकास का संकल्प सदैव यहां मजबूत दिखेगा। उन्होनें कहा कि राष्ट्रीय विकास एवं सामाजिक सौहार्द को सदैव बाबा धाम से इस महोत्सव से प्रेरणा मिलती आ रही है।सभा की अध्यक्षता करते हुए क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि बाबा घुइसरनाथ जी की कृपा से रामपुरखास में विकास का सुनहला चक्र सदैव जगमग दिखता रहेगा। उन्होने कहा कि हमारे देश के सांस्कृतिक वैभव की निरंतर उन्नति के साथ यह महोत्सव राष्ट्रीय एकता को चिरजीवी बनाए हुए है। विशिष्ट अतिथि प्रो0 डॉ0 विजयश्री सोना ने राष्ट्रीयता से जुड़े शैक्षिक मूल्यों पर प्रकाश डाला।संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल व रामबोध शुक्ल ने संयुक्त रूप से किया। सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू ने स्वागत भाषण तथा प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने आभार प्रदर्शन किया। सदभावना सभा का संयोजन प्रधानाचार्य डॉ. अमिताभ शुक्ल एवं आशीष उपाध्याय ने किया। इस मौके पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, दृगपाल यादव, रामकृपाल पासी, आशुतोष मिश्र, छोटेलाल सरोज, संयुक्त अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष बालेन्द्र त्रिपाठी, अधिवक्ता संतोष पाण्डेय, पप्पू तिवारी, सभासद दारा सिंह, सभासद आशीष कौशल, दुर्गेश पाण्डेय, त्रिभु तिवारी, अतुल शुक्ल, मुरलीधर तिवारी, दिनेश मिश्र, बृजेश द्विवेदी, हृदय नारायण मिश्र, सिंटू मिश्र आदि मौजूद रहे।

## 21 करोड़ की विकास परियोजनाओं की प्रमोद व मोना ने सौंपी सौगात, खिले चेहरे



प्रतापगढ़। बाबा नगरी में महाशिवरात्रि के पर्व पर राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने करोड़ों की विकास परियोजनाओं की परम्परागत सौगात श्रद्धालुओं को सौंपी। तीसवे राष्ट्रीय एकता महोत्सव में सड़क तथा पेयजल एवं हाइवे व रामपुरखास में विभिन्न ग्रामीण विकास से जुडी एक सौ एक परियोजनाओं के एकमुश्त लोकार्पण व शिलान्यास को देख बाबा नगरी में मौजूद श्रद्धालु हर हर महादेव का जयघोष करते दिखे। इक्कीस करोड़ से अधिक विधायक निधि, पूर्वांचल विकास निधि व क्षेत्र पंचायत तथा नगर पंचायत से जुडी परियोजनाओं को वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी एवं विधायक आराधना मिश्रा मोना ने बटन दबाकर लोगों को समर्पित किया। इस मौके पर पार्श्वगायक रवि त्रिपाठी, अवर अभियंता सुभाषचंद्र शर्मा, अवर अभियंता शुभम त्रिपाठी, प्रमुख अशोक सिंह बबलू भी मौजूद रहे।

## हर हर महादेव तथा बोल बम से महाशिवरात्रि पर गूंजती दिखी बाबा घुइसरनाथ की नगरी



प्रतापगढ़।महाशिवरात्रि के पर्व पर बाबा घुइसरनाथ धाम की नगरी सुबह से देर शाम तक हर हर महादेव तथा बोल बम के शंखनाद से गूंजती रही।आधी रात के बाद जैसे ही बाबा का मुख्य कपाट खुला श्रद्धालु जलाभिषेक व दर्शन पूजन को उमड़ पड़े।रैनबसेरा कर रहे श्रद्धालु भोर में ही गंगा सरोवर तथा सई में स्नान कर मंदिर के सामने पंक्तिबद्ध हो उठे दिखे।शिवभक्तों के दर्शन पूजन को लेकर लालगंज एसडीएम नैंनसी सिंह तथा पुलिस उपाधीक्षक रामसूरत सोनकर व कई थानों की फोर्स व्यवस्था में डटी दिखी।दोपहर जिले के अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय भी धाम पहुंचे।लालगंज से सांगीपुर तक वाया घुइसरनाथ धाम का हाइवे पर भारी भीड़ देखी गयी।लालगंज से बाबा धाम के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के वाहन डभियार इण्टर कालेज के सामने पार्क कराए गये। अमेठी, सुल्तानपुर तथा सांगीपुर क्षेत्र से आने वाले वाहनों को देउम चौराहे पर पार्क कराए गए।स्थानीय अंचल के सई पार श्रद्धालुओ से बाबा धाम के बने दोनों पैदल सेतुओं को खचाखच भरा देखा गया।मेला परिसर में विकास प्रदर्शनी को भी देखने में लोगों को जुटे देखा गया।अस्थायी चिकित्सालय में भी मेडिकल टीम सेवारत दिखी।मेला क्षेत्र को प्रशासन ने मंगलवार की रात से ही सीसी कैमरे की निगरानी में ले रखा था।

## आज दिखेगा अंजना सिंह व रितेश का जलवा

प्रतापगढ़।तीसवें राष्ट्रीय एकता महोत्सव में आज गुरूवार की शाम भोजपुरी सिनेस्टार अंजना सिंह व रितेश पाण्डेय का जलवा दिखेगा। पार्श्वगायक रवि त्रिपाठी के संयोजन में आनन्द किशोर के सांस्कृतिक दल तथा संतोष यादव का गायन व महुआ टाप सुश्री भावना सिंह एवं फोक मीडिया फाउण्डेशन की सुश्री नीतू सिंह का भी फोकस होगा। उक्त जानकारी आयोजन समिति के सह संयोजक भगवती प्रसाद तिवारी ने दी है।

# मेडा उपाध्यक्ष की भ्रष्टाचार मुक्त मुहिम का कौन उड़ा रहा मखौल

- कच्ची कॉलोनियों पर चल रहा दना --दन बुलडोजर, अवैध कंपलेक्स को कौन दे रहा संरक्षण
- शहर में अवैध कंपलेक्स बनने से मेडा को हो रहा राजस्व का भारी नुकसान

जिला संवाददाता (vol)




मेरठ ।मेरठ विकास प्राधिकरण मेडा के उपाध्यक्ष आईएएस अधिकारी अभिषेक पांडे की भ्रष्टाचार मुक्त मुहिम का मखौल आखिर कौन उड़ा रहा है इसके पीछे किन-किन लोगों का षड्यंत्र है यह सब तो एक जांच का हिस्सा है लेकिन इतना जरूर है कि बिना खेल के मेरठ विकास प्राधिकरण प्रवर्तन खंड ए 2 क्षेत्र के कबाड़ी बाजार के निकट किशनपुरी मुख्य मार्ग पर लगभग 300 वर्ग मीटर में पुराने मकान के पीछे कई मंजिल का अवैध कंपलेक्स आखिर किसके इशारे पर बन रहा है। ऐसा भी नहीं है कि एक क्षेत्रीय अभियंता का कार्य देख रहे प्रवर्तन उप प्रभारी ही इस अवैध निर्माण के लिए जिम्मेदार हो सकता है। सवाल यह उठता है कि जब मेडा सचिव आनंद कुमार सिंह जोनल अधिकारी के रूप में भी कार्य देख रहे हैं तब क्या उनकी जिम्मेदारी अवैध कमर्शियल कंपलेक्स को रोकने की नहीं है ।मेडा अधिकारी अपनी व्यस्तथा का कारण देकर इस अवैध कंपलेक्स के निर्माण को रोकने की जिम्मेदारी से नहीं बच सकते ।मेडा की लगातार छवि को खराब करने वाले इंजीनियरों तथा अधिकारियों को भी शायद मेडा उपाध्यक्ष की कार्यशैली से अभी तक सबक नहीं मिला है ।मेडा उपाध्यक्ष लगातार भ्रष्टाचार मुक्त मुहिम का कर्मचारी ,इंजीनियर, अधिकारियों को पाठ पढ़ा रहे हैं लेकिन उनके पाठ का ज्ञान शायद ही कोई ले रहा हो । आज भी वही सब कुछ खेल पुराने ढररे पर चल रहा है जो पूर्व में होता रहा है तो फिर मेडा उपाध्यक्ष की भ्रष्टाचार मुक्त मुहिम क्या कर रही है । आखिर बिना पार्किंग मुख्य मार्ग पर ही कई मंजिल अवैध कमर्शियल कंपलेक्स का निर्माण सील के बावजूद कैसे हो रहा है।बताया जाता है कि जब भूतल पर ही निर्माण कार्य हो रहा था तभी प्राधिकरण ने सील की कार्यवाही कर दी थी उसके बाद दो मंजिल का निर्माण कैसे हो गया तीसरी मंजिल का निर्माण फिलहाल रोक दिया गया है। सूत्र बताते हैं कि इस अवैध कमर्शियल कंपलेक्स में बेसमेंट भी है लेकिन यह सब कुछ तो प्राधिकरण के अधिकारी ही जानते हैं कि बेसमेंट है या नहीं लेकिन इतना जरूर है कि शहर में चर्चा का विषय यह अवैध कंपलेक्स जरूर बना हुआ है ।आज आलम यह है यहअकेला ही अवैध कंपलेक्स नहीं है पूरे शहर में अवैध कमर्शियल कंपलेक्स बन रहे हैं । एक तरफ मेडा उपाध्यक्ष की भ्रष्टाचार मुक्त मुहिम के तहत अवैध कॉलोनी में गरीबों के मकान भी नहीं बनने दिए जा रहे उन पर लगातार बुलडोजर का डर दिखाकर उन्हें डराया हुआ है और बुलडोजर लगातार अवैध कॉलोनी पर दनादन बज रहा है । दूसरी तरफ बड़े-बड़े अवैध कंपलेक्स शहर के मुख्य मार्ग पर बिना मानचित्र बिना पार्किंग कैसे खड़े हो रहे हैं यह एक बड़ा सवाल मेडा के अधिकारियों पर भी उठ रहा है वहीं जहां मेडा की छवि को धूमिल किया जा रहा है वही मेडा उपाध्यक्ष की भ्रष्टाचार मुक्त मुहिम पर भी सवाल खड़े होने लगे हैं ।

मेडा सचिव ,प्रवर्तन जोनल आनंद कुमार सिंह से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका ,वही क्षेत्रीय प्रवर्तन उप प्रभारी का कहना है कि अवैध चल रहे इस कमर्शियल निर्माण पर नियमानुसार सील की कार्रवाई कर दी गई है इसके बावजूद विधिक कार्यवाही की जा रही है।

संक्षेप

## करंट से युवक घायल

जसवंतनगर, इटावा। थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव में अपने दोस्त के यहां दावत खाने गया युवक बिजली के करंट से घायल हो गया जिस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज हेतु ले जाया गया। बीते मंगलवार की देर शाम को रामेंद्र पुत्र कमलेश उम्र करीब 18 वर्ष ग्राम रुकुनपुरा का रहने वाला क्षेत्र के ही ग्राम खेड़ा बुजुर्ग में अपने दोस्त प्रियांशु पुत्र मुलायम सिंह के यहां गृह प्रवेश की दावत में शरीक होने गया था। मकान की छत के बगल से गुजर रही 11000 लाइन की चपेट में आने से रामेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे एंबुलेंस के ईएमटी अनूप कुमार पायलट हिमांशु ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज हेतु भर्ती कराया।बताया गया है कि घायल रामेंद्र 11000 लाइन की चपेट आते ही बिजली करंट ने उसे दूर फेंक दिया जिससे वह गंभीर घायल हो गया।अगर कहीं 11000 की लाइन से चिपक जाता तो जनहानि हो सकती थी। ग्रामीणों की अनुसार ग्राम खेड़ा बुजुर्ग में किसी योजना के अंतर्गत पूरे गांव में 11000 की लाइन बिछी हुई है और हर तीन या चार घर बाद विद्युत पोल पर छोटे डीसी ट्रांसफार्मर रखे हुए हैं। ग्रामीणों ने बिजली विभाग से मांग की है कि एक बड़ा ट्रांसफार्मर रखकर घरों को विद्युत आपूर्ति सप्लाई की जाए नहीं तो भविष्य में कभी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

## मंदिर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दिखी

जसवंतनगर, इटावा। महाशिवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी गई। नगर के डेढ़ दर्जन से अधिक शिवालयों में पूजा-अर्चना का क्रम सुबह से देर रात तक चला। रामेश्वर मंदिर, बिलैया मठ, रेलवे फाटक शिवालय, शाला शिवालय और नागेश्वर नाथ मंदिर कोठी कस्त पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी। सिंगीरामपुर से गंगाजल लेकर आए दर्जनों कांवरिया ने भी शिवलिंग पर जल चढ़ाया। सभी शिवालयों को विशेष रूप से सजाया गया।समाजसेवी समितियों ने रामेश्वर मंदिर पर प्रसाद वितरण के लिए स्टॉल लगाए। पड़ाव मंडी स्थित भोलेनाथ मंदिर, तालाब मंदिर, खटखटा बाबा कुटिया, चूरामन मंदिर, रामसीता मंदिर और नुनहैया शिव मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। रेलमंडी स्थित प्राचीन शिव मंदिर की विशेषता है कि यहां ब्रह्मा, विष्णु, महेश रूपी नीम, पीपल और बरगद एक ही तने से निकले हैं। भक्त प्रशांत गोलू के अनुसार, इस मंदिरसे जुड़े श्रद्धालुओं की मनोकामनाएं पूरी होती हैं। महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने व्रत रखा।

## देवी देवताओं की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम

इटावा। महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर नारायन कॉलेज ऑफ साइन्स एंड आर्टस के परिसर के नवनिर्मित मंदिर में सपरिवार एवं अन्य देवी-देवताओं की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम विद्यालय के चेयरमेन इंजीनियर हरिकिशोर तिवारी व उनकी धर्मपत्नी मधु तिवारी के कर कमलों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न हुआ। प्राण-प्रतिष्ठा के इस शुभ अवसर पर सबसे पहले प्रतिमाओं को गंगा जल से स्नान करा कर स्वच्छ वस्त्र से पोंछकर नवीन वस्त्र धारण कराये गये, व प्रतिमाओं को चंदन का लेप लगाकर श्रृंगार किया गया फिर बीज मंत्रों का पाठकर प्राण-प्रतिष्ठा सम्पन्न कराई गई।इस शुभ अवसर पर शहर के गणमान्य व्यक्ति अतुल आक्रोश, अवधेश नारायन तिवारी, दिलीप मिश्रा, डी.डी. मिश्रा व विद्यालय के वाइस चेयरमेन इंजीनियर अंकित तिवारी जी, विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. धर्मेन्द्र शर्मा, पूनम शर्मा, डिग्री कॉलेज के प्रधानाचार्य योगेश दुवे, स्किल डेवेलपमेन्ट हेड प्रवल गुप्ता, फॉमेर्सी कॉलेज हेड अभिषेक तिवारी एवं सीबीएसई विद्यालय समस्त स्टाफ, डिग्री कॉलेज समस्त स्टाफ व क्रिएटिव किंगडम प्ले स्कूल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। मंदिर में मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर सभी भक्तों को प्रसाद स्वरूप फलाहार कराया गया।


आवश्यकता

श्री निषादराज अखण्डानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय, किटियावॉ, शाहगढ़ जिला-अमेठी

आवश्यकता है-

परास्नातक स्तर पर एम.ए. पाठ्यक्रम में (चित्रकला, भूगोल, एवं हिन्दी) प्रत्येक विषय में प्रवक्ता-02 पद : योग्यता एवं वेतनमान-यू.जी.सी. एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।

इच्छुक अभ्यर्थी 07 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त अंक पत्रों एवं प्रमाण पत्रों की दो स्व. हस्ताक्षरित प्रतियों एवं दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं दो स्वपता लिखे लिफाफे के साथ महाविद्यालय के उपरोक्त पते पर आवेदन करें।

प्रबन्धक-शिव प्रसाद कश्यप
मो.नं.-9415177976


# योगी ने सुनीं 200 लोगों की समस्याएं

## अधिकारियों को दिए पारदर्शी और संतुष्टिपरक निस्तारण के निर्देश



जिला संवाददाता(vol)

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विश्व के सबसे बड़े आयोजन प्रयागराज महाकुंभ के आखिरी स्नान पर्व (महाशिव रात्रि) पर आज तड़के से ही ऑनलाइन निगरानी करते रहे। साथ ही देवाधिदेव महादेव की आराधना के इस विशेष पर्व पर आनुष्ठानिक व्यस्तता के बावजूद उन्होंने बुधवार सुबह जनता दर्शन में आए लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं का समाधान शीघ्रता से किया जाए। आमजन को सताने, धमकाने और संपत्ति कब्जा करने वाले बदमाशों को कानूनी सबक सिखाया जाए। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता या लापरवाही नहीं होनी चाहिए। हर समस्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी और संतुष्टिपरक होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता की हर पीड़ा का निवारण सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है।

जनता दर्शन में गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक सीएम योगी खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि सरकार किसी के साथ अन्याय नहीं होने देगी। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित निस्तारण का निर्देश देने के साथ मुख्यमंत्री ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने अधिकारियों को यह भी हिदायत दी कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराए जाने का निर्देश दिया।

## बच्चों को दुलार कर सीएम ने दिया आशीर्वाद

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन करने आए बच्चों पर खूब प्यार-दुलार बरसाया। उन्होंने इन बच्चों से खूब बातें कीं, हंसी-ठिठोली के बीच उनकी पढ़ाई के बारे में जानकारी ली और फिर चॉकलेट गिफ्ट करते हुए उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। गोरखपुर प्रवास के दौरान बुधवार सुबह सीएम योगी ने गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर जाकर मत्था टेका। इसके बाद वह मंदिर परिसर का भ्रमण करने निकले। भ्रमण के दौरान सीएम योगी की नजर परिजनों के साथ आए बच्चों पर पड़ी तो उन्होंने सबको अपने पास बुला लिया। सभी बच्चों से उनका नाम पूछा, कहां से आए हैं और किस क्लास में पढ़ते हैं, इसकी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने बच्चों से बेहद आत्मीय तरीके से संवाद करने के साथ उनसे खूब हंसी ठिठोली भी की। सबको चॉकलेट गिफ्ट देकर और सबके माथे पर हाथ फेरकर प्यार-दुलार, आशीर्वाद दिया।

## महिला पुरूष कांवरिया जलाभिषेक करने के लिए कतारों में दिखे

भरथना, इटावा। देवों के देव महादेव के पुनीत पर्व महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर नगर व क्षेत्र के शिवालय बम-बम भोले के स्वरों से पूरे दिन गुंजायमान रहे। शिवभक्तों ने भोर होते ही स्नान करके शिवपूजन का सिलसिला शुरू कर दिया। साथ ही आस्था में सरावोर महिला-पुरूष कांवरियां भी जलाभिषेक करने के लिए लम्बी-लम्बी कतारों में देखे गये।

बुधवार को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर क्षेत्र के ग्राम रमायन स्थित महामंशापूर्ण श्री गंगाधर विश्वनाथ प्राचीन शिव मन्दिर पर भोर होते ही श्रद्धालुओं की भीड एकत्रित होने लगी। अपने आराध्य के पूजन अर्चन के लिए महिला-पुरूष भक्तजनों ने विधिवत देवों के देव महादेव का जलाधिषेक व दुग्धाभिषेक करके पूजन अर्चन व फल, फूल, बेलपत्र, धतूरा, मिष्ठान आदि भेंटकर सर्वकल्याण की कामना की। वहीं गंगाजल भरकर लाये शिवभक्त महिला-पुरूष कांवरियों ने भी बम-बम भोले के गगनभेदी उद्घोषों के बीच भगवान भोलेशंकर का जलाभिषेक किया। साथ ही विधूना रोड स्थित छोला मन्दिर प्रांगण में स्थापित शिव मन्दिर पर समाजसेवी आविद अली ने राजेश चैहान व अपने अन्य साथियों के साथ महादेव का श्रृंगार किया ।

## सदर विधायक ने विधि विधान से पूजन कर किया शिलान्यास



उदी, इटावा। उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश को जोड़ने वाला एन एच 92 इटावा - भिंड मार्ग एवं ग्राम उदी के समीप स्थित चंबल नदी पर स्वीकृत नवीन सिगनेचर ब्रिज एवं यमुना पुल से चम्बल पुल तक फॉर लाइन सड़क निर्माण के लिए आज सदर विधायक सरिता भदौरिया द्वारा हवन पूजन के साथ भूमि पूजन कर के निर्माण कार्य प्रक्रिया को गति प्रदान की गयी। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के पड़ोसी जनपद भिंड के सदर विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह एवं एनएच के अधिशाषी अभियंता सहित तमाम भाजपा नेता व गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरिता भदौरिया ने कहा कि चम्बल नदी पर बनने जा रहे नए सिग्नेचर पुल एवं यमुना से लेकर चंबल नदी तक 8 किलोमीटर फॉर लाइन निर्माण के लिए केंद्रीय परिवहन मंत्री द्वारा 296.02 करोड़ रु स्वीकृत दो किया गया है। दो वर्ष पूर्व स्वीकृत मिलने के बाद से वन विभाग के सेंचुरी क्षेत्र उत्तरप्रदेश व मध्यप्रदेश से एन ओ सी प्राप्त करने में 2 वर्ष तक कठिनाई से जूझना पड़ा तब जाकर पुल व सड़क निर्माण की अनुमति मिल सकी है। सदर विधायक ने पूर्व की सपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा की पूर्व में सपा शासन में सेंचुरी क्षेत्र पारपट्टी के लिए जबरन थोप दिया गया जिसकी वैधानिक मानक भी पूरे नहीं किए गए जिसके कारण क्षेत्र के विकास में बाधा उत्पन्न हो रही है। उन्होंने कहा कि रूरा और असवा ग्राम को जोड़ने वाला यमुना नदी पर पुल भी स्वीकृत हो चुका है।जल्द ही निर्माण शुरू होगा। उन्होंने कहा नगर में ऑडिटोरियम के निर्माण का भी प्रयास किया जा रहा है जबकि अंग्रेजी शासन के बने हुए विक्टोरिया हॉल के सुंदरीकरण के लिए 3 करोड़ 50 लाख रुपया प्रदेश सरकार द्वारा प्रदान कराया जा चुका है जिसका कार्य जारी है। उन्होंने कहा कि पुल के शिलान्यास अवसर पर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी जी को बुलाने का प्रयास था लेकिन समय को ध्यान में रखते हुए इसका आज शिलान्यास किया गया क्योंकि जून माह के बाद नदी का जल स्तर बढ़ने से पुल का निर्माण कार्य थम जाता। इस अवसर पर उपरोक्त के अलावा पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, सिद्धार्थ शंकर,अजय भदौरिया,विकास भदौरिया,कृष्णमुरारी गुप्ता,एम पी सिंह तोमर,पूर्व जिला अध्यक्ष अजय प्रताप धाकरे, जिला महासचिव शिवकांत चैधरी,जिला पंचायत सदस्य सचिन कुमार,अनंत अग्रवाल,अश्वनी सिंह एडवोकेट,कृपानारायण तिवारी,बउआ ठाकुर, गोल्डी जादौन,प्रधान आदित्य भदौरिया, जीतू भदौरिया,किशोर भदौरिया,मंजू भदौरिया,मुकेश उर्फ गब्बर भदौरिया सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## नाट्य प्रस्तुतियों ने अभिभावकों का दिल झकझोर दिया

भरथना, इटावा। समाज में फैली अनेक कुरीतियों के प्रति आम जनमानस को सजग करने की मंशा पर आधारित नन्हें-मुन्हों की विभिन्न प्रेरणादायक नाट्य प्रस्तुति ने अभिभावकों का दिल झकझोर दिया। वहीं कई प्रान्तों की आकर्षक वेशभूषा में सुसज्जित छात्र-छात्राओं के मनमोहक नृत्य ने दर्शकों को एक ही स्थान पर डटे रहने के लिए मजबूर कर अपने कलाकौशल से रूबरू कराया। मंगलवार की देर शाम कस्बा के शुक्लागंज स्थित ज्ञान स्थली एकेडमी में आयोजित वार्षिकोत्सव-अभिव्यक्ति के दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक नाटकीय मंचन के साथ संगीतमयी ध्वनियों पर कई नृत्य आदि प्रस्तुत किये गये। अध्यक्षता कर रहे संस्था प्रबन्धक पूर्व विधायक शिवप्रसाद यादव ने अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता रामपाल सिंह राठौर, करूणाशंकर दुबे, प्रधानाचार्य मनोज सिंह सेंगर आदि के साथ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

# पूर्व प्रधान मृत्युंजय सिंह की माताजी को सीएम ने दी श्रद्धांजलि



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को दोपहर बाद पीपीगंज क्षेत्र के बढ़या चौक गांव में पूर्व प्रधान मृत्युंजय सिंह के घर जाकर उनकी दिवंगत माता स्मृतिशेष कुसुम सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। सीएम योगी ने परिजनों से बातचीत कर उन्हें ढांढस भी बंधाया। कुसुम सिंह का विगत दिनों निधन हो गया था। गोरखपुर दौरे पर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को भरोहिया के पितेश्वरनाथ मंदिर में दर्शन पूजन के बाद बढ़या चौक पहुंचे। उन्होंने पूर्व प्रधान मृत्युंजय सिंह के आवास पर जाकर उनकी दिवंगत माताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने यहां कुछ वक्त उनके परिजनों के साथ बिताया और उन्हें ढांढस बंधाया।

## केवीके का निरीक्षण कर मुख्यमंत्री ने चखा ताजा-गर्म गुड़



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को महायोगी गुरु गोरखनाथ कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) चौक माफी का निरीक्षण कर केंद्र द्वारा कृषि अनुसंधान तथा कृषकों के हित में किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कृषि कार्य में उपयोग होने वाले कई उपकरणों का अवलोकन किया, साथ ही केवीके परिसर में स्थित गुड़ प्रसंस्करण यूनिट में गन्ने के रस से गुड़ बनने की प्रक्रिया को भी देखा। यहां मुख्यमंत्री ने ताजा, गर्म गुड़ खुद तो चखा ही, वहां मौजूद सभी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को भी उन्होंने ताजा बना गुड़ खिलवाया। महाशिवरात्रि पर भरोहिया के पितेश्वरनाथ मंदिर के दर्शन पूजन करने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चौक माफी स्थित महायोगी गुरु गोरखनाथ कृषि विज्ञान केंद्र पहुंचे थे। कृषि, सीएम योगी के लिए न केवल सरकार के स्तर पर बल्कि निजी तौर पर भी प्राथमिकता का क्षेत्र है। केवीके का भ्रमण करते हुए उन्होंने कई कृषि उपकरणों का अवलोकन किया और कृषि वैज्ञानिकों से उनके इस्तेमाल और इससे खेती में आने वाले बदलाव की विस्तार से जानकारी ली। कृषि उपकरणों को देखने के बाद वह गुड़ प्रसंस्करण इकाई में आए। यहां गन्ने के रस से ताजा गुड़ बनाया जा रहा था। मुख्यमंत्री ने गुड़ बनने की प्रक्रिया का अवलोकन किया और गर्मागर्म गुड़ का स्वाद भी लिया।

## न्यूजीलैंड से आकर दो मूक-बधिरों ने की शादी



इटावा। प्यार की कोई भाषा नहीं होती, यह बात इटावा के भरथना में साबित कर दी दो मूक-बधिर युवाओं ने। सोशल मीडिया पर हुई दोस्ती प्यार में बदली और फिर परिवार की रजामंदी से यह रिश्ता शादी के मुकाम तक पहुंचा। मंगलवार को धूमधाम से हुई इस अनूठी शादी में रिश्तेदारों व गांववालों ने जमकर जश्न मनाया।

भरथना के गांव रमायन की रहने वाली प्रियंका उर्फ निक्की जन्म से ही मूकबधिर है। करीब एक साल पहले उनकी मुलाकात सोशल मीडिया के जरिए न्यूजीलेंड में रहने वाले राहित से हुई। दोनों ही मूकबधिर थे इसलिए साइन लैंग्वेज के जरिए बातचीत शुरू हुई। चैटिंग के व वीडियो कालिंग के जरिए दोनों के बीच प्यार गहराता गया और उन्होंने जिन्दगीभर साथ निभाने का फैसला कर लिया। शादी के लिए सोहित न्यूजीलेंड से हरियाणा के फरीदाबाद स्थित अपने पैतृक घर आए। मंगलवार शाम धूमधाम से बारात निकली और प्रियंका के घर पहुंची। दूल्हे के स्वागत के लिए पूरे गाांव में खात तैयारियां की गई थी। ढोल नगाड़ों की गूंज और पारंपरिक रीति रिवाजों के बीच प्रियंका और सोहित ने साइन लैंग्वेज के जरिए अपने प्यार का इजहार किया और सात फेरे लेकर हमेशा के लिए एक दूजे के हो गए। बुधवार सुबह प्रियंका की विदाई हुई। पिता मनोज राजौरे ने कहा कि बेटी के भविष्य को लेकर वे हमेशा चिंतित रहते थे लेकिन आज उन्हें गर्व है कि प्रियंका ने अपनी शिक्षा पूरी कर खुद को आत्मनिर्भर बनाया। सोहित न्यूजीलैंड में सफल व्यवसायी है और प्रियंका भी मूकबधिर कालेज से उच्च शिक्षा प्राप्त कर चुकी है।

## मकान से जेवरात व नकदी चोरी

बकेवर, इटावा। लवेदी थाना क्षेत्र के ग्राम नवादा खुर्द कंला गांव में चोरों ने रात के समय सूने पड़े मकान का ताला तोड़ कर तीन लाख कीमत के स्वणार्भूषण व तीस हजार की नगदी चोरी करके ले गए। चोरी की घटना के समय गृहस्वामी गांव में ही स्थित एक मंदिर पर आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने गया था।

नवादा खुर्द कंला गांव निवासी प्रविन्द्र सिंह गांव में ही रहकर अपने घर में ही परचूनी की दुकान चलाते हैं, पत्नी और बच्चे इटावा में रहते हैं। मंगलवार की रात 9 बजे के प्रविन्द्र अपने घर के मुख्य दरवाजे पर ताला डालकर गांव के बहार स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर पर चल रहे भजन कीर्तन सुनने के लिए गया था इसी का लाभ चोरों ने उठाया, चोरों ने मकान के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर घर के अन्दर प्रवेश कर गए जहां कि उन्होंने कमरे के अंदर रखे बक्सों और अलमारी के लाक तोड़ कर चोरी की घटना अंजाम दी। भजन कीर्तन सुनने के बाद वह रात डेढ़ बजे वापस घर लौटा तो घर के दरवाजे का ताला टूटा देख वह सशंकित हो घर के अंदर गया जहां कि अलमारी और बक्सों के खुले होने और बिखरा सामन देखा जिस पर उसने उसी समय पुलिस हेल्पलाइन पर फोन किया सूचना पर रात तीन बजे पुलिस पहुंची और चोरी गए सामन की जानकारी ली। गृहस्वामी प्रविन्द्र ने जानकारी देते हुए बताया चोर बक्सों में रखे एक सोने का हार एक सोने की अंगूठी,एक जंजीर एक जोड़ी चांदी की पायल के अलावा पीतल के बर्तन व दुकान की गोलक में रखे तीस हजार रुपए नगदी की चोरी करके ले जाने में सफल रहे। उन्होंने स्वणाभूषण की कीमत तीन लाख के करीब बताई।

# शिवालयों में कांवरियों ने किया जलाभिषेक



चकरनगर, इटावा। महाभारत कालीन ऐतिहासिक मंदिर कालेश्वर, भारेश्वर व सिद्धेश्वर पर विराजमान शिव लिंगो पर शिवरात्रि के पावन पर्व पर सैकड़ों कांवरियों ने जलाभिषेक किया। सिद्धेश्वर मंदिर प्रांगण में दंगल व मेले की युद्ध स्तर पर चल रही तैयारियों का एसडीएम ब्रह्मानंद सिंह कठेरिया ने जायजा लिया और आवश्यक दिशानिर्देश दिए।

सहसों गांव के समीप चंबल नदी किनारे ऐतिहासिक सिद्धनाथ मंदिर पर विराजमान शिव लिंग पर बुधवार को क्षेत्र से लेकर दूर दराज के कांवरियों ने शिवरात्रि के अवसर पर जलाभिषेक किया। इसके उपरांत हजारों श्रद्धालुओं ने शिव मंदिर पर शिवरात्रि के पावन पर्व पर माथा टेकते हुए जलाभिषेक किया। इसी क्रम में भरेह गांव के समीप यमुना चंबल संगम किनारे स्थित ऐतिहासिक भारेश्वर मंदिर पर भी सैकड़ो कांवरियों सहित श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर मन्नत मांगी। क्षेत्र के पचनद पर स्थित ऐतिहासिक मंदिर कालेश्वर पर भी कांवरियों ने जलाभिषेक किया और बाबा भोलेनाथ के दर्शन किए।

उपरोक्त मंदिरों पर संबंधित थानों की पुलिस व स्थानीय मंदिर के सेवक मौजूद रहे। श्रद्धालुओं ने शिव मंदिर पर शिवरात्रि के पावन पर्व पर जलाभिषेक किया। इसी क्रम में भरेह गांव के समीप यमुना चंबल संगम किनारे स्थित ऐतिहासिक भारेश्वर मंदिर पर भी सैकड़ो कांवरियों सहित श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर मन्नत मांगी। क्षेत्र के पचनद पर स्थित ऐतिहासिक मंदिर कालेश्वर पर भी कांवरियों ने जलाभिषेक किया और बाबा भोलेनाथ के दर्शन किए। बताते चलें कि बाबा सिद्धनाथ मंदिर के ऊपर जाने से रोक लगने के बाद श्रद्धालुओं ने सीडियों पर पूजा अर्चना की। दरअसल मंदिर की चट्टान बाढ़ के पानी से खिसक गई है, जिससे अनहोनी की संभावना आंकते हुए अधिकारियों ने मंदिर पर जाने से रोक लगा दी है।

## डीएम-एसएसपी ने मेले का निरीक्षण किया



ऊसराहार, इटावा। शिवरात्रि के पर्व पर नंगे पैर कावंर लेकर पहुचे कांवरियो ने बाबा को जलाभिषेक कर अपनी कांवर चढाई हजारो की संख्या मे भक्तो ने कतार मे खडे होकर बाबा के दर्शन किए जिलाधिकारी एंव एसएसपी खुद मेले का निरीक्षण करने पहुंचे। हजारी महादेव मंदिर सरसईनावर मे इस वर्ष पचास हजार से अधिक कांवरियो ने श्रंगीरामपुर से गंगाजल भरकर बाबा को सौ किलोमीटर की पैदल यात्रा कर हजारी महादेव पर जलाभिषेक किया इस वर्ष प्रशासन ने पिछले वर्ष उमडी भीड का आकलन कर मंदिर जाने के लिए दो रास्ते बनाए नए रास्ते से काविरयो को मंदिर पहुंचाया गया पुराने रास्ते से भक्तो को बाबा के दर्शन कराए गए सभी चार पहिया वाहनों को मंदिर से बाहर लगे बैरियर पर ही रोक दिया गया जबकि वायको से पहुचे भक्तो को मेला के समीप बनाए गई पार्किग मे खडा किया गया मंदिर मे वाहन न पहुचने से यातायात संचालित बना रहा कांवरियो ने मंगलवार को ही मंदिर पहुचना शुरू कर दिया ।

# प्रेमिका से मिलने गये युवक की हत्या

- परिजन विकास का शव लेकर एसएसपी कार्यालय पर प्रदर्शन किया
- कोतवाल विक्रम चैहान ने मृतक परिजनों को अपनी सूझबूझ से समझा बुझाकर शान्त कराया



इटावा। प्रेमिका से मिलने गए युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी। परिजनों ने पहले लाठी-डंडे से जमकर पीटा। गंभीर घायल अवस्था में जिला अस्पताल के बाद सैफई अस्पताल रिफर कर दिया गया था जहां उसकी सुबह 6 7 बजे मृत्यु हो गई। मृत की खबर से परिजन एसएसपी से मिले। एसएसपी के आदेश पर थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज की मृतक परिजन इस एफआईआर से संतुष्ट न होकर आज सुबह एसएसपी कार्यालय पर मृतक का शव रखकर सैफड़ों लोग एसएसपी कार्यालय पर प्रदर्शन कर मांग की कि आरोपियों के खिलाफ धारा 302 के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए व तीन दिन के अंदर हमलावरों को गिरफ्तार किया जाए इसी मांग पर अधिकारी परिजनों को लाख समझाने पर नहीं माने तभी शहर कोतवाल विक्रम सिंह चैहान मृतक परिजनों को अपनी सूझबूझ से वार्ता कर परिजनों को कार्रवाई करने का आश्वासन दिया जिस पर परिजन मान गए और शव को वहां से ले जाकर गांव में अंतिम संस्कार किया। विकास अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। परिजनों ने कल भी एसएसपी से मुलाकात की थी मंगलवार को विकास के परिजन एसएसपी ऑफिस पहुंचे। आरोपी पक्ष पर कार्रवाई की मांग की। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने पीड़िता परिवार से मुलाकात करके मामले की जानकारी ली। इकदिल थाने को कार्रवाई के निर्देश दिए। परिजनों का आरोप है कि अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं की गई है। इससे गुस्साए परिजन और ग्रामीण युवक का शव लेकर बुधवार सुबह एसएसपी कार्यालय पहुंचे। वहां विकास का शव रखकर प्रदर्शन किया, आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। विकास की बड़ी बहन रेनू ने आरोप लगाया कि पुलिस राजनीतिक दबाव में आरोपियों को बचा रही है। पहले उन्हें मामूली धाराओं में गिरफ्तार कर छोड़ दिया गया था। मेरा भाई दिल्ली में जोमैटो में डिलीवरी बॉय था। पिछले साल ही वापस आया था। विकास का लड़की में प्रेम संबंध था। वह पहले भी युवती से मिलने जाता था। इस बात को सभी जानते थे। गांव में फोर्स तैनात एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल गांव में एसडीएम और फोर्स को तैनात किया गया है। प्रदर्शन के दौरान एसपी सिटी अभयनाथ त्रिपाठी, एसडीएम सदर विक्रम सिंह, सिविल लाइन थानाध्यक्ष यशवंत सिंह, इकदिल थानाध्यक्ष विक्रम सिंह चैहान, शहर कोतवाल विक्रम सिंह चैहान सहित भारी संख्या में पुलिस बल तैनात था।

# शॉर्ट सर्किट से चार्जिंग गोदाम में आग

## 6 ई-रिक्शा जलकर राख, फर्नीचर की दुकान भी जली

इटावा। कोतवाली क्षेत्र के कटरा पुर्दल खां में स्थित एक ई-रिक्शा चार्जिंग पॉइंट में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। देखते ही देखते ई रिक्शा चार्जिंग गोदाम के बगल में स्थित लकड़ी की दुकान में भी आग लग गई जिसमें फर्नीचर की लकड़ी जलकर राख हो गई।

घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया हालांकि, वह नाकाम रहे। घटना की जानकारी क्षेत्रीय लोगों ने पुलिस और दमकल विभाग को दी। मौके पर पहुंची दमकल ने कड़ी में महक्कत के बाद आग पर काबू पाया। पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है फिलहाल आग शॉर्ट सर्किट से लगने की बात सामने आ रही है। पुलिस कर रही जांच इस हादसे में 6 ई-रिक्शा पूरी तरह जल गए। आग की चपेट में पास की एक फर्नीचर की दुकान भी आ गई। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन वे सफल नहीं हो सके। फायर ब्रिगेड की टीम सूचना मिलने के एक घंटे बाद मौके पर पहुंची। टीम ने आग पर काबू पा लिया। इस घटना में लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। पुलिस मौके पर पहुंच गई है। अधिकारी यह जांच कर रहे हैं कि ई-रिक्शा चार्जिंग पॉइंट वैध था या अवैध। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है।


पूर्वोत्तर रेलवे

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना सं॰ 10/2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है। क्र.सं. 1. कार्य का विवरण : इज्जतनगर डिवीजन के कानपुर अनवरगंज-फर्रूखाबाद अनुभाग में अरौल मकनपुर-बिल्हौर स्टेशनों के मध्य मेजर ब्रिज सं. 102 पर कुल 6 पीयर्स का सुदृढ़ीकरण/ जैकेटिंग। अनुमानित लागत रूपयों में : रू. 2,48,71,179.38, बयाना राशि रूपयों में : रू. 2,74,400/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 08 माह। क्र.सं. 2. कार्य का विवरण : पीलीभीत, फर्रूखाबाद एवं कासगंज स्टेशनों पर प्रदूषण नियंत्रण के लिए ग्रीन बेल्ट का प्रावधान। (काशीपुर, रूद्रपुर सिटी, पीलीभीत, फर्रूखाबाद एवं कासगंज स्टेशनों पर स्वीकृत कार्य के अन्तर्गत प्रदूषण नियंत्रण के लिए ग्रीन बेल्ट का प्रावधान।) अनुमानित लागत रूपयों में : रू. 1,38,99,761.18, बयाना राशि रूपयों में : रू. 2,19,500/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 08 माह। 1. ई-निविदा दिनांक 21.03.2025 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे। 2. ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट www.ireps.gov.in पर देखे।

मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०), इज्जतनगर
मुजाधि/डब्लू - 420

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

संक्षेप

## कर्मचारी की पिटाई के मामले में रिपोर्ट दर्ज

गोला गोकर्णनाथ,खीरी।(वीओएल) रोडवेज के बुकिंग क्लर्क से मारपीट के मामले में सात-आठ युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।शहर के रोडवेज डिपो में बुकिंग क्लर्क शैलेश कुमार कुलश्रेष्ठ ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 24 फरवरी की शाम लगभग 8.15 बजे वह कार्यालय में थे तभी सात आठ अज्ञात युवकों द्वारा उन्हें समयपाल कक्ष के अन्दर घुस कर बेल्ट डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया था। उनका कहना है कि आए दिन रोडवेज परिसर के अन्दर और निकास गेट पर युवकों द्वारा शराब पीना, गांजा पीना, मारपीट करना आम बात होती जा रही है।पुलिस ने बुकिंग क्लर्क शैलेश कुमार कुलश्रेष्ठ की तहरीर पर सात आठ युवकों के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## बालिका से युवक ने किया दुष्कर्म,केस दर्ज

महमूदाबाद/सीतापुर।मवेशी चराने गई बालिका को जंगल से खेतों में ले जाकर युवक ने दुष्कर्म किया। रोते बिलखते घर आई बालिका ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। मां की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्जकर कार्रवाई शुरू की।रामपुर मथुरा के एक गांव की नौ वषीर्या बालिका 25 फरवरी को अपने दादा के साथ मवेशी चराने सरैंया नदवा व सेथरामन के जंगल को गई थी। दोपहर में दादा की तबियत खराब होने के चलते वे बालिका को मवेशियों के पास छोड़ वापस घर चले आए। आरोप है दादा के वापस आने के बाद भुलभुलियापुर के सीताराम रावत पुत्र भुसौली आए और बालिका को जबरिया जंगल के बगल खेत में ले गए और दुष्कर्म किया।बालिका रोते हुए घर आई और घटना की जानकारी मां को दी। बालिका के पिता के घर में न होने के चलते बुधवार को मां ने रामपुर मथुरा थाने पहुंच घटना की तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक रामपुर मथुरा कृष्ण नंदन तिवारी ने बताया बालिका की मां की तहरीर पर दुष्कर्म पाक्सो एक्ट का मुकदमा दर्जकर पीड़िता को चिकित्सीय परीक्षण के लिए जिला महिला अस्पताल भेजा गया है।

## दो पक्षों में खेत में बकरी चराने को लेकर मारपीट

लहरपुर /सीतापुर।कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अकैचनपुर बरेली में खेत में बकरी चराने को लेकर दो पक्षों में मारपीट।दोनों पक्षों ने पुलिस को दी तहरीर।प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अकैचनपुर बरेली निवासी दिलीप कुमार व ननकऊ के मध्य खेत में बकरी चले जाने पर हुये विवाद में मारपीट हो गई और दोनों पक्षों के दो-दो लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार ननकऊ निवासी ग्राम बिलरिया के द्वारा अकैचनपुर बरेली में बटाई पर लिए गए खेत में गन्ना व लाही बोया गया है खेत में दिलीप कुमार की बकरी के चले जाने पर हुए विवाद में दोनों पक्षों के मध्य जमकर लाठी डंडे चले जिससे दिलीप व ननकऊ सहित चार लोग घायल हो गए।घटना के संबंध में कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह ने बताया कि, दोनों पक्षों के द्वारा मारपीट की तहरीर दी गई है, तहरीर के आधार पर घायलों का डॉक्टरी परीक्षण कराकर कार्यवाही की जा रही है।

# बम-बम भोले के जयकारों से गूंजी छोटी काशी



गोला गोकर्णनाथ,खीरी।(वीओएल) महाशिवरात्रि के पर्व पर छोटी काशी बम भोले के जयकारों से गूंज उठी। घंटे घड़ियाल,शंख ध्वनि के बीच सुगंधित धूप दीप से महकते वातावरण में श्रद्धालुओं ने पौराणिक शिवमंदिर में दर्शन पूजन और जलाभिषेक कर सुखमय जीवन की मनौतियां मांगीं। दर्जनों जगह भंडारे लगे और आसपास क्षेत्र के शिवालय भी श्रद्धालुओं की गहमागहमी से गुलजार रहे।

छोटी काशी का प्रसिद्ध त्रेतायुगीन शिव मंदिर और पूरा शहर भोले बाबा की भक्ति के उल्लास से झूमरहा था। शिवमंदिर तक पहुंचने वाली गलियां, फल-फूल पूजन सामग्री और प्रसाद की दुकानों से सजी थी। समूचे वातावरण में बम भोले के जयकारों, हवन पूजन सामग्री की सुगंध और घंटे घड़ियाल व शंख ध्वनि के स्वर गूंज रहे थे और कतारें बनवाकर भीड़ नियंत्रित करने को जगह जगह बनाई गई। बैरिकेडिंग पर पुलिस फोर्स मुस्तैद था। हालांकि इस बार पौराणिक शिव मंदिर कारिडोर निर्माण को लेकर श्रद्धालुओं को ध्वस्त किए गए अंगद धर्मशाला के पास से वेरीकेडिंग लगाकर ही प्रवेश दिया गया।इसी के साथ गोकर्ण तीर्थ में जल न होने के बाद भी घाटों पर हवन पूजन व दान पुण्य करने वालों का भी तांता लगा रहा।इसके अलावा खुटार रोड के श्रीरामजानकी मंदिर, चीनी मिल के लक्ष्मीनारायण मंदिर, पंजाबी कालोनी के श्रीराम मंदिर, मंगला देवी मंदिर, फूलबाबा सहित विभिन्न मंदिरों में भी विशेष पूजा अर्चना हुई। तथा जगह जगह भजन कीर्तनों से पूरा दिन गूंजता रहा।

### शिवमंदिर में दर्शन पूजन और जलाभिषेक कर मांगी मनौतियां

इस दौरान पलिया एसडीएम रत्नाकर मिश्रा, गोला एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता, एडिशनल एसपी नेपाल सिंह, सीओ गवेंद्र पाल गौतम, प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह, तहसीलदार सुखबीर सिंह, नायब तहसीलदार सर्वेश कुमार यादव, भानु प्रताप, अधिशासी अधिकारी सुरेंद्र कुमार, सफाई निरीक्षक संदीप वर्मा सहित प्रशासनिक और मेडिकल कैंप कार्यालय में कर्मचारी मौजूद रहे।

## सिद्ध बाबा मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन



पिपरिया धनी, खीरी। महाशिवरात्रि पर्व पर ग्रंट साहबगंज के मजरा ग्राम दिस्तापुर गांव में हर साल की भांति इस साल भी प्रसिद्ध सिद्ध बाबा मंदिर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।जिसमें दूर दराज से आये श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

प्रसिद्ध सिद्ध बाबा मंदिर श्रद्धालुओं को प्रसाद में पुड़ी, सब्जी, खीर, रोटी, दाल का वितरित किया गया।

इस दौरान अमृत विशाल म्यूजिकल म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा भजन कीर्तन प्रस्तुत किए गए।इस मौके पर मंदिर पुजारी कश्मीर सिंह,पुजारी गुरुमेज सिंह आदि मौजूद रहे।

## पांच अंतर्जनपदीय शातिर लुटेरे गिरफ्तार

शाहजहांपुर। थाना सेहरामऊ दक्षिणी पुलिन ने लूट की घटना का सफल अनावरण कर लूटी गई नगद नकदी तमंचा मोटरसाइकिल सहित पांच लुटेरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक के नदेशर्शानुसार जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान केकम में थाना सहारा मऊ दक्षिणपलिस ने पांच लुटेरों गुलाम सबिर, थाना मझीला जनपद हरदोई, धीर



सिंह यादव थाना मझिला, मोहित सक्सेना थाना शाहाबाद कुसुम लता थाना बेहतागोकुल हरदोई को दरिया तराहे से गिरफ्तार किया है। जिनसे 58700 नकदी,03 एंड्रॉयड फोन, 03 कीपैड ,01 मोटरसाइकिल, कारतूस तमंचा, बरामद किए गए।बताया गया है ।25 फरवरी 2025 को सुदेश कुमार शर्मा निवासी ग्राम फिरोजपुर थाना शे ह रा में दक्षिणी जनपद शाहजहांपुर के द्वारा लिखित तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था।पुलिस ने सभी अभियुक्तों के विरुद्ध कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

## वांछित चल रहा अभियुक्त गिरफ्तार

शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार जनपद में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में जलालाबाद पुलिस ने वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी के अंदर 29 दिसंबर 2024 को वादनी द्वारा थाना पर प्रतिपक्षी गणो में लोकपाल यादव ,मायावती, विशाल कुमार ,सुनैना निवासी दयाल नगर कस्बा थाना जलालाबाद जनपद शाहजहांपुर पर वादनी के पति की मृत्यु के उपरांत शादी का झांसा देकर उसके साथ लोकपाल यादव ने बार-बार दुष्कर्म करने तथा उसके परिजनों द्वारा घर में घुसकर मारपीट करते हुए गाली गलौज बचपन से मारने की धमकी देने के संबंध में मुकदमा पंजीकृत कराया था। जलालाबाद पुलिस ने लोकपाल यादव निवासी दयाल नगर थाना जलालाबाद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## कालाबाजारी में डीएम के आदेश पर कोटेदार के खिलाफ केस दर्ज

मोहम्मदी खीरी। गोला तहसील के गांव सरैया विलियम के कोटेदार द्वारा खाद्यान्न वितरण में कालाबाजारी करने की शिकायत पर डीएम खीरी द्वारा जांच कर कर कार्रवाई के आदेश पर पूर्ति निरीक्षक गौरव शर्मा ने कोटेदार के खिलाफ मोहम्मदी कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत कराया है। सरैया विलियम कि कोटेदार रेनू देवी को खाद्यान्न की कालाबाजारी करने की लाभार्थियों ने शिकायत डीएम खीरी से समाधान दिवस में की थी।जिसको लेकर जांच के आदेश दिए गए थे जांच रिपोर्ट में प्रथम दृष्टया अनियमितता की पुष्टि होने पर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे जिसके चलते पूर्ति निरीक्षक ने आरोपी कोटेदार के विरुद्ध मोहम्मदी कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत कराया है। मामले की विवेचना चौकी इंचार्ज अमीर नगर सतीश द्विवेदी को सौंपी गई है।

## सकरन पहुंचे एनसीपी प्रदेश महासचिव

सकरन/सीतापुर।बुधवार को सीतापुर के सकरन विकासखण्ड क्षेत्र में पहुंचे राष्ट्रवादी काग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव व लखनऊ मण्डल प्रभारी प्रबीन कुमार सिंह का कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। इस दौरान एनसीपी के प्रदेश महासचिव प्रबीन कुमार सिंह ने सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं को एक साथ मिलकर पार्टी को मजबूत करने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा चलाईं जा रही योजना का लाभ हर पात्र और गरीब को मिलना चहिये। अगर कही कोई दिक्कत आती तो आप लोग जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी सीतापुर को अवगत कराये। समस्या अगर नही हल होती तो बताओ, तब माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिंह जी को अवगत कराया जायेगा।लेकिन आप लोग राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं को जनजन तक पहुचाने का कार्य करें।पार्टी के विस्तार के लिये भी निर्देशित किया कि प्रत्येक विकास खण्ड के प्रत्येक ग्राम पंचायत और बूथ तक कार्यकर्ता बनाओं।इस मौके पर जिलाध्यक्ष ललित सिंह, सरोज गिरी ब्लॉक अध्यक्ष, श्रीकेशन जिला सचिव, अकित राजपूत ब्लॉक महासचिव, मनोज, गुडडू भार्गव, दीपक शुक्ला, हरिश्चन्द्र, अमित कुमार, मो मेराज, अनिरुद्ध, शिवसागर आदि मौजूद रहे।



## पत्रकार के निधन से शोक

गोला गोकर्णनाथ,खीरी।(वीओएल) पत्रकार अनिल वर्मा का लम्बी बीमारी के चलते निधन हो गया वह 65 वर्ष के थे।उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। मैलानी थाना क्षेत्र के ग्राम कुकुहापुर निवासी पत्रकार अनिल वर्मा की 26 जनवरी 2024 को एकाएक तबियत बिगड़ गई।परिजन उन्हें गोला लाए जहां इलाज से कोई खास लाभ नहीं मिला तो परिजन उन्हें पीलीभीत ले गए जहां से इलाज चल रहा था कि मंगलवार की शाम उनकी तबियत बिगड़ी और उन्होंने अंतिम सांस लेकर दुनिया से विदा ले ली।अनिल वर्मा का अंतिम संस्कार उनके गांव कुकुहापुर में कर दिया गया है।उनकी अंतिम यात्रा में तमाम लोग शामिल हुए।

## अवैध तमंचा सहित अभियुक्त गिरफ्तार



शाहजहांपुर।पुलिस अधीक्षक के नदेर्शानुसारथाना कटरा पुलिस ने एक अभियुक्त को अवैध तमंचा सहित गिरफ्तार किया है। थाना कटरा पुलिस ने मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त को एक तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ थाना कटरा क्षेत्रान्तर्गत गिरफ्तार किया गया है । क्षेत्राधिकारी तिलहर के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक जुगुल किशोर पाल के नेतृत्व में थाना कटरा को बडी सफलता प्राप्त हुई ।

थाना कटरा की टीम थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाये रखने व रोकथाम जुर्म जरायम, तलाश वांछित अपराधी मे भ्रमणशील थी।हुलासनगला पुल से करीब 150 मीटर पीछे कैमिकल फैक्ट्री के गेट के पास थाना कटरा क्षेत्रान्तर्गत एक नफर अभियुक्त अचल उर्फ सुल्लड पुत्र श्याम विहारी नि0 ग्राम फीलनगर थाना कटरा जनपद शाहजहाँपुर को एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया।पुलिस ने विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को मा0 न्यायालय पेशी हेतु रवाना किया गया ।

## निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 332 मरीजों की हुई जांच

जिला संवाददाता(vol)



सोनभद्र। लायंस क्लब राबर्ट्सगंज द्वारा निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन प्रत्येक माह की 26 तारीख को लायंस भवन में श्री सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय, चित्रकूट के सहयोग से आयोजित किया जाता है, कैम्प लायंस भवन में होता है,इस बार आज 26 फरवरी को डॉ० संतोष यादव, मैनेजर हेमराज यादव के नेतृत्व में आई टीम ने मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए 78 मरीज चित्रकूट भेजे गए। अध्यक्ष राधिका सिंह, कोषाध्यक्ष परमजीत कौर,पूर्व मंडलाध्यक्ष हरीश अग्रवाल, एसोसिएट कैबिनेट सेक्रेटरी किशोरी सिंह, विमल अग्रवाल, रीजन चेयरपर्सन दया सिंह, श्याम बाबू, अमित जायसवाल, मुकेश जायसवाल, अभय सिंह आदि सदस्य उपस्थित रहकर कार्यक्रम को संपन्न कराएं।

126 मरीजों को निःशुल्क चश्मा दिया गया,दवा दी गई। जिसमें 26 फरवरी 2025 तक 3464 मोतियाबिंद के मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन हो चुका हैं, 6509 मरीजों की जांच हो चुका है। अध्यक्ष राधिका सिंह ने कहा कि आज के आयोजन में 78 मोतियाबिंद के मरीजों को ऑपरेशन के लिए चित्रकूट भेजा गया,हरीश अग्रवाल, परमजीत कौर, विमल अग्रवाल, किशोरी सिंह, दया सिंह, संगम गुप्ता, श्याम बाबू, अमित जायसवाल, मुकेश जायसवाल, अभय सिंह ने संयुक्तरुप से कहा कि यह पुनीत कार्य लायंस क्लब द्वारा कई वर्षों से किया जा रहा है, निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में आज तक हुए सभी ऑपरेशन शत-प्रतिशत सफल रहे।332 मरीजों की जांच हुई जिन्हें चश्मा एवं दवा मुफ्त दिया गया।लायंस क्लब राबर्ट्सगंज निरंतर इस तरह की सेवा करता रहता है।

## हमले से गुस्साये ग्रामीणों ने बाघिन को उतारा मौत के घाट

पलियाकलां-खीरी।उत्तर खीरी वन प्रभाग/बफर जोन, दुधवा टाइगर रिजर्व लखीमपुर खीरी की पलिया रेंज के



अन्तर्गत 26.02.2025 को गश्त के दौरान समय लगभग 03 से 04 बजे प्रातःकाल सूचना प्राप्त हुयी कि पलिया बीट के ग्रामीण क्षेत्र ग्राम फुलवरिया (ग्राम पंचायत मुँजहा) में बाधिन द्वारा दो लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिया गया है, जिसके उपरान्त ग्रामीणों द्वारा बाघिन को भी घेरकर घायल कर दिया गया है।

घटना की सूचना प्राप्त होते ही क्षेत्रीय वन अधिकारी, पलिया रेंज द्वारा स्थानीय पुलिस विभाग के अधिकारियो को सूचना दी गयी तथा पुलिस बल, विभागीय पशुचिकित्सक तथा रेंज के वनकर्मियों के साथ घटनास्थल पर पहुँचकर उक्त घायल बाधिन को सुरक्षित कब्जे में लेकर रेंज परिसर पलिया लाया गया। विभागीय पशुचिकित्सक द्वारा बाधिन का परीक्षण किया गया तथा उनके द्वारा परीक्षणोपरान्त अवगत कराया गया कि यह एक अवयस्क बाधिन है जिसकी मृत्यु हो चुकी है।क्षेत्रीय वन अधिकारी, पलिया रेंज द्वारा रेंज कैस संख्या-03/2024-25 26.02.2025 को अज्ञात अभियुक्तगणों के विरूद्ध केस इजरा कर विधिक कार्यवाही की गयी। राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण, भारत सरकार द्वारा प्रचालित मानक प्रचालन प्रक्रिया में निहित प्राविधानो के अनुसार बाधिन का अन्त्य परीक्षण पशुचिकित्सकों के गठित पैनल द्वारा किया गया।तत्पश्चात विस्तृत परीक्षण हेतु बाधिन के आन्तरिक अंगों का विसरा भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, बरेली भेजने हेतु सुरक्षित कर लिया गया।अन्त्य परीक्षणोपरान्त बाधिन के शव को उसके समस्त अंगों सहित पशुचिकित्सकों, अधिकारियों एवं साक्षियों की उपस्थिति में पलिया रेंज परिसर में जलाकर नष्ट कर दिया गया।

### बाघ ने पलिया नगर में प्रवेश कर मचाया आतंक

पलियाकलां-खीरी।अभी तक पलिया नगर में किसी भी टाइगर (बाघ) ने प्रवेश नहीं किया था क्षेत्र के गांव मरौंचा, ढाका बसंतपुर कलां आदि ग्राम के क्षेत्र में बाग आतंक पहले से मचा चुके हैं ।पर अब की पलिया में भी बाघ ने अपनी दस्तक दे दी है। रात को बलदेव वैदिक इंटर कॉलेज व थाने में भी प्रवेश करके निकला है नगर नगर में घरवाली मच गई थी। बाद में दुधवा टाइगर रिजर्व से सटे फुलवरिया गांव में रात में 3 बजे बाघिन पहुंची।रतनलाल के घर के बाहर बंधी गाय पर हमला बोल दिया। गाय की आवाज सुनकर रतनलाल की पत्नी रामरानी (35) घर के बाहर आईं।बाघिन ने रामरानी पर हमला बोल दिया। रामरानी का कंधा जबड़े में दबोच लिया और घसीटकर ले जाने लगी। पत्नी की चीख सुनकर रतनलाल दौड़कर बाहर आया और पत्नी की जान बचाने के लिए बाघिन पर टूट पड़ा।रतनलाल बाघिन पर बांस से ताबड़तोड़ वार करने लगा। बाघिन ने उस पर भी झपट्टा मारा, रतनलाल भी गंभीर रूप से घायल हो गया।रतनलाल को भारी पड़ता देख बाघिन भागने लगी।घर में लगे अमरूद के पेड़ और दीवार के बीच फंस गई।इतने में ग्रामीणों की भीड जुट गई और सब ने उसे मारपीट कर घायल किया बाद में किसी वाहन से उसका सर कुचल दिया और उसे मौत के घाट उतार दिया।

## सशस्त्र सीमा बल ने बांटी निःशुल्क दवाई



तिकुनियां-खीरी।70वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ने जसनगर गांव में मानव चिकित्सा शिविर लगाकर मरीजो की जांच कर निःशुल्क दवाई वितरित की। बुधवार को जसनगर गांव में लगे निःशुल्क मानव चिकित्सा शिविर में 49 पुरुष, 25 महिलाओं सहित 11 बच्चो की जांच कर निःशुल्क दवाई दी गई।इस दौरान डॉ. दिनेश कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी कमाडेंट चिकित्सा, अनुज मेहता सहायक कमांडेंट, उप निरीक्षक सामान्य शहाबुद्दीन, उपरीक्षक सामान्य पल्लवी जग्गा, स. उप निरीक्षक (फार्मा.) मनोज कुमार सहित अन्य बलकर्मी उपस्थित रहें।

## मुंडन में गयी महिला की चेन चोरी

लखीमपुर खीरी। कोतवाली लखीमपुर सदर क्षेत्र की संकटा देवी मंदिर में मुंडन करने गई महिला की चेन हुई चोरी। बुधवार को मुंडन कराने मूसेपुर खुर्द निवासी श्याम किशोर वर्मा की पत्नी संकटा देवी मंदिर गई थी। उनके गले में चेन पड़ी थी।सोने की चेन महिला के गले से चोरी हो गई।चेन चोरी होने से महिला ने शोर मचाया।घटना की जानकारी संकटा देवी चौकी पर पुलिस को दी।संकटा देवी मंदिर परिसर में चोर सक्रिय हो गए है।संकटा देवी पुलिस ने चोरी हुई चेन के मामले में मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे कंगाल कर चोर की तलाश कर रही है।पीड़ित महिला ने कोतवाली सदर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## ब्रह्माकुमारीज ने धूमधाम से मनाया महाशिवरात्रि का पर्व



गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज द्वारा महाशिवरात्रि पर 89वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाई गई।जिसमें वक्ताओं ने शिव जयंती पर प्रकाश डाला।

मुन्नूगंज स्थित राजयोग केंद्र पर कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्यअतिथि डा0 रविन्द्र वर्मा व डा. वाईकेराज ने ध्वजारोहण और दीप प्रज्वलित कर किया।मुख्यअतिथि डा0 रविन्द्र वर्मा ने कहा कि यह सृष्टि के महा परिवर्तन का समय चल रहा है आत्मा और प्रकृति का इस सृष्टि पर खेल चलता रहता है। आत्मा जब संपूर्ण रीति से तमोप्रधान, शक्तिहीन हो जाती है तो यह सृष्टि भी तमो प्रधान बन जाती है। वर्तमान इस सृष्टि को पुनः सतो प्रधान बनाने के लिए परमात्मा शिव का अवतरण होता है।ब्रह्माकुमारी संस्था वर्षों से आत्मजागृति और आध्यात्मिक उन्नति का संदेश फैला रही है, जिससे लोग परमात्मा के वास्तविक स्वरूप को पहचान सकें।मुख्य वक्ता दीपक पारासर ने कहा कि सभी मानव एक परमात्मा शिव की संतान अविनाशी आत्माएं हैं जो कभी नष्ट नहीं होती। उन्होंने परमात्मा शिव पर आक का फूल, धतूरा, बेलपत्र, बेर आदि अर्पित करने, शिवरात्रि एवं जागरण आदि के आध्यात्मिक पहलुओं पर भी प्रकाश डाला।उन्होंने कहा कि प्रत्येक मनुष्य को स्थूल व्रतों की अपेक्षा अपने अन्तर्मन में व्याप्त बुराईयों को छोडने का दृढ संकल्प करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन कर रहे बीके दीपक भट्ट ने कहा कि आज विश्व में शांति और भाईचारे के लिए अनेक प्रयास हो रहे हैं। फिर भी दुनिया की स्थिति बिगड़ती जा रही है। इसका एकमात्र समाधान है कि हम स्वयं को पहचानें।सभी धर्मों में एक ही परमपिता परमात्मा को अलग-अलग नामों से पुकारा जाता है।महाशिवरात्रि परमात्मा के अवतरण का यादगार पर्व है। यह अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक है। भारत में परमात्मा के गुणों और कर्तव्यों के यादगार के रूप में बारह ज्योतिर्लिंग स्थापित हैं। अन्त में बीके राधेश्याम ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सरदार गुरूचरन सिंह, आदेश, शंकर हालन, सतीश सिंह, कृष्ण कुमार, करूणेश,सुशील कुमार, रामकिशोर गुप्ता, कपीस गुप्ता, तारावती, पूनम देवी, रोली, आदि मौजूद रहे।

## विधायक ने किया सड़क चौड़ीकरण का लोकार्पण



गोला गोकर्णनाथ,खीरी।(वीओएल) गोला विधान सभा क्षेत्र के बस्तौला चौराहे से अलीगंज-तिकुनिया मार्ग के उच्चीकरण और चौड़ीकरण का विधायक अमन गिरि ने समारोह पर्वूक लोकार्पण किया। विधायक अमन गिरि के कहा कि बस्तौला चौराहे से अलीगंज-तिकुनिया मार्ग बन जाने से क्षेत्र के लोगों आवागम सुलभ हो जायेगा। यह सड़क न केवल आवागमन को सुगम बनाएगी बल्कि व्यापार, कृषि कार्यों और क्षेत्र के समग्र विकास को भी गति देगी।सुचारू परिवहन से किसानों को अपनी उपज के बेहतर बाजार मिलेंगे, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी।क्षेत्रवासियों में हर्ष और उत्साह का माहौल है, क्योंकि यह परियोजना नए अवसरों के द्वार खोलने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में आज सड़कें गड्ढा मुक्त हैं।संपर्क मार्गों से लेकर हाईवे पर वाहन चालक आसानी से वाहनों को चला सकता है।उन्होंने कहा कि लोग आज भी विकास की सरकार के नाम से जाने जाने वाली भाजपा सरकार पर विश्वास कर रहे है।इस मौके पर सुर्जन लाल वर्मा, मोन्टी गिरि, विमल वर्मा आदि मौजूद रहे।

## शोक संवेदनाओं के बाद मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा में सम्मिलित हुए जितिन प्रसाद

जिला संवाददाता(vol)

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम के तहत भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री जितिन प्रसाद ने शोक संवेदनाओं में सम्मिलित होकर पंचायती राज सभापति के गांव पहुंचकर आयोजित कार्यक्रम में पूजा अर्चना कर जनता से रूबरू हुए।

बुधवार को तय कार्यक्रम के अनुसार भारत सरकार के मंत्री जितिन प्रसाद क्षेत्र के गांव सिंसियर में मदन सिंह के पिता की मृत्यु होने पर और तुर्कहटा टप्पा गोकन में रतिपाल के पिता की मृत्यु पर उनके परिवार के साथ शोक संवेदन आए प्रकट कर हर संभव साथ रहने का भरोसा दिलाया जिसके बाद उनका काफिला विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह के गांव राजापुर बेनी पहुंच कर मंगलेश्वर नाथ मंदिर के जीणोद्धार पर नवीन स्थापित मूर्तियों के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सम्मिलित होकर पूजा अर्चना कर प्रसाद ग्रहण किया।आयोजन में आई जनता को संबोधित करते हुए विधायक के विकास को लेकर तारीफ के कसीदे पढ़ते हुए लोगों को कंधा से कंधा मिलाकर चलने की वकालत की है। लोकेंद्र प्रताप सिंह,वैभव प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया है।आयोजन में पहुंचे वरिष्ठ व्यापारी गोपाल मोहन रस्तोगी, विद्यालय के प्रबंधक आनंद गुप्ता, सौरभ गुप्ता, नगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, डाक्टर इंद्रजीत सिंह, आलोक सिंह, समेत तमाम प्रमुख लोगों ने पुष्प भेंट कर सम्मान किया है।



संक्षेप

## पहले प्रयास में ज्योति नेट क्वालीफाई



जौनपुर। सिकरारा क्षेत्र के डमरुआ गांव निवासी समाजसेवी विजय कुमार तिवारी की भतीजी ज्योति तिवारी ने अपने पहले ही प्रयास में राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा हिंदी विषय से पास करने पर परिजनों में खुशी का माहौल है। ज्ञात हो कि ज्योति तिवारी बीए पूर्वांचल विश्वविद्यालय से पास करने के बाद उनकी शादी ग्राम करौंदी कला, जिला सुल्तानपुर में शादी हो गयी। विवाह के बाद ज्योति ने राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय से पोस्ट ग्रेजुएशन किया और नेट की तैयारी करने लगी। अपने ससुर शालिक राम तिवारी सेवानिवृत्त इंजीनियर (एमटीएनएल) महाराष्ट्र की प्रेरणा से नेट की परीक्षा में लग गई और पहले ही प्रयास में राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में सफलता पाई। मीडिया से बात बातचीत के दौरान उन्होंने बताया इस सफलता का श्रेय अपने मायके व ससुराल वालों की प्रेरणा का प्रतिफल है।

## किसान नेता कामरेड रामप्रताप त्रिपाठी का निधन

जौनपुर। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं भारतीय किसान सभा



के पूर्व राष्ट्रीय सचिव/ प्रदेश महामंत्री कामरेड राम प्रताप त्रिपाठी का मंगलवार की शाम देहावसान हो गया। कामरेड त्रिपाठी को एक दिन पहले दुर्घटना में घायल होने के बाद इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उनका दुखद निधन हो गया। वे करीब 83 वर्ष के थे। किसान नेता के निधन पर उनके सम्मान में जौनपुर और राज्य मुख्यालय पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यालय पर लगे पार्टी ध्वज को झुका दिया गया। कामरेड त्रिपाठी बादलपुर क्षेत्र के रूपपुर गांव के मूल निवासी थे। तिलकधारी महाविद्यालय से विज्ञान स्नातक की परीक्षा पास करने के बाद वे एक बहुराष्ट्रीय कंपनी की मुंबई शाखा में कार्यरत थे बाद में वह वामपंथी आंदोलन से जुड़ने के बाद नौकरी छोड़कर भाकपा में शामिल हो गए और जीवन पर्यंत उसी से जुड़े रहे।

## फर्जी महिला एसआई को किया गिरफ्तार

जौनपुर। थाना मुंगराबादशाहपुर पुलिस ने पुलिस उपनिरीक्षक की वर्दी पहनकर फर्जी उपनिरीक्षक बनकर घुम रही महिला को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा सहयोगियों के साथ महाशिवरात्रि त्यौहार में यातायात डयूटी पर थे कि मुखबीर द्वारा सूचना दी गयी कि एक महिला जो पुलिस की वर्दी पहनकर फर्जी एसआई बनकर आने जाने वाले रहागीरो पर रोब दिखा रही है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा रामपुर चौकी गाँव जाने वाले रोड पर महिला को रोककर पुछताछ किया गया व पहने हुए वर्दी व चाल ढाल से पुलिस न लगने पर पुछताछ किया गया, तो अपना नाम नूरजहां पुत्री अली शेर खाँ निवासी ग्राम जगदीशपुर पो0 कटरा गुलाब सिंह थाना जेठवारा जनपद प्रतापगढ़ बतायी तथा अपनी गलती की बार बार माफी मागने लगी जिसे गिरफ्तार कर सुसंगत धाराओ में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की गयी।

## विधायक ने श्रद्धालुओं को बांटा फल

जौनपुर।महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर विधायक मछलीशहर डॉ0 रागिनी सोनकर ने जलाभिषेक एवं दर्शन पूजन करने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को फल वितरित किया। फल वितरण अपरान्ह 2 बजे तक जारी रहा।कुल 10 कुंतल से अधिक फल वितरित किया गया।फल वितरण में शामिल होने आई विधायक ने लोगों से संवाद किया और व्यवस्था के लिए मंदिर प्रशासन को धन्यवाद दिया।भीड़ को देखते हुए अनुशासित और कतारबद्ध तरीके से पुलिस और प्रशासन के सहयोग से दर्शन पूजन कराने की व्यवस्था की सराहना की। ।रोहित दूबे,सर्वेश शुक्ल,अभय यादव,सोनू यादव,रविन्द्र यादव,राम अजोर शुक्ल,मुन्ना यादव आदि उपस्थित थे।

# शिवालयों में जलाभिषेक के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



जौनपुर। जिले के सभी शिव मंदिरों में महाशिवरात्रि पर जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालु उमड़ पड़े। बुधवार को भोर से ही जलाभिषेक करने पहुंचने लग। हर हर महादेव के जयकारों से शिवालय गूंज उठे। हजारों की संख्या में सुबह लोगों ने जगह जगह जलाभिषेक किया। बाजारों में शिव की महिमा का बखान करते हुए गीत बजते रहे। दुकानों पर फूल माला के साथ साथ भगवान को चढ़ाया जाने वाला प्रसाद लोग खरीदते में जुटे रहे।

त्रिलोचन महादेव मंदिर में कड़ी सुरक्षा के बीच हजारों की संख्या में लोगों ने जल चढ़ाकर आशीर्वाद लिया। श्रद्धालुओं की भीड़ इतनी अधिक थी कि मंदिर परिसर में सरसों फेंकने की भी जगह नहीं थी। शुरूआत में उत्तरी गेट से प्रवेश और दक्षिणी बड़े गेट से निकलने की वन-वे व्यवस्था की गई। लेकिन भीड़ बढ़ने पर दोनों गेट से आवाजाही की अनुमति दी गई। मंदिर से सटे पूर्वी दिशा में स्थित सरोवर के चारों तरफ भी श्रद्धालुओं की भीड़ जमा रही। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए, त्रिलोचन महादेव के उत्तर बैरियर पर लोगों को रोका गया। उन्हें कुछ देर के अंतराल पर ही अंदर जाने की अनुमति दी गई। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक ने स्वयं मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर अरविंद कुमार वर्मा, सीओ केराकत समेत अन्य अधिकारियों के साथ भारी पुलिस बल तैनात रहा। मंदिर कंट्रोल रूम का संचालन रामचंद्र सिंह ने किया। सुजानगंज श्री गौरीशंकर मंदिर में श्रद्धालुओं का भारी भीड़ रही। भोर से ही महिलाओं और पुरुषों ने अलग अलग कतार में खड़े होकर जलाभिषेक किया। हर हर महादेव के नारों से पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालुओं ने पुष्प, जल, दूध, धतूरा, अक्षत आदि चढ़ाकर भगवान शिव की पूजा की। मंदिर के प्रबंधक सुधीर त्रिपाठी ने बताया कि सी सी टीवी कैमरे की सहायता से चारों तरफ निगरानी की जा रही है। मंदिर के पदाधिकारी श्रद्धालुओं को सुगमता पूर्वक दर्शन करने में पूरी मदद कर हैं। बड़े वाहनों का आवागमन पूरी तरह से मंदिर वाले रास्ते पर रोक दिया गया है। मंदिर को फूलों और लाइटों से भव्य रूप से सजाया गया है। मछलीशहर के दियावा नाथ महादेव, पारसनाथ महादेव मंदिर पौहा,शोभनाथ महादेव,नर्मदेश्वर महादेव मंदिर जमालपुर,रामेश्वरनाथ गोधुपुर, बाबा बलराम दास मंदिर जमालपुर, मेहरवा महादेव मंदिर,खजुरहट गांव में मसवनबीर बाबा शिव मंदिर में सुबह भोर में दो बजे से जलाभिषेक एवं पूजन-अर्चन करने वाले भक्तों की भीड़ आनी शुरू हो गई। सूर्य निकलने तक भीड़ काफी बढ़ गई।

## शिवालयों में देर रात तक भक्तों ने किए दर्शन



मीरजापुर। महाशिवरात्रि पर बुधवार को हर-हर बम बम से शिवालय गूंजते रहे। भोर से ही मंदिरों में शुरू हुआ दर्शन-पूजन और जलाभिषेक का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। इससे पहले विभिन्न गंगा घाटों पर पहुंचकर लोगों ने स्नान ध्यान किया। प्रमुख मंदिरों में जहां लाखों भक्तों ने दर्शन पूजन किया वहीं नगर में स्थित बाबा बुढ़ेनाथ महादेव मंदिर से बाबा बुढ़ेनाथ का ऐतिहासिक पालकी यात्रा निकाला गया जो नगर के विभिन्न मार्गों से कड़ी सुरक्षा की भी होकर गुजरा।

भक्तों द्वारा आम का बौर, भांग, धतूरा व बेलपत्र चढ़ाकर दूध और गंगा जल से भोलेनाथ का जलाभिषेक किया गया। नगर में श्री ताड़केश्वर महादेव, पंचमुखी महादेव मंदिर के अलावा बूढ़ेनाथ मंदिर में काफी संख्या में पहुंचे महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने भोलेनाथ का जलाभिषेक कर दर्शन-पूजन किया। दर्शन-पूजन के लिए भोर से लगी भक्तों की कतारें टूटने का नाम नहीं ले रही थी। दर्शन-पूजन का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। इसी तरह घंटाघर स्थित घंटेश्वर महादेव, रमईपट्टी स्थित प्रसिद्धनाथ मंदिर, पेहटी चौराहा स्थित नागेश्वर महादेव, कसरट्टी स्थित दुर्गेश्वर महादेव, बभनैया टोला स्थित बभनेश्वर महादेव, बाड़ी माता इमली महादेव, महंत शिवाला स्थित भुवनेश्वर महादेव के अलावा अन्य मंदिरों में पहुंचकर लोगों ने भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। ग्रामीण इलाकों में गजानन मंदिर महेवा घाट स्थित शिव मदिर, थाना जिगना क्षेत्र के बाबा बदेवरानाथ आदि मंदिरों में भक्तों का रेला लग रहा।

## एक दूसरे से नफरत ही सारे झगड़े का मूल हैः ब्रह्माकुमारी सुमन



सोनभद्र। रावट्र्सगंज नगर स्थित विकास नगर ब्रह्माकुमारीज संस्था की सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी सुमन बहन ने बताया कि महाशिवरात्रि परमात्मा शिव के दिव्य अवतरण तथा आदि सनातन दैवी संस्कृति का महापर्व है।

ओम शांति महामंत्र है जो जीवन की सारी समस्याओं को सुलझाये महाशिवरात्रि के अवसर पर ब्रह्माकुमारीज संस्था द्वारा निकाली गई चैतन्य झांकी के माध्यम से विश्व शांति और सद्भावना का महामंत्र पूरे शहर में गूंजायमान हुआ। इस अवसर पर सर्व मनुष्य आत्माओं की चैतन्य झांकी निकाली गई। जिसमे देव, दीप, शौर्य, आयुष्मान, वैभव ने रिशु पं0मनमोहक स्वरूप में सजे लोगो के आकर्षण के केंद्र थे। सर्व मनुष्य आत्माओं का परमपिता परमात्मा एक ही निराकार चैतन्य ज्योतिबिंदु स्वरूप शिव एक ही है। इसलिए भारतीय संस्कृति सनातन है। निराकार शिव ही सृष्टि की सांस्कृतिक, धार्मिक और आध्यात्मिक चेतना के मूल है।वर्तमान अधर्म और अज्ञानता से मुक्त कर निकट भविष्य में संपूर्ण विश्व में आदि सनातन दैवी संस्कृति की पुनर्स्थापना कराने वाले परमात्मा शिव को ही अनेक गुणवाचक नाम जैसे अल्लाह-नूर तथा गॉड इज लाइट इत्यादि सम्बोधनों से अलंकृत किया जाता है। नवयुग की पुनर्स्थापना का दिव्य कर्तव्य स्वयं निराकार परमात्मा शिव मानवीय माध्यम के द्वारा करा रहे हैं। महाशिवरात्रि के अवसर पर अपनी मानवीय कमजोरी को छोड़कर सनातन संस्कृति के उत्कर्ष में सहयोग करके अपना श्रेष्ठ भाग्य बनाना है। ब्रह्माकुमारीज संस्था की सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी सुमन बहन ने बताया कि महाशिवरात्रि का पर्व स्वयं को पांच महाविकारों से मुक्त कर जीवनमुक्ति का अनुभव करने का महापर्व है।परमात्मा शिव का सर्व मनुष्यात्माओ के लिए यह दिव्य संदेश है कि अति निकट भविष्य में सृष्टि का महापरिवर्तन होगा तथा आदि सनातन दैवी संस्कृति की पुनर्स्थापना होने वाली है।

## यूपी बोर्ड की गाइड लाइन प्रकाशित कराने की मांग



जौनपुर।खेतासराय थाना क्षेत्र सर्वोदय इंटर कालेज में हाई स्कूल प्रथम पाली की परीक्षा में मॉडर्न कान्वेंट स्कूल की चार छात्रा परीक्षा देने से वंचित रह गईं। प्रकरण को लेकर एआईएमआईएम जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष इमरान बंटी की अध्यक्षता में बैठक हुई।बैठक में प्रकरण पर निंदा व्यक्त की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि जहां सरकार बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ का नारा बुलंद कर रही है।वहीं बेटियां परीक्षा देने से वंचित रह जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल छात्राओं के ब्यान के मुताबिक वह अपना फेस वैरिफिकेशन के लिए तैयार थी।परन्तु कॉलेज प्रशासन नकाब उतरवाने को लेकर अड़ा रहा।जिस कारण छात्राएं परीक्षा देने से वंचित रह गई। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश मध्यमिक शिक्षा परिषद के गाइडलाइन के अनुसार इस प्रकरण की जांच करवा कर उचित कारवाई की जाए।नगर अध्यक्ष जावेद अजीम ने कहा कि प्रशासन इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए उचित कारवाई करे। इसको लेकर मध्यमिक शिक्षा परिषद की गाइडलाइन को प्रकाशित करवाया जाए। शाहनेयाज अहमद, कामरान अहमद अतीक अहमद, शाहंशाह आलम, मोहम्मद कैश, शाहआलम, मुस्ताक हाशमी, कमलेश गौतम, हुजैफा, सलाहुद्दीन हाशमी आदि उपस्थित रहें।

## पैसे की मांग का वीडियो वायरल, दारोगा निलंबित

मीरजापुर।सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल होने पर जिसमें थाना जिगना पर नियुक्त उप-निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार द्वारा एक व्यक्ति से पैसे की मांग करते हुए विभागीय उच्चाधिकारियों के बारें में अपशब्द बोला जा रहा है ।दारोगा का उक्त कृत्य से आम जनमानस में पुलिस की छवि को धूमिल होने पर सम्बन्धित उप निरीक्षक को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर सोमेन वर्मा द्वारा संज्ञान में लेते हुए तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर विभागीय जांच आसन्न की गई ।

## कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ अभिषेकात्मक श्री रुद्र महायज्ञ

सोनभद्र।रावट्र्सगंज ब्लॉक के ममुआ गांव में आयोजित श्री अभिषेकात्मक श्री रुद्र महायज्ञ एवं संगीतमय श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया।संचालन



कार्य कर रहे है आचार्य सौरभ भारद्वाज ने बताया ग्रामवासियों के साथ मंगल कलश शोभायात्रा से यज्ञ का प्रारंभ किया गया।यज्ञ करता पं0दीपेंद्र देव विद्यार्थी एवं ग्रामवासियों के अथक प्रयास मेहनत से आचार्यगणों के वैदिक मन्त्रों से क्षेत्र गूंजायमान हो उठा।यज्ञ के मुख्य यजमान हेमनाथ देव पांडेय 51 कलश के साथ सैकड़ों ग्रामवासियों महिलाओं के साथ ध्वज पूजन एवं गांव की प्रदक्षिणा किया गया।मंडप प्रवेश पंचांग पूजन संपन्न किया गया। श्री राम कथा प्रवचन के लिए चित्रकूट से पधारे श्री तुलसी किंकर महाराज के द्वारा श्री राम कथा का प्रारंभ किया गया।चित्रकूट धाम एक बार त्रेता युग माही, शंभू गए कुंभा ऋषिपाही देवाधिदेव महादेव सती के साथ श्रीराम कथा अगस्त ऋषि के आश्रम में गए अर्थात हर मनुष्य को श्री राम कथा सुनना चाहिए।इस शुभ अवसर पर सैकड़ो ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## कुश्ती में जौनपुर के पहलवान ने मारी बाजी

जिला संवाददाता(vol)



सोनभद्र। चोपन थाना परिक्षेत्र अन्तर्गत मारकुण्डी स्थित मुख्य सोनपम्प नहर के बगल में प्राचीन हनुमान मंदिर के प्रागंण में बुधवार को महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर उधम सिंह यादव ग्राम प्रधान के कुशल नेतृत्व में जिला स्तरीय विशाल दंगल का आयोजन किया गया।जिसमें सोनभद्र समेत गाजीपुर, जौनपुर से आए दो दर्जन से अधिक पहलवानों ने हिस्सा लिया। उक्त दंगल प्रतियोगिता में जौनपुर से जंग बहादुर और सोनभद्र से श्यामू यादव ने चार हजार वाली कुश्ती जीतकर विजयी हुए।

इस दंगल में एक से बढ़कर एक पहलवानों ने अपने दाव पेंच लगाकर अपनी कलाओं का शानदार प्रदर्शन किया। आयोजन कर्ता उधम सिंह यादव ग्राम प्रधान मारकुंडी, समाजसेवी सूरज सिंह यादव, रेफरी छोटे लाल पनिका, रेफरी असलम, मारकुंडी के भूषण यादव पुजारी पहलवान, रामधनी यादव, राज कुमार यादव, बुल्लू यादव और उपस्थित अतिथियों ने सभी पहलवानों का हौसला अफजाई करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया।इस दंगल को देखने के लिए हजारों की संख्या में दर्शकगण मौजूद रहे।

## गंगा में दो किशोरी डूबीं,तलाश जारी

मीरजापुर।थाना चुनार कोतवाली क्षेत्र के जलालपुर माफी गांव में गंगा स्नान करने गई 17 वर्षीय काजल पुत्री राजू व 16 वर्षीय कुसुम पुत्री गरीब गंगा में डूब गई।जिनकी गोता खोर से तलाश जारी है।बताते हैं कि बुधवार सुबह करीब नौ बजे की है।घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई।महाशिवरात्रि के अवसर पर सुबह गंगा स्नान करने के लिए सात आठ की संख्या में किशोरी गई थी जो स्नान के दौरान गहरे पानी में जाने से डूबने लगी। मौके पर मौजूद लोगों ने 5,6 को बचा लिया, लेकिन दो किशोरी गहरे पानी में जाने से डूब गई।मौके पर सीओ मंजरी राव,कोतवाल रविंद्र भूषण मौर्य पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे।गोताखोरों द्वारा लापता किशोरियों की व शवों का तलाश जारी है।

## विश्व स्तर की समस्या है भूमिगत जलः प्रचार्य

जौनपुर ।राजा श्री कृष्ण दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर के चैथे दिन मुख्य अतिथि महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो० शम्भू राम ने अपने संबोधन में कहा कि आज विश्व की एक बड़ी समस्या के रूप में जो देखने को मिल रही है वो है भूमिगत जल। प्रो० राम ने कहा कि आज से 70 करोड़ वर्ष पहले जल भूमिगत होना प्रारंभ हुआ, जो आज बहुत कम मात्रा जल भूमिगत होता है। अफ्रीका का केपटाउन शहर को पूर्ण रूप से सूखाग्रस्त घोषित कर दिया गया। भारत देश के बंगलौर और तमिलनाडु, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा आदि शहर भी जल के संकट से जूझ रहा है।विश्व के 213 जिले में भूमिगत जल की समस्या है साथ ही साथ बताया कि जनसंख्या वृद्धि, नगरीकरण, औद्योगिकीकरण, हरित क्रांति भी जल संकट का प्रमुख कारण है। मुख्य अतिथि का स्वयं सेवकों द्वारा स्वागत गीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

## महिला आयोग की सदस्य का कार्यक्रम

जौनपुर।जिला प्रोबेशन अधिकारी ने अवगत कराया है कि जनपद में 27 फरवरी को महिला जनसुनवाई एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों, महिला बन्दी गृह एवं विभिन्न संस्थाओं के निरीक्षण हेतु उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती गीता बिन्द द्वारा भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है।प्रातः 10.30 बजे ग्राम लपरी थाना सरायख्वाजा में, 11 बजे निरीक्षण भवन, जौनपुर में जनसुनवाई, अपरान्ह 02.10 बजे जिला जेल में महिला बैरक का निरीक्षण, 03 बजे थाना कोतवाली जौनपुर महिला हेल्पडेस्क का निरीक्षण, 04.15 बजे ग्राम लपरी में महिला सम्बन्धी समस्याओं पर संवाद करेंगी।

## शिवालयों में गूंजता रहा हर-हर महादेव

आजमगढ़।नगर से लगायत ग्रामीणांचल के सभी शिवालयों में अलसुबह से ही महाशिवरात्रि के मौके पर भक्ताओं का तांता लग गया, एक बार हर-हर-हर महादेव की गुंज शुरू हुई तो देररात्रि तक जारी रही।शिवभक्तों ने देवाधिदेव पर जलाभिषेक, दूधाभिषेक कर सभी के मंगलकामना की कामना की। नगर के भंवरनाथ मंदिर, बउरहवा बाबा, बड़ादेव, रैदोपुर, हड़हा बाबा स्थान, कोलघाट, कलेक्ट्रेट मंदिर, शंकर जी की मूर्ति, सिधारी नीबी, बेलइसा, गौरीशंकर घाट, बिलरियागंज की चुंगी आदि सहित दत्तात्रेय, दुवार्सा आदि मंदिरों में श्रद्धालुओं की जमघट से पूरा क्षेत्र शिवमय हो गया।वहीं नगर में शिवबारात निकाली गई जो शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए भंवरनाथ मंदिर पहुंची और जहां भक्तों ने प्रसाद आदि ग्रहण कर आनंद उठाया।वहीं महाशिवरात्रि को सकुश निपटाने के लिए यातायात पुलिस और चैकी, थाना पुलिस दिनभर मुस्तैद रही।वहीं दर्शन करने आये यात्रियों को अपने वाहन के पार्किंग के लिए दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

## किसानों की मुखर आवाज थे कामरेड रामप्रतापः बेग

आजमगढ़। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की नगर इकाई की आवश्यक बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित कुंवर सिंह उद्यान में आहुत की गई।जिसमे अखिल भारतीय किसान सभा के पूर्व प्रदेश महामंत्री व भाकपा के पूर्व राज कौंसिल के सदस्य राम प्रताप त्रिपाठी के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक जताया गया।इस दौरान उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा करते हुए उनके निधन को अपूर्णनीय क्षति बताई गई। शोकसभा को संबोधित करते हुए किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष व राज कौसिल सदस्य कामरेड इम्तेयाज बेग ने कहाकि राम प्रताप त्रिपाठी का सम्पूर्ण जीवन किसानों के हितों के लिए संघर्ष करने में ही बीता।ऐसे किसान नेता का निधन संगठन ही नहीं बल्कि पूरे किसान वर्ग के लिए अपूर्णनीय क्षति है। कामरेड त्रिपाठी युवावस्था में ही भाकपा की नीतियों से जुड़े और अंतिम सांस तक उन्होंने इस विचाराधारा आत्सात किया।सीपीआई के नगर मंत्री अशोक राय ने कहाकि भाकपा के समर्पित कार्यकर्ता कामरेड त्रिपाठी, अपने जीवनकाल में भाकपा की मांगों को लेकर हजारों बार जेल गये।उन्होंने किसान आंदोलनों को तेज करने के लिए पूरे प्रदेश में एक नई ऊर्जा का संचार किया और किसानों को उनके हक-हूकूक के लिए जागरूक किया।उनकी कमी किसानो, कम्युनिस्टों सहित पूरे समाज को हमेशा खलेगी।अंत में दो मिनट का मौन रखकर गतात्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।शोकसभा में सीपीआई के नगर मंत्री अशोक राय, सच्चिदानंद राय, अनिल राय, गुलाब मौर्या, शहनवाज बेग, राजित यादव आदि मौजूद रहे।

## समाज सेवा को सशक्त बनाता है रासेयोः सांसद



जौनपुर। मोहम्मद हसन पी.जी. कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन का आयोजन बुधवार को डॉ. अबू मोहम्मद आई.टी.आई. परिसर में हुआ।कार्यक्रम की अध्यक्षता आर.पी. सिंह ने की, मुख्य अतिथि सांसद बाबू सिंह कुशवाहा और विशिष्ट अतिथि प्रो. हरि ओम त्रिपाठी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ।इस अवसर पर आर.पी. सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया और समाज में छे की भूमिका पर प्रकाश डाला।मुख्य अतिथि सांसद कुशवाहा ने कहा, राष्ट्रीय सेवा योजना समाज सेवा की भावना को सशक्त करने का माध्यम है।यदि बेटियां शिक्षित होंगी, तो पूरा परिवार शिक्षित होगा और समाज प्रगति करेगा।विशिष्ट अतिथि प्रो. हरि ओम त्रिपाठी ने युवाओं को समाज का भविष्य बताते हुए कहा कि उन्हें सामाजिक निर्माण में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए।

# करेत्तर व सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक संपन्न



मीरजापुर ।जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर करेत्तर स्टाफ मीटिंग एवं सी0एम0 डैशबोर्ड राजस्व की समीक्षा बैठक आहूत की गई।बैठक में उप जिलाधिकारी चुनार राजेश वर्मा, उप जिलाधिकारी लालगंज युगांतर त्रिपाठी, मड़िहान सौम्या मिश्रा, सभी तहसीलों के तहसीलदार, सभी नगर पालिका एवं पंचायत के अधिशासी अधिकारी वर्चुअल माध्यम से बैठक में प्रतिभाग किया।

सीएम डैशबोर्ड राजस्व की समीक्षा बैठक में 29 मदो में ए प्लस श्रेणी प्राप्त हुई हैं।जिस मदो में ए प्लस श्रेणी है यथा-राइट आफ वे ए प्लस, लो रिस्क भवनो के मानचित्रो की स्वीकृति ए प्लस, पेट्रोल पम्पो का सत्यापन मुद्रांकन ए प्लस, मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना सहायता योजना ए प्लस, मण्डी आवक ए प्लस, औषधि विक्रय लाइसेंस ए प्लस, संकलित नमूना एवं कृत कार्यवाही औषधि ए प्लस, संकलित नमूना कृत कार्यवाही खाद्य ए प्लस, एन0 एफ0 एस0 ए0 ई0 पी0 डी0 एस0 लाभार्थी ए प्लस, धान खरीद योजना ए प्लस, सम्पत्ति नामांतरण ए प्लस, ट्रेड सर्टिफिकेट जारी करना ए प्लस, एल0 ओ0 आई0 के लिए आनलाइन आवेदन प्रक्रिया ए प्लस, लक्ष्य के सापेक्ष प्रर्वतन कार्यवाही ए प्लस, कृषि भूमि से गैर कृषि भूमि ए प्लस, अधिवास प्रमाण पत्र ए प्लस, आय प्रमाण पत्र ए प्लस, ई खसरा खरीफ ए प्लस, ई खसरा जायद ए प्लस, ई खसरा ए प्लस, एकीकृत आपदा राहत प्रबंधन ए प्लस, एंटी भू माफिया ए प्लस, जाति प्रमाण पत्र ए प्लस, भू आवंटन पट्टा डैशबोर्ड ए प्लस, भू आवेदन पट्टा डैशबोर्ड ए प्लस, भूलेख ए प्लस, साल्वेंसी सर्टिफिकेट ए प्लस, मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष ए प्लस, लक्ष्य राजस्व प्राप्ति ए प्लस, भूतपूर्व सैनिक हेतु परिचय हेतु आनलाइन सेवांए में ए प्लस श्रेणी प्राप्त हुआ हैं। जिलाधिकारी ने बी0, सी0, डी0 श्रेणी वाले अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने विभाग की संचालित योजनाओं में व्यक्तिगत रूचि लेते हुए अलगे माह ए प्लस श्रेणी लाना सुनिश्चित करें। आई0जी0आर0एस0 की समीक्षा में काफी संख्या में असंतोषजनक फीड प्राप्त होने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि अधिकारी स्वंय मौके पर जाते हुए शिकायतकर्ता बुलाकर उसके समक्ष निस्तारण करते हुए उसका बयान भी ले। वाणिज्य कर की प्रगति खराब होने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया किया गया कि लक्ष्य के सापेक्ष प्राप्ति करे अन्यथा कार्यवाही हेतु शासन को पत्राचार कर दिया जाएगा।विद्युत विभाग की समीक्षा में जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित करत हुए कहा कि पी0एम0 सूर्यघर योजना में एल0एम0बी0-1 के सभी धारको का सभी नगर पालिका व नगर पंचायत के वार्डवार सूची उपलब्ध कराएं ताकि अभियान चलाकर पात्र लोगो को इस योजना से लाभान्वित किया जाए।उन्होंने कहा कि अपने माध्यम से कैम्प लागकर लोगो को लाभान्वित करें। अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद के 100 बड़े बकाएदारो की सूची सभी उप जिलाधिकारियों को उपलब्ध करा दे ताकि अग्रिम कार्यवाही कराई जा सकें। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रायः यह देखा जा रहा है सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों के देयको का भुगतान करने में बिलम्ब किया जा रहा है जो घोर लापरवाही का द्योतक है अतएव सभी उप जिलाधिकारी स्वंय व्यक्तिगत रूचि लेते हुय सेवानिवृत्त कर्मचारियों के देयको का समय से भुगतान कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि धारा- 34 एवं 24 के सभी 05 वर्ष से अधिक पुरानों वादो अभियान चलाकर निस्तारण कराना सुनिश्चित करें।

# मुठभेड़ के बाद दबोचे गये दो बदमाश

जिला संवाददाता(vol)



आजमगढ़। महाकुम्भ मेला प्रयागराज व विभिन्न जनपदों में चोरी व छिनैती करने वाले अन्तर्जनपदीय गिरोह का पदार्फाश कर पुलिस ने

- **महाकुम्भ मेला प्रयागराज व विभिन्न जनपदों में चोरी व छिनैती करने वाले अन्तर्जनपदीय गिरोह के हैं सदस्य**
- **तमंचा, पौने 6 लाख कीमत का सोना, छिनैती के जेवरात सहित अन्य सामान बरामद**

मुठभेड़ के बाद छिनैती गैंग के सक्रिय दो सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के लाखों रुपये के जेवरात, नकदी, तमंचा, कारतूस, बाइक आदि सामान बरामद किया है। सिधारी थाने के प्रभारी निरीक्षक शशिचन्द चौधरी, प्रभारी निरीक्षक तरवा कमलेश कुमार वर्मा व प्रभारी स्वाट नन्द तिवारी की संयुक्त पुलिस टीम ने मिली एक गोपनीय सूचना के आधार पर इटौरा मार्ग पुलिया के निकट छापेमारी की।

इस दौरान हुई मुठभेड़ में पुलिस ने चोरी, छिनैती गैंग के सक्रिय अपराधी कमलेश लोना पुत्र घुरे नोना निवासी शाहपुर फिरो थाना जलालपुर जनपद अम्बेडकरनगर पुलिस की गोली से घायल हो गया। वही गोविन्द वर्मा पुत्र सकून वर्मा निवासी चनि थाना रानीपुर जनपद मऊ को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से तमंचा, कारतूस, बाइक, छिनैती के कुल 2,09,400 नगद, 65.36 ग्राम पीली धातू कीमत लगभग 5,78,000 व मोबाइल फोन बरामद किया।

एसपी हेमराज मीना ने बताया कि पिछले दिनों जिले के 3 थाना क्षेत्र सिधारी, बरदह व तरवा में छिनैती की घटना हुई थी। पुलिस इनकी गिरफ्तारी में जुटी थी। आज मुठभेड़ के बाद चोरी व छिनैती गैंग के दो सक्रिय सदस्य गिरफ्तार किए गए है। इनके पास से तमंचा, पौने 6 लाख कीमत का सोना, छिनैती के जेवरात आदि बरामद हुए है। इनके तीन साथियों की तलाश की जा रही है। ये सभी महाकुंभ में श्रद्धालुओं से जेवरात की छिनैती व चोरी किए थे और उसे लाकर गिरफ्तार सकून वर्मा को बेचे थे। आजमगढ़ में तीन थाना क्षेत्रो में चार घटनाओं को अंजाम दिए थे। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार गोविंद वर्मा छिनैती गैंग के संपर्क में लगातार था । ये इनके द्वरा लाये गए जेवरात को गला कर दूसरे ज्वेलर को बेचकर उनसे जेवरात लेता था।

संक्षेप

## सात बकरियों की जलकर मौत, महिला गंभीर रूप से झुलसी

**शाही (बरेली)।** थाना क्षेत्र के गाँव छोटा बसावनपुर में सोमवार आधी रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। छत पर बनी छप्परनुमा पशुशाला में आग लगने से सात बकरियों की जलकर मौत हो गई। वहीं पशुशाला में सो रही एक महिला गंभीर रूप से झुलस गई। घटना की सूचना मिलने पर राजस्व व पशु चिकित्सा विभाग की टीम मौके पर पहुँची और स्थिति का जायजा लिया।गाँव निवासी माया देवी पत्नी कल्लू रोज की तरह रात करीब 9 बजे खाना खाकर छत पर बनी पशुशाला में सो गईं। वहाँ सात बकरियाँ बँधी थीं और एक बकरी का बच्चा उनके पास चारपाई पर था। बताया जा रहा है कि मच्छरों को भगाने के लिए उन्होंने भूसे में आग जलाकर धुआँ किया और सो गईं। रात करीब 12 बजे अचानक पशुशाला में आग लग गई।आग की लपटें उठती देख माया देवी जाग गईं और बकरियों को बचाने के लिए दौड़ीं। लेकिन इसी दौरान जलता हुआ छप्पर उनके ऊपर गिर गया।इससे वह गंभीर रूप से झुलस गईं। आग की लपटें तेज होने से सातों बकरियां मौके पर ही जलकर मर गईं। चीख-पुकार सुनकर परिजन और ग्रामीण दौड़े। लेकिन आग इतनी भयंकर थी कि इसे बुझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। ग्रामीणों ने किसी तरह पानी डालकर आग पर काबू पाया।सूचना पर हल्का लेखपाल और पुलिस मौके पर पहुंचे और घटना का जायजा लिया। भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री अजय राजपूत भी गाँव पहुँचे और एसडीएम मीरगंज को घटना की जानकारी दी।

# हर - हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान हुए शिवालय

### शिवभक्तों ने बेलपत्र, भांग, धतूरा, दूध, अक्षत आदि चढ़ाकर देवाधिदेव महादेव और माता पार्वती की विधिवत पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की

जिला संवाददाता(vol)



**कुशीनगर।** महाशिवरात्रि के अवसर पर बुधवार को जिले के सभी शिवालय हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठे। ब्रह्म मुहुर्त से ही श्रद्धालु शिवमंदिरों में कतार बद्ध होकर जलाभिषेक करने में जुट गए। भक्तों ने बेलपत्र, भांग, धतूरा, दूध, अक्षत आदि चढ़ाकर देवाधिदेव महादेव और माता पार्वती की विधिवत पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। पावन पर्व के इस वेला पर महिलाएं जहा दिन भर उपवास रख घर-परिवार की उन्नति के लिए प्रार्थना कीं। वहीं शिवालय परिसर में लगे मेले में लोगों ने जमकर खरीदारी की। सुरक्षा को देखते हुए प्रमुख मंदिरों में सीसीटीवी कैमरे के साथ ही पुलिस बल की व्यवस्था की गई थी।

जनपद के कुबेरस्थान स्थित द्वितीय काशी के नाम से ख्याति प्राप्त प्राचीन शिव मंदिर में ब्रह्म बेला से ही भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर पीठाधीश्वर व उनके सहयोगी पुजारियों ने रात्रि करीब ढाई बजे से महाशिव आरती एवं पूजन कर मंदिर की कपाट आम लोगों के लिए खोल दिया। मंदिर में पहुंचे लोग हाथों में धतूरा, अक्षत, गुड़, चंदन, मधु, दूध, गंगाजल आदि पूजन सामग्री चढ़ाकर कालो के काल महाकाल की विधिविधान से पूजन-अर्चन की। इस दौरान मंगल गीत और हर-हर महादेव के जयघोष से शिवालय गूंज उठा। मंदिर में श्रद्धालुओं और मंदिर की सुरक्षा को देखते हुए भारी पुलिस बल की तैनाती की गई थी। पडरौना नगर के भारतीय शिवाला, भूतनाथ, बुढ़िया माई मंदिर, राजदरबार स्थित राधाबल्भ मंदिर, छावनी के भन्नूनाथ, महादेव मंदिर, रामपुर मटिहनिया, लमुहा समेत शहर के आसपास शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालु पहुंच कर भांग, धतूरा, बेलपत्र, दूध आदि चढ़ाकर विधिविधान से भगवान मृत्युजंय की पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। तमकुहीरोड स्थित शिवाघाट के बाबा पंचेश्वरनाथ मंदिर, जवाहरनगर के विश्वकर्मा शिव मंदिर, पकड़ीहार के बाबा विंदेश्वरीनाथ शिव मंदिर, जीनबाबा शिव मंदिर, रामजानकी शिव मंदिर, स्वर्णनगर के ब्रह्मस्थान, कतौरा, बिजली घर, चखनी, सलेमगढ़, अहिरौली मिश्र, दुबौली, दौनाहा, तिवारीपट्टी, मलाहीटोला, राजपुर खाश, व्रह्मपुर, बभनौली, भगवानपुर, अहिरौलीदान, संतपट्टी आदि शिवमंदिरों में शिव भक्तों ने भगवान नीलकंठ की पूजन कर परिवार की सलामती और देश खुशहाली के लिए मन्नतें मांगी। इस तरह खड्डा क्षेत्र के शिवालयों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ लग गई थी। कस्बा के हनुमान मंदिर, चीनी मिल शिव मंदिर, पथलेश्वरनाथ मंदिर, केन यूनियन, काली मंदिर, श्रीराम जानकी मंदिर समेत आसपास के सभी शिवमंदिरों में लोगों ने विधिविधान से पूजा की। कप्तानगंज कस्बा समेत आसपास के सभी शिवमंदिरों में सुबह से देर शाम तक लोगों की भीड़ लगी रही। टेकुआटार के अमवा धाम शिवमंदिर में बृहस्पतिवार को भोर से ही लोग जुटने लगे। तमकुहीराज क्षेत्र के गाजीपुर, परसौनी, शिवसरेया, बसंतपुर, दवनहा, पथरवा, सलेमगढ, बहादुरपुर, बभनौली, उजारनाथ समेत रामकोला के धर्म समधा मंदिर परिसर में स्थापित शिवमंदिर में शिव भक्तों ने भस्मधारी को जलाभिषेक किया। इसके अलावा मथौलीबाजार पखैरेटवा चौराहा, नान्हू मुडेरा, मंगलपुर, रगडगंज, सिरसिया, गौनरिया आदि शिवमंदिरो भक्तो ने भोलेनाथ की विधिवत पूजा कर जलाभिषेक किया।

### अद्भूत, अविस्मरणीय और अकाल्पनिक निकली महादेव बारात

कसया कस्बे व बुद्ध स्थली कुशीनगर के शिवमंदिर तथा श्रीनाथ मन्दिर से गाजे-बाजे के साथ शिव बरात निकाली गई। शिव बारात को मनमोहक झांकियों से सजाया गया था। नगर के गणमान्यजनों के साथ सैकड़ों महिला व पुरुष श्रद्धालु हर हर महादेव के जयकारे लगा रहे थे।बुधवार को कसया नगर का प्रसिद्ध श्रीनाथ मन्दिर व बुद्ध स्थली कुशीनगर शिव मंदिर परिसर से शिव बारात हाथी, घोड़े, बैंड बाजे के साथ निकली। बारात में मनमोहक झांकियां सजाई गई थी। जिसमें शिव, पार्वती, नंदनी आदि की झांकियां थी। बारात नगर के गांधी चौक, गोरखपुर मार्ग, सपहा मार्ग, पडरौना मार्ग, रामकोला मार्ग, देवरिया मार्ग, नेशनल हाइवे चौक होते हुए बारात वापस मन्दिर पहुंची। जहां शिव-पार्वती का विवाह संपन्न हुआ। शिव बारात में भारी संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालु शामिल रहे। महाशिवरात्रि के महापर्व पर शिव मंदिरों व देवालयों में भक्तों की सुबह से देर शाम तक भीड़ लगी हुई थी।

## जिलाधिकारी ने किया दूसरी काशी में जलाभिषेक

जिला संवाददाता(vol)



**देवरिया ।** जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने दूसरी काशी में आकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मातहत अधिकारियों से सुरक्षा के मद्देनजर बात की और भगवान भोलेनाथ का चोंगा के माध्यम से ही जलाभिषेक कर जनता को स्पष्ट संदेश दिया। जलाभिषेक करने के बाद मंदिर के पुजारी पप्पू बाबा के साथ बैठकर उन्होंने एसडीएम हरिशंकर लाल, एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव व अधिशासी अधिकारी नितेश गौरव को साफ सफा *जिलाधिकारी ने किया दूसरी काशी में जलाभिषेक*

### भक्तों ने किया भोलेनाथ का जलाभिषेक

**देवरिया।** देवाधिदेव महादेव के महापर्व महाशिवरात्रि के अवसर पर जिले के शिवालयों में उमड़ी भीड़ ने एक नया रिकॉर्ड बना दिया । रुद्रपुर स्थित दुर्गेश्वर नाथ मंदिर पर शिव भक्तों की उमड़ी भीड़ में महाशिवरात्रि के त्योहार पर लाखों भक्तों ने दूसरी काशी के रूप में विख्यात दुग्धेश्वर नाथ मंदिर में हर हर महादेव के नारे के साथ भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। इस बार जलाभिषेक के लिए चोंगे की व्यवस्था की गई थी। रात 12 बजे से ही शुरू हुई लाखों की भीड़ को नियंत्रित करने में प्रशासन के पसीने छूट गए। हालांकि शाम 4 बजे तक जब श्रद्धालुओं ने बाबा का दर्शन कर लिया तब जाकर प्रशासन के जान में जान आई। व्यवस्था संभालने में एडीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव, एसडीएम हरिशंकर लाल, ईओ नितेश गौरव,पुलिस उपाधीक्षक अंशुमन श्रीवास्तव, कोतवाल रतन पांडे,तहसीलदार चंद्रशेखर वर्मा, नायब तहसीलदार शिवेंद्र कौंडिल्य और अनिल तिवारी, चेयरमैन प्रतिनिधि छट्ठेलाल निगम अनेक सभासद गण, एनसीसी के जवान,स्काउट गाइड के स्वयंसेवक व मंदिर प्रशासन से जुड़े दर्जनों कर्मचारी तथा सेवादार लग रहे।

### लंबी लाइन में बेहोश हुई दर्जनों महिलाएं : पहुंचाया गया अस्पताल

देवरिया । भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक करने के लिए रुद्रपुर-देवरिया के मुख्य मार्ग से ही लगी लंबी लाइन में घंटो खड़े रहने के कारण दर्जनों महिलाएं व बच्चे बेहोश हो गए। जिन्हें ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों ने चिकित्सा शिविर में भिजवाया । चिकित्सा शिविर में तैनात डॉक्टर सुशील सिंह व डॉक्टर राजेश सिंह ने उनका इलाज किया। अत्यधिक भीड़ के चलते उपनगर निवासी एक किशोरी का पैर टूट गया। जिससे कुछ देर के लिए अफरातफरी मच गई। मंदिर में जलाभिषेक के लिए चोंगा लगने के बावजूद जलाभिषेक की रफ्तार काफी धीमी रही।

## पुलिस मुठभेड़ में पशु तस्कर गिरफ्तार

जिला संवाददाता(vol)



**कुशीनगर।** जिले की पुलिस टीम द्वारा मुठभेड़ में एक पशु तस्कर को गिरफ्तार किया गया। मौके से पुलिस को एक पिकप वाहन, तस्करी कर ले जाई जा रही 06 गोवंशीय पशु के साथ एक अवैध तमंचा बरामद हुई है।

पुलिस ने अपने मीडिया सेल ग्रुप के माध्यम से बताया कि अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बुधवार को थाना चौराखास क्षेत्रान्तर्गत सूचना प्राप्त हुई कि कुछ पशु तस्कर पिकप वाहन से एनएच- 28 के रास्ते गोवंशीय पशुओ को चोरी छिपे लादकर बिहार ले जा रहे हैं।

इस सूचना पर पुलिस टीमों का गठन किया गया, जिसमें थाना चौराखास, थाना पटहेरवा व स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थाना चौराखास क्षेत्रान्तर्गत पीआरके मेमोरियल स्कूल जौरा बाजार के आगे दूबे पट्टी जाने वाली लिंक सड़क के पास घेराबंदी कर चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान एक पिकप वाहन आते दिखाई दिया, जिसको पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया, तो वाहन में सवार एक व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम पर जान मारने की नियत से फायर किया गया।

जवाब में पुलिस टीम द्वारा फायरिंग की गयी, जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। जिसकी पहचान रूस्तम पुत्र हजरत साकिन डुमरी टोला सिसवा महंथ थाना कसया घायल हो गया, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार किया, के रुप में हुई। उसके कब्जे से 06 गोवंशीय पशु, एक अवैध तमन्चा 315 बोर मय 03 कारतूस, एक अदद मोबाइल तथा घटना में प्रयुक्त किये जाने वाला ठीहा, एक बाँका, गोबंशीय पशुओ को बध हेतु क्रूरता पूर्वक बाध कर ले जाने के लिए प्रयुक्त रस्सी व जामा तलाशी का 1500 रूपया नगद आदि बरामद किया गया है। घायल/गिरफ्तार अभियुक्त को दवा ईलाज हेतु पुलिस अभिरक्षा में अस्पताल भेजा गया है। बरामदगी/गिरफ्तारी के आधार पर थाना चौराखास पर अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## निर्माल्य वाहन को मेयर ने दिखाई हरी झंडी




अयोध्या। रामनगरी में मंदिरों से निकलने वाले निर्माल्य अर्थात पत्र-पुष्प के सुरक्षित एवं सम्मानजनक निस्तारण के लिए नगर निगम ने विशेष वाहन की व्यवस्था की है। बुधवार को शिवरात्रि के मौके पर नगर निगम परिसर से यह वाहन महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर सहायक नगर आयुक्त गुरु प्रसाद पांडे भी मौजूद थे।

नगर निगम में कुल पांच वाहनों की व्यवस्था निर्माल्य ढोने के लिए की गई है। इसका प्रयोग विशेष धार्मिक अवसरों के साथ ही सामान्य तौर पर भी किया जाएगा। इससे निर्माल्य को सुरक्षित स्थान पर जैविक खाद बनाने में प्रयोग किया जाएगा। महापौर ने कहा कि नगर निगम अयोध्या धाम की गरिमा के अनुरूप विकास को लेकर तत्पर है। उसी कड़ी में निर्माल्य के लिए विशेष वाहन की व्यवस्था की गई है। इसका प्रयोग मंदिरों से निकलने वाले पूजित पदार्थ को सम्मानजनक स्थान पर पहुंचाने में किया जाएगा।

## एकीकृत पेंशन योजना का हुआ स्वागत

**देवरिया ।** भारती जनता पार्टी देवरिया के शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक नरेंद्र तिवारी ने भारत सरकार के द्वारा घोषित किए गए एकीकृति पेंशन योजना यूपीएस लागू होने पर हर्ष व्यक्त किया। काफी दिनों से एनपीएस की योजना में जो विसंगतियां थी उसको भारत सरकार ने दूर करते हुए इस पेंशन योजना को लागू कर दिया। जिला संयोजक नरेंद्र तिवारी एवं सहसंयोजक संजय कुमार ने बताया कि एनपीएस की विसंगतियों को दूर करने के शिक्षको के सुझावों को पार्टी के विभिन्न मंचों से और एवं अपनी मांग पत्रों के माध्यम से अपनी मांग रखी थी जिसको भारत सरकार ने मानते हुए संशोधित यूपीएस को लागू किया।इस एकीकृत पेंशन योजना में न्यूनतम 10 वर्ष की भी सेवा पूरी करने पर आज की तारीख में लगभग 10000 और महंगाई मिलकर ?15000 की राशि मिलेगा जबकि 25 वर्ष

एवं उससे अधिक समय तक की सेवा पूरी करने पर अंतिम वर्ष के मूल वेतन का 50% मिलता रहेगा एवं कर्मचारियों की मृत्यु होने के उपरांत 60% की धनराशि उसके परिवार को एक मुस्त दे दी जाएगी। इस यूपीएस में सरकार ने सुनिश्चित पेंशन के लिए अपना अंशदान भी 14% से बढ़कर 18.5 प्रतिशत कर दिया।इस पेंशन स्कीम के लागू होने से सभी शिक्षक एवं कर्मचारियों का भविष्य सुरक्षित हो गया।उक्त बातें शिक्षक प्रकोष्ठ भारतीय जनता पार्टी देवरिया के जिला संयोजक नरेंद्र तिवारी एवं सहसंयोजक संजय कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से जारी की गई है।

## खेल में हिस्सा लेना जीत हासिल करने से भी ज्यादा महत्वपूर्ण होता है: मनीष

कुशीनगर। जनपद के पड़रौना विधान सभा क्षेत्र के ग्राम सभा मनिकौरा स्थित प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में क्रांति स्पोर्टिंग क्लब द्वारा आयोजित तीन दिवसीय महिला फुटबॉल टूनामेंट कार्यक्रम के फाइनल मैच के मुख्य अतिथि पड़रौना नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष जायसवाल बुलबुल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम के बाद अपने सम्बोधन में प्रतिनिधि श्री जायसवाल ने कहा कि वर्तमान मोबाइल युग में खेल के मैदान से नाता रखने वाला आज के युवा लम्बा व स्वस्थ जीवन जीने के लिये अभी से तैयार है। बदलते परिवेश में जिस तरह समाज खेल के मैदान से दूर होते जा रहे है। ये घोर चिंताजनक है। प्रतिभाओं से भरी हमारी भारत भूमि में ग्रामीण क्षेत्र के ये बच्चे निश्चित तौर पर आज स्थानीय तो कल को देश के लिए मेडल लाएंगे। साथ ही प्रतियोगिता में जीत हासिल न कर पाने वालों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल में हिस्सा लेना खेल में जीत हासिल करने से ज्यादा महत्वपूर्ण है। इस दौरान उनके साथ कार्यक्रम के आयोजक संजय यादव ग्राम प्रधान, नंदलाल साहनी, नरेंद्र सिंह, सौखलाल गुप्ता, मनोज गुप्ता, प्रमोद चौधरी, बुद्धि लाल यादव, रिक्की चौधरी, मार्कण्डेय सिंह, रामाशीष चौहान, कुबेर सिंह, लक्ष्मण प्रजापति सहित भाजपा विशुनपुरा मंडल पदाधिकारी राधेश्याम गुप्ता, हरिओम चौरसिया, ब्रजेश शर्मा, शिव कुमार गोस्वामी, अमित तिवारी, धर्मेंद्र मद्धेशिया सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे। फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैच में आज सिवान व मैरवा के बीच खेला गया। मैरवा ने दो एक से सिवान से फाइनल मैच को जीत लिया। साथ ही उपविजेता व विजेता टीम को ट्राफी प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

## बाबा साहेब के सपनो को साकार कर रहे प्रधानमंत्री : शशांक मणि




**देवरिया ।** सांसद शशांक मणि के नेतृत्व में चल रही संविधान सबका प्रयास यात्रा बुधवार को गौरी बाजार नगर पंचायत के पिपरा धन्नी, खैरटिया गांव में पहुंची जहां लोगों ने यात्रा का भव्य स्वागत किया । इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए सदर सांसद ने कहा कि आजादी के बाद लगभग 60 सालों तक देश पर कांग्रेस ने शासन किया और अपनी सुविधानुसार भारत के संविधान में विभिन्न परिवर्तन किए लेकिन भाजपा के शासनकाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संविधान का गौरव बढ़ाने के लिए, शोषितों, वंचितों और गरीबों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है । संविधान गौरव यात्रा, संविधान सबका प्रयास यात्रा हमारे आम नागरिकों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने का एक साहसिक प्रयास है । विपक्षी पार्टियों ने देश की जनता को सिर्फ छलने का काम किया है । उन्होंने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को सर्व समाज के लिए आदर्श बताते हुए, भाजपा सरकार द्वारा उनके पांच तीर्थस्थलों के निर्माण का भी उल्लेख किया। यात्रा में संयोजक कृष्णनाथ राय, मंडल अध्यक्ष आदित्य सिंह, प्रभाकर तिवारी, अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजन सोनकर, अखिलेश त्रिपाठी, दिनेश पांडे, डिग्गी बाबा, दुर्गेश नाथ त्रिपाठी, अतुल राय, महेंद्र राय, राहुल पांडे, कमलेश मौर्य, संतोष कुमार, संजय मौर्य, मुन्ना विश्वकर्मा, धीरज प्रताप राव, मंजेश कुशवाहा सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे ।

## नगदी लाने और मकान में नाम कराने से इनकार पर दिया बीबी को तलाक

**बहेड़ी (बरेली)।** दहेज में दो लाख रुपए नगद न लाने पर और मकान नाम में कराने से मना करने पर एक युवक ने अपनी पत्नी को तलाक दे दिया। आरोप है कि महिला का देवर व उसकी देवरानी और नन्द व नन्दोई भी दहेज के लिये उसे पति से पिटवाते व खुद भी पीटते थे। शिकायत के बाद पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।नगर के मोहल्ला नूरीनगर लाईनपार निवासी जूही पुत्री मो0 जाकिर का कहना है कि उसकी शादी करीब 4 वर्ष पूर्व मो0 शाहिद पुत्र अफजाल अहमद निवासी मो0 नूरीनगर लाईनपार कस्बा व थाना बहेड़ी के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार हुई थी। शादी में उसके माता पिता ने अपनी हैसियत के हिसाब से दान दहेज दिया था। आरोप है कि शादी में मिले दहेज से पति व ससुराल वाले खुश नही थे। उसका देवर अरबाज, अरबाज की पत्नी राहिला, ननद हसनारा, नन्दोई मेहदी हसन दहेज की मांग को लेकर उसके पति को चढ़ाकर बुरी तरह से मारपीट करने लगे। उसके पिता बाहर रहकर मेहनत मजदूरी करते है। उसका पति उससे कहता है कि दहेज में दो लाख रुपये नकद लाओ और अपनी मां से कहो कि मकान मेरे नाम कराओ तब ही उसे घर में रखूंगा वरना तलाक दे दूंगा। इस पर उसने पति से कहा कि उसके मां बाप गरीब हैं और उनके पास रहने का भी ठिकाना नही है तो मैं मकान कैसे नाम में करा दूँ। मेरे रिश्तेदारों ने पति को काफी समझाया लेकिन उसके पति ने उसके मां बाप के घर आकर उसे तलाक दे दिया ।

## एक व्यक्ति को कमरे में बंद कर प्राइवेट पार्ट पर बेल्ट से किया पिटाई का वीडियो वायरल

**देवरिया।** जनपद के सलेमपुर कोतवाली क्षेत्र में एक व्यक्ति को सलेमपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले दो दबंगों द्वारा बेल्ट से पीटा जा रहा है। जहाँ एक शक्स के शरीर के ऊपर एक दूसरा व्यक्ति बैठा है। उसका सर दबाकर दूसरे व्यक्ति द्वारा बेल्ट से उसके प्राइवेट पार्ट पर मारते हुवे वीडियो भी बना रहा है और बनाये हुए वीडियो को अलग अलग आईडी से वायरल किया गया है। वीडियों कुछ दिन पहले का बताया जा रहा हैं। इस संदर्भ में सलेमपुर थाने से सम्पर्क किया गया तो उन्होंने ने बताया मामले में अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई हैं। अभी पीड़ित पक्ष की तरफ से कोई तहरीर नहीं दिया गया है। अभी जांच की जा रही हैं। पीड़ित युवक को बेल्ट से मार रहा था और जो वीडियो बना रहा था। उसे पुलिस गिरफ्तार करने के लिए तलाश कर रही है। पुलिस का कहना हैं कि वीडियो पुराना है। जब कोई आरोपी पकड़ा जायेगा तब पूछताछ करने के बाद मामले के बारे मे पुलिस कुछ जानकारी दे पायेगी।

कोतवाल तेज प्रताप सिंह ने बताया कि जो शक्स बेल्ट से मार रहा है और जो युवक के शरीर पर बैठा है दोनों युवक को बेरहमी से पीट रहे है। दोनों की तलाश पुलिस कर रही है। कोई तहरी नहीं होने के की वजह से पुलिस वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही है। वैसे पुलिस का दावा है कि कुछ देर में आरोपी पुलिस की गिरफ्त मे होंगे। नाम पता न मालूम होने की वजह से पुलिस को इतनी दिक्कत हुई है। केवल वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

## सीएमओ साहब.! लापरवाही से मौत की नींद सुलाने वाले हॉस्पिटल कब होंगे सील

- जनपद के हाटा स्थित सिंह मैक्स ने महिला व कसया एनएच-28 पर संचालित आरएस हास्पिटल बना घायल युवक का मौत कारण
- एक सप्ताह में जिले के दो हास्पिटल ने छिन ली दो जिंदगियां

**कुशीनगर।** जनपद में स्वास्थ्य विभाग की मेहरबानी से निजी अस्पतालों मे चिकित्सको की लापरवाही से मौत का सिलसिला जारी है। इसमे अधिकांशतः अवैध हास्पिटल व बडे नाम के फर्जी वोर्ड लगाकर हास्पिटल संचालित करने वालो की संख्या सर्वाधिक है। इसके बाबजूद स्वास्थ्य महकमा के जिम्मेदार धृतराष्ट्र बने बैठे। यही वजह है कि बीते शुक्रवार को हाटा नगर मे संचालित सिंह मैक्स हास्पिटल में चिकित्सक के लापरवाही से एक प्रसुता की मौत हो गयी तो शनिवार को कसया एनएच-28 पर स्थित सरस ग्रुप के आरएस हास्पिटल ने पांच घंटे तक घायल युवक को इलाज के अभाव में मार डाला। मजे की बात यह है कि अभी तक स्वास्थ्य महकमा के हुक्मरान कुंभकर्णी निद्रा से जागे नही है। नतीजतन अभी तक न तो यह हास्पिटल सील हुआ है और न मुकदमा दर्ज हुआ है। काबिलेजिक्र है कि जनपद के हाटा में चल रहे सिंह मैक्स नर्सिंग होम में डॉक्टर की लापरवाहियों से एक प्रसूता की जान चली गई। परिजन का आरोप है कि डिलेवरी के लिए महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां आप्रेशन के बाद महिला ने बच्चे को जन्म दिया। इस दौरान चिकित्सक ने जच्चा-बच्चा दोनो को पूरी तरह से ठीक बताया लेकिन कुछ ही घंटों में डॉक्टर्स ने बताया कि प्रसूता की हालत बिगड़ गई है। परिजन का कहना है कि हास्पिटल प्रशासन ने पीड़िता को देखने तक नहीं दिया और अस्पताल के डॉक्टर ही पीड़िता को एंबुलेंस मे लेकर गोरखपुर गए। बाद में बताया कि उसकी मौत हो गई है।

### कैसे हुई घटना

कुशीनगर के हाटा नगर के वार्ड नंबर 17 की रहने वाली 25 वर्षीय सुमन को प्रसव पीड़ा होने के बाद परिवारीजन ने सुमन को नगर के सिंह मैक्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया था, जहां ऑपरेशन के माध्यम से बच्ची का जन्म हुआ। डिलीवरी के बाद 25 वर्षीय सुमन की मौत हो गई। परिजन ने डॉक्टर पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए अस्पताल पर खूब हंगामा किया था। परिजन का कहना है कि डॉक्टरों ने स्थिति को गंभीरता से नहीं लिया और समय पर सही इलाज नहीं किया, जिसके वजह से सुमन की मौत हो गई। प्रसूता के मौत के बाद भी स्वास्थ्य विभाग इस हास्पिटल पर मेहरबान है।

### केस संख्या- दो

जिले के कसया एनएच-28 पर स्थित सरस ग्रुप के आरएस हास्पिटल की घोर लापरवाही से मार्ग दुर्घटना में घायल हुए अभय की मृत्यु के बाद भी स्वास्थ्य महकमा कुंभकर्णी निद्रा में है। चर्चा-ए-आम है कि अब तक न तो स्वास्थ्य विभाग द्वारा आरएस हास्पिटल को सील किया गया और न ही हास्पिटल प्रशासन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है जो स्वास्थ्य विभाग क्रिया-कलाप पर सवाल बना हुआ है। परिजनो के मुताबिक कसया एनएच - 28 पर तमाम डाक्टरों का नाम लिखा आरएस हास्पिटल देखकर परिजन वहा रुक गये और घायलों को




लेकर हास्पिटल पहुंचे जहां दो नर्स मौजूद थी। नर्स ने तत्काल डाक्टर को बुलाने की बात कहकर परिजनो से तत्काल घायलो को भर्ती कराने के लिए कहा और फिर अपने स्तर से दोनों नर्स घायलों के इलाज मे जुट गयी। इसके बाद दोनो नर्स रात्रि ढाई बजे से सुबह आठ बजे तक बीच बीच में अस्पताल संचालक से बात कर डाक्टर के आने की दुहाई देकर घायलों को बिना कोई इलाज किये रोके रखा। शनिवार को सुबह आठ बजे हास्पिटल की दोनो नर्स यह कहकर परिजनो से एक लाख रुपये जमा करा लिया कि डाक्टर आ रहे है पैसा जमा करने के बाद डाक्टर इलाज करेगे। परिजनो ने बताया कि डाक्टर का इंतजार करते हुए शनिवार को तकरीबन दिन के नौ बजे 24 वर्षीय अभय की मृत्यु के बाद नर्सो ने हास्पिटल के संचालक से बातकर गोरखपुर ले जाने के लिए रेफर कर दिया। एक लाख रुपये ऐठने के बाद इलाज के अभाव में जब अभय की मौत हो गयी तो आक्रोशित परिजनो हास्पिटल प्रशासन पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हास्पिटल पर हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान काफी संख्या में गांव से महिलाएं भी इकट्ठा हो गयी थी। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुची कसया पुलिस सुबह नौ बजे से परिवारजनों को शांत कराने व शव को कब्जे में लेने के लिए मशक्कत करती रही लेकिन उसे सफलता दोपरह के दो बजे के बाद मिली। ऐसे में सवाल यह उठता है कि अपनी लापरवाही से अभय को मौत की नींद सुलाने वाला आरएस हास्पिटल को स्वास्थ्य विभाग ने अभी तक सील क्यो नही किया ? क्यो अभी तक हास्पिटल संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज नही हुआ ? यहां बताना मुनासिब होगा कि बीते वर्ष 2024 में पडरौना नगर के छावनी (कसया-पडरौना मार्ग) स्थित सरस हास्पिटल के चिकित्सक व जीएनएम की लापरवाही और अस्पताल संचालक के मनमानेपन के कारण प्रसव के दौरान एक नवजात की मौत हो गयी थी। परिजनो का आरोप था कि नवजात की मौत के बाद हास्पिटल के जिम्मेदार शिशु को एनआईसीयू में रखकर आधे घंटे तक इलाज करने का नाटक करते रहे और पोल खुलने के भय से हास्पिटल प्रबंधन ने आनन-फानन मृत्यु नवजात को रेफर कर दिया। इसके बाद पीड़ित ने सीएमओ और पडरौना कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर हास्पिटल के जीएनएम रुबी दीक्षित, चिकित्सक खुशबू दीक्षित, अस्पताल संचालक आदर्श धर दूबे व आशीष धर दूबे के खिलाफ कार्रवाई करने की गुहार लगायी थी। पीडित के प्रार्थना पत्र पर पुलिस व स्वास्थ्य विभाग की टीम सरस हास्पिटल पहुचकर घटना की सत्यता की जांच की। जांच मे दोषी पाये जाने के बाद कोतवाली पुलिस ने सरस हास्पिटल के जीएनएम रुबी दीक्षित, चिकित्सक खुशबू दीक्षित, अस्पताल संचालक आदर्श धर दूबे व आशीष धर दूबे के खिलाफ धारा 105 व 351(3) भारतीय न्याय संहिता के तहत मुकदमा दर्ज किया था। हालाकि हास्पिटल प्रशासन के ऊची पहुच के कारण किसी की गिरफ्तारी नही हुई थी।

संक्षेप

## मधुमक्खियों के हमले में तीन लोग घायल

महमूदाबाद/सीतापुर। कोतवाली के गोधौरा गांव में मधुमक्खियों में हमले में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी महमूदाबाद में भर्ती कराया गया जहां उनका प्राथमिक उपचार चल रहा है। घायलों के पूरे शरीर पर मधुमक्खियों के डंक के निशान हैं। गोधौरा के अजय वर्मा (28) पुत्र बलराम, अजय यादव (22) पुत्र प्रताप और अतुल यादव (20) पुत्र विद्या प्रसाद अपनी ट्रैक्टर लेकर खेत में खड़ी आलू लदी ट्राली लेने जा रहे थे। खेत से पहले पीपल के पेड़ पर मधुमक्खियों से छत्ता लगा था। अचानक मधुमक्खियों ने तीनों पर हमला बोल दिया। अजय ने बताया कि थोड़ी दूर पर स्थित तालाब में कूदकर किसी तरह तीनों ने अपनी जान बचाई। घायलों को सीएचसी महमूदाबाद में भर्ती कराया गया जहां उनका इलाज चल रहा है।

## विद्युत आपूर्ति बंद होने से अस्सी हजार की आबादी रही प्रभावित

महमूदाबाद/सीतापुर। शहरी क्षेत्र में स्थापित 33/11 केवीए का विद्युत पैनल बाक्स जल जाने से करीब दो घंटे तक विद्युत आपूर्ति बंद हो गई। विद्युत आपूर्ति बंद होने से अस्सी हजार की आबादी प्रभावित रही। विद्युत विभाग ने आनन-फानन में मरम्मत कर आपूर्ति को बहाल किया। सुबह करीब 11.45 बजे महमूदाबाद शहरी क्षेत्र की आपूर्ति ठप हो गई। जानकारी पर पता चला कि 33 केवीए पावर हाउस में रखा विद्युत पैनल बाक्स जल गया था जिससे नगर क्षेत्र के सभी 25 वार्डों की आपूर्ति को चार घंटे बंद करना पड़ा। एसडीओ पवन मिश्र ने बताया कि पैनल बाक्स जलने से आपूर्ति बंद हुई थी। पौने चार बजे बाक्स की मरम्मत कर आपूर्ति बहाल कर दी गई थी।

## महिला के साथ छेड़छाड़ करने की कोशिश

महमूदाबाद/सीतापुर। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में शौच गई महिला के साथ गांव के ही व्यक्ति ने छेड़छाड़ करने की कोशिश की। विरोध करने पर जातिसूचक गालियां देते हुए युवक मौके से फरार हो गया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि पीड़िता द्वारा अलीजान पुत्र पीर गुलाम के विरूद्ध तहरीर दी गई है। जिस पर एससी एसटी और छेड़छाड़ की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

महोली/सीतापुर। कोतवाली महोली क्षेत्र के अंतर्गत युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली जानकारी के अनुसार कोतवाली महोली के अंतर्गत ग्राम नेरी निवासी कृष्णा पुत्र शिवशंकर उम्र लगभग बाइस वर्ष वह नेरी चैराहे पर मूंगफली बेचने का काम करता था बुधवार दोपहर लगभग एक बजे जूनियर हाईस्कूल के खेत के पास लगे नीम के पेड़ से लटककर आत्महत्या कर ली परिजनों को जानकारी होने पर घर में कोहराम मच गया परिजनों द्वारा घटना की जानकारी कोतवाली महोली पुलिस को दी गयी वहीं चैकी क्षेत्र की पुलिस व फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल कर शव को पी एम के लिये जिला मुख्यालय भेज दिया है।

# वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ शिव-पार्वती विवाह

जिला संवाददाता(vol)



महमूदाबाद/सीतापुर। नंदी सवार भगवान शिव शंकर की भव्य झांकी के साथ शिव परिवार की झांकियों व उनके गणों के स्वरूप में सजे बच्चों की आकर्षक शिव बारात ठठेरी बाजार से निकाली गई। बारात में सैकड़ों लोग भारतीय वेशभूषा में सम्मिलित हुए। नगर भ्रमण के बाद शिव मंदिर के सम्मुख शिव जी का विवाह पार्वती के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न कराया।

इस अवसर पर आयोजित कलेवा व व्यवहार वितरण तथा बारातियों को नेग दिए गए। जगराते के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। शिवरात्रि के पावन पर्व पर नगर के ठठेरी बाजार स्थित शिव मंदिर से भक्तों ने बुधवार की शाम पांच बजे से बैंड-बाजों के साथ धूम-धाम से शिव बारात निकाली। बरातियों का जगह-जगह भक्तों ने ठंढई पिलाकर स्वागत किया। शिव बारात का शुभारंभ विधायक महमूदाबाद आशा मौर्या, निर्माण समिति अध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता, पूर्वमंत्री नरेंद्र सिंह वर्मा, मां संकटा देवी धाम समिति के अध्यक्ष आरके वाजपेयी, कृतार्थ मिश्र, अतुल वर्मा के साथ मुख्य यजमान सतीश गुप्त ने पत्नीक विधिवत पूजन-अर्चन कर ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया। बारात के आयोजक आने वाले भक्तों को त्रिपुंड टीका करने के साथ सफेद टोपियां व प्रसाद वितरित कर रहे थे। भक्त पूरे रास्ते बम-बम भोले के जयकारे लगा रहे थे। शिव जी की बारात शाम पांच बजे ठठेरी बाजार से बजाजा, रामकुण्ड, कोतवाली मार्ग, बस स्टाप चौराहा से होकर चिकमंडी होते हुए तहसील, स्टेट बैंक से संकटा देवी धाम पहुंची। यहां से वापस हुई शिव बारात जब ठठेरी शिवाला पहुंची तो मुख्य यजमान सतीश गुप्त, आयोजक मनोज शुक्ल, रजत अग्रवाल, अशोक जायसवाल, सुजीत रस्तोगी, विपिन गुप्त, अखिलेश गुप्त, हरीओम गुप्त, रोशन गुप्त, मोहित रस्तोगी, नरेश गुप्त, कृष्ण कुमार गुप्त, मृत्युंजय वाजपेयी, रामकुमार जायसवाल, रवि अवस्थी, राहुल सनातनी, विजय तोमर, व अन्य से वैवाहिक विधान सम्पन्न कराया। समिति ने बारातियों को नेग व व्यवहार वितरित किया। शिव बारात में अघोरी व गणों की अद्भुद वेशभूषा व अभिनय क्षमता को देख दर्शक काफी मंत्रमुग्ध हुए। शिव की कलेवा के साथ शुरू हुए भंडारे में शिवकुमार गुप्त, कृष्णकुमार गुप्त, चक्रसुदर्शन पांडेय, दुर्गेश सोनी, हीरू गुप्त, कृतार्थ मिश्र, विजय जायसवाल, रोशन मिश्र, सुजीत सोनी, प्रहलाद गुप्त सहित बड़ी संख्या में लोगों ने शिव कलेवा के भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। बारात की सुरक्षा में कोतवाल अनिल सिंह पुलिस व पीएसी बल के साथ मौजूद रहे।

## अव्यवस्थाओं के बीच गुजरी शिव बारात

महमूदाबाद/सीतापुर। शासन द्वारा महाशिवरात्रि को लेकर जारी निर्देशों के बावजूद महमूदाबाद की प्राचीन शिव बारात अव्यवस्थाओं के बीच गुजरी। अधूरी पड़ी सड़क और क्रंकीट के रास्ते से भक्तों को गुजरना पड़ा तो भक्तों की नाराजगी सामने आ गई। मौके पर मौजूद विधायक से भक्तों ने शिकायतें कर दी। शासन की मंशा पर काम न होने और कंक्रीट के रास्ते पर भक्तों को हुई समस्या पर विधायक का पारा चढ़ गया।

विधायक ने तत्काल ईओ से सड़क निर्माण में हो रही देरी का कारण पूछा और ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। महमूदाबाद कस्बे में ठठेरी बाजार से प्राचीन शिवबारात निकलती है। प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि पर भव्य आयोजन होता है। इसको लेकर पूर्व में ही तैयारियां की जाती है। बारात ठठेरी बाजार से शुरू होकर रामकुण्ड चैराहा, कोतवाली मार्ग, बस स्टॉप होते हुए संकटा देवी मंदिर पहुंचती है और पुनः चिकमण्डी चैराहा, बजाजा होकर ठठेरी बाजार में समाप्त होती है। नगर पालिका द्वारा करीब तीन माह पूर्व सड़क निर्माण का टेण्डर किया गया। रामकुण्ड चैराहे से बजाजा बाजार होते हुए चिकमण्डी चैराहे तक सड़क को खोदकर डाल दिया गया। कुछ दिनों पूर्व सड़क पर बोल्डर और गिट्टी डाली गई किन्तु डामरीकृत नहीं किया गया। महाशिवरात्रि पर प्रस्तावित शिव बारात के बावजूद करीब पन्द्रह दिनों तक सड़क पर कंक्रीट और गिट्टी पड़ी रही। जिसका खामियाजा आज भक्तों को भुगताना पड़ा। नंगे पैर गुजर रहे भक्तों को काफी कठिनाईयो का सामना करना पड़ा। कार्यक्रम में शामिल होने पहुँची विधायक आशा मौर्या से भक्तों ने शिकायत कर दी। विधायक ने बताया कि ईओ को ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए है। सूचना के बावजूद ठेकेदार ने समयबद्ध तरीके से काम पूरा नहीं किया जो कि अक्षम्य है।

# अरुण कुमार न्यायिक तहसीलदार लहरपुर के पद पर प्रोन्नत



लहरपुर सीतापुर। तहसील में कार्यरत नायब तहसीलदार अरुण कुमार को न्यायिक तहसीलदार लहरपुर के पद पर किया गया प्रोन्नत। ज्ञातव्य है कि अरुण कुमार अपने कर्तव्य निष्ठा और न्यायिक कार्यों में दक्षता के लिए जाने जाते हैं प्रमोशन के बाद अब वह न्यायिक मामलों को देखेंगे, उनके पदभार ग्रहण करने के बाद तहसील के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं इस मौके पर उन्होंने कहा कि वह न्यायिक कार्यों को पारदर्शी और सुचारू रूप से संचालित करने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे शासन के मंशानुरूप कार्य करना और सभी की समस्याओं का निस्तारण करना ही मेरी प्राथमिकता होगी। इस मौके पर नायब तहसीलदार अशोक कुमार यादव, अधिवक्ताओं, लेखपाल संघ अध्यक्ष शिष्य कुमार, अपना दल एस विधानसभा अध्यक्ष दिनेश पटेल सहित भारी संख्या में लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं भेंट की।

## केंद्रीय मंत्री ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की

लहरपुर/सीतापुर। नगर के मोहल्ला गन्नी टोला में जितिन प्रसाद केंद्रीय राज्यमंत्री वाणिज्य इलेक्ट्रॉनिक और सूचना प्रौद्योगिक ने समाजसेवी स्वर्गीय दिलीप शुक्ला के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। घनश्याम लाल शुक्ल के आवास पर बुधवार को देर शाम केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने प्रसिद्ध



समाजसेवी किसान नेता स्वर्गीय दिलीप शुक्ला के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा पूर्वक नमन किया और कहा कि दिलीप शुक्ला का निधन एक अपूरणनीय क्षति है। इस मौके पर प्रमुख रूप से घनश्याम लाल शुक्ला, शीलू शुक्ला, सभासद मनीष शुक्ला, बीलू शुक्ला, आशीष शुक्ला, विरेंद्रपुरी, मनोज गुप्ता, राजू तिवारी, मनमोहन गुप्ता, राजकमल मिश्रा, सुधाकर मिश्रा, परमेश्वर भार्गव पूर्वप्रमुख, विनीत जायसवाल, देवेश अवस्थी, योगेश मिश्रा, शुभम श्रीवास्तव प्रधान, श्रीधर शुक्ला, अरुणेश त्रिपाठी, कन्हैया मेहरोत्रा, आरिफ, राजू असारी सहित भारी संख्या में लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# धूमधाम से मना महाशिवरात्रि का पर्व



उन्नाव। हिन्दुओ की आस्था के महापर्व महाशिवरात्रि पर नर सेवा नारायण सेवा समिति व हिन्दू जागरण मंच उन्नाव के के द्धारा गत वर्षो की भांति इस बार भी नवे वर्ष नगर में पूरी भव्यता/दिव्यता के साथ भोलेबाबा की बारात निकाली गयी।

भोले बाबा की बारात के संस्थापक व भाजपा नेता विमल द्विवेदी की अगुवाई में विशाल काय नंदी पे सवार भोलेनाथ व माता पार्वती, भूत, प्रेत, अघोरियों संग सैकड़ो झांकियो के साथ हजारो भगवा ध्वजो के साथ शामिल हजारो भक्त भोले के बाराती बनकर खूब झूमे नाचे। महाकाल के विग्रह स्वरूप की झांकी प्रमुख आकर्षण रही, जगह जगह भक्तों ने आरती कर भोलेनाथ का आशीर्वाद ग्रहण किया, हरदोई पुल पर महादेव और गौरा के जयमाला का भी कार्यक्रम सम्पन्न हुआ व लोगो ने पुष्प वर्षा की। भोलेबाबा की बारात में भूत प्रेत अघोरी, नंदी स्वरूप अपना आकर्षण अलग बिखेर रहे थे। नगर में भगवा ध्वज व शिवभक्तों का हुजूम चारो तरफ नजर आ रहा था व हर हर महादेव के उदघोष से शहर गूंजा। इस अवसर पर सदर विधायक पंकज गुप्ता के साथ कई विशिष्ट अतिथियों ने भी भोलेनाथ की आरती कर यात्रा का स्वागत किया। बड़ी संख्या में व्यापारी वर्ग ने भी यात्रा का स्वागत व प्रसाद वितरण किया। बारात में सभासद मुन्ना सिंह, हिन्दू जागरण मंच के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, प्रदेश अध्यक्ष अनीता द्विवेदी, वीरांगना वाहनी प्रमुख ज्योति राजपूत, कल्पना त्रिवेदी, पवित्रा उपाध्याय, दीपिका बाजपेई, विकास सिंह सेंगर, राघवेंद्र पांडेय, योगेंद्र तिवारी, राकेश राजपूत, सुनील भदौरिया, कमलेश बाजपेई, अभिषेक तिवारी, अलोक शुक्ल, धर्मेंद्र शुक्ल, केतन अवस्थी, मनीष मिश्रा, शिवम् आजाद, मुकेश दीक्षित, अंशु शुक्ला, विकास तिवारी, अलोक शुक्ला, अमूल्य बाजपेई सहित हजारो शिव भक्त मौजूद रहे।

- **नंदी पे सवार भोलेनाथ, भूत प्रेत, अघोरियों संग सैकड़ों झांकियों संग भोले बाबा की निकली बारात**

# मंदिरों में गूंजा हर-हर महादेव का उद्घोष



फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। स्थानीय क्षेत्र के शिवालयों मे महा शिवरात्रि का पर्व उल्लास पूर्वक मनाया गया। हर हर महादेव का उदघोष सुबह से शूरू हो गया। भक्तो ने मंदिरों में पूजा अर्चना की। फतेहपुर चौरासी क्षेत्र मे शुक्रवार को गौरीशंकर महादेव, मंगलेश्वर, रामेश्वर मंदिर, आनंदेश्वर मन्दिर, ऊगू के नीलकंठेश्वर महादेव आदि मंदिरों में सुबह से महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर पूजा अर्चना की गई।

जगह जगह शिवालयों मे रामचरितमानस का पाठ तथा हवन पूजन किया। कस्बा ऊगू मोहल्ला सोनिका में रामेश्वर महादेव मन्दिर मे प्रति वर्ष की भांति सुबह हवन पूजन आचार्य ऋषिकांत मिश्रा ने कराया तथा प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर पूर्व नगर अध्यक्ष अनुज कुमार दीक्षित, रमाशंकर तिवारी, आलोक तिवारी, रामचन्द्र तिवारी, विवेक तिवारी, आयुष चौरसिया, अंकुश चौरसिया, निशू करन, चौरसिया, शिवकुमार चौरसिया, पप्पू शर्मा संजय, भविष्य, अमर नाथ शुक्ला, मिट्ठू आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने एक अदद तमंचा व कारतूस के साथ एक व्यक्ति को बनाया बंदी

लहरपुर/सीतापुर। आगामी त्योहारों के चलते पुलिस द्वारा चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के तहत लहरपुर पुलिस ने एक व्यक्ति को एक अदद तमंचा व कारतूस के साथ बनाया बंदी। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह के



नेतृत्व में पुलिस टीम के द्वारा एक नाजायज असलहा 315 बोर व दो जिंदा कारतूस के साथ सूचना के आधार पर क्षेत्र के खेमकरण इंटर कॉलेज के पीछे जाने वाले मार्ग पर औन मोहम्मद निवासी मीरा टोला को जब जांच के लिए रोका गया तब उसके पास से पुलिस ने एक तमंचा 315 व दो कारतूस बरामद करने में सफलता प्राप्त की। कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह ने बताया कि बंदी बनाए गए अभियुक्त को आयुध अधिनियम की धारा 25 (1-ठ) के तहत चालान कर न्यायालय भेज दिया गया है।

# दुर्घटना में जान गंवाने वाले परिवार को बंधाया ढांढस



पाटन, उन्नाव। दो दिन पूर्व मनिकापुर निवासी दो जुड़वा भाई आदिल और अरबाज की मार्ग दुर्घटना में अत्यंत दुःखद निधन की कष्टकारी सूचना पर समाज सेवी पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह गांव मनिकापुर पहुँच कर दुखी परिवारजनों का दुःख साझा करके अपनी संवेदनाएं प्रकट की। परिवार पर पड़े वज्रपात को देखकर हर किसी की आंखे नम हो गयी। परिवार की इस अपार पीड़ा को देखकर घर पर एक छोटा बच्चा है बच्चे कि पढाई का सारा खर्चा पुष्प फाउंडेशन द्वारा उठाया जाएगा। इस आपार दुःख मे पुष्प फाउंडेशन आपके साथ है। ग्राम प्रधान माजिद, आर के सिंह, प्रखर सिंह, आशू सिंह, कमलेश यादव, मैनेजर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# लापता बच्ची का खेत में मिला कटा पैर और जबड़ा

सीतापुर। रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र मे 24 घंटे से लापता 5 साल की बच्ची का कटा पैर खेत में मिला। 100 मीटर की दूरी पर उसका जबड़ा भी पड़ा था। सूचना मिलते ही माता-पिता सरसों में खेत में पहुंचे। बेटी का कटा पैर देखकर बेहोश हो गए।

पुलिस जानवरों के शिकार के एंगल पर जांच कर रही है। ड्रोन से शरीर के अन्य अंगों की तलाश की जा रही है। घटना रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के बहादुरगंज गांव की है। बुधवार दोपहर घर से करीब 500 मीटर दूर शरीर के अंदर मिले हैं। ग्रामीणों ने खेत में मासूम का कटा पैर देख पुलिस को सूचना दी। फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड के साथ पुलिस मौके पर पहुंची। इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। घटनास्थल पर ग्रामीणों की भी भीड़ लग गई। बहादुरगंज गांव में मोहित मिश्रा अपने परिवार के साथ रहते हैं। ग्रामीणों से पूछताछ में पता चला कि मोहित की 5 साल की बेटी तानी मंगलवार शाम को खेलते-खेलते पड़ोस के गांव में पहुंच गई थी। इसके बाद उसका कुछ पता नहीं चला। मोहित का कहना है कि देर शाम तक जब बेटी घर नहीं लौटी तो उसकी तलाश शुरू की गई। ग्रामीणों और रिश्तेदारों के यहां खोजबीन की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। इसके बाद रामपुर मथुरा थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। बुधवार को कुछ ग्रामीण खेत में गए थे। वहां से लौटते समय सरसों के खेत में उन्होंने बेटी का कटा पैर देखा। सूचना मिलते ही हम लोग वहां पहुंचे। पैर और उसपर लिपटे कपड़े देखते ही समझ गए कि बेटी तानी की मौत हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही एएसपी और सीओ मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों को पहले बच्ची का पैरा मिला था। जब ड्रोन उड़ाकर सर्च किया गया तो बच्ची का जबड़ा मिला। इसके बाद पुलिस ने सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है। हालांकि अभी तक कोई और अंग नहीं मिला है। बच्ची के दादा रविन्द्र मिश्रा ने बताया, कल शाम 5 बजे से बच्ची लापता थी। काफी देर तक खोजबीन की, लेकिन वह नहीं मिली। सीतापुर के बड़े-बड़े अफसर बच्ची के अंगों की तलाश कर रहे हैं। हमारी गांव में किसी से रंजिश नहीं है। पुलिस ने बच्ची के पैर और जबड़े को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। क्षेत्र में कांबिंग की जा रही है। अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) प्रवीन रंजन सिंह ने बताया कि बच्ची के शरीर के कुछ अंग बरामद हुए हैं। वहीं शरीर के अन्य अंगों की तलाश की जा रही है। प्रथम द्दष्टया जंगली जानवर का शिकार होने की आशंका है। जांच कर रहे हैं।

## आर्यिका 105 विंध्य श्री माता जी का 31वां दीक्षा दिवस धूमधाम से मनाया गया

महमूदाबाद/सीतापरु। स्थानीय दिगम्बर जैन मंदिर में विराजमान आर्यिका 105 विंध्य श्री माता जी का 31वां दीक्षा दिवस धूमधाम से मनाया गया। दूर-दराज से पधारे सैकड़ो जैन धर्मावलम्बियों ने विधिवत पूजन अर्चन कर गुरू मां को बधाई दी। आर्यिका ने अपने उपदेश में लोगों को संयम पथ पर चलने और नई पीढ़ी में संस्कारों का बीजारोपण करने की बात कही। महमूदाबाद के सरावगी टोला स्थित दिगम्बर जैन मंदिर में आर्यिका 105 विंध्यश्री माता जी विराजमान है। बुधवार को आर्यिका का 31वां दीक्षा दिवस मनाने जैन श्रद्धालु मंदिर सभागार में उमड़े। सर्वप्रथम मंगलाचरण के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। महिलाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम और एकांकी प्रस्तुत किये। महमूदाबाद के अतिरिक्त फतेहपुर, बाराबंकी, लखनऊ और बहराइच से जैन धर्मावलम्बी कार्यक्रम में शामिल हुए। भक्तों ने आर्यिका का पाद प्रक्षाल, वस्त्र भेंट, श्रीफल आदि भेंटकर विधिवत पूजन अर्चन किया। आर्यिका विंध्यश्री माता ने प्रवचन करते हुए कहा कि जैन धर्म के प्रति लोगो की जिज्ञासा अधिक है। लोग अधिक से अधिक संख्या में इस धर्म के प्रति जानना और सीखना चाहते हैं।

# 44वें वार्षिकोत्सव पर कवि सम्मलेन का आयोजन

जिला संवाददाता(vol)




पाटन उन्नाव। शिवरात्रि के महापर्व के अवसर पर बाबा लोधेश्वर महादेव एवं संतोषी माता के 44 वें वार्षिकोत्सव पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की पुण्यतिथि पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें ओज, श्रृंगार, हास्य, व्यंग के कवियों ने कविता पाठ के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन के अंतर्गत ग्राम सभा भक्ति में बाबा लोधेश्वर महादेव एवं संतोषी माता मंदिर प्रांगण में शिवरात्रि महापर्व के 44 में वार्षिकोत्सव पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय पंडित गया दिन अवस्थी युवा स्वर्गीय पंडित वृंदावन स्वास्थ्य की पूर्ण स्मृति में विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गणेश नारायण शुक्ला स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया गया। कवि कमलेश शुक्ला की वाणी वंदना से कब सम्मेलन का आगाज हुआ। बाराबंकी से आए कवि दुष्यंत शुक्ला सिंह नादी ने कविता पाठ करते हुए कहा बुजदिल है वह मानो जिसमें देश प्रेम का ज्वार नहीं, वो कायर है जिसको अपनी मातृभूमि से प्यार नहीं। उन्नाव जनपद की माटी से आए कवि संजीव तिवारी पिंटू ने अपने कविता पाठ से खूब वह ही लूटी कविता कहते हुए कहा चल पछुआ बयरिया डोलि डोलि कै, रंगु छिन कति है हम पर घोलि-घोलि कै।

जनपद रायबरेली की माटी से पधारे हास्य व्यंग के मां सरस्वती के बरद पुत्र मधु श्रीवास्तव नर कंकाल ने कविता पाठ करते हुए कहा, संगम में कूदने वाले तेरी आंखों की गहराई में कूद गए, माला क्या बेचने आई बहुतों के हाथ से माला छूट गए कविता को श्रोंताओं ने खूब सराहा। वाई पी सिंह ने कविता पाठ करते हुए कहा परहित में रहने लगे जिनके दोनों हाथ, करता उन पर ही दया सदा त्रिलोकी नाथ। भारत सिंह सरल ने कविता पाठ करते हुए कुछ यूं कहा, न ही धन चाहिए न रतन चाहिए, नहीं गुलशन का कोई चमन चाहिए। बाराबंकी से आए कल संदीप अनुरागी ने कविता पाठ करते हुए कहा कि, अतना ज्यादा चोटानि छोटे, सब खाना पानी भूल है। कवि श्रेष्ठ रामेश्वर द्विवेदी प्रलयंकर ने ब्राह्मण कुलभूषण प्रेरणा श्रोत स्वर्गीय जागेश्वर प्रसाद स्वास्थी को संबोधित करते हुए कविता पाठ किया है। डॉ विनय भदौरिया तथा नरेंद्र आनंद, रामकरण सिंह मृदुल ने भी कविता पाठ किया जो खूब सराही गई। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता स्वामी ब्रह्मात्मानंद सरस्वती तथा संचालन कवि योगेंद्र प्रताप सिंह ने किया। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि डॉक्टर गणेश नारायण शुक्ला तथा अध्यक्ष सरस्वती जी ने संबोधित किया और कहा कि कवि सम्मेलन की यह परंपरा वर्षों पुरानी है जो आज भी जीवंत है जो समाज को एक दिशा देने का कार्य करती है। इस अवसर पर ब्राह्मण उत्थान समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक पांडे, शिक्षक रमेश सिंह, योगेश बाजपेई, सुधीर शर्मा, डॉक्टर महादेव प्रसाद, अभिषेक अस्वस्थी, विष्णु मोहन, सुरेश अवस्थी, वीरेंद्र अवस्थी, ओंकार, विकास, संजय मिश्रा, राकेश चंद रमेश चंद गिरी प्रताप सिंह बबलू सिंह आदि उपस्थित रहे। आए हुए अतिथियों का कवियों का अंग वस्त्र प्रतीक चिन्ह व मालिया पढ़कर आयोजक मंडल द्वारा स्वागत सम्मान किया गया।

# महाशिवरात्रि पर शिव मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़





सीतापुर। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर तैयारियां मंगलवार से चल रही थी। शिव मंदिर और शिवालियों को मंगलवार देर रात तक सजाया जाता रहा। जिला मुख्यालय पर बाबा श्यामनाथ मंदिर के द्वारा भोर के वक्त ही खोल दिए गए। यहां पर देर रात से ही शिव भक्तों का जमावड़ा लग गया था।

मंदिर के कपाट खुलते ही श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर दूध, जल, बेलपत्र, गन्ना, गेहूं की बाली, आम का बौर, भांग, धतूरा आदि चढ़ाया। पूरे श्रद्धाभाव से भगवान महादेव का जलाभिषेक किया। इसी तरह से शहर के बाबा जंगली नाथ मंदिर, ताड़कनाथ मंदिर आदि मंदिरों में पूजा अर्चना का दौर चलता रहा। नैपालपुर विश्वकर्मा मोहल्ले में स्थित भगवान शिव मंदिर में खैराबाद ब्लाक प्रमुख अजय विश्वकर्मा आदि ने पूजा अर्चना की। बिसवां में भगवान भोलेनाथ की भव्य बारात निकाली गई। जिसमें तरह-तरह की झांकियां शामिल थीं। भूत प्रेतों के बेस में चल रहे कलाकार नाचते गाते नजर आए। शोभायात्रा बेहद आकर्षक का केंद्र रही।

बिसवां के पत्थर शिवाला सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भर से देर शाम तक श्रद्धालु पूजा अर्चना में व्यस्त नजर आए। इसके अलावा कस्बे के अन्य शिव मंदिरों में भी पूजा अर्चना का दौर चलता रहा। सकरन के चकले बाबा मंदिर में भक्तों की भीड़ रही। लहरपुर संवाददाता के अनुसार क्षेत्र का सबसे प्रसिद्ध बाबा जंगली नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। बताया जाता है कि इस मंदिर का निर्माण 110 साल पहले हुआ था। अंग्रेज अधिकारी डब्लू सीजी डन ने अपनी मनोकामना पूरी होने पर इसका निर्माण कराया था। उन्हें नबीनगर कटेसर स्टेट की महारानी पृथ्वी पाल कुंवर का सहयोग मिला था। यह मंदिर पूरे साल श्रद्धालुओं के लिए आस्था का केंद्र बना रहता है। इसके अलावा सूर्यकुंड मंदिर, दयालु बाबा मंदिर, ओंकारेश्वर मंदिर और सतेश्वर महादेव मंदिर, श्री रामलीला मैदान स्थित रामेश्वरम मंदिर और भोलिया बाबा मंदिर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा की। खतराना चैराहा स्थित भोलिया बाबा मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया। यहां भगवान शिव का भव्य श्रृंगार किया गया। महिलाएं और बच्चे व्रत रखकर घरों और मंदिरों में पूजा-अर्चना कर रहे हैं। सभी पूजा स्थलों पर सुरक्षा के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है। नैमिषारण्य के देव देवेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। संदना के कैलाश आश्रम में श्रद्धालुओं की भारी जुटी रही। श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। इसी तरह से जिले के कमलापुर, सकरन, तंबौर, रेउसा, महोली, पिसावां आदि मन्दिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही।

संक्षेप

## एसपी देहात ने किया पुलिस चौकी का उद्घाटन

**सिरौली (बरेली)।** क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित कैलाश नाथ मणि पुलिस चौकी का बुधवार को एसपी देहात अंशिका वर्मा ने फीता काटकर उद्घाटन किया। महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर हुए इस कार्यक्रम के दौरान उन्होंने बाबा कैलाश गिरी पर जलाभिषेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया और स्थानीय जनता से संवाद किया। इस मौके पर उन्होंने आगामी होली और रमजान को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

बताया जाता है कि थाना सिरौली के वार्षिक निरीक्षण के दौरान क्षेत्र की जनता ने बरेली एसएसपी अनुराग आर्य से बाबा कैलाश गिरी की मणि पर पुलिस चौकी बनाने की मांग की थी। एसएसपी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए चौकी निर्माण के आदेश दिए। जिसके बाद कार्य शुरू कर दिया गया। महाशिवरात्रि के अवसर पर बुधवार को एसपी देहात ने इसका उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद एसपी देहात ने क्षेत्र की जनता से बातचीत की और कहा कि चौकी बनने से अब स्थानीय लोग खुद को अधिक सुरक्षित महसूस करेंगे। उन्होंने कहा कि यदि किसी को कोई समस्या होती है तो वे तुरंत पुलिस को सूचना दें। उन्होंने सभी से त्योहारों को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की और एक-दूसरे के धर्मों का सम्मान करने का संदेश दिया। स अवसर पर सीओ अंजनी कुमार तिवारी, थानाध्यक्ष रामरतन सिंह उपस्थित रहे।

# शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब



जिला संवाददाता(vol)

**बरेली।** बम-बम भोले और हर-हर महादेव के गगनभेदी जयकारों के साथ पूरा शहर शिवमय हो उठा। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर नाथ नगरी के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भोर से ही मंदिरों में जलाभिषेक और रुद्राभिषेक का सिलसिला जारी रहा। अलखनाथ मंदिर, त्रिवटीनाथ मंदिर, वनखंडीनाथ, मढ़ीनाथ, धोपेश्वरनाथ, पशुपतिनाथ और तपेश्वरनाथ मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें देखी गईं। हर तरफ श्रद्धा, भक्ति और शिव के प्रति अटूट आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। भक्तों ने व्रत रखकर दिनभर भगवान शिव की पूजा-अर्चना की और रात्रि जागरण में शिव महिमा का गुणगान किया। भोलेनाथ की भक्ति में डूबा बरेली सच में नाथ नगरी सा प्रतीत हो रहा था।महाशिवरात्रि की रात से ही मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना और शिव आराधना का दौर शुरू हो गया था। अलखनाथ मंदिर में आधी रात से ही भक्तों की कतारें लगनी शुरू हो गईं। त्रिवटीनाथ मंदिर को रंग-बिरंगे फूलों और आकर्षक रोशनी से भव्य रूप से सजाया गया जहां तड़के तीन बजे से जलाभिषेक प्रारंभ हुआ। श्रद्धालुओं ने गंगा जल, दूध, बेलपत्र, भांग, धतूरा और शहद से बाबा भोलेनाथ का अभिषेक किया।शहर के वनखंडी नाथ, मढ़ीनाथ, धोपेश्वरनाथ और तपेश्वर नाथ मंदिरों में भी शिव भक्तों का तांता लगा रहा। इन मंदिरों में रातभर भजन-कीर्तन के आयोजन चलते रहे। मंदिरों के बाहर लगे भंडारों में प्रसाद वितरण हुआ जहां शिव भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य अर्जित किया।इस बार महाशिवरात्रि पर शहर के प्रमुख मंदिरों को आकर्षक विद्युत सज्जा और फूलों से सजाया गया था। शिवालयों में सुंदर झांकियों और विशेष आरती का आयोजन किया गया।जिससे भक्तों की श्रद्धा और भी गहरी हो गई। मंदिरों के बाहर लगे मेले में भोलेनाथ की तस्वीरें, पूजन सामग्री और शिव से जुड़े प्रतीकों की दुकानों पर भक्तों की भीड़ नजर आई।महाशिवरात्रि पर बुधवार को भगवान शिव की भव्य बारात निकाली। यह बारात शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जिसका स्वागत करने के लिए चौराहों और तिराहों को फूलों और आकर्षक लाइटों से सजाया गया। बारात में शिव तांडव की झांकियां, नंदी पर विराजे शिव, भोलेनाथ के गण, डमरू वादकों की टोली लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। शिव भक्तों के उत्साह को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। मंदिरों के आसपास विशेष निगरानी रखी गयी ताकि श्रद्धालु बिना किसी बाधा के भोलेनाथ के दर्शन कर सकें।

### वामदेवेश्वर मंदिर में उमड़ी भक्तों की भारी भीड़

बांदा। महाशिवरात्रि के अवसर पर शिवालयों में पूजा-अर्चना के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। शहर के प्राचीन वामदेवेश्वर मंदिर में सुबह 3 बजे से ही भक्तों की भारी भीड़ पहुंचने लगी। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग का जलाभिषेक कर बेलपत्र, पुष्प, फल-फूल, भांग धतूरा आदि चढ़ाया। पूजा का सिलसिला देर रात तक चलेगा। सुबह से ही महिलाएं, पुरुष और बच्चे भगवान शिव के दर्शन के लिए कतार में खड़े होकर अपनी बारी का घंटों इंतजार करते रहे। वाम देव पर्वत मे स्थित यह प्राचीन मंदिर रामायण काल से आस्था का केंद्र रहा है। महर्षि वाम देव ने इसी पर्वत पर कठोर तपस्या कर भगवान शिव को प्रसन्न किया था। इसी दौरान पहाड़ की गुफा के अंदर शिवलिंग प्रकट हुआ था।

बांदा शहर का नाम भी महर्षि वाम देव के नाम पर पड़ा है। विद्वानों का मानना है कि यह शिवलिंग 12 ज्योतिलिंगों से भी प्राचीन है। पहले गुफा इतनी नीची थी कि लोगों को लेट कर दर्शन करने पड़ते थे। किंवदन्ती है कि प्रतिवर्ष गुफा एक जौ ऊंची होती जा रही है। अब श्रद्धालु खड़े होकर दर्शन करते हैं। प्रत्येक सोमवार को यहां श्रद्धालुओं का सुबह से रात तक तांता लगता है। महाशिवरात्रि पर बांदा और दूर दराज के हजारों भक्त आकर अपनी मनोकामनाएं पूरी करवाते हैं। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। डीएम जे रीभा और एसपी अंकुर अग्रवाल ने व्यवस्था का जायजा लिया।

एएसपी शिवराज, सीओ सिटी राजीव प्रताप सिंह, शहर कोतवाल पंकज सिंह, चौकी प्रभारी कालू कुआं, सी पी तिवारी, आशुतोष तिवारी, कालवन गंज चौकी प्रभारी के अलावा बड़ी संख्या में पुरुष व महिला, पुलिसकर्मी श्रद्धालुओं को दर्शन कराने मे सहयोग करते रहे। पुलिसकर्मी भीड़ में अराजक तत्वों पर पैनी निगाह बनाए रहे। शहर के अन्य प्रमुख मंदिरों व चौराहों मे पुलिस की चाक चौबंद व्यव्यवस्था रही।



## भाइयों में समझौता होते समय पड़ोसियों ने कर दी मारपीट



**ललितपुर।** थाना सौजना क्षेत्रांतर्गत ग्राम खिरिया भारन्जू में रहने वाले अमर लाल, कृष्ण कुमार पुत्रगण अनन्दीलाल ने जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र भेजा है। बताया कि विगत 24 फरवरी को रात करीब 10 बजे वह परिवार समेत घर पर था। जहां दोनों भाईयों में वातावरण को लेकर समझौता हो रहा था तभी पड़ौस में रहने वाले विशाल, विशेष पुत्रगण राजेश, राजेश व चक्रेश पुत्रगण गोरेलाल एकराय होकर आये और पुरानी रंजिश को लेकर घर का दरबाजा तोड़ते हुये घुस आये। आरोप है कि उक्त लोगों ने गालियां देते हुये लाठी-डण्डों से मारपीट कर दी। शोरगुल सुनकर बचाने आयी घर की महिलाओं में रूकमणि, राजकुमारी, बेटीबाई ने बीच-बचाव किया तो उनके साथ भी मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि उक्त लोग पहले भी उनके साथ मारपीट कर चुके हैं। मामले की सूचना थाना सौजना पुलिस को दी गयी, लेकिन कार्यवाही न होने से उक्त लोगों के हौंसले काफी बुलंद हैं। अब पीड़ित ने जिलाधिकारी से मामले की जांच करायी जाकर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

## राज्य महिला आयोग की सदस्य का चांदपुर गेस्ट हाउस में जनसुनवाई कार्यक्रम

**बिजनौर।** मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा ने सर्वसाधारण को सूचित करते हुए बताया है कि राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन बिजनौर में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीडित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने तथा आवेदक/आवेदिकाओं की सुगमता के दृष्टिगत लोक निर्माण विभाग-चांदपुर के गेस्ट हाउस में आज 27 फरवरी को 11 बजे पूर्वान्ह से महिला जन सुनवाई की जानी प्रस्तावित है। तत्पश्चात राज्य महिला आयोग की सदस्य संगीता जैन द्वारा महिला बन्दी गृह, बालका/बालिका गृह एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण भी किया जायेगा।

## विवाह रजिस्ट्रेशन की आपत्ति 18 मार्च तक स्वीकार होगी: एडीएम

**बिजनौर।** विशेष विवाह अधिकारी/अपर जिलाधिकारी बिजनौर ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरमन सिंह मंड पुत्र हजुर सिंह निवासी ग्राम मथुरापुर मोर बडिया पोस्ट चन्दनपुरा थाना व तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर बनाम गुरशरण प्रीत कौर पुत्री गुरमीत सिंह निवासी ग्राम अमीखानपुर पोस्ट बिजौरी थाना व तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर द्वारा विशेष विवाह के रजिस्ट्रीकरण के लिए न्यायालय के समक्ष प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त विवाह के रजिस्ट्रीकरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह नियत 18 मार्च, 2025 से पूर्व/तक किसी भी कार्य दिवस में न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति/साक्ष्य प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के बाद किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

# शोध पत्र लेखन में डॉ ब्रजेश को मिला पुरस्कार

जिला संवाददाता(vol)




**बांदा।** डॉ. बृजेश कुमार गुप्ता को ह्यपं. बाल गंगाधर तिलक शोध-पत्र लेखन प्रतियोगिता में ह्यगणेशीलाल शर्मा हुए पुरस्कृत। अंग्रेजी साहित्य की विभिन्न विधाओं में 10 पुस्तकें लिखने वाले शहर के प्रतिष्ठित साहित्यकार डॉ. बृजेश कुमार गुप्ता, जिन्हें 'मेवादेव' के नाम से भी जाना जाता है, को ह्यपं. बाल गंगाधर तिलक शोध-पत्र लेखन प्रतियोगिता में ह्यगणेशीलाल शर्मा ह्यप्राणेशह्व द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया है। पुरस्कार में प्रमाण पत्र, प्रतीक चिन्ह व 5100 रुपये धनराशि का चेक प्रदान किया गया है। यह पुरस्कार प्रज्ञा हिंदी सेवा संस्थान ट्रस्ट फिरोजाबाद द्वारा आयोजित षष्ठ अंतराष्ट्रीय प्रज्ञा सम्मान 2024 में किया गया। यह सम्मान समारोह बच्चू बाबा सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल फिरोजाबाद में आयोजित किया गया था।

डॉ गुप्ता को यह पुरस्कार पद्मश्री प्रो. उषा यादव, डॉ. इंद्रपाल गुर्जर व श्री तिलक भवन ट्रस्ट, फिरोजाबाद द्वारा प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन संस्था के संस्थापक व प्रबंध-सचिव कृष्ण कुमार 'कनक' व कार्यक्रम संयोजक डॉ. संध्या द्विवेदी विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग महात्मा गाँधी बालिका विद्यालय पी जी कॉलेज फिरोजाबाद द्वारा आयोजित कर देश विदेश के साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। इस समारोह में देश विदेश के प्रमुख साहित्यकारों में प्रेरणा आर्यनयक, मारिशस, आर एन तिवारी महाप्रबंधक, भारतीय ज्ञानपीठ, शिव प्रकाश, रचना उनियाल, आर बी चौबे, डॉ इंदु गुप्ता, राघवेंद्र जादौन आदि उपस्थित रहे। डॉ. बृजेश के कृतित्व की समस्त साहित्यकारों ने सराहना की व उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी। हाल ही में बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के अंतर्गत अतर्रा पी जी कॉलेज बाँदा के एम एड के छात्र मान सिंह द्वारा डॉ. बृजेश के शैक्षिक व साहित्यिक कार्यों पर एक लघु शोध भी लिखा गया है।शोध-पत्र लेखन प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त करने डॉ. बृजेश वर्तमान में वर्ल्ड यूनियन ऑफ पोएट्स, इटली के सेक्रेटरी जनरल हैं। आप इतालवी पुरस्कार '11वें अंतर्राष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार ₹सिटा डेल गैलेटियो-एंटोनियो डी फेरारीस₹ 2024' के विजेता हैं। 2023 में, उन्हें सर्बिया में प्रतिष्ठित ₹अपोलोन सिरमिएन्सिस₹ अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार मिला। सर्बिया, हैती, नाइजीरिया और ब्राजील की संस्थाओं से डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्राप्त करने वाले डॉ. बृजेश के सम्मान में अफ्रीकी देश बिरलैंड ने पहले ही डाक टिकट जारी किया है। वे अपने प्रथम ट्रस्ट के अंतर्गत तीन अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आयोजित कर चुके हैं और वर्तमान में एस.के. महाविद्यालय, जैतपुर, महोबा में प्राचार्य पद पर आसीन हैं। डॉ. बृजेश ने यह सम्मान समस्त शिक्षाविदों, शहर के साहित्यकारों, अपने परिवार और कॉलेज को समर्पित किया है।

# यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन शिक्षकों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं करेगा: भानु प्रताप

जिला संवाददाता(vol)

**बरेली।** बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षकों की समस्याओं के निदान के लिए शिक्षक समाधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जिले भर के शिक्षकों ने अपनी अपनी विभागीय समस्याओं पर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम का आयोजन यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन ( यूटा ) की जिला इकाई ने किया। शिक्षक समाधान का आयोजन सिविल लाइंस स्थित सेठ दामोदर स्वरूप पार्क में किया गया। यूटा के जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह के नेतृत्व में शिक्षक समाधान दिवस लगाया गया। जिसमें विभिन्न ब्लॉकों के शिक्षकों की समस्याओं को सुना गया और उनके प्रत्यावेदन लिए गए। संगठन के जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने कहा कि अब यूटा हर माह ऐसे ही शिक्षक समाधान दिवस आयोजित करेगा। जिसमें शिक्षकों की समस्याएं सुनकर 15 दिन के अंदर उनकी समस्या समाधान करने के लिए तत्पर रहेगा। तीन दर्जन से अधिक शिक्षकों ने अपनी समस्याओं का लिखित प्रत्यावेदन जिला अध्यक्ष को सौंपा।

जिसमें प्रमुख समस्याओं में चयन वेतनमान अवशेष एरियर, अवरुद्ध वेतन, अपार आईडी इत्यादि को लेकर बेवजह वेतन अवरुद्ध इत्यादि समस्याएं रही। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ खंड शिक्षा अधिकारी निरीक्षण के नाम पर उगाही करने का कार्य कर रहे हैं जिनके निरीक्षण का समय सुबह 9:00 के आसपास एवं दोपहर में 3:00 बजे रहता है जिसका एकमात्र उद्देश्य पैसा कमाना है ना की शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करना। जबकि जिलाधिकारी ने अधिकारियों की मीटिंग में स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि 10 मिनट तक की देरी तक किसी भी शिक्षक को प्रताड़ित नहीं किया जाएगा। सिंह ने कहा कि किसी भी शिक्षक का शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा यदि कोई अधिकारी बेवजह शिक्षकों को परेशान करेंगे तो उनके लिए यूटा खुली चुनौती दे रहा है कि अपनी कार्यशैली में सुधार कर लें अन्यथा यूटा की अपनी कार्यशैली है जिसमें वह पीछे नहीं हटेगा।

इस मौके पर जिला महामंत्री हरीश बाबू कोषाध्यक्ष हेमंत कुमार वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजपाल्याल हेमंत कुमार, जिला उपाध्यक्ष सत्येंद्र पाल सिंह, रवि कुमार, रमेश मौर्य, हेमंत मौर्य, वीरेंद्र कुमार अर्पण कुमार, प्रदीप यादव, अभिषेक कुमार सिंह, विनोद कुमार, अंकित राज, जसवीर, राजेश कुमार, सुरेंद्र पल, अशोक कुमार, धर्मेंद्र गंगवार, रीटा बत्रा, प्रीति राणा, मो. आलम,रामकिशोर, शांति स्वरूप, सुंदर लाल सागर,अतिराज सिंह, रोशन लाल, दिनेश मौर्य, धर्मपाल गंगवार, शीतल मौर्य, कृष्णपाल, सत्यवीर पाल, प्रदीप वर्मा, शशिकांत, अरविंद सक्सेना, जय सिंह, नीतू रानी शर्मा, पूनम मिश्रा उपस्थित रहे।

## लोकतंत्र सेनानियों की सम्मान राशि में वृद्धि की जाएं: संजीव अग्रवाल

**बरेली।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में बजट के दौरान चर्चा करते हुए कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने प्रदेश के लोकतंत्र सेनानियों की सम्मान राशि में वृद्धि करने की मांग को लेकर सुविधा देने की बात भी उठाई। उन्होंने महाकुंभ को लेकर प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी की भी जमकर तारीफ की। बजट पर बोलते हुए उन्होंने कहा की सभी वर्गों का इसमें ध्यान रखा गया है। उन्होंने यह भी मांग उठाई की चार धाम की यात्रा में जाने वालों को हवाई जहाज की सुविधा भी प्रदान की जाए। शहर में बने सेटेलाइट बस अड्डे को आधुनिक सुविधाओं से युक्त करने का मुद्दा भी उठाया।

## स्थापना दिवस मनाये जाने के लिए होंगी प्रतियोगिताएं



**ललितपुर।** 01 मार्च सन् 1974 में ललितपुर जनपद की स्थापना हुयी थी। जनपद के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपरान्त जिलाधिकारी द्वारा जनपद स्थापना दिवस मनाये जाने हेतु बेसिक शिक्षा विभाग में संचालित प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, सहायता प्राप्त मान्यता प्राप्त कक्षा 01 से कक्षा 08 तक के समस्त विद्यालयों में 24 से 27 फरवरी 2025 तक न्याय पंचायत स्तर पर स्थापना दिवस के अवसर पर प्रतिस्पर्धा प्रतियोगिताएं जिनमें निबन्ध, भाषण एवं चित्रकला आदि बाल प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया जायेगा। 28 फरवरी 2025 को विकास खण्ड स्तर पर प्रतियोगिता में 03 छात्रों का चयन किया जायेगा। 28 फरवरी व 01 मार्च 2025 को जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक विकासखण्ड से खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा विजेता, चयनित 03 छात्र-छात्राओं को पुरुस्कृत किया जाना है। उक्त के क्रम में जनपद में संचालित प्रा.वि., उ.प्रा. विद्यालयों का बीएसए द्वारा 28 फरवरी 2025 को प्रतियोगिताओं का आकस्मिक प्रा.वि. कछयाना दावनी विकासखण्ड जखौरा का निरीक्षण किया गया। विद्यालय में कार्यरत प्रीति श्रीवास्तव इ.प्र.अ., प्राथमिक विद्यालय कछयाना दावनी, विकास खण्ड जखौरा द्वारा छात्र-छात्राओं द्वारा चित्रकला, निबन्ध एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा था। बच्चों द्वारा अनेक प्रकार की सुन्दर चित्रकला, निबन्ध एवं भाषण का कार्यक्रम सम्पन्न किया गया।

# ड्रिंक-ड्राइव, क्षमता से अधिक सवारी, ब्लैक फिल्म के खिलाफ चलाया गया अभियान

**ललितपुर।** क्षेत्राधिकारी यातायातकृष्ण कुमार मिश्रा के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात आलोक कुमार तिवारी द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस ललितपुर द्वारा शहर के

● यात्री बस को सीज किया गया

प्रमुख चैराहों पर ड्रिंक-ड्राइव, ब्लैक फिल्म, मोडिफाइड साइलेंसर, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट के खिलाफ अभियान चलाया गया और आम जनमानस को यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक किया ।

यथा- दो पहिया वाहन पर चालक और पीछे बैठी सावरी अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाएं, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाएं, निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाना, नशे की हालत में वाहन न चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें, सीट बेल्ट अवश्य बांधे, मोडिफाइड साइलेंसर न लगवाएं, लेन ड्राइविंग का पालन करें के अंतर्गत 33 वाहनों का एम. वी. एक्ट की विभिन्न धाराओं में चालान करते हुए 1 यात्री बस को सीज किया गया।



## सीडीओ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक

बहराइच 26 फरवरी। उद्यमियों एवं व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उददेश्य से मंगलवार को देर विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र की अध्यक्षता में जिला निर्यात समिति, एम.ओ.यू..क्रियान्वयन समिति एवं उद्योग बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न हुई।एम.ओ.यू. क्रियान्वयन की समीक्षा के दौरान उपायुक्त उद्योग ने बताया कि ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट 2023 से अब तक जनपद बहराइच हेतु निवेशकों द्वारा कुल 229 एम.ओ.यू. हस्ताक्षरित हुए हैं। जिनका निवेश मूल्य रू. 5181.22 करोड़ है। जिसके सापेक्ष इन्वेस्ट यू.पी. द्वारा निवेश सारथी पोर्टल पर रू. 2783.74 करोड़ लागत के 166 एम.ओ.यू. अपलोड किये गये थे, जिसका सत्यापन उद्यमी मित्र तथा जिलाधिकारी के स्तर से पूर्ण हो गया है जो ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी हेतु जनपद को आवंटित लक्ष्य रू. 2500.00 करोड का लगभग 111 प्रतिशत है। उन्होने बताया कि ग्राउण्ड बेक्रिंग सेरेमनी हेतु अब तक 118 इकाईयां क्रियाशील हो गयी है। अवशेष इकाईयों की स्थापना सम्बन्धी कार्यवाही प्रगति पर है।

निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदन पत्रों पर चर्चा के दौरान बताया गया कि 01 अप्रैल से 25 फरवरी 2025 तक 3309 आवेदन निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त हुए है जिसके सापेक्ष 2993 आवेदन स्वीकृत, 206 आवेदन पत्र निरस्त एवं 61 आवेदन पत्र अण्डर क्वेरी तथा 38 आवेदन पत्र समय अन्तर्गत लम्बित हैं। सीडीओ श्री चन्द्र ने सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिया कि लम्बित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित कराएं साथ ही निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से अधिक से अधिक आवेदन कराएं। उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिया गया कि एम.ओ.यू. के माध्यम से निवेश को बढ़ायें तथा सम्बन्धित विभागों के साथ समन्वय कर अवशेष को ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार करें और जो एमओयू रेडी हैं उनका क्रियान्वयन शीघ्र कराया जाय। सीडीओ श्री चन्द्र समिति के सदस्यों, अधिकारियों, व्यापारियों एवं उद्यमियों से अपील की कि पीएम सूर्य घर योजना अन्तर्गत सोलर पैनल अवश्य लगवाये।

उद्योग बन्धु अन्तर्गत ग्राइंडेड राइस व पोषक तत्वों के मिश्रण की प्रॉसेसिंग करके एफ.आर. फोर्टिफाइड राइस कर्नेल का निर्माण करने वाली नवीन इकाई मेसर्स श्याम जे.पी. शकुन्तला इंडस्ट्रीज, बहराइच को पूंजीगत अनुदान दिलाये जाने के सम्बन्ध में जिला उद्यान अधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रकरण शासन स्तर पर विचाराधीन है। माह मार्च 2025 तक प्रकरण निस्तारित होने की सम्भावना है। इसी प्रकार बीपीसीएल द्वारा सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन हेतु पाईपलाइन बिछाये जाने से सम्बन्धित प्रकरण में नगर निकाय को निर्देश दिया गया कि संस्था द्वारा आवश्यक प्रपत्र एवं वार्डवार ड्राइंग उपलब्ध कराने पर समय अन्तर्गत नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। उद्योग विभाग द्वारा संचालित स्वरोजगार योजनाओं पर चर्चा के दौरान सीडीओ श्री चन्द्र ने लीड बैंक प्रबन्धक को निर्देश दिया कि बैंकों से समन्वय कर लम्बित पत्रावलियों का निस्तारण यथाशीघ्र सुनिश्चित कराया जाय ताकि आकांक्षी जनपद के युवकों को रोजगार से जुड़ने का अवसर मिल सके।

## रक्तदान व स्वास्थ्य परीक्षण शिविर सम्पन्न



**ललितपुर।** जिला जज/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आलोक कुमार पाराशर की अध्यक्षता में सभागार कक्ष में रक्तदान एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद, अन्य चिकित्सकगण, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय नन्दप्रताप ओझा, पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण अरविन्द कुमार, स्थाई लोक अदालत अध्यक्ष सूबेदार सिंह, एडीजे एस.सी.एस.टी. एक्ट सुनील सिंह, एडीजे द.प्र.क्षे. लोकेश कुमार, एडीजे/सचिव यशवन्त कुमार सरोज सीजेएम विभान्शु सुधीर, सिविल जज सी.डि. मयंक जायसवाल, सिविल जज सी.डि. एफ.टी.सी. रविशंकर गुप्ता, सिविल जज जू.डि. अदिति जैन के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे। उपस्थित समस्तगण ने अपने-अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कराया तथा इच्छुक लोगों द्वारा रक्तदान किया गया।

## जिलाध्यक्ष बने फूल सिंह यादव, मंत्री विश्वनाथ

**ललितपुर।** राजस्व संग्रह अमीन संघ की नई कार्यकारिणी के गठन के लिए चुनाव अधिकारी लक्ष्मीप्रसाद यादव, अनुराग पटेरिया, पुरुषोत्तम नारायण की देख रेख में निर्विरोध चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें सर्व सम्मति से जिला अध्यक्ष फूलसिंह यादव, जिला मंत्री विश्वनाथ शर्मा, जिला उपाध्यक्ष रामसेवक दोहरे, रामसेवक प्रजापति, कोषाध्यक्ष लेखा निरीक्षक आफताब आलम एवं संगठन मंत्री बाबूलाल को निर्विरोध चुना गया। तत्पश्चात चुनाव अधिकारियों ने पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। अंत में सभी ने एक दूसरे को बधाई दी।

# उद्योग बंधुओं से जुडे मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें: जिलाधिकारी



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बंधु समिति, जिला निर्यात समिति, एम0ओ0यू0 क्रियान्वयन तत्र, पी0एम0 विश्वकर्मा योजना, पी0एम0 गति शक्ति नेशनल मास्टर प्लान एवं मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की बैठक आयोजित हुई।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बीते दिन बैठक में निर्देश दिए कि औद्योगिक विकास में गतिशीलता लाने के उद्देश्य से उद्यमियों के सम्मुख आने वाली समस्याओं का प्राथमिकता एवं तत्परता के साथ निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि जनपद का औद्योगिक विकास ओर अधिक तेजी से आगे बढ़ सके। उन्होने निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित विभागीय प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये लंबित प्रकरणों को जल्द से जल्द निस्तारण करना सुर्निनिश्चत करें। उन्होंने मुख्य मंत्री युवा उधमी विकास अभियान के अन्तर्गत बैकों को निर्देश दिये कि पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों की गुणवत्ता पूर्वक जांच करते हुए सही प्रकार से स्वीकृत करना सुनिश्चित करें जिससे कि योजना का लाभ अधिक से अधिक लाभार्थियों को प्राप्त हो सके। उन्होंने एम0ओ0यू0 क्रियान्व्यन तंत्र की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में हस्ताक्षरित एमओयू को यथाशीघ्र धरातल पर लाने तथा उन्हें यथाशीघ्र उत्पादनरत बनाने के लिए प्रयास करें। साथ ही उन्होंने लंबित एमओयूस विवरण के संबंध में उपायुक्त उधोग को बैठक आयोजित कराने के निर्देश दिए। उद्योग बंधुओं द्वारा बैठक में उद्योग हित के साथ जनहित से जुड़े कई मसले जैसे सड़क, परिवहन, स्वास्थ्य, बिजली, स्वच्छता, पर्यटन, भूमि आदि से जुड़े मसले उठाए गए, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा संबंधित को जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, उपायुक्त उद्योग अमित कुमार सहित जिले के उद्योग बन्धु एवं व्यापार बन्धु विकास कुमार अग्रवाल, मुनिश त्यागी, नितिन अग्रवाल सहित अन्य उद्योग बन्धु मौजूद थे।

# अंतहीन किसान आंदोलन

पंजाब के किसानों का आंदोलन ऐसा लगता है अब कभी न खत्म होने वाला इवेंट बन गया है। 2020 में जब किसान आंदोलन की शुरुआत हुई थी, तो इस आंदोलन की मांग तीन कृषि कानूनों को वापस लेने की थी, लेकिन जैसे-जैसे सरकार किसान आंदोलन के कर्ता धर्ताओं के साथ बातचीत को आगे बढ़ती गयी, वैसे-वैसे किसान संगठनों की मांगों की फेहरिश्त भी लंबी होती गयी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान संगठनों की मांगों के सामने सिर झुकाते हुए तीनों कृषि कानूनों को वापस ले लिया फिर भी आंदोलन जारी रहा। अब एमएसपी की गारंटी, सभी फसलों पर एमएसपी की मांग आदि एक-एक कर मांगें और आंदोलन बढ़ता ही जा रहा है। यह गंभीर चिंता की बात है क्योंकि पंजाब संवेदनशील राज्य है और इस तरह का निरंतर आंदोलन ठीक नहीं है। सरकार भी इस आंदोलन और इनकी मांगों पर कोई स्पष्ट फैसला नहीं कर पा रही है। आखिर केंद्र सरकार और आंदोलन कर रहे किसान संगठनों के बीच सहमति कब बनेगी? केंद्र सरकार स्पष्ट कब करेगी कि वह न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी देगी अथवा नहीं? सरकार और किसानों के बीच बीसियों बैठकें हो चुकी हैं। मौजूदा दौर की यह छठी वार्ता थी, जो बेनतीजा ही रही। अब वार्ता केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह कर रहे हैं। उनसे पहले



नरेन्द्र तोमर इस पद पर थे। उन्होंने भी किसानों के अलग प्रतिनिधियों के साथ कई दौर की बेनतीजा बैठकें की थीं। फिलहाल संयुक्त किसान मोर्चा की अगुआई में 13 फरवरी, 2024 से किसान चल रहा है। शंभु बॉर्डर तथा हरियाणा में जींद से सटे खनौरी बॉर्डर पर किसान संगठन एक साल से अधिक समय से धरना दिए हुए हैं। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल बीती 26 नवंबर से आमरण अनशन पर हैं और मेडिकल ऐड जरूर ले रहे हैं, ताकि जिंदा रहकर आंदोलन जारी रख सकें। कृषि मंत्री समेत अन्य मंत्रियों ने भी उनसे अनशन समाप्त करने का अनुरोध किया, लेकिन किसान नेता की एक ही बुनियादी मांग है कि सरकार फसलों के एमएसपी की कानूनी गारंटी दे। पहले दिल्ली बॉर्डर पर भी किसान आंदोलन करीब 378 दिन चला था और अब भी 374 दिन बीत चुके हैं। दिल्लीवाला आंदोलन प्रधानमंत्री मोदी के इस आश्वासन के बाद वापस लिया गया था कि सरकार एमएसपी को प्रभावी बनाएगी। इस संदर्भ में अब तक सरकार ने क्या किया और एमएसपी की गारंटी को लेकर सरकार की क्या मंशा है, इसे स्पष्ट होना चाहिए। इस संदर्भ में एक कमेटी जरूर बनाई गई थी, जिसकी 6 बड़ी बैठकें हो चुकी हैं। छोटी बैठकें तो कई हुई हैं, लेकिन बैठकों के निष्कर्ष क्या रहे, आजतक उनका सार्वजनिक खुलासा नहीं किया गया। आखिर इस तरह की बातचीत का क्या मतलब है जो हमेशा बेनतीजा ही रहे? एमएसपी का मुद्दा बहुत पुराना है और कमोवेश हर प्रधानमंत्री के सामने आया है। 1966 में पहली बार यह सामने आया था, जब इंदिरा गांधी देश की प्रधानमंत्री थीं। उनके बाद मोरारजी देसाई, चरण सिंह, फिर इंदिरा गांधी, राजीव गांधी से होते हुए वाजपेयी, डॉ. मनमोहन सिंह तक के सामने भी यह प्रमुख रूप से उठा, लेकिन अब तक सुलझ नहीं सका है। यदि यह सुलझ नहीं सकता, तो फिर इस मुद्दे को खत्म कर देना चाहिए। बेवजह की बातचीत क्यों की जा रही है? पीएम मोदी बीते 11 सालों से पद पर हैं। उनके दौर में भी एमएसपी की कानूनी गारंटी का मुद्दा पुरजोर उठाया जाता रहा है। आखिर यह मुद्दा कितना पेचीदा है, जो सुलझ ही नहीं पा रहा है और लटका हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी का किसानों की आय 2022 तक दोगुनी करने का वायदा था, लेकिन इस पर सरकार पूरी तरह सफल नहीं हुई। आज किसानों की स्थिति पहले से भी अधिक खराब है। किसानों पर 21 लाख करोड़ रुपये का कर्ज है। किसान कर्जमाफी की कई योजनाएं आयीं लेकिन फिर भी किसान कर्जदार रहे। ऐसे में सरकार को कोई ठोस योजना बनाकर किसानों की आर्थिक प्रगति को आगे बढ़ाना चाहिए और आये दिन हो रहे किसान आंदोलन को भी सार्थक संवाद और ठोस योजनाओं के जरिए खत्म करने का प्रयास करना चाहिए।

विचार

जो ब्रह्म है जो सबसे महान है, उसी को मनुष्य के सामने रखने से उसके मन को सांत्वना प्राप्त हो सकती है।

–रवीन्द्रनाथ ठाकुर.

निश्चय पर पहुंचना ही विचार का उद्देश्य है और जब किसी बात का निश्चय हो जाये तो उस पर अमल करने में देर करना भूल है।

–तिरुवल्लुवर.

जो कुछ भी तुम आज कर सकते हो, उसको कल के भरोसे पर कभी मत छोड़िये।

–फ्रेंकलिन.

एक बार जो भूल हो गयी उसे हृदय से बुरा समझकर पुनः कदापि न करना चाहिए, इसके लिए सतत् प्रयत्नशील होकर अपनी गलती को जड़ से उखाड़ फेंक देना चाहिए।

–मुनि गणेश वर्णी.

शारीरिक क्षमता से बल प्राप्त नहीं होता, वह तो अदम्य इच्छा शक्ति से मिलता है।

–महात्मा गांधी.

# विधायी सदनों में लौटेगा सार्थक संवाद का दौर



विजय कपूर

सदन में सदस्यों से उम्मीद की जाती है कि वह एकदूसरे का पूर्ण आदर व सम्मान करें। यह उम्मीद मात्र परम्परा या औपचारिकता ही नहीं है बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया की प्रभावी कार्यवाही के लिए जरूरी भी है। इससे डिबेट्स व चर्चाओं का उत्पादक होना सुनिश्चित होता है, फोकस मुद्दे पर ही रहता है और कार्यवाही संस्था की गरिमा के अनुरूप संचालित होती है।

ऐतिहासिक निर्णय देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने 25 फरवरी 2025 को बिहार विधान परिषद के 26 जुलाई 2024 के फैसले को पलट दिया है, जिसके तहत राजद के नेता सुनील कुमार सिंह को सदन से बर्खास्त कर दिया था, क्योंकि उन्होंने उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नकल (मिमिक्री) उतारते हुए उनका मजाक उड़ाया था। न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायाधीश एन कोटिश्वर सिंह की खंडपीठ ने सदन के फ्लोर पर और एथिक्स कमेटी के समक्ष राजद के मुख्य व्हिप सुनील कुमार सिंह के आचरण की कड़ी आलोचना की, लेकिन उनको दी गई सजा को 'अत्यधिक व असंगत' घोषित करते हुए उनकी बर्खास्तगी को निरस्त कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने सुनील कुमार सिंह की सदन की सदस्यता तो बहाल कर दी है, लेकिन निलंबन अवधि के दौरान का वेतन या कोई अन्य आर्थिक लाभ उन्हें नहीं दिया जायेगा। गौरतलब है कि इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने एमएलसी की बर्खास्तगी के कारण रिक्त हुई सीट के लिए चुनाव आयोग द्वारा उपचुनाव कराने के फैसले पर रोक लगा दी थी। सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय कई मायनों में महत्वपूर्ण है। यह इस सिद्धांत कि सजा अपराध से असंगत नहीं होनी चाहिए में और सदन में शिष्टाचार व उचित आचरण की आवश्यकता में संतुलन स्थापित करता है। खंडपीठ ने कहा, संसद या विधानसभा की कार्यवाही के दौरान आक्रमकता व बदतमीजी के लिए कोई जगह नहीं है।

सदन में सदस्यों से उम्मीद की जाती है कि वह एकदूसरे का पूर्ण आदर व सम्मान करें। यह उम्मीद मात्र परम्परा या औपचारिकता ही नहीं है बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया की प्रभावी कार्यवाही के लिए जरूरी भी है। इससे डिबेट्स व चर्चाओं का उत्पादक होना सुनिश्चित होता है, फोकस मुद्दे पर ही रहता है और कार्यवाही संस्था की गरिमा के अनुरूप संचालित होती है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा बिहार के एमएलसी की बर्खास्तगी को निरस्त करना न केवल उचित है बल्कि इसके विस्तृत प्रभाव होने जा रहे हैं। अदालत का कहना है कि सजा 'प्रतिकार' का औजार नहीं है। यह बात केवल वर्तमान न्यायिक संदर्भ में ही प्रासंगिक नहीं है बल्कि सम्पूर्ण राजनीति व सरकारों के लिए उचित है। यह



चिंतन

सही है कि सुनील कुमार सिंह का सात माह से अधिक बर्खास्त रहना असाधारण था कि चुनाव आयोग ने उनकी रिक्त सीट पर उपचुनाव भी घोषित कर दिया था, जिस पर अदालत ने रोक लगायी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट के अनुसार उनका आचरण 'घिनौना' था और 'परिषद के सदस्य के अनुरूप न था।' सच में, एक प्रकार का भौंडापन राजनीतिक वार्ता में आ गया है जो बिना रोक टोक के निरंतर बढ़ता ही जा रहा है। यह पतन संसद से लेकर विधानसभाओं तक जग जाहिर है। बिहार के एमएलसी द्वारा की गई टिप्पणी से अधिक भद्दी, वीभत्स व वास्तव में आपत्तिजनक बातें संसद और विधानसभाओं में की जाने लगी हैं और किसी के कान पर जूं नहीं रेंगती। यही वजह है कि अत्यधिक वीभत्स टिप्पणी, विशेषकर महिलाओं के खिलाफ, करने के बावजूद आज तक किसी सांसद या विधायक के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही नहीं हुई है। चर्चाओं का स्तर कितना गिर गया है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पिछली लोकसभा का जब नये संसद भवन में पहले विशेष सत्र हुआ था, तो दक्षिण दिल्ली से बीजेपी के सांसद रमेश बिधूड़ी ने अमरोहा से बसपा सांसद दानिश अली के विरुद्ध जिस अपमानजनक व आपत्तिजनक भाषा बल्कि गालियों का प्रयोग किया था, वह वास्तव में हेट स्पीच के दायरे में थी।

रमेश बिधूड़ी की इस अशोभनीय हरकत से संसद की गरिमा को तो ठेस पहुंची ही थी, पूरा देश भी शर्मसार हुआ था। लेकिन इससे भी अधिक निंदनीय यह था कि जिस समय रमेश बिधूड़ी हाउस के फ्लोर पर अपशब्दों का प्रयोग कर रहे थे तो उन्हें चुप कराने की बजाय बीजेपी के दो वरिष्ठ सांसद व पूर्व मंत्री रविशंकर प्रसाद व डा. हर्षवर्धन न सिर्फ हंस रहे थे बल्कि डेस्क थपथपा कर उन्हें प्रोत्साहित कर रहे थे। भारत के संसदीय इतिहास में रमेश बिधूड़ी की यह शर्मनाक हरकत अप्रत्याशित थी। लेकिन अफसोस! रमेश बिधूड़ी के खिलाफ कोई अनुशासनात्मक कार्यवाही नहीं हुई थी।

बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट ने अब कहा है कि सदन के अंदर बोलने के अधिकार का अर्थ यह नहीं है कि साथी सदस्यों, मंत्रियों या चेयर का अपमान किया जाये, उन्हें नीचा दिखाया जाये या उन्हें बदनाम किया जाये। यहां यह बताना आवश्यक है कि सदन में जो कुछ कहा जाता है उसे अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती। अलबत्ता उसे स्पीकर के आदेश से सदन की कार्यवाही की रिकॉर्डिंग से निकाला जा सकता है। वैसे सदन की चर्चाओं व डिबेट्स में जो पतन आया है, उसका सबसे दुखद पहलू यह है कि राजनीति से हास्य व्यंग्य की कला लुप्त हो गई है। एक समय था जब सदन में सदस्य अच्छी भावना से एक दूसरे की चुटकी लिया करते थे और अगले दिन के अखबार में वह बॉक्स आइटम बन जाया करती थी। मजाक, हास्य-व्यंग्य के यह बेतकल्लुफ बाण केवल सदन में ही नहीं चलते थे बल्कि अखबारों में कार्टूनिस्ट और व्यंगकार भी चलाया करते थे। शंकर या लक्ष्मण जब सरकार पर कोई गहरा व्यंग्य बाण अपने कार्टूनों में चलाते थे तो बड़े-बड़े नेता और मंत्री स्वयं उन्हें फोन करके उनकी कला की प्रशंसा किया करते थे। हरिशंकर परसाई, केपी सक्सेना, दिलीप सिंह या फिक्र तौंसवी जैसे व्यंग्यकारों को कोई सियासतदां अपना दुश्मन नहीं समझता था। सदन में भी गंभीर चर्चाओं के दौरान पक्ष व विपक्ष में दिलचस्प व आलोचनात्मक मजाक हो जाया करता था, जिसका हर कोई आनंद लिया करता था, बुरा मानने की तो बात ही न थी। मसलन, 2011 में जब संसद में विकीलीक्स केबल को लेकर हंगामा हो रहा था तो विपक्ष की नेता सुषमा स्वराज ने प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह पर हमला बोलते हुए कहा था, 'तू इधर उधर की न बात कर, ये बता कि काफिला क्यों लुटा / हमें रहजनों से गिला नहीं, तेरी रहबरी का सवाल है।' इसके जवाब में मनमोहन सिंह ने कहा था, माना कि तेरी दीद के काबिल नहीं हूं मैं / तू मेरा शौक देख, मेरा इंतजार देख।

इसी तरह 2013 में भी जब राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस हो रही थी तो इन दोनों नेताओं में शायराना नोक-झोंक हुई थी। तब मनमोहन सिंह ने बीजेपी पर निशाना कसते हुए कहा था, 'हमको उनसे है वफा की उम्मीद / जो नहीं जानते वफा क्या है।' इसका पलटवार करते हुए सुषमा स्वराज ने कई शेर पढ़े थे, जिनमें से एक यह भी था, 'तुम्हें वफा याद नहीं / हमें जफा याद नहीं, जिंदगी और मौत के दो तराने हैं / एक तुम्हें याद नहीं, एक हमें याद नहीं।' लेकिन अब तो देशभर में आवश्यकता से अधिक छुई-मुई के पौधे हो गये हैं। पुरुष व महिला राजनीतिज्ञ जो हल्के फुल्के मजाक पर भी इतना बुरा मान जाते हैं कि जेल में डालने की केवल धमकी ही नहीं देते बल्कि डलवा भी देते हैं। अब तो अखबारों में कार्टून प्रकाशित होना लगभग बंद हो गये हैं। हास्य-व्यंग्य व लतीफे तो नेतागिरी का अटूट हिस्सा होने चाहिए। मोटी चमड़ी का होना तो नेताओं का दूसरा स्वभाव होता है। अपनी परिधि का विस्तार करने की बजाय नेताओं को अपने दिमाग का विस्तार करना चाहिए, ताकि हर तरह की आलोचना, चाहे जिस रूप में हो, के लिए जगह बन सके। अगर वह भौंडी है तो उसका स्तर बेहतर करो, खराब लतीफे का जवाब अच्छा लतीफा है। अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी की कीमत पर अच्छे लतीफे से बढ़कर कोई बेहतरीन बदला नहीं है।

सोशल मीडिया

आईआईटी मंडी के छात्रों के साथ सुखद बातचीत हुई, उद्यमिता व नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देने को रेखांकित किया, जो भारत को एआई जैस नई प्रौद्योगिकी में अग्रणी बनायेगा। राजनाथ सिंह.



भाजपाराज में अस्पताल का ढांचा तो है, लेकिन चिकित्सा का वो ढांचा नहीं है जिसमें डॉक्टर, नर्स और उनका पूरा स्टाफ होता है। दवाई, मशीन, जांच की व्यवस्था होती है। अखिलेश यादव.



वीर सावरकरजी ने स्वतंत्रता संग्राम में आद्वितीय भूमिका अदा की, एक चिंतक व प्रखर राष्ट्रभक्त के रूप में उन्होंने समाज को नई दिशा देकर जागरुक किया। केशव प्रसाद मौर्य.



# वातावरण का प्रभाव

साधना उपासना की महान महत्ता का यह प्रतिपादल भरतीय दर्शन और योग शास्त्रों में पग-पग पर मिलता है। इतने पर भी यह देखा गया है कि कई बार विधि विधान का पालन करते हुए भी लोग साधना उपासना के वह लाभ प्राप्त नहीं कर पाते जिनका इस तरह उल्लेख मिलता है। उसका कारण होता है वातावरण का प्रभाव। यह सच है कि अनेक प्राणवान व्यक्ति अपनी तप साधना और संकल्प शक्ति से वातावरण को भी बदल डालते हैं। किन्तु सच यह भी है कि मनुष्य के विकास में वातावरण का प्रभाव बहुत अधिक मात्रा में होता है। साधना उपासना चूंकि व्यक्ति के संस्कारों से संबंध रखती है और प्रत्येक वातावरण अच्छे बुरे संस्कार समाहित रखता है अतएव उच्चस्तरीय साधनाओं में तो स्थान और वातावरण का महत्व निश्चित ही बहुत अधिक होना चाहिए। वातावरण के प्रभाव की सशक्तता का परिचय देने वाले कितने ही विधेयात्मक एवं निषेधात्मक कथा प्रसंग इतिहास में मिलते हैं। इतिहास की प्रसिद्ध घटना है कि जब कौरव पाण्डवों के युद्ध के लिए स्थान चयन की बात आई तो श्रीकृष्ण ने एक विशेष दूत नियुक्त किया, उसने सर्वत्र युद्ध स्थल की छानबीन की।

कुरुक्षेत्र में उसने परस्पर दो सगे भाइयों को युद्ध करते देखा। यह घटना उसने श्री कृष्ण को बताई। फलतः यह क्षेत्र युद्ध के लिए चुना गया। क्योंकि उन्हें संदेह था कि भावनाशील होने के कारण कहीं अर्जुन युद्ध का परित्याग न कर बैठें। श्रवण कुमार के बारे में भी ऐसी ही कथा प्रख्यात है। वह जब अपने माता-पिता को कांवर में लिए तीर्थाटन करा रहे थे, तो एक स्थान ऐसा जहां उसने न केवल कांवर पटक दी अपितु अपने माता-पिता को कटु शब्द भी कहे। उस देश से आगे निकल जाने के बाद उसे अपने कथन पर भारी पश्चाताप हुआ। इस पर उसके पिता ने सांत्वना देते हुए समझाया कि इसमें श्रवण का कोई दोष नहीं। यह स्थान मयदानव का था जिसने कभी अपने माता-पिता को यहीं बन्दी बनाकर मृत्यु के घाट उतार दिया था। कुंती के बारे में भी ऐसी ही घटना का उल्लेख पुराणों में मिलता है। भूमि के संस्कार एक तथ्य हैं, इसे कोई भी पवित्र जलाशयों, देवमंदिरों तथा शमशान घाट में जाकर स्वयं अनुभव कर सकता है। कुल्लू की मिट्टी सेवों के लिए प्रसिद्ध है। अच्छी से अच्छी खाद, जल और मौसम पाकर भी वैसे सेब आज तक अन्यत्र कहीं नहीं उगाये जा सके। नागपुर के संतरे और भुसावल के केले अन्यत्र नहीं मिलते। मुजफ्फरपुर लीचियों के लिए प्रसिद्ध है तो लखनऊ का मलीहाबाद जैसे स्वादिष्ट आम दूसरी जगह कम मिलते हैं। यह सब मिट्टी और वतावरण के गुणों के कारण ही होता है।

अंतर्दृष्टि

# कृपया टमाटर संभाल कर रखें

व्यंग्यलोक

लो जी प्रदेश के चुनाव भी हो गए। एक दूसरे को शर्मसार कर देने वाले भाषणों को विराम मिल गया। किसी थके नेता की मानिंद श्रीमती जी सोफे पर लेटीं पत्रिका में 'हाय! मैं शरम से लाल हुई' पढ़कर मंद-मंद मुस्कुरा रहीं थीं। लेकिन मुझे शरम से लाल हो जाने वाली बात हजम नहीं हुई। बल्कि पिलपिली खोपड़ी में उटपटांग विचार धमाचौकड़ी करने लगते हैं। वो इसलिए क्योंकि, शरम के प्रादुर्भाव के सम्बन्ध में ठीक-ठीक प्रमाण उपलब्ध नहीं हैं। कोई पौराणिक उल्लेख अब तक मेरी नजर से नहीं गुजरा। सिवा इसके कि आदम और हौवा नंगे इस धरती पर आए थे। बचपन से लेकर जवानी तक नंगे विचरते रहे। जवानी की दहलीज पर कदम रखते ही वर्जित फल का सेवन कर बैठे और मेरे विचार से इसके बाद ही उन पर शरम हावी हुई होगी। तब जाकर तन पर पत्ते वगैरह लपेटे होंगे। किन्तु अब पुरातन परम्पराएं टूट रहीं है। आज शादी के पूर्व की शरम, 'प्रीवेडिंग-शूट' की अधुनातन परम्परा के साथ तिरोहित होती जा रही है। आधुनिकता की दौड़ में संस्कार की वर्जनाओं को तोड़ते युवक-युवती की शरम, बेशरम हो चली है। शरम लगभग समाप्ति पर है। पश्चिम में पहले ही समाप्त हो चुकी है। भारत जैसे देश में अभी इसका अस्तित्व बाकी है। यद्यपि यहाँ भी बेशरमाई का दौर शुरू हो चुका है। रुपहले पर्दों पर कपड़ों के पीछे छुपी शरम, बेपर्दा होने की जंग जीत गई है। शरम ने गुलामी के कपड़े उतार कर बेशरमाई का चोला अंगीकार कर लिया है। राजनीति के खिलंदड नेताओं के खुले मंच से बेशर्मियत भरी बयानबाजी को जनता निर्विकार भाव सुन लेती है। अतः किसी का शरम से लाल हो जाना ठीक नहीं लगता। भले ही एक प्रेमी, लाल टमाटरों में गोरी के गालों का आभास कर लेता हो। कुलमिलाकर शरमाकर लाल हो जाने का अतिशयोक्तिपूर्ण प्रयोग ठीक नहीं है। एक मनचला पडोसी-युवक, युवती के घर के सामने से एक्टिंग मारते हुए गुजरता है। युवती से नजरें चार होतीं है। तब द्विआयामी असर दिखाई देता है। इधर युवती शरम से लाल होती है। उधर युवती का खलनायक भाई गुस्से से लाल हो जाता है। लाल दोनों हो रहे है। एक शरम से, दूसरा गुस्से से। वाह! क्या विकट स्थिति पैदा हो रही है। अब यही बात टमाटरों के लाल हो जाने की लीजिए। तो अर्थ एक ही है? टमाटर पक चुका है। खा लिया जाना चाहिए, अन्यथा सड़ेगा। इसके सिवा कुछ नहीं। स्पष्ट है, युवती का शरमा कर लाल हो जाना यथार्थ नहीं है। यथार्थ है टमाटर का लाल होकर सड़ जाना। मैं अपनी शरम टमाटरों को समर्पित करता हूँ। शीघ्र चुनाव परिणाम आने को हैं। कृपया टमाटरों को सम्हाल कर रखें। कुछ के सेवन के काम आयेंगे और कुछ को शरम के समर्पण के लिए बचा कर रखें।



राकेश सोहम

# हमारे लिए बेहतर मूड का टॉनिक है हंसना



स्वास्थ्य

जी हां, आपने बिल्कुल सही सुना है। हंसने से हमारे शरीर में एंडोर्फिन हार्मोन का स्तर बढ़ता है, जिससे उसी समय तनाव कम होने लगता है और हम अच्छा महसूस करने लगते हैं। क्योंकि एंडोर्फिन हमारे मस्तिष्क से पैदा होने वाला ऐसा रसायन है जो हमें अच्छा महसूस कराता है। वैसे तो बिना हंसे भी कुछ स्थितियों और परिस्थितियों में यह रसायन पैदा होता है, लेकिन जब हम हंसते हैं तो शरीर में इसके पैदा होने की मात्रा काफी बढ़ जाती है, इसलिए यह हमें किसी भी तरह के तनाव से उसी समय लड़ने और सकारात्मक महसूस करने में मदद करता है, जिससे हमारा बिगड़ा हुआ मूड सही हो जाता है। वास्तव में तनाव से राहत दिलाने के लिए हंसी हमारे शरीर की सबसे मजबूत प्रतिरक्षा प्रणाली है। एक किस्म से हंसी प्राकृतिक दर्द निवारक है, जिससे दर्द तो कम होता ही है, हमें संतुष्टि भी मिलती है और हमारा मूड भी बेहतर हो जाता है। और हां, यह बिल्कुल तात्कालिक नहीं होता, हंसने से एंडोर्फिन के साथ साथ हमारे शरीर में सेरोटोनिन का स्तर भी बढ़ता है, जिससे हंसी के साथ साथ हमें खुशी भी मिलती है, जिसका अच्छा एहसास हंसने के मुकाबले काफी देर तक रहता है और हमें स्थायी रूप से आराम मिलता है।

हंसने से शरीर को और भी कई फायदे हैं जैसे इससे हमारे शरीर का ब्लड सकुर्लेशन बेहतर होता है, मांसपेशियों को आराम मिलता है, हृदय रोग से बचाव होता है, शरीर में मेलाटोनिन नामक हार्मोन बनता है, जिससे चैन की नींद आती है। हंसने से हमारे सामाजिक संबंध भी बेहतर होते हैं और नये संबंध भी विकसित होते हैं। हंसना हमारे रक्तसंचार को बेहतर बनाता है, इससे हमें गुस्सा कम आता है और अवसाद में जाने की स्थितियां कम हो जाती है। नींद से जुड़ी समस्याओं में भी हंसना फायदेमंद होता है। जिन लोगों को अनिद्रा की बीमारी होती है, उन्हें लॉफ्टर थैरेपी दी जाती है। अगर हम रोज दिन में कम से कम एक बार खिलखिलाकर हंसते हैं तो हम मानसिक तनाव से मुक्त रहते हैं। एक बार हंसने से कम से कम 50 मिनट तक मांसपेशियों को राहत मिलती है।

इसलिए अगर कोई व्यक्ति सुबह 10 मिनट तक हंस लेता है या ऐसी संगत में रहता है, जहां हंसी, मजाक और खुशी का माहौल होता है, तो पूरा दिन मूड भी बेहतर रहता है और स्वास्थ्य भी चमकदार रहता है।

आपने कई लोगों से सुना होगा कि हंसने से खून बढ़ता है, खून बढ़ता नहीं बल्कि हमारा रक्तप्रवाह बेहतर हो जाता है। सवाल है कितना बेहतर? अगर इस संबंध में शोध करने वालो की मानें तो हंसने से हमारा 20 फीसदी रक्तसंचार बेहतर हो जाता है और इस 20 फीसदी रक्तसंचार के बढ़ने से हमारे शरीर की 50 फीसदी बीमारियां खत्म हो जाती हैं। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि हंसना सिर्फ बेहतर मूड का टॉनिक ही नहीं है बल्कि यह हमारे बेहतर स्वास्थ्य का भी रामबाण टॉनिक है। हंसना सामाजिक रूप से भी बहुत सकारात्मक गुण है। हंसती हुई भाव भंगिमाएं समाज में किसी को भी बुरी नहीं लगतीं बशर्ते आप किसी की कमियों पर न हंस रहे हों।

मनोविज्ञान मानता है कि हंसने वाले लोग दयालु और काफी सहनशील होते हैं। इसलिए आमतौर पर बात बात पर हंसने वाले लोगों को समाज में बहुत अच्छा माना जाता है। उन्हें सकारात्मक तौरपर लिया जाता है। शायद इसकी एक वजह यह भी है कि हंसने वाले लोग दूसरों को भी खुश रखते हैं, लेकिन हंसने के कुछ तौर तरीके भी होते हैं। आमतौर पर दूसरों की कमियों पर हंसने वाले लोगों को वो फायदे नहीं मिलते, जो किसी बात पर खुश होकर हंसने से मिलते हैं। इसी तरह बात बात पर जो लोग ठहाका मारकर हंसते हैं, उनसे भी लोग ज्यादा खुश नहीं होते, क्योंकि उन्हें अहंकारी माना जाता है। कुछ लोगों को नींद में हंसने की आदत होती है। लेकिन नींद में यह हंसना किसी तरह से परेशानी का सबब नहीं होता बल्कि शोधकताओं का मानना है कि यह आम बात है, जब लोग हंसने वाला सपना देखते हैं तो ज्यादातर लोग नींद में रहते हुए भी हंसते हैं। हां, लेकिन अभी एक हालिया शोध में यह बात भी कही गई है कि नींद में अकसर हंसना बहुत दुर्लभ मामलों में न्यूरोलॉजिकल विकार का लक्षण होता है, इसे हिप्नोजैली कहते हैं। हंसने और मुस्कुराने में फर्क होता है। कई लोगों का चेहरा ही मुस्कुराहटपूर्ण होता है, वो भले न मुस्कुराएं फिर भी मुस्कुराते हुए लगते हैं। कुछ लोग अपने अंदर की हंसी को दबाने के लिए भी मंद मंद मुस्कुराने का सहारा लेते हैं, लेकिन हंसना ज्यादा अच्छा होता है।

**डॉ. माजिद अलीम.**

## आपकी बात

### आतंकवाद पर करें प्रहार

आतंकवाद को लेकर भारत की नीति अब पूरी तरह से स्पष्ट है। नया भारत किसी भी रूप में आतंकवाद को बर्दास्त नहीं करता है। आतंकवाद के मुद्दे पर न तो घरेलू राजनीति की परवाह करता है और न ही अंतर्राष्ट्रीय दबाव का। अपनी बात साफ-साफ और दो-दूक दुनिया के सामने रखता है। अभी संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिलिस्तीनी राष्ट्रपति से मुलाकात किया और उनको हर तरह से मानवीय सहायता का वायदा किया। इजराइल भारत का घनिष्ठ और विश्वसनीय मित्र है, इसके बावजूद फिलिस्तीनियों के अधिकारों को लेकर भारत की स्पष्ट नीति है और भारत स्वतंत्र फिलिस्तीन का समर्थन करता है। लेकिन जब बात आतंकवाद की आती है, तो इजराइल पर हमास के हमले की निंदा करता है और हमास व हिजबुल्लाह के खिलाफ इजराइल के अभियान का भी समर्थन करता है। ईरान के साथ भी भारत के मधुर रिश्ते हैं। ईरान के साथ भारत का व्यापार करता है और हमारी ऊर्जा सुरक्षा के लिए भी ईरान महत्वपूर्ण है।

**अशोक कुमार चौधरी, लखनऊ.**

### कृषि क्षेत्र में निवेश बढ़ायें

कृषि को लेकर लफ्फाजी अधिक और काम बहुत कम किया गया जिसका परिणाम आज देश के करोड़ों किसानों को गरीबी, कम आय और कृषि के लिए पर्याप्त बुनियादी संरचना की अनुपलब्धता के रूप में भुगतना पड़ रहा है। जिन्होंने अस्सी-नब्बे के दशक में पढ़ाई की है उन्होंने यह जरूर पढ़ा होगा कि, भारत कृषि प्रधान देश है, देश की सत्तर-अस्सी प्रतिशत लोगों की जीविका खेती पर निर्भर करती है, खेती से सर्वाधिक रोजगार मिलता है और तुर्रा यह भी कि 'देश की आत्मा गांवों में बसती है।' कृषि, गांव और ग्रामीण जीवन के बारे में इतना अच्छा-अच्छा किताबों में बताकर एक गुलाबी वातावरण जरूर बनाने का प्रयास किया गया लेकिन खुरदुरा सचाई यह है कि खेती और ग्रामीण जीवन को संवारने के लिए, कृषि के साथ भावनात्मक संबंधों को आगे बढ़ाते हुए इसे एक लाभप्रद व्यवसाय में बदलने के लिए कोई ठोस प्रयास नहीं किया गया। शायद इसके पीछे एक कारण यह भी रहा हो कि यह एक लंबी प्रक्रिया थी, इसमें भारी निवेश की जरूरत थी और एक लंबे समय तक इससे कोई सियासी लाभ भी मिलने मिलने वाला नहीं था।

आज जब देश में ऐसा चुनावी वातावरण बन गया है कि 'कर्ज माफी, मुफ्त बिजली' जैसे चुनावी वायदे सियासी जमातों को कुछ ही सप्ताहों, महीनों में फर्श से अर्श पर पहुंचा देते हैं, तब भला ग्रामीण विकास के लिए एक लंबी, शतत् और निवेश साध्य प्रक्रिया में उलझकर कोई भी अपने आपको घनचक्कर क्यों बनाना चाहेगा। वह भी तब जबकि मतदाता इतना सूझ-बूझ वाला है कि वह लंबे निवेश और विकास की ठोस योजनाओं के बजाय मुफ्त के माल पर ज्यादा आकर्षित होता है। बहरहाल यह सब तो सियासी हथकंडा है। असलियत यह है कि हर चुनाव में कर्जमाफी का वायदा किया जाता है, इसके बावजूद देश का किसान गंभीर कर्ज संकट के दौर से गुजर रहा है। यह सही है कि भारत की प्रगति का रास्ता गांवों से गुजरता है और इसके लिए सरकार को बड़े निवेश और दीर्घकालिक योजनाओं के साथ शतत् प्रयास की जरूरत है। अगर सरकार इस दिशा में पहल करती है, तो निश्चय ही एक-दो दशक बाद ग्रामीण भारत के साथ ही संपूर्ण देश की तकदीर बदल सकती है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने अनाज भंडारण की महत्वाकांक्षी योजना की जो घोषणा की है वह ऐसी ही एक योजना है जो भारत की तकदीर और तस्वीर दोनों बदल सकती है। देश में खाद्य सुरक्षा को लेकर भी बहुत लफ्फाजी की गयी है, गैर जिम्मेदाराना तरीके से कानून बनाये गये हैं, लेकिन यह सोचने का प्रयास नहीं किया गया कि खाद्य सुरक्षा कानून बनाने से कैसे मजबूत होगी। क्या लोग कानून खायेंगे?

**प्रमोद कुमार शर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## अवध विवि स्वर्ण जयंती की अध्यक्षता करेंगी राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के कुशल मार्ग-दर्शन में विश्वविद्यालय स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने पर 04 मार्च को स्वर्ण जयंती वर्ष मनायेगा। कुलपति द्वारा गठित 23 समितियां स्वर्ण जयंती समारोह को भव्य बनाने में जुटी हुई है जिसे लेकर विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों, खेल, साहित्य, योग प्रतियोगिताओं का आयोजन हो रहा है। इस समारोह की अध्यक्षता प्रदेश की राज्यपाल और कुलाधिपति श्रीमती आनंदी बेन पटेल करेंगी मुख्य अतिथि प्रदेश की उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी होंगी। समारोह को भव्य बनाने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से अंतिम रूप दिया जा रहा है। स्वर्ण जयंती स्थापना दिवस समारोह विश्वविद्यालय केस्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह में प्रातः 10:30 बजे से आयोजित होगा।इस समारोह में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे।

## सावित्रीबाई फुले सम्मान समारोह आज

बरेली। समाज में संघर्षरत और स्वावलंबी महिलाओं के योगदान को सम्मान देने के उद्देश्य से आस संस्था द्वारा ₹सावित्रीबाई फुले सम्मान समारोह₹ आज दोपहर 2:30 बजे शाहदाना चौराहे के समीप अमीरा शादी हॉल में आयोजित होगा।समारोह में आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षिका एवं अन्य ऐसी महिला जो समाज में अपनी कड़ी मेहनत से परिवार और समाज के लिए योगदान दे रही हैं उन्हें सम्मानित किया जाएगा। संस्था की अध्यक्ष ने बताया कि यह सम्मान उन महिलाओं के लिए है जिनके संघर्ष को आमतौर पर अनदेखा कर दिया जाता है।

# श्रद्धालुओं ने महर्षि बामदेव मंदिर में किया जलाभिषेक







जिला संवाददाता(vol)

**मिल्कीपुर अयोध्या।** क्षेत्र के महर्षि बाम देव तपोस्थली बंवा में सुबह 4 बजे से शाम तक शिव भक्तों का जलाभिषेक करने के लिए ताता लग रहा, कुमारगंज पुलिस ने मंदिर से 100 मीटर पहले ही बैरिकेटिंग लगाकर श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करती रही जिससे भक्तों को आने-जाने में कोई परेशानी हो , महर्षि बाम देव सिंगार सेवा समिति के तत्वाधान में 151 जोड़ों ने रुद्राभिषेक किया, भक्तों ने पार्थिव शिवलिंग पर मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा अर्चना करते हुए रुद्राभिषेक किया रुद्राभिषेक में कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज के कई

● रुद्राभिषेक में शामिल हुए 151 जोड़े

वैज्ञानिक परिवार के साथ शामिल हुए। सेवा समिति के अध्यक्ष मनीष गुप्ता ने बताया कि भोलेनाथ का सिंगार करने के लिए 2 कुंतल गेंदा का फूल,एक हजार पीस जरबेरा का फूल,एक हजार आर किट, पांच सौ पीस ग्लेडियस,डीजी ग्लोड 1500,पांच सौ एन्थोरियम, एवं ग्रीन मनोकामनी पत्ती से पूरे मंदिर परिसर को भव्य रूप से सजाया गया है। मंदिर की पुजारी राजू पाण्डेय ने बताया कि सुबह से ही लोग मंदिर परिसर में बने यज्ञ कुंड में सामूहिक रूप से हवन पूजन कर रहे हैं ।शाम को नगर पंचायत कुमारगंज में स्थित हनुमानगढ़ी मंदिर से गाजे बाजे एवं डीजे के साथ भव्य शिव बारात निकली गई, तथा अनेक प्रकार की झांकियो का भी प्रदर्शन किया गया। बारात में कुमारगंज के सभी दुर्गा-पूजा समितियों के लोगों के साथ सुरेंद्र कौशल, बैजनाथ वैश्य, संजीव अग्रहरि, शिवम कौशल, नीरज कौशल, शिवा, सत्यम, कृष्ण कुमार, माधुरी, राधा, पूनम सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## धूमधाम से निकली शिव बारात

गोसाईंगंज-अयोध्या। गोसाईगंज कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रों में शिवरात्रि का पर्व सकुशल संपन्न हो गया।इस दौरान रामगंज स्थित रामजानकी मंदिर,ठंडी सड़क स्थित राधा कृष्णमंदिर,हिंक्षाराम भारती,महादेवाघाट,सीताराम घाट,सत्संगघाट व श्रृंगी ऋषि स्थित शिवालय सहित अन्य शिव मंदिरों में भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक तथा पूजनअर्चन के लिए सुबह से देर शाम तक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही।मनोवांछित फल की कामना लिए भक्तगण शिवलिंग पर भांग,धतूरा,दूध सहित अन्य पूजासामान श्रद्धापूर्वक अर्पित कर सुख समृद्धि की कामना किया।देर शाम निस्वार्थ सेवा संस्थान के प्रबंधक हनुमान सोनी की अगुवाई में रामबली नेशनल इंटर कालेज से शिव बारात निकाली गई,जो मोनारोड,कटरा,भीटी चौराहा,सरस्वतीनगर,तेलियागढ चैराहा होते हुए रामगंज में स्थित रामजानकी मंदिर पहुंची,जंहा पुजारी व समाजसेवी अमित तिवारी की टीम ने बारातियों का स्वागत किया।इस दौरान दो कन्याओं का विवाह भी हुआ।तदुपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।शिव बारात में भालू एवं शिव के अन्य गण आगे आगे चल रहे थे।इस दौरान हेमंत गुप्ता,सभासद करुणाकर वर्मा,पूर्व सभासद सुदीप मोदनवाल,ब्यापारी नेता अरविंद सिंह,प्रिंस सिंह,एसएचओ परशुराम ओझा,एसआई उपेन्द्रप्रताप सिंह,रामचन्द्र मौर्य,सिपाही महेंद्र राजभर,सुरेंद्र यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## रामनगरी अयोध्या में महाशिवरात्रि की धूम

**अयोध्या।** रामनगरी में महाशिवरात्रि पर्व की धूम..दूर दराज से आए श्रद्धालु भगवान भोले नाथ की भक्ति में लीन हुए शाम होते ही कई जगहों से भगवान शिव की बारात की शोभायात्रा निकलेगी। इसी कड़ी मे अयोध्या के ग्राम सभा जानौरा में स्थित प्राचीन शिव मंदिर में विशेष पूजा अर्चना संपन्न हुई इस मौके पर मंदिर परिसर से शिव बारात भी निकल गई।ये बारात कृष्णा नगर कॉलोनी होते हुए पूरे जानौरा ग्राम सभा मे निकाली गई। जिसकी जानकारी देते हुए मंदिर के व्यवस्थापक और समाजसेवी अशोक सिंह ने बताया कि प्रत्येक वर्ष महाशिवरात्रि पर्व मंदिर मे विशेष पूजा अर्चना की जाती है और शिव बारात भी निकाली जाती है इसके बाद देर शाम विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। भंडारे में हजारों की संख्या में भोलेनाथ के भक्त पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करते हैं। उन्होंने कहा कि इस मंदिर का बहुत ही प्राचीन इतिहास है और इस मंदिर में हजारों की संख्या में लोग दर्शन पूजन करते हैं.।

## महाशिवरात्रि पर लाखो श्रद्धालुओ ने श्रद्धा के सरोवर मे लगाई डुबकी

**बाराबंकी।** महाशिवरात्रि पर्व पर सुप्रसिद्ध लोधेश्वर महादेवा मन्दिर में लाखो श्रद्धालुओ ने आस्था, श्रद्धा, के सरोवर मे डूबकी लगाकर महादेव के शिवलिंग पर लाखो की तदात में जलाभिषेक किया। दूर-दराज से आये शिव भक्तों ने हर-हर-बम-बम के उद्घोष से मौहाल को भक्तिमय कर दिया था। प्रातःकाल सुबह से ही मन्दिर के कपाट खुलने से पहले ही हजारो की संख्या में शिवभक्तों ने पंक्ति बद होकर शिव की नगरी कही जाने वाली लोधेश्वर महादेवा में मंनचाहा फल पाने के लिए शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। श्रद्धालुओ की संख्या को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये हुए थे। मन्दिर परिसर के बाहर बने सरोवर में सभी शिव-भक्तो ने आस्था की डुबकी लगाते हुए हाथ में जल से भरा लोटा लेकर लम्बी कतारों में भगवान भोले शंकर के जलाभिषेक को बम-भोले की गूंज के साथ भक्ति मे डूबे हुए देखे गये। इसी क्रम में शहर के लाजपत नगर स्थित श्री राम जानकी मंदिर मे भी सुबह से ही महिलाओं समेत शिव-भक्तो का भारी संख्या मे ताता दिखाई दे रहा था। देर शाम पं0 सोनू तिवारी की देख-रेख मे रुद्राभिषेक एंव प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे शिवभक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया। कुछ ऐसा ही नजारा धनोखर स्थित हनुमान मन्दिर मे स्थापित शिवलिंग पर देखने को मिला। सिटी इण्टर कालेज स्थित शनिधाम मन्दिर में भी महाशिवरात्रि पर्व पर भक्तो की भारी संख्या देखने को मिली।




# कृषि उत्पाद में सुधार के लिए जैव कीटनाशक और उर्वरक का उपयोग जरूरीः डॉ. एच.पी. सिंह

जिला संवाददाता(vol)




**मिल्कीपुर-अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में ह्र्टिकाऊ खेती के लिए मृदा स्वास्थ्य एवं पादप रोग नियंत्रण हेतु जैव उर्वरकों व कीटनाशी का उत्पादनह्न विषय पर चल रहे 21 दिवसीय शीतकालीन प्रशिक्षण का मंगलवार देर शाम को समापन हुआ। इस मौके पर कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि आईसीएआर नई दिल्ली के पूर्व उप महानिदेशक व डा. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विवि समस्तीपुर पूसा बिहार के पूर्व कुलपति डा. एच.पी सिंह, विशिष्ठ अतिथि भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान वाराणसी के पूर्व निदेशक डा. मथुरा राय एवं विवि के कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने विश्वविद्यालय के विभिन्न प्रक्षेत्रों का भ्रमण कर विकास कार्यों को परखा और सरहाना की।इस कार्यक्रम में आठ अलग-अलग राज्यों से कुल 25 वैज्ञानिकों ने प्रतिभाग किया। बतौर मुख्य अतिथि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के पूर्व उप महानिदेशक व डा. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विवि समस्तीपुर पूसा, बिहार के पूर्व कुलपति डा. एच.पी सिंह ने कहा कि जैव कीटनाशकों के उपयोग से कृषि उत्पादन में सुधार हो सकता है।ये कीटों को नियंत्रित करने में भी मदद करते हैं। जैव कीटनाशक पर्यावरण के अनुकूल होते हैं और रासायनिक कीटनाशकों की तुलना में कम हानिकारक होते हैं। डा. सिंह ने कहा कि जैव उर्वरकों के उपयोग से रासायनिक उर्वरकों की कमी को कम किया जा सकता है। उन्होंने डिजिटल एग्रीकल्चर, एग्रो टूरिज्म एवं मृदा स्वास्थ्य हेतु जैव उर्वरको एवं जैव कीटनाशक का कृषि में उपयोगिता पर विस्तार से जानकारी दी। विशिष्ट अतिथि डॉ. मथुरा राय ने जैव उर्वरकों एवं जैव कीटनाशक का आधुनिक कृषि में उपयोगिता पर कहा कि इससे किसानों की आय में वृद्धि की जा सकती है।

इसके उपयोग से मनुष्य के स्वास्थ्य पर बुरा असर नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जैव उर्वरकों एवं जैव कीटनाशकों के संयुक्त उपयोग से कृषि की स्थिरता में वृद्धि होती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने लोकल स्ट्रेन से जैव उर्वरकों को विकसित करने पर जोर दिया। कहा कि प्रवर्धित स्ट्रेन को जैव उर्वरक में परिवर्तित करने के लिए विभिन्न तकनीकों का उपयोग करें। विकसित जैव उर्वरक का परीक्षण करने के साथ-साथ उनकी प्रभावशीलता का मूल्यांकन करने की जरूरत है। कुलपति ने कहा कि जैव उर्वरक के विपणन के लिए रणनीति तैयार करने एवं किसानों तक पहुंचाने के लिए वितरण नेटवर्क को स्थापित करने की जरूरत है। कृषि महाविद्यालय की अधिष्ठाता डा. प्रतिभा सिंह ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम वैज्ञानिकों के लिए शिक्षण एवं अनुसंधान कार्य में मददगार साबित होगा। डा. महेंद्र सिंह के संयोजन में 21 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। डा. महेंद्र ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान देशभर के विभिन्न संस्थानों से लगभग 75 व्याख्यान हुए जिसमें लगभग दो दर्जन ख्याति प्राप्त वैज्ञानिकों ने भी विस्तार से जानकारी दी। अतिथियों का स्वागत संबोधन विभागाध्यक्ष डा. सुरेश कुमार ने किया व डा. महेंद्र सिंह ने सभी अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस प्रशिक्षण शिविर को सफल बनाने में डा. समीर, डा रॉबिन सिंह व डा. आनंद सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## वरिष्ठ उप मुख्य निर्वाचन आयुक्त मनीष गर्ग ने निर्वाचन कार्यालय का किया निरीक्षण



**अयोध्या।** वरिष्ठ उप मुख्य निर्वाचन आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली मनीष गर्ग ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित निर्वाचन कार्यालय के ई०वी०एम०/वी०वी०पैट वेयरहाउस निरीक्षण किया एंव मतदाता सूची की समीक्षा की गयी। वरिष्ठ उप मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने समीक्षा के दौरान निर्देश दिया कि ड्यूटी पर तैनात समस्त सशस्त्र पुलिस बल को अग्निशमन यत्र के संचालन का प्रशिक्षण दिलाया जाए, जिससे आकस्मिकता की स्थिति में उनका प्रयोग किया जा सके। उन्होंने दिनांक-25.01.2025 को जिलाधिकारी अयोध्या श्री चंद्र विजय सिंह के द्वारा निर्वाचन के वेयरहाउस का किये गये निरीक्षण की सी०सी०टी०वी० की फुटेज को देखा गया तथा निरीक्षण के समय उपस्थित 4 सशस्त्र गार्ड से जानकारी की गई एवं निरीक्षण पंजिका को भी देखा गया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनिरुद्ध प्रताप सिंह से कहा कि मा० भारत निर्वाचन आयोग के मानक अनुरुप सशस्त्र गार्ड की तैनाती करायी जाए एवं मतदाता सूची में जेण्डर रेशियों मानक के अनुरुप तथा युवा मतदाताओं को मतदाता सूची में अधिक से अधिक सम्मिलित किये जाने के निर्देश दिए गए।इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर विकास दुबे, नोडल वेयरहाउस शशिकांत शुक्ला, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी उदय राज पांडे, ई०ओ० मेहंदी लाल, वरिष्ठ सहायक महमूद, प्रधान सहायक कुमुद श्रीवास्तव सहित अन्य संबंधित कार्मिक उपस्थित रहे।

## सावरकर की 59वी पुण्यतिथि पर अधिवक्ता परिषद ने किया नमन



**अयोध्या।** महान राष्ट्रवादी, स्वतंत्रता सेनानी और प्रखर वक्ता वीर विनायक दामोदर सावरकर की 59 वी पुण्यतिथि के अवसर पर सिविल लाइन स्थित पुष्पराज चैराहे पर लगी उनकी प्रतिमा पर अधिवक्ता परिषद अवध प्रांत के अधिवक्ताओं और राष्ट्रीय स्वयंसेवक के स्वयंसेवकों द्वारा माल्यार्पण कर किया गया उनको नमन, अधिवक्ता परिषद अवध प्रांत के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि वीर विनायक दामोदर सावरकर एक स्वतंत्रता सेनानी ,राजनीतिक, वकील, समाज सुधारक और हिंदुत्व के दर्शन के सूत्रधार थे, सावरकर भारत के पहले व्यक्ति थे जिन्होंने ब्रिटिश साम्राज्य के केंद्र लंदन में उसके विरुद्ध क्रांतिकारी आंदोलन संगठित किया वह भारत के पहले व्यक्ति थे जिन्होंने सन-1857 की लड़ाई को भारत का प्रथम स्वाधीनता संग्राम बताते हुए 1907 में लगभग 1000 पन्नों का इतिहास लिखा, वीर सावरकर को ( आजीवन कारावास ) 50 साल की कैद की सजा सुनाई गई वीर विनायक दामोदर सावरकर का निधन 26 फरवरी 1966 को हुआ उसे 1 महीने पहले से उन्होंने उपवास करना शुरू कर दिया था माना जाता है कि इसी उपवास के कारण उनका शरीर कमजोर होता गया और फिर 82 साल की उम्र में उनका देहांत हो गया दरअसल काला पानी की सजा ने उनके स्वास्थ्य पर बड़ा असर डाला था ,अधिवक्ता परिषद परिषद अवध प्रांत के महामंत्री रत्नेश सिंह ने कहा कि वीर विनायक दामोदर सावरकर हिंदुत्व की मशाल को निरंतर जलाकर आगे बढ़ते रहे, अपनी जेल यात्रा के दौरान उन्होंने एक वैचारिक पुस्तिका लिखी जिसे हिंदुत्व के नाम से जाना जाता है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अयोध्या महानगर के व्यवस्था प्रमुख विवेक अग्रवाल और समरसता प्रमुख दिनेश जायसवाल ने कहा कि ऐसे महान राजनीतिक हिंदुत्व के पुरोधा को मेरा कोटि-कोटि सादर नमन ,श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में प्रमुख रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के समरसता प्रमुख दिनेश जायसवाल, रतन राजपाल, दिनेश कनौजिया, वरिष्ठ अधिवक्ता संजय रस्तोगी ,अधिवक्ता परिषद अवध प्रांत के महामंत्री रत्नेश सिंह, अवध प्रांत के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला सुनील जी, पूर्व पार्षद अनुभव जायसवाल ,समाजसेवी प्रभात सिंह अधिवक्ता कर्मवीर सिंह अधिवक्ता अनुराग कुमार यादव बृजेश मौर्य एवं अनुराग पांडे मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में कर और करेत्तर राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक संपन्न

बहराइच 26 फरवरी। राजस्व कार्यो एवं कर-करेत्तर राजस्व वसूली की समीक्षा हेतु मंगलवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने तहसीलों को निर्देश दिया कि आई.जी.आर.एस. से सम्बन्धित प्रकरणों का गुणवत्तापरक निस्तारण कराया जाय। तहसीलदारों को निर्देश दिये गये कि नियमित रूप से अमीनवार वसूली की समीक्षा करें। विशेषकर विभिन्न विभागों से प्राप्त हुई आर.सी. का मिलान कर वसूली की जाय। तहसीलों को निर्देश दिया गया कि जिले में अवैध खनन पर प्रभावी अंकुश के लिए प्रवर्तन की कार्यवाही की जाय तथा अवैध खनन में संलिप्त लोगों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाय तथा खनन में संलिप्त वाहनों को सीज किया जाय तथा समय से रायल्टी जमा करायी जाय।राजस्व वादों के निस्तारण की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया गया कि लम्बे समय से चल रहे वादों को चिन्हित करें तथा अभियान संचालित कर उन्हें निस्तारित किया जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि विभिन्न न्यायालयों पर प्रचलित सीलिंग से सम्बन्धित वादों में प्रभावी पैरवी कर उन्हें निस्तारित कराया जाय। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा से सम्बन्धित आवेदन-पत्रों को किसी भी स्तर पर लम्बित न रखा जाये। पात्र हिताधिकारियों को जनप्रतिनिधियों के हाथों डेमो चेक का वितरण कराया जाय। बैठक में कर एवं करेत्तर राजस्व वसूली की मदवार समीक्षा में पाया गया कि माह जनवरी 2025 के लिए भू-राजस्व मद के लिए निर्धारित लक्ष्य 24.99 लाख के सापेक्ष 5.78 लाख रू. की वसूली की गयी है जो कि लक्ष्य का 23.13 प्रतिशत है। वाणिज्य कर के लिए निर्धारित लक्ष्य रू. 2183.90 लाख के सापेक्ष 1168.20 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 53.49 प्रतिशत, स्टाम्प तथा निबन्धन मद में लक्ष्य रू. 1950.00 लाख के सापेक्ष 1546.34 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 79.30 प्रतिशत, आबकारी मद में लक्ष्य रू. 4453.00 लाख के सापेक्ष 3550.77 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 79.74 प्रतिशत, बैंक देय मद में लक्ष्य रू. 358.49 लाख के सापेक्ष 317.87 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 88.67 प्रतिशत तथा विद्युत मद में लक्ष्य रू. 3500.09 लाख के सापेक्ष 3615.00 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 103.29 प्रतिशत है।

इसी प्रकार परिवहन मद में लक्ष्य रू. 707.97 लाख के सापेक्ष 592.53 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 83.69 प्रतिशत, वानिकी मद में लक्ष्य रू. 190.00 लाख के सापेक्ष 76.18 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 40.09 प्रति., अलौह खनन मद में लक्ष्य रू. 176.00 लाख के सापेक्ष 331.94 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 188.69 प्रति., मण्डी समिति मद में लक्ष्य रू. 203.11 लाख के सापेक्ष 211.17 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 103.97 प्रति., स्थानीय निकाय मद में लक्ष्य रू. 55.61 लाख के सापेक्ष 59.98 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 107.86 प्रति., बांट माप में मद में लक्ष्य रू. 7.81 लाख के सापेक्ष 6.46 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 82.71 प्रति., श्रम प्रवर्तन में लक्ष्य रू. 1.44 लाख के सापेक्ष 3.04 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 211.11 प्रति. तथा सिंचाई विभाग अन्तर्गत लक्ष्य रू. 383.67 लाख के सापेक्ष 3.03 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 0.79 प्रति. है।इस प्रकार कुल मासिक लक्ष्य रू. 14195.99 लाख के सापेक्ष 11488.29 लाख की वसूली हुई जो लक्ष्य का 80.93 प्रतिशत है।डीएम मोनिका रानी ने कर करेत्तर से सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी स्तर पर प्रवर्तन की कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी विभाग की राजस्व वसूली लक्ष्य से कम नहीं होनी चाहिए। डीएम ने ऐसे विभाग जो अभी लक्ष्य से काफी पीछे हैं उन्हें निर्देश दिया कि वित्तीय वर्ष की समाप्ति में कम समय को देखते हुए वसूली बढ़ाये जाने के लिए सप्ताहवार लक्ष्य निर्धारित कर गत वर्ष से अधिक राजस्व प्राप्ति सुनिश्चित करें।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत कन्याओं का विवाह संपन्न




**बहराइच।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अन्तर्गत गल्ला मण्डी परिसर मिहींपुरवा में विकास खण्ड मिहींपुरवा, नवाबगंज, बलहा व शिवपुर तथा नगर पालिका परिषद नानपारा व नगर पंचायत मिहीपुरवा की गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले जरूरतमन्द, निराश्रित/निर्धन परिवारों की हिन्दू समुदाय की 83 व अल्पसंख्यक समुदाय की 07 सहित कुल 90 विवाह योग्य कन्याओं का विवाह उनकी सामाजिक/धार्मिक मान्यता एवं परम्परा/रीति-रिवाज के साथ सम्पन्न कराया गया। सामूहिक विवाह कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक बलहा श्रीमती सरोज सोनकर एवं पूर्व सांसद बहराइच अक्षयवरलाल गोंड द्वारा संयुक्त रूप से शंकर भगवान के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। जबकि बीडीओ मिहींपुरवा विनोद कुमार यादव ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

सामूहिक विवाह कार्यक्रम में उपस्थित जन समुदाय को संबोधित करते हुए विधायक बलहा श्रीमती सोनकर ने कहा कि समाज कल्याण विभाग अन्तर्गत जनकल्याण हेतु विशेष कर सामूहिक विवाह कार्यक्रम जैसी योजना संचालित करने के लिए में प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को बधाई देती हूँ। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि जैसे पावन पर्व के अवसर पर अत्यन्त शुभ मुहुर्त में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रम में प्रतिभाग कर मैं अपने आप को गौरान्वित महसूस कर रही हूँ। श्रीमती सोनकर ने प्रथम वेदी पर बैठ कर विधिवत पूजा पाठ सम्पन्न करने के उपरांत हिन्दू सप्तपदी विवाह विधि से कन्याओं का कन्यादान करते हुए, समस्त जोड़ों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

पूर्व सांसद बहराइच श्री गोंड ने कहा कि रानी सशक्तिकरण के लिए देश के मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी व प्रदेश के मुखिया मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी तथा उनके नेतृत्व में केन्द्र व प्रदेश सरकार दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम अपने आप में एक अनूठी योजना है जिसमें जिसमें गरीब परिवार की बेटियों का सरकारी खर्च पर विवाह सम्पन्न कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्रतिवर्ष 01 लाख से अधिक गरीब कन्याओं के विवाह के लिए बजट की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने आमजन से अपील की इस योजना का भरपूर लाभ उठायें। पूर्व सांसद श्री गोंड ने नवविवाहित दम्पतियों को वैवाहिक सामग्री का वितरण करते हुए खुशहाल जीवन के लिए आशीर्वाद दिया।

इस अवसर पर उपायुक्त एनआरएलएम दीपक सिंह, उपायुक्त मनरेगा के सतीश पाण्डेय, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय, खण्ड विकास अधिकारी बलहा सुश्री अर्पणा, नवाबगंज के राहुल पाण्डेय, शिवपुर की अनुष्का श्रीवास्तव एवं सहायक प्रबंधक समाज कल्याण देवव्रत शर्मा उपस्थित रहे।

## सतावां में छात्रों ने सामाजिक समरसता लाने के लिए ग्रामीणों को किया जागरूक



**जैदूपुर,बाराबंकी।** खुशहालपुर स्थित सहयोगी आरबीपीजी कालेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा छात्र-छात्राओ ने रासेयो ध्वजारोहण कर सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारम्भ किया। इसके उपरान्त इसके उपरांत रजत बहादुर वर्मा के नेतृत्व में चयनित ग्राम रहीमाबाद व सतावां मे सामाजिक, आर्थिक सर्वेक्षण तथा समाज मे सामाजिक समरसता लाने हेतु ग्रामवासियों को जाति, धर्म, छुआछूत से ऊपर उठकर कार्य करने हेतु प्रेरित किया। बौद्धिक सत्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ0 रामफेर गोपाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। तथा छात्र-छात्राओ को सामाजिक समरसता से मजबूत राष्ट्र का निर्माण विषय पर बोलते हुए कहा कि सामाजिक एकता एवं समरसता का तातपर्य यह है कि जाति धर्म के अंदर होने वाले भेदभाव को दूर कर एक स्वच्छ समाज का गठन करना है। कार्यक्रम मे सरस्वती वंदना निधि, महक, स्वागत गीत अनामिका, लक्ष्य, गीत, नेहा, विनीता, संकल्प गीत कोमल, सलोनी ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर डॉ0 अनीता वर्मा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 विनोद कुमार गौतम मौजूद रहे।

## दो बार चोरी की वारदात, पुलिस से शिकायत

**अयोध्या।** नगर कोतवाली के सरयू बिहार कालोनी में एक शख्स के यहां 24 घंटे में दो बार चोरी की वारदात हुई। खोजबीन के बावजूद कोई सुराग न मिलने पर पीड़ित से रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई के लिए शिकायत मंगलवार को पुलिस को दी है। शिकायत में सरयू बिहार कालोनी निवासी मोहित कुमार सोनकर पुत्र स्व. संतराम का कहना है कि उनके घर के पास ही उनकी बाग है। रविवार की दोपहर बाद किसी ने बाग में बंधा उनका बकरा चोरी कर लिया। वह बकरे की तलाश में जुटे थे कि सोमवार की रात्रि किसी ने घर का ताला तोड़कर घर में बंधी बकरी, बकरा, टेबल फैन और टार्च चोरी कर लिया। रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई के लिए शिकायत नगर कोतवाली पुलिस को दी है।

संक्षेप

## मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**अमेठी।** बुधवार को आगन्तुक जवाहरलाल पुत्र मिठाईलाल निवासी ग्राम सरायखेमा थाना मुंशीगंज जनपद अमेठी मय अभियुक्त शुभम कोरी पुत्र शिवकुमार कोरी निवासी ग्राम स्वयंबर सिंह का पुरवा थाना व जनपद अमेठी उम्र 20 वर्ष, 1 देशी पिस्टल मय 2 जिन्दा कारतूस तथा 1 प्रार्थना पत्र के साथ थाना मुंशीगंज पर सुपुर्द कर सूचना दी गई कि उपरोक्त अभियुक्त ने वादी के साथ गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देते हुये मारपीट की। उक्त अभियुक्त को थाना मुंशीगंज पुलिस द्वारा कब्जे में लेकर एवं प्रार्थना पत्र पर कार्यवाही करते हुये थाना मुंशीगंज पुलिस द्वारा मुअसं 26/25 धारा 115 (2), 352,351(3), 61 बीएनएस एवं 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत करते हुये अभियुक्त को समय करीब 07.00 बजे शाम को पुलिस हिरासत में लिया गया। थाना मुंशीगंज पुलिस द्वारा नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया।

## ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

**जगदीशपुर, अमेठी।** रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट मे आकर महिला गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे ईलाज के लिए अस्पताल मे भर्ती कराने पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा। कमरौली थानाक्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ सुल्तानपुर रेलवे रूट पर स्थित सिंदुरवा रेलवे क्रॉसिंग के समीप घटना उस वक्त घटी जब सीतापती उम्र लगभग 35 वर्ष निवासी पूरे दीना पाठक मजरे सिंदुरवा थाना कमरौली जनपद अमेठी जो रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट मे आकर गंभीर रूप से घायल हो गई जिन्हे ईलाज के लिए अस्पताल मे भर्ती कराया गया जहां चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरने के उपरांत शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। इस सम्बन्ध मे पुलिस ने बताया कि ऐसा लगता है कि उसकी मानसिक हालत ठीक नहीं थी फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का खुलासा हो जाएगा।

## किशोर ने लगायी फांसी

**अमेठी।** परिजनों की डांट से क्षुब्ध एक 14 वर्षीय किशोर ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली किशोर के फांसी लगाने की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही सीओ समेत पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच में जुट गई है फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर जांच की है। रामगंज थाना क्षेत्र के मंगरा गांव का है जहां का रहने वाले एक 14 वर्षीय किशोर को किसी बात को लेकर परिजनों ने डांट दिया। परिजनों की डांट से क्षुब्ध होकर किशोर ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। काफी देर बाद जब उसका कमरा नहीं खुला तो परिजन कमरे की तरफ गए तो हक्के बक्के रह गए। किशोर के फांसी लगाने की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए और पुलिस को सूचना दी गईसूचना मिलते ही सीओ मनोज मिश्रा और रामगंज पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फांसी के फंदे से नीचे उतार कर कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. मौके पर फॉरेंसिक टीम ने भी जांच की है. बताया जा रहा है गले की हड्डी टूटने की वजह से किशोर की मौत हुई है।

## हर हर महादेव के जयकारों से गूंजा क्षेत्र

**महराजगंज, रायबरेली।** महा शिवरात्रि के पावन अवसर पर शिव मंदिर शिवालयों एवं क्षेत्र के हर गांव सरकारी विभागों में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद मांगा गया। महराजगंज नगर के दानेश्वर धाम में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और लोगों ने महादेव का अभिषेक कर पूजा अर्चना की। लगभग 300 वर्ष पुराना यह मंदिर नगर में आस्था का मुख्य केंद्र है। इस मंदिर का निर्माण चंदापुर राजा द्वारा करवाया गया था। वहीं महराजगंज तहसील के ही पारा कला गांव में स्थित गौरी शंकर धाम पर पहुंचकर लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा गौरी शंकर की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। मंदिर पर तीन दिवसीय मेले का भी आयोजन किया गया है। स्वयंभू महादेव के रूप में बाबा गौरी शंकर जाने जाते हैं। और महाशिवरात्रि पर भक्तों द्वारा पूजा अर्चना की जाती है व विशाल मेले का आयोजन होता है। महराजगंज विकासखंड के ही कैर गांव के स्वयंभू महादेव कैरेश्वर धाम में सुबह से ही भक्तों द्वारा महादेव की पूजा अर्चना की। अमावां कस्बे में स्थित झारखंडेश्वर धाम में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा श्रद्धालुओं ने महादेव की पूजा अर्चना की।

# धूमधाम से मनायी गयी महाशिवरात्रि





- हर हर महादेव के जयकारों से गूंजे शिवालय

**कूरेभार, सुलतानपुर (वीओएल)।** बुधवार को कूरेभार क्षेत्र में महा शिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया गया। मंदिरों में सुबह आरती की गई और इसके बाद शिव भक्तों ने शिवलिंग पर जल चढ़ाना शुरू किया। शिव भक्त भोले बाबा के जयकारों से मंदिर गूंजते रहे। कूरेभार कस्बे के प्राचीन हनुमान मंदिर पर स्थित शिवालय पर सुबह से ही भक्तों का मेला लगा रहा। सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु महिला पुरूष यहां जलाभिषेक करने के लिए पहुंचे। क्षेत्र के गीता मंदिर शिवालय, सहित स्टेशन मार्ग के शिव मंदिर, गुप्तारगंज के चंडिका धाम पर स्थित शिव मंदिर, पर भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ नजर आई। महिलाओं ने लाइन में लगकर जल चढ़ाया और परिवार की खुशहाली के लिए भगवान शिव से मन्नतें मांगी। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्र के मंदिरों में भी विशेष उत्साह महा शिवरात्रि को लेकर नजर आया। गांव के मंदिरों उपवास रखने वाली महिलाएं व युवतियां पहुंची। मंदिरों में भगवान शिव के भजनों पर शिव भक्त नृत्य करते हुए नजर आए। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल मंदिरों के बाहर तैनात नजर आया। कूरेभार कस्बे के हरिनाम गांव के शिव मंदिर पुजारी शंकर नाथ दूबे ने बताया कि महा शिवरात्रि पर भगवान शिव की उपवास रखना काफी फलदायी माना जाता है। शिवरात्रि के दिन भगवान भोले अपने भक्तों की भक्ति से प्रसन्न होकर उनकी हर मनोकामनाएं पूरी करते है।

**उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़**

**दुबेपुर, सुलतानपुर।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व प्रत्येक शिवालय पर भक्तों का सैलाब उमड़ा वहीं दूबेपुर ब्लॉक के मुरलीनगर खैचलाकला ग्राम सभा के गोपेश्वरनाथ धाम में जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ रही। लोगों का यह मानना है कि यह बहुत ही प्राचीन मंदिर है। इसमें अलौकिक शक्तियां विद्यमान है यहां जो भी मन्नत मांगी जाती है वाह जरूर पूरी होती है। इस मंदिर के मुख्य पुजारी आशुतोष नाथ ने शिव की महिमा बताते हुए कहा कि ब्रह्मांड की चेतना हैं भगवान शिव महादेव कल्याण और मंगल के प्रतीक हैं। उनका नाम लेना ही समस्त अमंगलों का नाश करने वाला है। इसलिए महाशिवरात्रि के दिन उनका अर्चन करने वालों को उनकी विशेष कृपा प्राप्त होती है। मार्कण्डेय पुराण में कहा गया है कि शिनरंजनो निराकारो एको देवो महेश्वरः। अर्थात निरंजन और निराकार महेश्वर ही एकमात्र देव हैं, जो मृत्यु के मुख में गए हुए प्राणों की बलपूर्वक रक्षा करने में भी समर्थ हैं। इस मंदिर पर भक्तगढ़ भरत मिलन, राजकुमार पाण्डेय, राकेश पाल, मनोज पाण्डेय, राकेश शुक्ला, पवन शर्मा आदि भक्त उपस्थित रहे।

**गाजे-बाजे के साथ निकाली गई शिव बारात**

**सूरापुर, सुलतानपुर।** सूरापुर में स्थित लखनऊ-बलिया हाइवे पर पंचमुखेश्वर महादेव मंदिर पर महाशिवरात्रि पर भव्य यात्रा निकाली गई। बब्लू बरनवाल नदी के नेतृत्व कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बारात में गाजे बाजे साथ रथ, ऊंट, घोड़े, डीजे के साथ नागा साधु और संन्यासी भी शामिल हुए बारात में बाजार को रंग बिरंगे गुब्बारे एवं झंडों से सजाया गया था। जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया था। व्यापार मंडल के अध्यक्ष बीके अग्रहरि अपने पदाधिकारी के साथ पुष्पवर्षा कर बारात का स्वागत किया। घरों की छतों से महिलाओं ने फूल की बरसात की और शिव भगवान की आरती उतारी कलाकारों ने शिव तांडव शिव पार्वती व राधा कृष्ण की जीवंत मंचन किया। शिव विवाह हजारों श्रद्धालु शामिल हुए चार रोड के व्यापारियों ने जगह-जगह बारातियों के लिए फलहार, दूध दही, लस्सी और प्रसाद का वितरण किया। मुडिला रोड पर, बिजेथुआ रोड पर और शाहगंज रोड कादीपुर रोड पर व्यापारियों ने बारात का स्वागत किया। इस मौके पर भवानीपुर के प्रधान पति प्रेम प्रकाश जायसवाल, पूर्व प्रधान राधेश्याम सिंह, बबलू बरनवाल नदी, कृष्णा चैरसिया, मनोज निराला, अयोध्या सोनी, बालकृष्ण बरनवाल, अतुल अग्रहरि, पवन सोनी, विनोद अग्रहरि, गोविंद सोनी, कन्हैयालाल मोदनवाल बृजेश जयसवाल आदि लोग शामिल रहे।

## एम्स ने दुर्लभ न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर के बच्चे का सफलतापूर्वक किया इलाज

**रायबरेली।** चिकित्सा विशेषज्ञता और समर्पण का उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए बाल रोग विभाग ने एक लंबे समय तक और गंभीर बीमारी के बाद गुइलैन-बैरे सिंड्रोम के निदान वाले एक छोटे बच्चे का इलाज करने में सफलता पायी है। जानकारी के अनुसार 29 सितंबर, 2024 को मुंशीगंज निवासी भाव्यांश नाम के एक बच्चे को दोनों निचले अंगों में अचानक शुरूआत की कमजोरी के साथ एम्स में भर्ती कराया गया था। घंटों के भीतर, बच्चे ने पूर्ण पक्षाघात विकसित किया और स्वतंत्र रूप से सांस लेने में असमर्थ था। मामले की गंभीरता को पहचानते हुए, मेडिकल टीम ने तुरंत उसे बाल चिकित्सा गहन देखभाल इकाई में स्थानांतरित कर दिया और उसे एक वेंटिलेटर पर रखा। डॉ नमिता मिश्रा के साथ, एसोसिएट प्रोफेसर गुइलैन-बर्रे सिंड्रोम के तहत बच्चे का इलाज किया गया। एक दुर्लभ न्यूरोलॉजिकल विकार जिसमें शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली शरीर की अपनी नसों को हानिकारक के रूप में पहचानती है और उन पर हमला करती है, जिससे मांसपेशियों और श्वसन पक्षाघात होता है। भाव्यांश ने पूर्ण पक्षाघात और गंभीर निमोनिया विकसित किया था, जिसके कारण वह 2 महीने से अधिक समय तक वेंटिलेटर पर था और 5 महीने के लंबे समय तक अस्पताल में रहने के बाद छुट्टी दे दी जा सकती थी। ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन डिपार्टमेंट के सहयोग से, रक्त से हानिकारक एंटीबॉडी को हटाने के लिए प्लास्मफेरेसिस का प्रदर्शन किया गया था। ईएनटी विभाग ने एक ट्रेकियोस्टोमी का प्रदर्शन करते हुए बच्चे की श्वांस बनाए रखने में मदद की। बीमारी के लिए बच्चा लंबी अवधि के लिए नहीं कर सकता था। बाल चिकित्सा सर्जरी और शारीरिक और चिकित्सा पुनर्वास के विभागों ने भी आवश्यकता के रूप में पर्याप्त समर्थन प्रदान किया। बच्चे के माता-पिता के अटूट समर्थन के साथ-साथ पीआइसीयू में संकाय, निवासियों और नर्सिंग स्टाफ की समर्पित टीम ने बच्चे की वसूली में मदद की। व्यापक चिकित्सा प्रबंधन के बाद, भाव्यांश ने उल्लेखनीय रिकवरी हुई। उसकी ताकत धीरे-धीरे वापस आ गई, और वह अंततः वेंटिलेटर से बाहर हो गया। एक लंबी और चुनौतीपूर्ण लड़ाई के बाद, उन्हें अपनी स्थिति में महत्वपूर्ण सुधार के साथ एम्स राइबरेली से सफलतापूर्वक छुट्टी दे दी गई।

## धर्म व संस्कृति को संरक्षित करने के लिए प्रदेश सरकार कटिबद्ध : अदिति सिंह



**रायबरेली।** सदर विधायक अदिति सिंह ने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सभा हरदासपुर में श्री राम जानकी मंदिर का भूमि पूजन सौंदर्यीकरण हेतु शिलान्यास किया। पर्यटन विभाग द्वारा स्वीकृत लगभग एक करोड़ की लागत से श्री राम जानकी मंदिर का जीर्णोद्धार होगा। भूमिपूजन के अवसर पर सदर विधायक अदिति सिंह ने कहा कि महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान श्रीराम व जानकी जी के मंदिर का जीर्णोद्धार नगरवासियों क्षेत्रवासियों के लिए सौभाग्य का विषय हैं। उन्होंने कहा कि भगवान शिव भगवान राम के आराध्य और शिव के आराध्य स्वयं श्री राम जानकी है। भगवान शिव की कृपा से ही यह संभव हो सका है। उन्होंने क्षेत्रवासियों को महाशिवरात्रि पर्व पर बधाई दी तथा कहा कि भगवान शिव कल्याणकारी और देवों के देव महादेव है जिनकी कृपा क्षेत्र में सद्भाव के रूप में बरसती रहती है। उन्होंने कहा कि भगवान श्री राम जन जन के प्रिय है तथा भारत भूमि मयार्दा और साहस के लिए शिरोमणि के रूप में जाने जाते हैं उनके द्वारा जन जन का कल्याण किया गया जिनके स्मरण मात्र से जीव का कल्याण होता है। सदर विधायक ने प्रदेश सरकार द्वारा धर्म स्थानों के संरक्षण हेतु चलाए जा रहे अभियान कार्यक्रमों की व्यवस्था बताते हुए कहा कि जो हमारे पुरातन विभाग से धर्म और संस्कृति को संरक्षित करने लिए प्रदेश सरकार सौंदर्यीकरण कराने के लिए कटिबद्ध है। इस अवसर पर प्रधान नरेन्द्र चैधरी, बद्रीनाथ, शैलेन्द्र पटेल, विजय प्रकाश द्विवेदी, भगवती सिंह, मंजेश सिंह, आशीष मौर्य, पूर्व प्रधान बासुदेव, पूर्व प्रधान रामदेव, ओ पी मौर्या, तथा गंगा पासवान समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# सुलतानपुर को हरा सोनबरसा बना विजेता

- दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का दूसरा दिन, देर रात तक चला मुकाबला
- राज्य स्तरीय महिला प्रतियोगिता में हरियाणा का दबदबा



**सुलतानपुर (वीओएल)।** ताजखानपुर बहादुरपुर में आयोजित दो दिवसीय हाजी नसीर खान नस्सर व रिजवान सईद सुलतानपुरी की याद में आयोजित दो दिवसीय महिला पुरुष वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला वॉलीबॉल संघ के पूर्व सचिव वेद प्रकाश चैंपियन का भी याद किया। आज प्रतियोगिता का उद्घाटन सर्वप्रथम उन विभूतियों का माल्यार्पण कर किया गया। मुख्य अतिथि विधानपरिषद सदस्य शैलेंद्र प्रताप सिंह, अध्यक्ष बार एसोसिएशन रंजीत सिंह त्रिशुंडी व विशिष्ट अतिथि चंदन नारायन सिंह जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा और जिला वॉलीबॉल संघ के उपाध्यक्ष राम शिरोमणि वर्मा, मुनेंद्र मिश्र, एसएन सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। सरवर खान, वदूद खान एवं जीशान की अगुआई में आयोजित इस प्रतियोगिता के दूसरे दिन जिला स्तरीय पुरुष प्रतियोगिता का फाइनल मैच स्टेडियम सुल्तानपुर और सोनबरसा के बीच खेला गया, जिसमें सोनबरसा की टीम ने बढ़िया प्रदर्शन करते हुए स्टेडियम सुलतानपुर को पांच सेटों के मुकाबले में 3-2 से हराया, विजेता खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा ट्राफी और नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। आज प्रतियोगिता के दूसरे दिन राज्य स्तरीय महिला वर्ग की डे नाइट प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें सुलतानपुर स्टेडियम, आगरा, हरियाणा, लखनऊ, वाराणसी, जौनपुर और प्रयागराज की टीमों ने प्रतिभाग किया जिसमें रोमांचक मुकाबले देर रात तक चले हरियाणा ने अपने पुल के दोनों मैच जीतकर अपनी मजबूत स्थिति दर्ज की, हरियाणा की टीम ने सीधे सेटों में पहले मैच में आगरा और पूल के दूसरे मैच में लखनऊ को हराया स निर्णायक आसिफ, सोनू सिंह दिनेश मिश्रा नाना रहे, संचालन इमरान, रमजान पहलवान और महफूज खान ने किया ऑफिशियल अनस अब्बास, सैयद नूर अली, मोहम्मद अली रहे। प्रतियोगिता में मुख्य सहयोगी इजहार खान, महफूज खान, इशार उर्फ टीपू, नौशाद खान, मुन्ना कालिया, आकिब रहे, व्यवस्था में अनस खान, अरकम खान, तौकीर खान, रशीद खान, तमजीद, तौहीद, मो आरिफ, सोहेल खान रहे। इस मौके पर मोहम्मद अली, तौसीफ खान बाली, मेराज अहमद, आसिफ, एसएन सिंह, चंदन मिश्रा, रमजान पहलवान, सिकंदर, कामिल आदि मौजूद रहे।

## जलाभिषेक के लिए रहीं लम्बी कतारें

**नसीराबाद, रायबरेली।** महा शिवरात्रि के अवसर पर नसीराबाद थाना स्थित शिव मंदिर में सुबह से ही शिव भक्तों की लंबी लंबी कतारें जलाभिषेक के लिए लगी रहीं। कई गांव के लोग दूर-दूर से भी भोले बाबा की एक झलक पाने के लिए जल, बेल, फूल आदि चढ़ावा चढ़ाने के लिए लाइन में खड़े रहे। नगर पंचायत नसीराबाद में यह शिव मंदिर बहुत ही प्राचीन व विशाल है शिवरात्रि के दिन इस मंदिर में विशाल मेला आयोजित होता है मेले में आसपास के गांव, लछनी, मऊ, हरिया, टेगना, पूरे बंधन, शाहपुर आलमपुर, कुंवर मऊ, थौरी, सतपेडा, छतोह, रहीमगंज, अशरफपुर, पूरे बंशी, खेरवा, कुकहा, टूडी, बरगदी, मठिया, बेढौना, पूरे असगर, महमूद अली का पुरवा, बेहटा मुतुर्जा आदि गांव से लोग भोले बाबा को प्रसन्न करने के लिए जल चढ़ाने आते हैं और भोले बाबा से मनोकामना पूरी होने की प्रार्थना करते हैं।

# हर-हर महादेव के जयकारों से गुंजे शिवालय

**रायबरेली।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर जिले के सभी शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। शहरी क्षेत्रों के अलावा ग्रामीण इलाकों में भी शिवालय सुबह से ही हर-हर महादेव के जयकारों से गुंजायमान रहे। शहर के सुपर मार्केट में स्थित जगमोहनेश्वर शिव मंदिर, महाकालेष्वर महादेव, गायत्रीपीठ स्थित षिव मंदिर, लालगंज के बाल्हेश्वर शिव मंदिर, बछरावां क्षेत्र के भंवरेश्वर शिव मंदिर में सुबह से ही लम्बी लम्बी कतारों में लगे भक्त भगवा-भोले शंकर की एक झलक पाने के लिये प्रसन्नचित्त मुद्रा में अपनी बारी का इंतजार कर कर जलाभिषेक किये। शहर के जगमोहनेश्वर शिव मंदिर जो लगभग डेढ़ सौ वर्ष पुराना है इस मंदिर की ऐसी मान्यता है कि जो भी भक्त महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव को दूध, बेल पत्र, धतूरा, और गंगाजल अर्पित करता है भगवान भोलेनाथ उसकी सभी मनोकामनाओं को पूरा करते हैं। इसी आस्था और विश्वास के साथ लोग सैकड़ो किमी से नंगे पांव आकर भगवान शिव के दर्शन करते हैं, वही भक्तों की सुरक्षा के लिए सभी शिवालियों के बाहर मजिस्ट्रेट के साथ-साथ पुलिस की भी तैनाती की गई है ताकि भक्तों को किसी तरह की कोई असुविधा न हो।





**बाबा बाल्हेश्वर मंदिर में उमड़ा भक्तों का सैलाब**

**लालगंज, रायबरेली।** महाशिवरात्रि के अवसर पर बाबा बाल्हेश्वर मंदिर में भगवान शंकर के जलाभिषेक के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। लाखों की संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और बाबा बाल्हेश्वर की पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर में लगे मेले में लोगों ने जमकर लुत्फ उठाया। विभिन्न प्रकार की दुकानें और स्टॉल लगाए गए थे, जिनमें पूजा सामग्री, प्रसाद, और अन्य धार्मिक वस्तुओं की खरीदारी की जा रही थी। भक्तों ने मंदिर में जलाभिषेक किया और बाबा बाल्हेश्वर शिवलिंग का जल, दूध, फूल और अन्य पवित्र पदार्थों से अभिषेक किया। मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया था। श्री जन कल्याण समिति के तत्वाधान में पूजा-अर्चना के अलावा, मंदिर में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए थे। मंदिर की व्यवस्था देख रहे अखिलेश पांडे, पंडित झिलमिल जी महाराज, अनुज अवस्थी, अतुल मिश्रा, प्रदीप तिवारी, राम शंकर तिवारी, राजेंद्र प्रसाद तिवारी, सूर्य प्रसाद, पूर्व प्रधान उमेश सिंह, पूर्व प्रधान राज किशोर सिंह बघेल, चंदन त्रिवेदी आदि ने बताया कि बैसवारे का बाल्हेश्वर महादेव मंदिर ऐतिहासिक पवित्र धाम है जहां मत्था टेंकने से श्रद्धालुओं कीमुरादे पूरी होती है। जन कल्याण समिति के उपाध्यक्ष अशोक कुमार बाजपेई और पंडित झिलमिल महाराज ने बताया कि इस बार श्रृंगार पूजा में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में हरचंदपुर विधानसभा के पूर्व विधायक राकेश सिंह शिरकत करेंगे। पंडित झिलमिल जी महाराज बताते हैं कि मंदिर के गुम्बद पर स्थापित त्रिशूल दिन भर सूर्य की गति के साथ-साथ अपने स्थान पर घूमता है। सनातन श्रद्धा, भक्ति व विश्वास के प्रतीक इस मंदिर में गैर जनपदों से भी लोग पूजन अर्चन को आते हैं। मेले और मंदिर की व्यवस्था में क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह, उपनिरीक्षक रविंद्र कुमार, एस एस आई नरेंद्र सिंह सेंगर सहित राजस्व विभाग व पुलिस का भारी भरकम बंदोबस्त रहा।

## महाशिवरात्रि के अवसर पर शुरू हुआ अखंड पाठ



**शाहगढ़, अमेठी।** गोसाई बाबा के धाम पर सामूहिक अखंड राम चरित्र मानस का पाठ का आयोजन हुआ, जिसमें क्षेत्र से काफी संख्या में ग्रामीण पहुंच रहे हैं। पूरे राम चरन उपाध्याय में बुधवार को पूर्व प्रमुख त्रिभुवन दत्त उपाध्याय के संरक्षण में सामूहिक अखंड राम चरित्र मानस का पाठ शुरू हुआ। वृहस्पतिवार को कथा समापन, हवन पूजन, प्रसाद वितरण अनवरत शाम तक चलता रहेगा। स्थल के पास दोपहर बाद वार्षिक मेला लगेगा। यह कार्यक्रम दो दशक से महाशिव रात्रि के अवसर पर होता रहा हैं। कार्यक्रम में प्रमोद कुमार उपाध्याय, विनोद, मनोज, रवि मिश्रा, राजू शुक्ला, शरद शुक्ला, विवेक उपाध्याय, राम सजीवन मटियारी, सुभाष, राम यश शर्मा, अनुराग उपाध्याय, राम सजीवन उपाध्याय, सन्नी उपाध्याय, बबलू तिवारी, मुन्ना शुक्ला मौजूद रहे।

## श्रद्धालु भगवान भोले नाथ को प्रसन्न करने के लिए अपने-अपने तरीके से लगे रहे

**भेटुआ (अमेठी)।** क्षेत्र के सरूवावा, सेमरा, सनहा, मड़ेरिका परतोष आदि सभी स्थानों के शिव मंदिरो पर सुबह चार बजे से ही श्रद्धालु भगवान भोले नाथ को प्रसन्न करने के लिए अपने अपने तरीके से लगे रहे। सुबह से ही महिलाएँ व पुरुषों ने भाँग, बेल पत्र, धतूरा, फूल, गन्ने की गेड़ी, जौ, दूध, दही, गुड़ अक्षत सिंदूर आदि का जल बनाकर भगवान भोले नाथ को प्रसन्न करने के लिए जलाभिषेक किया। परतोष तिराहे पर स्थित भगवान भोले नाथ के मंदिर पर ममता स्टील के एम डी द्वारा विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया जिसमे हजारों की संख्या मे श्रद्धालुओ ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर अशोक कुमार शर्मा, अमरनाथ कश्यप, विकास कुमार, हरीराम जी पी सिंह, कमलेश मिश्र के साथ सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## रामचरित मानस पाठ वविशाल भंडारा आयोजित

**महराजगंज, रायबरेली।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर जहां एक और क्षेत्र के शिवालयों में सुंदरकांड का पाठ और रामचरित मानस पाठ तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया तो वही क्षेत्र के अनेक शिव मंदिर में भव्य सजावट भी देखने को मिली। तहसील परिसर में स्थित शिव मंदिर पर उपजिलाधिकारी सचिन यादव व तहसीलदार मंजुला मिश्रा की मौजूदगी में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। कस्बा महराजगंज के शांति नगर स्थित महाकालेश्वर मंदिर पर भी श्रद्धालुओं ने पहुंचकर जलाभिषेक किया और प्रसाद भी ग्रहण किया।

## एडीएम व एएसपी ने दुर्गन भवानी मंदिर गौरीगंज व तपेश्वरनाथ धाम पीढ़ी का किया निरीक्षण

**अमेठी।** त्यौहार महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु बुधवार को जनपद भ्रमण के दौरान अपर जिलाधिकारी अमेठी व अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री हरेन्द्र कुमार द्वारा थानाक्षेत्र गौरीगंज अन्तर्गत दुर्गन भवानी मन्दिर व थानाक्षेत्र फुरसतगंज अन्तर्गत तपेश्वरनाथ धाम मंदिर पीढ़ी का निरीक्षण किया गया तथा मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिये बैरिकेटिंग कर समुचित पुलिस प्रबंध के माध्यम से व सीसीटीवी कैमरों की मदद से संदिग्धों की निगरानी करने, वर्दी तथा सादे वस्त्रों में पुलिस बल तैनात कर व भ्रमणशील रहते हुए संदिग्धों, शरारती तत्वों पर नजर रखने एवं मंदिर जाने वाले मार्गों पर यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के संबंध में संबंधित को आवश्यक आदेश/निर्देश दिये गये तथा मेला प्रबन्धन समिति के पदाधिकारियों से वार्ता की गयी।

## गंगा स्नान करने गयी किशोरी डूबी

**रायबरेली।** गदागंज थाना क्षेत्र के धीरनपुर शिव मंदिर घाट पर माँ के साथ स्नान करने गई किशोरी स्नान के दौरान गहरे जल में जाने से डूब गयी। गोताखोरों की मदद से बच्ची की तलाश जारी है।

## डीएम व एसपी ने महाशिवरात्रि के दृष्टिगत शिव मंदिरों का किया निरीक्षण



**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह ने महाशिवरात्रि के दृष्टिगत सदर क्षेत्रांतर्गत प्राचीन जगमोहनेश्वर मन्दिर चंदापुर व आस्तीक मंदिर परिसर लालूपुर का भ्रमण कर सुरक्षा, पार्किंग, साफ-सफाई, बैरिकेटिंग तथा अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा मन्दिर में पूजा अर्चना भी की गई। निरीक्षण के समय जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मन्दिर परिसर व उसके आस-पास साफ-सफाई की व्यवस्था, पार्किंग, प्रकाश, सुरक्षा की समुचित व्यवस्था बनाए रखना सुनिश्चित किया जाए, जिससे आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न न हो। निरीक्षण के समय नगर मजिस्ट्रेट राम अवतार, तहसीलदार सदर प्रज्ञा द्विवेदी सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## रेल कोच आधुनिकेश्वर धाम शिव मंदिर में हुआ रुद्राभिषेक कार्यक्रम

**लालगंज, रायबरेली।** बुधवार को जहां लालगंज क्षेत्र के प्रत्येक शिव धाम में महाशिवरात्रि पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया, वहीं लालगंज नगर पंचायत अध्यक्ष दीपेंद्र गुप्ता रेल कोच फैक्ट्री के आधुनिकेश्वर धाम शिव मंदिर में पूजा अर्चना के बाद रुद्राभिषेक पूजन में शामिल हुए। एमसीएफ की मेंस कांग्रेस यूनियन के महामंत्री मनोज ओझा के नेतृत्व में कई वर्षों से आधुनिकेश्वर शिव मंदिर में महाशिवरात्रि व अन्य धार्मिक कार्यों पर पूजा पाठ के कार्यक्रम आयोजित होते हैं। बुधवार को आयोजित महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर जहां हजारों रेल कोच कर्मियों ने मंदिर पहुंच कर जलाभिषेक किया, वहीं रुद्राभिषेक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। आज गुरुवार को विशाल भंडारे का भी आयोजन है।

## केडी मालवीय विद्या मंदिर में आयोजित हुआ वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव

**रायबरेली।** शहर की ख्याति प्राप्त शिक्षण संस्था केडी मालवीय विद्या मंदिर में वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, राणा बेनी माधव जिला चिकित्सालय के वरिष्ठ फिजिशियन और हार्ट स्पेशलिस्ट डॉ. सलीम रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र छात्राओं ने कक्षावार सांस्कृतिक, रोचक, मनोरंजक, ज्ञानवर्धक और देशभक्ति से ओत प्रोत प्रस्तुतियां दी। स्व. बाबू अमरेश चंद्र के तैल चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सर्वप्रथम गणेश वंदना तथा नर्सरी के बच्चों आज की पार्टी थीम पर, एलकेजी वेलकम सॉन्ग, यूकेजी के बच्चों ने - पापा कहते हैं..., कक्षा एक के बच्चों ने मां मैशअप थीम पर प्रस्तुति देकर मन मोह लिया। सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव, दादा-दादी, मां पापा भाई बहन के रिश्तों पर विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरी।

संक्षेप

## शिव मंदिर पर भजन संध्या आयोजित

**टूंडला।** नगर के स्टेशन रोड भारत माता चौक स्थित शिव मंदिर पर भजन संध्या कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम के आयोजक लक्ष्मीकांत एवं चंद्रशेखर ने जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह पचोखरा मंडल प्रभारी वीरेन्द्र प्रताप सिंह टूंडला नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता अल्पसंख्यक मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सचिन जैन शशांक प्रताप सिंह विवेक वर्मा आदि का माला व शॉल पहना कर स्वागत किया, व मंदिर प्रांगण में स्थित शिवलिंग की विधि विधान से पूजा अर्चना करवाई। भजन संध्या के मुख्य गायकार पूनम यादव प्रेम दीवाना सोनू शर्मा रहे। कार्यक्रम में सेवानिवृत प्रवक्ता दिनेश कांत दोषी महेंद्र कुमार झा,डॉ.आकाश गुप्ता, विष्णु तिवारी, राजेश यादव,नितेश यादव व अन्य शिव भक्त उपस्थित रहे।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा एक वांछितअभियुक्त को गिरफ्तार किया है।थाना टूण्डला पुलिस ने चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक वांछित अभियुक्त सेटी उर्फ राजा पुत्र नेमीचन्द निवासी इस्लामपुर थाना बमरोली कटारा जनपद आगरा को वन्ना कट एनएच 19 थाना क्षेत्र टूण्डला से गिरफ्तार किया गया, पुलिस ने अभियुक्त के विरूद्ध कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## मुठभेड़ में शातिर लुटेरा गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** एसएसपी सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना उत्तर पुलिस टीम द्वारा थाना उत्तर पर पंजीकृत अभियोग से संबंधित शातिर अभियुक्त अनुराग गुप्ता उर्फ अन्नू को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से एक तमंचा एक खोखा कारतूस दो जिंदा कारतूस एक चोरी की मोटर साइकिल एवं छिनैती के1500 रुपये बरामद हुए। 27-01-2025 को सुधांशु शर्मा पुत्र संतोष कुमार शर्मा निवासी तिलक नगर थाना उत्तर जनपद के द्वारा थाना उत्तर पर उनके पिता से अभियुक्तगण द्वारा थैला छीनकर भाग जाने के संबंध में मुकदमा पंजीकृत कराया गया था।

## बाइक को ईको कार ने रौंदा देवर-भाभी की मौत

**मथुरा।** मथुरा गोवर्धन मार्ग पर बीतीरात हुये सड़क हादसे में एक नवविवाहिता और उसके देवर की दर्दनाक मौत हो गयी। विवाहिता बाइक पर सवार होकर अपने ससुराल वापिस आ रही थी तभी पालई गांव के पास यह हादसा हुआ। मिली जानकारी के अनुसार अड़ींग गांव के रहने वाले लाखन सिंह के बड़े पुत्र सतीश की शादी तीन माह पूर्व मगोर्रा थाना क्षेत्र के बछगांव निवासी हेमा के साथ हुयी थी। गत 24 फरवरी को हेमा अपने चचेरे भाई की शादी मे ससुरालियो के साथ गई थी। ससुराल के बाकी लोग तो शादी समारोह में भाग लेकर वापस आ गए लेकिन नवविवाहिता वहीं रूक गयी। शादी के बाद पहली शिवरात्रि पड़ने के कारण ससुराल वालों ने हेमा को बुलाने के लिए उसके देवर ज्ञानी को भेजा। बाइक से ज्ञानी (23) अपनी भाभी हेमा को मायके से लेकर आ रहा था। मथुरा-गोवर्धन मार्ग पर पालई गांव के समीप पीछे से तेज रफ्तार ईको कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में हेमा की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि देवर गंभीर रूप से घायल हो गया उसे इलाज के लिये अस्पताल ले जाया गया जहां उसने भी दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी पर गांव के लोग भारी संख्या में आज पोस्टमार्टम गृह पहुंचे।

## 20 लाख लागत के विकास कार्यों का जिपं अध्यक्ष ने किया लोकार्पण व शिलान्यास

**मथुरा।** पंचायतों में पानी निकासी के साथ ही जर्जर सड़क में चलना मुश्किल हो जाता है। इससे ग्रामीणों को बहुत तकलीफों का सामना करना पड़ता है। ग्राम पंचायत नगला हरी के गांव मुड़सेनियाँ के ग्रामीणों को अब इन समस्याओं से काफी हद तक निजात मिल जाएगी। ये बात आज जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने सीसी, नाली एवं ईंट खरंजा निर्माण कार्यों का लोकार्पण शिलान्यास पर आयोजित सम्मान समारोह में कही। जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी का काफिला आज सुबह विकास खंड राया के ग्राम पंचायत नगला हरी के गांव मुड़सेनियाँ में पहुंचा जहां जिपं अध्यक्ष किशन चौधरी ने जिपं निधि से लगभग 20 लाख लागत से सीसी, नाली एवं ईंट खरंजा निर्माण कार्यों का लोकार्पण शिलान्यास नारियल फोड़कर किया।

# कृष्ण नगरी हुई शिवमय

## श्रीकृष्ण जन्मभूमि से निकली भोले की भव्य बारात



**मथुरा।** महाशिवरात्रि पर्व पर बुधवार दोपहर श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा-संस्थान द्वारा भोले बाबा की अनूठी व भव्य बारात नगर में आकर्षक झाँकियों के साथ निकाली गयी। जन्मस्थान से निकलने वाली परंपरागत शिव बारात नगर में श्रद्धा और आकर्षण की केन्द्र रही भगवान शिव की बारात के पौराणिक स्वरूप के दर्शन कर नगरवासियों एवं भक्तों को सौभाग्य प्राप्त हुआ।

ढोल-नगाड़े की मधुर ध्वनि के साथ सर्वप्रथम भगवान भैरों जी रथ पर विराजमान थे। तदोपरान्त विशाल नन्दी बाबा चल रहे थे। डीजे पर बज रहे भोले बाबा के भजनों के मध्य त्रिशूल धारण कर माँ चण्डी देवी के दर्शन भी आकर्षण का केन्द्र रहे। नृत्य करती सखियाँ, अघोरी स्वरूप में नृत्य के साथ माता काली के मनमोहक प्रदर्शन के दर्शन, भक्तों को आनन्दित करने वाले थे। चन्दौसी से पधारी ढोल पार्टी एवं बैण्ड की सुमधुर ध्वनि के मध्य विराजमान हो भगवान ब्रह्मा जी व भगवान श्री विष्णुजी, शिव बारात में उपस्थित हो त्रिदेव की बारात को संपूर्ण कर रहे थे। आज की बारात के मुख्य आकर्षण नन्दी पर विराजमान औघड़दानी भगवान शिव के विशेष स्वरूप, भूत-प्रेत, पिशाच, डाकिनी, शाकिनी आदि भगवान शिव के स्वरूप में और अद्भुद स्वरूप प्रदान कर रहे थे। भगवान शिव के साथ नृत्य करते हुऐ शिवगण भक्तों के आकर्षण का केन्द्र थे। ढोल की ध्वनि जो सूचक थी भगवान शिव की बारात आगमन की, उसे सुनकर संपूर्ण यात्रा मार्ग पर लोगों की कतारें लग गयीं। घरों की छतों एवं झरोखों से भी लोग भोले की इस अनूठी बारात को निहार कर उत्साहित हो रहे थे। धन्य मान रहे थे अपने प्रालब्ध को, कि इस पुराण प्रसिद्ध स्मृति मात्र से ही सभी विलक्षण एवं अलौकिक फलों को देने वाली इस दुर्लभ शिव बारात के आज अनूठे दर्शन कर रहे है। जहाँ बच्चे, युवा बारात के साथ भक्ति से ओत-प्रोत एवं शिवगणों की ताल में ताल मिलाकर नृत्य करते हुये चल रहे थे, वहीं बुजुर्ग एवं महिलायें बड़े ही कौतूहल एवं श्रद्धाभाव से इस बारात को निहार रहे थे। सभी के मन में खुशी थी। जहाँ से भगवान शिव की बारात निकली वहीं से वृहद मात्रा में पुष्पवर्षा हो रही थी, ऐसा प्रतीत हो रहा था कि इन्द्रदेव मेघ बूंदों के स्थान पर पुष्पवर्षा कर रहे हों। नृत्य करते शिवभक्त एवं भगवान शिव के गण, भक्तों में श्रद्धा के साथ-साथ भाव मिश्रित सिरहन भी पैदा कर रहे थे। जन्मभूमि पर भगवान शिव की बारात प्रारम्भ से पूर्व औघड़दानी भगवान शिव की आरती श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा-संस्थान के सचिव कपिल शर्मा एवं प्रबंध समिति के सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुवेर्दी द्वारा की गयी।

# महाशिवरात्रि पर कान्हा की नगरी हुई शिवमय

● सुबह से देररात तक मंदिरों में लगते रहे भोलेनाथ के जयकारे

**मथुरा।** आज कान्हा की नगरी में शिवरात्रि का महापर्व श्रद्धाभक्ति और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। प्रमुख शिव मंदिरों के अलावा गली मौहल्ले, कालोनियों में स्थापित शिवालयों में पूजा अर्चना और भोलेनाथ को एक लोटा जल, धतूरा, नारियल, बेलपत्र, पुष्प मालाओं के साथ पूजन अर्चन किया गया। सुबह में श्रद्धा भक्ति का अंनूठा संगम देखने को मिला। आज शिव रात्रि के कारण शहर के प्रमुख रंगेश्वर महादेव मंदिर, भूतेश्वर महादेव मंदिर, गर्तेश्वर महादेव मंदिर, नीलकंठ महादेव, और गोवर्धन के चकलेश्वर, लठौकरी, वृन्दावन के गोपेश्वर मंदिर, महावन के चिंताहरण महादेव, नंदगांव के आसेश्वर महादेव सहित जनपद भर के मंदिरों में शिवरात्रि की धूम रही। लोगों ने आज भोलेनाथ का व्रत भी रखा। घर-घर पूजा अर्चना



से ही मथुरा नगरी में भोलेनाथ की जय हो के उद्घोष गूंजते रहे। जगह-जगह मंदिरों में सुबह से ही भगवान को जलाभिषेक का क्रम जारी रहा जो सायं काल तक निरंतर चलता रहा। शिव भक्तों ने भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए विधिविधान से पूजा अर्चना की। बेर, संतरे, जैसे फल प्रभु को अर्पित किए गए। मंदिरों का क्रम चलता रहा। व्रत उपवास के साथ सायं काल उपरान्त शिव भक्त अपना व्रत पूरा करेंगे। कुटु, सिंगाड़ा और फलों के साथ व्रत उपवास पूरा होगा। आज शिव मंदिरों में भारी रौनक देखने को मिली। सायंकाल फूलबंगलो के आयोजन होंगे। महाशिव रात्रि पर जगह-जगह पूजा अर्चना हुई।

# पुलिस ने कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर किया स्वागत



**फिरोजाबाद।** महाशिवरात्रि पर्व पर कांवड यात्रा के दौरान जनपद फिरोजाबाद से गुजरने वाले सभी कांवडियों पर फिरोजाबाद पुलिस द्वारा पुष्प वर्षा कर व सूक्ष्म जलपान कराकर भव्य स्वागत कर गंतव्य के लिए रवाना किया गया। वहीं एसएसपी ने खुद कांवड़ यात्रा रूटों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्थाओं से कांवड़ यात्रा सकुशल संपन्न हुई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में कांवड मार्ग की यातायात व्यवस्था, कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने के साथ-साथ कांवडियों के आदर सत्कार हेतु जनपद से गुजरने वाले सभी कांवडियों पर विभिन्न थाना क्षेत्रांतर्गत जगह-जगह पुष्प वर्षा की की गई जनपद से गुजरने वाले विभिन्न प्रदेशों व जनपदों से सम्बंधित सभी कांवड यात्रियों का थाना नसीरपुर मार्ग पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद एवं थाना प्रभारी शिकोहाबाद नसीरपुर व अन्य पुलिसबल द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया एवं सूक्ष्म जलपान कराकर उन्हें गंतव्य पर सकुशल पहुंचने की शुभकामनाओं सहित रवाना किया गया। इसके साथ ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा काँवड मार्गों पर यातायात व्यवस्था व काँवडियों की सुरक्षा के दृष्टिगत थाना टूण्डला एवं थाना पचोखरा क्षेत्रान्तर्गत भ्रमण किया। इस दौरान उनके द्वारा कांवड मार्ग पर तैनात पीआरवी, चेतक मोबाइल क्यूआरटी आदि को लगातार भ्रमणशील रहकर कांवडियों से संवाद कर उन्हें जागरुक करने हेतु निर्देशित किया गया एवं कांवडियों को उपलब्ध करायी जा रही आवश्यक सुविधाएँ का भी निरीक्षण कर समबन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए जनपद में पुलिस प्रशासन की चाक चौबंद व्यवस्था से कांवड़ यात्रा सकुशल संपन्न हुई।

## शिव और पार्वती का विवाह समारोह आयोजित

**फिरोजाबाद।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भगवान शिव एवं माता पार्वती का विवाह समारोह सिटी के हनुमान रोड स्थित छोटे हनुमान मंदिर परिसर पर बड़े ही धूम धाम से किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर में भव्य फूलों की सजावट की गई तथा शाम को भगवान शिव परिवार का फूल बंगला सजाया गया। मंदिर परिसर में सुबह से शिव भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने गाय का घी, दूध गंगाजल,शहद,दही आदि से पूजन व जलाभिषेक कर श्रंगार किया और शाम को महिलाओं व पुरुषों ने भजन संध्या के साथ नृत्य किया। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मंदिर के महंत रामावतार वशिष्ठ, सौरव वशिष्ठ, सुभाष चंद्र अग्रवाल नेताजी अशोक कुमार बंसल मीडिया प्रभारी हिमांशु अग्रवाल बैटरी,विशाल मोहन यादव,अनूप जिंदल, नरेंद्र मित्तल,हिमांशु वशिष्ठ,हेमलता बंसल, रजनी पोरवाल,मुन्नी मित्तल,गुड्डी,आशा, मिथलेश,सादना,स्वराज,मधु गोयल, कमलेश अग्रवाल,सुषमा अग्रवाल शैल जिंदल,मीनाक्षी अग्रवाल मेहल अग्रवाल व अन्य भक्तजन उपस्थित रहे।

# संस्कृति यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स फिएस्टा 27 से एक मार्च तक



**मथुरा।** संस्कृति विविमें विद्यार्थियों के बीच सर्वाधिक पसंददीदा आयोजन संस्कृति स्पोर्ट्स फिएस्टा 25 का आयोजन 27 फरवरी से होने जा रहा है। विवि में हर वर्ष होने वाले खेलों को समर्पित इस आयोजन की तैयारी युद्ध स्तर पर चल रही है। चार गुटों में बंटे खिलाड़ी अपने-अपने ग्रुप को चैंपियन बनाने की होड़ में जी तोड़ मेहनत कर रहे हैं। खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त खेल हस्तियां भी आ रही हैं। संस्कृति स्पोर्ट्स फिएस्टा 25 के अंतर्गत सभी आउटडोर, इनडोर और एथलैटिक खेलों का आयोजन किया जा रहा है। इस बीच क्रिकेट और फुटबाल के मैच विशेष आकर्षण का केंद्र होंगे। विद्यार्थियों के उत्साहवर्धन के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त खिलाड़ियों के भी आने की संभावना है। संस्कृति स्पोर्ट्स फिएस्टा 25 के संयोजक मो फहीम ने बताया कि तीन दिवसीय इस खेल आयोजन में 1312 खिलाड़ी 28 खेलों के लिए 40 मैच होंगे। पहले दिन यानि 27 फरवरी को क्रिकेट, फुटबॉल, जैवलिन थ्रो, शॉर्टपुट, रेस, बैडमिंटन, शतरंज, टेबल टेनिस आदि खेल होंगे।

# संघ के स्वयंसेवकों ने किया घोष वादन



**मथुरा।** अखिल भारतीय घोष दिवस महाशिवरात्रि पर आरएसएस मथुरा महानगर के घोष वादक स्वयंसेवकों द्वारा श्री कृष्ण जन्म भूमि लीला मंच पर वाद्य यंत्रों के साथ शिव तरंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ श्री कृष्ण जन्माष्टमी स्थित भागवत भगवान के सामने परम पवित्र भगवा ध्वज के आरोहण से हुआ तत्पश्चात स्वयंसेवकों ने परम पवित्र भगवा ध्वज को प्रणाम किया। महाशिवरात्रि पर घोष कार्यक्रम के महत्व को बताते हुए महानगर कार्यवाह विजय बंटाजी सर्राफ ने बताया महाशिवरात्रि अखिल भारतीय घोष दिवस पर सभी जिलों के मुख्यालय पर संघ के स्वयंसेवक घोष वादन करते हैं। मथुरा महानगर के घोष वादकों का सौभाग्य है कि प्रभु श्री राम का स्मरण कर योगीराज भगवान श्री कृष्ण की जन्म भूमि पर महाशिवरात्रि के दिन घोष का यह वादन राम ,कृष्ण ,विश्वनाथ - तीनों देव हमारे साथ का परिचय देता है। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर संघ के शारीरिक कार्यक्रमों में घोष महत्वपूर्ण भूमिका रखता है वही समाज में भी संघ के घोष की अपनी विशेष पहचान है। आज श्री कृष्ण जन्मभूमि लीला मंच पर महानगर के घोष वादक स्वयंसेवकों द्वारा रचनाओं का वादन कर समस्त देवों को प्रणाम किया गया है।

इससे पूर्व परम पवित्र भगवा ध्वज की मान वंदना करते हुए घोष द्वारा ह्लजननी जन्मभूमि स्वर्ग से महान हैह्ल। हम होंगे कामयाब एक दिन ह्लविश्व गगन पर फिर से गूंजे भारत मां की जय जयह्ल आदि गीतों पर घोष वादन करते हुए स्वयंसेवकों ने किरण, उदय, मीरा, भूप,शिवरंजनी, शिवराज, जन्मभूमि, निर्भय , श्री राम, चेतक, आदि रचनाओं का वादन कर अपनी श्रेष्ठता का परिचय देते हुए जन्मभूमि पर उपस्थित हजारों श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इस अवसर पर संघ के स्वयंसेवक पूर्ण गणबेश में अनुशासित पद्धति से घोष कार्यक्रम कर रहे थे। संघ प्रार्थना नमस्ते सदा वत्सले मातृभूमे के पश्चात सभी सभी स्वयंसेवकों ने श्री कृष्ण जन्म स्थान पर ठाकुर जी के दर्शन किए। कार्यक्रम में प्रांत घोष प्रमुख ललित कुमार, सह विभाग कार्यवाह डॉक्टर संजय, महानगर कार्यवाह विजय बंटाजी, महानगर प्रचारक सचिन, श्री कृष्ण जन्म स्थान के सचिव कपिल शर्मा, विजय बहादुर सिंह, भाग कार्यवाह अजय,नगर कार्यवाह अखिलेश, घोष आचार्य सीताराम, राजीव प्रधानाचार्य, प्रमुख अशोक ,शारीरिक प्रमुख राजेंद्र, आदि सहित अनेकों स्वयंसेवको ने सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य शिक्षक शारीरिक प्रमुख दुर्गा प्रसाद रहे एवं प्रार्थना सह नगर कार्यवाह गौरव जैन ने की। कार्यक्रम का समापन भारत माता की जय एवं कृष्ण कन्हैया लाल की जय के साथ प्रसाद ग्रहण से हुआ।

## खड़े ट्रक में जा घुसी वैगनआर एक मृत, तीन गंभीर रूप से घायल

**आगरा।** थाना किरावली क्षेत्र में तेज गति से दौड़ती एक वैगनआर कार अनियंत्रित होकर खड़े ट्रक में पीछे से जा घुसी। इस हादसे में कार में सवार चार युवक गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सभी घायल लखनऊ के रहने वाले हैं। एक घायल की स्थिति बहुत नाजुक थी, जिसने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।आगरा-जयपुर हाईवे पर किरावली कस्बे में ट्रक से टकराने के बाद क्षतिग्रस्त वैगनआर कार। यह हादसा आगरा ग्वालियर हाईवे पर किरावली कस्बे में रुनकता चौराहे पर हुआ। वैगनआर कार नंबर यूपी 32 जीसी 1165 में सवार चार युवक भरतपुर की ओर जा रहे थे। चौराहे पर खड़े ट्रक संख्या डीएल1एमबी 0112 में यह कार जा घुसी। कार सवार चारों युवकों गंभीर चोटें आई हैं। सभी घायलों को आगरा के एसएन मेडिकल क ?लेज की इमरजेंसी में भेजा गया है। इनमें से एक दिनेश गुप्ता की अस्पताल में मौत हो गई। घायल युवक सुमित पुत्र उमा शंकर (38 वर्ष) दिनेश गुप्ता (38 वर्ष), अंकित पुत्र प्रदीप कुमार टंडन हैं। एक घायल अभी अज्ञात है। चारों लखनऊ के निवासी बताए गए हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने माना है कि संभवतः कार का पिछला टायर फटने से यह हादसा हुआ।

# भ्रष्ट अफसरों को संरक्षण दे रहे हैं नगरायुक्त : मेयर

**आगरा।** महापौर हेमलता दिवाकर कुशवाह ने नगरायुक्त अंकित खंडेलवाल के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन पर भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं में शामिल अधिकारियों को संरक्षण देने के सनसनीखेज आरोप लगाकर इस बारे में शासन को लिखा है। मेयर ने प्रमुख सचिव नगर विकास को लिखे पत्र में नगर निगम के सहायक अभियंता सोमेश कुमार को लेकर नगरायुक्त को घेरा है। महापौर ने मंगलवार को नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव को लिखे पत्र में सहायक अभियंता सोमेश के मामले में जांच कराने व अनुशासनात्मक कार्रवाई कराए जाने की मांग की है। महापौर ने पत्र में लिखा है कि नगर निगम आगरा के पार्षदों द्वारा अवगत कराया गया है कि नगर निगम आगरा में तैनात सहायक अभियन्ता सोमेश कुमार द्वारा व्यापक अनियमिततायें की जा रही हैं तथा अन्य अवर अभियन्ताओं के कार्यक्षेत्र में कार्यों में अनाधिकृत तरीके से हस्तक्षेप करते हुए अनाप-सनाप कमीशनखोरी कर नगर निगम को आर्थिक क्षति पहुंचायी जा रही है।

### जेई की जगह खुद ही हस्ताक्षर कर दिए

महापौर ने पत्र में लिखा कि एई सोमेश कुमार द्वारा अन्य अवर अभियन्ताओं के कार्यक्षेत्रों में हस्तक्षेप कर चहेते ठेकेदारों को कार्य दिलाए गए हैं। यही नहीं अवर अभियन्ताओं के स्थान पर स्वंय हस्ताक्षर किये हैं। जिन-जिन क्षेत्रों में अभियन्ताओं के स्थान पर स्वंय हस्ताक्षर किये गये हैं तथा जिन-जिन क्षेत्रों में कार्य कराया गया है उन क्षेत्रों के आगणनों को बढ़ा-चढाकर नगर निगम को आर्थिक क्षति पहुंचायी गयी है।

### पार्षदों को पिस्तौल दिखाकर धमकी दी थी

मेयर ने अपने पत्र में यह भी लिखा है कि उन्हें पार्षदों द्वारा यह भी अवगत कराया गया है कि एई सोमेश से कार्य को गुणवत्तापरक एवं मानकों के अनुरूप कराये जाने के लिए ठेकेदारों की शिकायतें करने पर उनके साथ अभ्रद व्यवहार किया गया। पिस्तौल दिखाकर धमकी दी जा चुकी है। किसी भी अधिकारी व कर्मचारी को अपने कार्यालय में हथियार लाना पूर्णरूप से वर्जित है।

### ठेकेदारों को कराया तीन गुना भुगतान

पत्र में आरोप लगाया गया है कि एई सोमेश कुमार द्वारा हरीपर्वत जोन, लोहामन्डी जोन एवं ताजगंज जोन में माह अक्टूबर, नवम्बर, 2024 में ठेकेदारों की एमवी व बिलों पर अवर अभियन्ता की हैसियत से अपने हस्ताक्षर किये गये, जबकि उन क्षेत्रों में अन्य अवर अभियन्ताओं द्वारा कार्य देखा जा रहा था। नगर निगम द्वारा जनकपुरी महोत्सव 2024 में कराये गये कार्यों में इनके द्वारा प्रत्येक कार्य के दो से तीन गुने आगणन तैयार कराकर अपने चेहते ठेकेदारों को भुगतान कराया गया है। इससे नगर निगम को भारी क्षति पहुंची है। इस सम्बन्ध में पार्षदों द्वारा ठेकेदारों की एमवी, आगणन, बिलों की छाया प्रति भी उपलब्ध कराई गई है।

### व्यापारियों से मारपीट में कुछ नहीं हुआ

मेयर ने लिखा है कि लोहामंडी क्षेत्र में व्यापारियों से मारपीट करने के मामले में मेरे पत्र के बाद नगरायुक्त ने अपर नगरायुक्त को जांच सौंपी। जांच रिपोर्ट में एई सोमेश व ठेकेदार प्रशांत पालीवाल को दोषी पाया गया। मैंने इस बारे में कई बार नगरायुक्त को कई पत्र लिखे। नगरायुक्त जवाब देते हुए इतना भर बताया कि महापौर के पत्रों के क्रम में अनुपालन की कार्यवाही कर दी गयी है, जबकि नगरायुक्त द्वारा एई सोमेश के खिलाफ कार्रवाई का आदेश जारी नहीं किया गया और न ही जारी आदेश की प्रति उन्हें भेजी गई।

महापौर ने शासन को लिखे पत्र में कहा कि नगर आयुक्त की इस कार्यप्रणाली से यह स्पष्ट हो रहा है कि गलत कार्यों में नगर आयुक्त का सोमेश कुमार को संरक्षण प्राप्त है और निडर होकर सोमेश कुमार गलत कार्यों को अंजाम दे रहे हैं। महापौर ने यह भी लिखा है कि नगरायुक्त के ऐसे आचरण से भ्रष्टाचारियों के हौसले बुलन्द हैं और नगर निगम की छवि धूमिल हो रही है।

## आवासीय विद्यालय बनकर तैयार, मंत्री ने किया निरीक्षण

**मथुरा।** जैंत विकास खंड की ग्राम पंचायत बाटी में समाज कल्याण विभाग का आवासीय विद्यालय बनकर तैयार हो गया है। समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण ने बाटी पहुंचकर जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय का निरीक्षण किया और नवीन सत्र से विद्यालय संचालन की संभावना व्यक्त की। समाज कल्याण मंत्री ने कहा अब प्रतिभाशाली बच्चों की पढ़ाई में गरीबी रोड़ा नहीं बनेगी। ग्राम पंचायत बाटी में जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय के निरीक्षण में पधारे उप्र सरकार में मंत्री असीम अरुण समाज कल्याण विभाग उनके साथ क्षेत्रीय विधायक ठाकुर मेघश्याम , बलदेव के विधायक पूरन प्रकाश, भाजपा के जिला अध्यक्ष निर्भय पांड ेभाजपा के महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी, धनगर समाज विकास समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंजी. मेदाराम धनगर, बलवीर ठेकेदार, ठाकुर रोहन सिंह, मोहन सिंह, भगवान सिंह, जगपाल शर्मा, अतर सिंह, जगदीश, आदि सम्मानित सरदारी उपस्थित थी।

## वेडिंग जोन का कार्य प्रारंभ जहां हथठेल वाले किये जायेंगे शिफ्ट

**टूंडला।** शहर को साफ सुथरा और स्टेशन रोड पर लगने वाले जाम से मुक्ति दिलाए जाने को लेकर उपजिलाधिकारी डॉ.गजेंद्र पाल सिंह लगातार प्रयासरत थे उनके अथक प्रयास से नगर के भर्रा नाला पर बेंडिंग जॉन का कार्य प्रारंभ हो गया है जहां जल्द ही शहर में चलने वाली ढकेल शिफ्ट की जायेंगी, एसडीएमने बताया कि इस वेडिंग जोन में कुल 98 दुकान बनाई जाएगी और इन्हीं दुकानों पर फल मंडी सब्जी मंडी और छोटी किराने की फल स्थापित कराई जाएगी उसके बाद शहर में तथा स्टेशन रोड पर लगने वाली ढकेलों को नहीं लगने दिया जाएगा। इस बेंडिंग जोन में प्रकाश की व्यवस्था रहेगी तथा एक शौचालय व लोगों के लिए बेंच की भी व्यवस्था रहेगी नाले पर जाली लगाकर सुरक्षित किया जाएगा तथा पेड़ पौधे भी लगाए जाएंगे ताकि फल और सब्जी खरीदने वाले लोगों को सुंदर लगे इन दुकानों से बहुत ही कम किराया नगर पालिका द्वारा लिया जायेगा।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि केंद्र के तत्वावधान में भव्य शिव संदेश यात्रा निकली



**फिरोजाबाद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय कैला देवी मंदिर स्थित सेवा केंद्र के तत्वाधान में बुधवार को भव्य शिव सन्देश यात्रा निकाली गई। जिसमें शामिल सेवा केंद्र के सभी भाई बहन हाथों में झंडे व हाथों में स्लोगन लिखी हुई तख्तियां लेकर जागो जागो समय को पहचानो भारत में भगवान जब छोड़ेंगे पांच विकार तभी मिटेगा भ्रष्टाचार, बीड़ी सिगरेट और शराब पीने से होते हैं बर्बाद, ढाई इंच की बीडी है यही मौत की सीढ़ी है,जैसे जोशीले नारे लगाते हुए चल रहे थे और माताएं सिर पर कलश धारण कर नारों के माध्यम से परमात्मा को पहचानने और उनके इसलिए धरा पर अवतरित होने का संदेश देते चल रहे थे। शिव यात्रा सिल्वर सिटी रैपुरा रोड से शुरू होकर दम्मामल नगर होते हुए कैला देवी मंदिर सेवा केंद्र पर समाप्त हुई। जहां शिव पिता के झंडे का ध्वजारोहण किया गया। जिसके बाद शिवजयंती का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए सेवा केंद्र की मुख्य संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरिता दीदी ने कहा, शिव पर आक, धतूरा व बेर अर्पित करने का अर्थ है कि हमें, इसलिए कलयुग रूपी अज्ञान अधेरी रात्रि में अपने अंदर के विकारों, बुराइयों, कमियों को शिव पर अर्पित करना है। बुराइयों को मिटाने के उद्देश्य से संस्था द्वारा शिव जयंती महापर्व पर सेवा केंद्र पर 15 फुट ऊंचे शिवलिंग सहित बारह ज्योतिर्लिंग स्थापित किये गए। बारह ज्योतिर्लिंग कि भव्य झांकी का उदघाटन असिस्टेंट ट्रेसरी ऑफिसर कृष्णकांत गौतम नें किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महापौर कामिनी राठौर नगर मजिस्ट्रेट राजेंद्र कुमार जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के.एम. सिंह खण्ड शिक्षा अधिकारी उपेंद्र कुमार सिंह,कर निर्धारण अधिकारी नीरज पटेल, जन आधार कल्याण समिति सचिव प्रवीन कुमार शर्मा,समाज सेविका अनुपम शर्मा सहित बीके अंजना बीके सपना, बीके अनीता, बीके मधु बहन बीके माधुरी, बीके रिंकी, बीके निर्मला व अन्य ब्रह्मकुमारीज बहनों ने बड़ी श्रद्धा और भक्ति भाव से ज्योतिर्लिंग के दर्शन किये। कार्यक्रम का संचालन खुशी बहन ने किया।

# बम भोले के जयघोष से गूंजी ताजनगरी

● आगरा के प्रमुख शिव मंदिरों के साथ बटेश्वरनाथ पर बड़ी संख्या में पहुंचे कांवड़ियों ने किया गंगाजल से अभिषेक



**आगरा।** आज महाशिवरात्रि पर्व पर ब्रह्म मुहुर्त से ही शिवालयों में बम-बम भोले और हर-हर महादेव की गूंज हो रही है। शहर के प्रमुख शिवालयों के अलावा बटेश्वर में ब्रह्मलाल के दर्शन और पूजा अर्चना करने के लिए भी भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है। कांवड़ियों द्वारा भोले बाबा का गंगाजल से अभिषेक किया जा रहा है। छोटे से लेकर बड़े मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रीमनःकामेश्वर मंदिर में शिवलिंग पर दुग्धाभिषेक करते भक्तजन। अन्य चित्रों में बटेश्वरनाथ समेत अन्य शिवालयों पर जुटी भीड़। आगरा शहर के सभी प्रमुख शिवालयों में सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। कैलाश महादेव, बल्केश्वर महादेव, श्रीमनःकामेश्वर, रावली महादेव, पृथ्वीनाथ महादेव के अलावा राजेश्वर मंदिर में ब्रह्म मूहूर्त से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। सोरों और हरिद्वार से कांवड़ के रूप में गंगाजल लेकर पहुंचे कांवड़िये श्रद्धाभाव के साथ गंगाजल द्वारा महादेव का जलाभिषेक कर रहे थे। आम श्रद्धालु भी बेलपत्र, बेर और दूध अर्पित कर भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर रहे थे। इस बार पुलिस की ओर से सभी प्रमुख शिवालयों पर पहुंचने वाले भक्तों की सुविधा को ध्यान में रखकर बहुत अच्छे इंतजाम किए गए हैं। पुलिस सभी प्रमुख शिवालयों के बाहर तैनात है। पुलिस एक बार में शिवालयों के अंदर भारी भीड़ एकत्रित नहीं होने दे रही। शिवालयों के अंदर एक निश्चित संख्या में भक्तों के पहुंचने के बाद अन्य श्रद्धालुओं को तब तक बाहर रोके रखा जा रहा है जब तक कि मंदिर में गये श्रद्धालु वापस न आ जाएं। पुलिस ने महाशिवरात्रि के मद्देनजर पहले ही ट्रैफिक डायवर्जन लागू कर रखा है, इसलिए लोगों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो रही।

प्राचीन तीर्थ धाम बटेश्वरनाथ में तड़के से ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ रहा है। आगरा और आसपास के क्षेत्रों के अलावा मुरैना, भिंड, इटावा, फिरोजाबाद और शिकोहाबाद से बड़ी संख्या में बटेश्वर पहुंचे श्रद्धालु यमुना में डुबकी लगाकर ब्रह्मलाल मांदिर में पूजा अर्चना कर रहे हैं। बटेश्रनाथ मंदिर में कांवड़ियों द्वारा किए जाने वाले जलाभिषेक के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। न केवल ब्रह्मलाल मंदिर अपितु यमुना किनारे के अन्य शिव मंदिरों में श्रद्धालु भोले बाबा का का जल और दूध से अभिषेक कर रहे थे। बटेश्रनाथ पर भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस की ओर से भी व्यापक इंतजाम किए गए हैं। डीसीपी पूर्वी अतुल कुमार शर्मा खुद बटेश्वर में मौजूद रहकर व्यवस्थाओं पर नजर बनाए हुए थे।

फतेहपुर सीकरी के शिव मंदिरों में भी सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। महाशिवरात्रि के मौके पर सोंरो तथा हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने-अपने क्षेत्र में पहुंचे कांवड़ियों का ग्रामीणों ने स्वागत किया। कावड़ियों द्वारा महादेव मंदिरों में जलाभिषेक कर अपनी कांवड़ा यात्रा पूरी की। महादेव मंदिरों में नव विवाहित जोड़ों के अलावा वे परिवार भी पहुंच रहे थे जिनके परिवार में संतान के रूप में खुशियां आई हैं। कांवड़ियों को आने-जाने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसके लिए प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र दहिया समेत सभी चौकी इंचार्ज और सब इंस्पेक्टर पुलिस बल के साथ मंदिरों के आसपास नजर बनाए हुए थे। राष्ट्रीय राजमार्ग व विभिन्न सड़कों पर कांवड़ यात्रा के साथ यातायात भी सुचारू चलता रहा। कांवड़िये बम-बम भोले के जयकारे लगाते चल रहे थे।

संक्षेप

## जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर का कॉमेट ईवी ब्लैकस्टॉर्म एडिशन लॉन्च

बंगलुरू। जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने कॉमेट ईवी के पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए ब्लैकस्टॉर्म एडिशन को पेश किया है। यह नई पेशकश भारत की इस स्ट्रीट-स्मार्ट ईवी को और भी स्टाइलिश और आकर्षक बनाती है। 7.80एल रुपए के साथ बैटरी रेंटल 2.5 रुपए प्रति किमी. की एक्स-शोरूम कीमत पर लॉन्च की गई कॉमेट ब्लैकस्टॉर्म को टॉप वैरिएंट के रूप में पेश किया गया है। वे ग्राहक जिन्हें शहरी आवाजाही के लिए स्टाइलिश और तकनीक से भरपूर कार की तलाश थी, अब वे अपनी नजदीकी एमजी डीलरशिप पर जाकर 11,000 रुपए का भुगतान कर नई एमजी कॉमेट ब्लैकस्टॉर्म को बुक कर सकते हैं। आज के आधुनिक भारतीय ग्राहक एक ऐसी कार की तलाश कर रहे हैं जो न सिर्फ बेहद खास हो, बल्कि उसमें उनके व्यक्तित्व की भी झलक दिखाई देती हो। आज के ग्राहक बोल्ड रंगों को पसंद कर रहे हैं। ये रंग उन्हें दूसरों से अलग बनाते हैं, साथ ही उनकी यही पसंद दूसरों से अलग दिखाई पड़ती है। हम कॉमेट ब्लैकस्टॉर्म को लॉन्च करते हुए बेहद उत्साहित हैं।

## एनजीएल फाइन-केम, प्रवर्तकों ने सेबी के साथ खुलासा उल्लंघन के मामले का निपटान किया

नयी दिल्ली। दवा कंपनी एनजीएल फाइन-केम और उसके प्रवर्तकों ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के साथ शेयरधारिता के खुलासे के उल्लंघन के कथित मामले का निपटान कर लिया है। इसके लिए उन्होंने 92.21 लाख रुपये का भुगतान किया है। इस मामले का निपटारा एनजीएल फाइन-केम के साथ-साथ पीसीआई फेरमोन केमिकल्स, राजेश लवांडे और राहुल नचाने ने किया। कुल भुगतान में से एनजीएल फाइन-केम ने 54.42 लाख रुपये का भुगतान किया, जबकि अन्य तीन ने 12.6 लाख रुपये दिए। यह समझौता इकाइयों द्वारा भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से उसके निपटान नियमों के तहत कथित उल्लंघनों को हल करने का अनुरोध करने के बाद किया गया। समझौते को स्वीकार करते हुए बाजार नियामक ने मंगलवार को अपने आदेश में कहा, समझौते की शर्तों को स्वीकार करने, सेबी द्वारा राशि प्राप्त करने के मद्देनजर... आवेदकों के खिलाफ 29 दिसंबर, 2023 के कारण बताओ नोटिस के जरिये शुरू की गई तत्काल न्यायिक कार्यवाही को निपटान विनियमों के अनुसार निपटाया जाता है। यह मामला शेयरधारिता की स्थिति के गलत खुलासे से संबंधित मुद्दे से सामने आया था। एनजीएल फाइन-केम ने जुलाई, 2022 में न्यासी को को शेयर हस्तांतरित करने के बाद खुली पेशकश की आवश्यकता से छूट मांगी थी जिसके बाद सेबी ने इसकी जांच शुरू की थी। बाद में छूट आवेदन वापस ले लिया गया।

## अल्पेनलीबे जुज्त जेली ने लॉन्च किये जंगल लैंड और फ्रूटी सलाद

नई दिल्ली। पफेर्टी वैन मेल के प्रतिष्ठित ब्रांड अल्पेनलीबे जुज्त जेली ने पहली बार शानदार स्वाद के साथ प्लेफुल जेली आकार, जंगल लैंड और फ्रूटी सलाद को पेश किया है, ये प्लेटाइम रोमांच को बढ़ाने के लिए तैयार हैं। स्वाद और रंग की एक नई रेंज में उपलब्ध, बंदर, केला, अनानास, स्ट्रॉबेरी, नारंगी और ग्रीन एप्पल समेत कई इंटरैक्टिव आकार के साथ ये मनोरंजन का एक अनूठा तरीका प्रदान करेंगे। उपभोक्ता अपने जीवन के हर हिस्से में नए अनुभवों की तलाश करना चाहते हैं, और अल्पेनलीबे जुज्त जेली जंगल लैंड और फ्रूटी सलाद को लॉन्च करना हमारे लिए एक रोमांचक उपलब्धि है, क्योंकि हम निरंतर नवाचार को आगे बढ़ा रहे हैं। 10 रुपए की कीमत पर, बंदर जैसी रोमांचक नई आकृतियां उद्योग में पहली बार पेश की गई हैं।

## नये शिव मंदिर में मूर्ति स्थापना समारोह मना

झांसी। झांसी स्थित ईमामी नेचर में नव निर्मित शिव मंदिर में भव्य मूर्ति स्थापना का आयोजन पूरे विधिविधान से किया। मूर्ति स्थापना, एक पवित्र अनुष्ठान है जिसमें मंदिर का वैदिक विधान से पवित्रीकरण किया जाता है और पवित्र मुर्ति में भगवान शिव की दिव्य उपस्थिति को आमंत्रित किया जाता है, इस अनुष्ठान को बडे श्रद्धा और उत्साह के साथ सम्पन्न किया गया। इस समारोह में सम्मानित सामाजिक गणमान्य व्यक्ति, आध्यात्मिक विद्वान और ईमामी नेचर के ग्राहकों ने भाग लिया, जो इस शुभ अवसर को देखने के लिए इकट्ठा हुए थे।

# असम में 80 हजार करोड़ की सड़क परियोजनाओं पर काम जल्द शुरू होगा



गुवाहाटी। सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि असम में 80,000 करोड़ रुपये की सड़क परियोजनाओं पर काम जल्द ही शुरू होगा।

उन्होंने कहा कि इस पहल के तहत ब्रह्मपुत्र नदी के नीचे एक सुरंग, काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में एक एलिवेटेड कॉरिडोर और गुवाहाटी रिंग रोड सहित प्रमुख परियोजनाएं शुरू की जाएंगी। एडवांटेज असम 2.0 व्यापार शिखर सम्मेलन में सड़क, रेलवे और नदी अवसंरचना पर आयोजित सत्र को ऑनलाइन संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि 2029 तक उनके मंत्रालय के तहत राज्य में तीन लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं पूरी हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि राज्य में 60,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं पर काम पहले से ही जारी है और वे विभिन्न चरणों में पूरी हो रही हैं। मंत्री ने कहा कि इनमें वे परियोजनाएं शामिल हैं जो न केवल राज्य के भीतर संपर्क में सुधार करेंगी बल्कि त्रिपुरा के साथ सड़क संचार को भी बढ़ावा देंगी। गडकरी ने कहा कि राज्य में 80,000 करोड़ रुपये की अन्य परियोजनाएं शुरू होने वाली हैं। इसके तहत प्रमुख परियोजनाओं में नुमालीगढ़ और धौलपुर को जोड़ने वाली ब्रह्मपुत्र के नीचे 15,000 करोड़ रुपये की सुरंग, काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में 6,000 करोड़ रुपये का एलिवेटेड कॉरिडोर और गुवाहाटी रिंग रोड शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जोगीघोपा में मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स केंद्र लगभग पूरा हो चुका है और इसे जल्द ही खोला जा सकता है। बांस आधारित नए युग के उद्योग में असम की क्षमता को उल्लेख करते हुए गडकरी ने ईंधन निर्माण और अन्य आर्थिक क्षेत्रों में इसकी भूमिका पर जोर दिया। गडकरी ने दावा किया कि राज्य सरकार द्वारा मांगी गई लगभग सभी परियोजनाओं को उनके मंत्रालय ने मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर का विकास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है, जैसा कि 2014 से इस क्षेत्र में किए गए पर्याप्त निवेश से स्पष्ट है। गडकरी ने कारोबार में पूंजी निवेश की जरूरत पर जोर दिया, क्योंकि निवेश आने पर ही नौकरियां सृजित होंगी और रोजगार सृजन से ही लोगों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। राज्य के विकास के लिए बुनियादी ढांचा सबसे जरूरी है। संपर्क में सुधार से अन्य क्षेत्रों को भी फायदा होगा।

## ग्रामीण विकास विभाग के कुल बजट में मनरेगा और प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना की 75 प्रतिशत हिस्सेदारी



नयी दिल्ली। सरकार की प्रमुख योजनाओं मनरेगा और प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के लिए आवंटन ग्रामीण विकास विभाग के कुल बजटीय आवंटन का 75 प्रतिशत है। एक रिपोर्ट में यह कहा गया है।

वित्त वर्ष 2025-26 के केंद्रीय बजट में ग्रामीण विकास मंत्रालय को 1,90,406 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। शोध संस्थान पीआरएस लेजिस्लेटिव की रिपोर्ट में कहा गया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार प्रदान करने, आर्थिक विकास का समर्थन करने और गरीबों और कमजोरों के लिए आजीविका और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कार्यक्रम लागू करने वाले ग्रामीण विकास विभाग को 1,87,755 करोड़ रुपये आवंटित किए गए। यह 2024-25 के संशोधित अनुमान से आठ प्रतिशत अधिक है। जबकि भूमि संसाधन विभाग को 2,651 करोड़ रुपये आवंटित किए गए, जो 2024-25 के संशोधित अनुमान से 35 प्रतिशत अधिक है। भारत में 2021 की स्थिति के अनुसार, 65 प्रतिशत आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है। मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) के तहत ग्रामीण परिवारों के वयस्कों के लिए एक वित्त वर्ष में 100 दिन का गारंटीशुदा रोजगार प्रदान किया जाता है। सरकार की इस प्रमुख योजना के लिए बजट ग्रामीण विकास विभाग के लिए कुल आवंटन का 46 प्रतिशत है। जबकि प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना को विभाग के कुल आवंटन का लगभग 29 प्रतिशत हिस्सा मिला। दोनों योजनाओं के लिए आवंटन कुल बजटीय आवंटन का 75 प्रतिशत है। इसके बाद राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना और राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम का स्थान है। जहां राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन और प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के लिए बजट कुल आवंटन का 10-10 प्रतिशत है।

## व्यापार मंत्री, निवेश मंत्री ने भारत दौरे पर 17 नये समझौते किये: ब्रिटेन

नयी दिल्ली। ब्रिटेन ने बुधवार को कहा कि उसके व्यापार मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स और निवेश मंत्री पॉपी गुस्ताफसन ने इस सप्ताह भारत की अपनी यात्राओं में 17 नए निर्यात एवं निवेश सौदों की घोषणा की।

इसके साथ ही ब्रिटिश सरकार ने एक बयान में कहा कि भारत सरकार के हालिया केंद्रीय बजट से ब्रिटिश बीमा कंपनियों को भारत में अपनी उपस्थिति बढ़ाने के लिए और अधिक अवसर मिलेंगे। सोमवार को रेनॉल्ड्स और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने ब्रिटेन और भारत के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत दोबारा शुरू करने की घोषणा की। इससे रोजगार को बढ़ावा मिलने और दोनों देशों में वृद्धि तेज होने की उम्मीद है। बयान के मुताबिक, आम बजट 2025-26 से खासकर ब्रिटिश बीमा कंपनियों की भारत में विस्तार की संभावनाएं बढ़ी हैं। दरअसल, बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की अनुमति की सीमा को 74 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत कर दिया गया है। दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी प्रौद्योगिकी अर्थव्यवस्था ब्रिटेन की कई प्रौद्योगिकी कंपनियों ने भी भारत में विस्तार की घोषणा की है। ब्रिटिश सरकार ने कहा कि उसके व्यापार मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स और निवेश मंत्री पोपी गुस्ताफसन ने इस सप्ताह भारत की अपनी यात्रा के दौरान 17 नए निर्यात और निवेश सौदों की घोषणा की है।

## पेट्रोल में एथनॉल मिश्रण को अधिक करने पर विचार



गुवाहाटी। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को कहा कि भारत पेट्रोल में एथनॉल मिश्रण के अपने लक्ष्य को बढ़ाकर 20 प्रतिशत से अधिक करने पर विचार कर रहा है।

उन्होंने कहा कि इस पर विचार करने के लिए नीति आयोग के तहत एक समिति गठित की गई है। एडवांटेज असम 2.0 व्यापार शिखर सम्मेलन में पुरी ने कहा कि 19.6 प्रतिशत सम्मिश्रण पहले ही हासिल किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि हम 20 प्रतिशत से अधिक जैव ईंधन मिश्रण पर विचार कर रहे हैं। नीति आयोग समूह का गठन पहले ही किया जा चुका है और वे इस पर विचार कर रहे हैं। पुरी ने कहा कि हमने 2026 तक 20 प्रतिशत मिश्रण का लक्ष्य रखा था, लेकिन हम पहले ही 19.6 प्रतिशत हासिल कर चुके हैं। मुझे यकीन है कि हम अगले महीने 20 प्रतिशत तक पहुंच जाएंगे। उन्होंने कहा कि देश में 1,700 करोड़ लीटर मिश्रण की क्षमता है और पहले से ही 1,500 करोड़ लीटर का इस्तेमाल किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि भारत विभिन्न प्रकार के ईंधन आयात पर 150 अरब अमेरिकी डॉलर खर्च कर रहा है और एक क्षेत्र जहां ध्यान नहीं दिया जा रहा है.. वह है हरित हाइड्रोजन। पुरी ने हाइड्रोकार्बन पर सत्र में उपस्थित सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों और निजी ऊर्जा कंपनियों के प्रतिनिधियों से कहा कि हरित हाइड्रोजन की कीमत वर्तमान में 4.5 अमेरिकी डॉलर है। यदि आप इसे 2.5 अमेरिकी डॉलर के करीब ला सकें, तो क्रांति आ जाएगी। हम पारंपरिक ईंधन से हरित हाइड्रोजन की ओर बड़े पैमाने पर बदलाव देखेंगे। उन्होंने कहा कि हर देश स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ रहा है, लेकिन इसके लिए अर्थव्यवस्था की चुनौतियों से निपटना होगा और मांगों को पूरा करना होगा।

## भारत को सात प्रतिशत तक वृद्धि दर के लिए डेढ़ प्रतिशत कर उछाल की जरूरत

नयी दिल्ली। लेखा और परामर्श कंपनी ईवाई ने बुधवार को कहा कि भारत को 6.5 से 7.0 प्रतिशत आर्थिक वृद्धि दर हासिल करने के लिए जीडीपी (सकल घरेलू उत्पादन) में बदलाव के अनुपात में कर राजस्व में वृद्धि यानी कर में 1.2 से 1.5 उछाल की जरूरत है।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि सरकार को राजस्व संग्रह को मजबूत करने की आवश्यकता है, विशेष रूप से कर-से-जीडीपी अनुपात को वित्त वर्ष 2025-26 के (बजट अनुमान) में अनुमानित 12 प्रतिशत से बढ़ाकर वित्त वर्ष 2030-31 तक 14 प्रतिशत करना होगा। ईवाई ने कहा कि भारत की राजकोषीय रणनीति को जीडीपी में बदलाव के अनुपात में कर राजस्व बढ़ाने, विवेकपूर्ण व्यय प्रबंधन और सतत वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए निरंतर संरचनात्मक सुधारों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। वित्त वर्ष 2025-26 का बजट रणनीतिक रूप से विकास की अनिवार्यताओं के साथ राजकोषीय मजबूती को संतुलित करता है। हालांकि, भारत को 6.5 से 7.0 प्रतिशत की मध्यम अवधि की वृद्धि दर हासिल करने और अपने विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए, यह सुनिश्चित करना होगा कि कर उछाल 1.2 से 1.5 के दायरे में बना रहे। इससे बुनियादी ढांचे के विस्तार में तेजी लाने, सामाजिक क्षेत्र के खर्च को बढ़ाने और राजकोषीय अनुशासन बनाए रखने के लिए आवश्यक राजकोषीय गुंजाइश बनाने में मदद मिलेगी।

## असम में व्यापार शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन 10,785 करोड़ के समझौतों पर हस्ताक्षर



गुवाहाटी। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को कहा कि दो दिवसीय एडवांटेज असम 2.0 निवेश एवं अवसंरचना शिखर सम्मेलन 2025 के आखिरी दिन विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियों के साथ 10,785 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

राज्य सरकार ने 200 मेगावाट का डाटा सेंटर स्थापित करने के लिए विरिंची लिमिटेड के साथ 3,000 करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, साथ ही 500 बिस्तर वाले सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल की स्थापना के लिए विरिंची हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड के साथ 200 करोड़ रुपये के एक अन्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। स्टार सीमेंट्स लिमिटेड के साथ उनकी अनुषंगी कंपनी स्टार सीमेंट नॉर्थ ईस्ट लिमिटेड के माध्यम से सीमेंट क्लिंकर और ग्राइंडिंग संयंत्र स्थापित करने के लिए 3,200 करोड़ रुपये के समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। राज्य सरकार ने 95 केटीपीए हाइड्रोजन और स्टीम जनरेशन संयंत्र स्थापित करने के लिए मैथेसन हाइड्रोजन प्राइवेट लिमिटेड के साथ 1,500 करोड़ रुपये के समझौते पर भी हस्ताक्षर किए। अल्ट्राटेक सीमेंट के साथ ग्राइंडिंग यूनिट और सीमेंट-बल्क टर्मिनल स्थापित करने के लिए 700 करोड़ रुपये का समझौता हुआ। कॉपर प्लस होल्डिंग्स एसएसी ने खनन अन्वेषण सहित सेवा व परिचालन के लिए 1,000 करोड़ रुपये के समझौते पर हस्ताक्षर किए। काजीरंगा में पांच सितारा लक्जरी इको-रिजॉर्ट स्थापित करने के लिए तमारा लीजर एक्सपीरियंस प्राइवेट लिमिटेड के साथ 275 करोड़ रुपये के समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। वरुण बेवरेजेस लिमिटेड ने कार्बोनेटेड पेय पदार्थ, फलों के रस और फलों के गूदे से बने पेय के लिए एक नया विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने के लिए 510 करोड़ रुपये का निवेश करने पर सहमति व्यक्त की। राज्य सरकार ने ग्लोबल हेल्थ लिमिटेड के साथ 500 करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए, जबकि आईटीई एजुकेशन सर्विस के साथ दो गैर-वित्तीय समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए। मुख्यमंत्री शर्मा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, उद्योग समुदाय के निरंतर समर्थन के लिए आभारी हूं।

## केंद्र बुनियादी ढांचे के विकास में महाराष्ट्र की पहल को पूरा समर्थन देगा: गोयल



नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने आश्वासन दिया है कि केंद्र सरकार शहरी पुनर्विकास व बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने में महाराष्ट्र सरकार की पहल को हरसंभव सहायता प्रदान करेगी।

केंद्रीय मंत्री ने 25 फरवरी को मुंबई (उत्तर) में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार बेघर लोगों तथा उसी इलाके में कच्चे घरों में रहने वाले लोगों को पक्के मकान उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। गोयल मुंबई (उत्तर) से लोकसभा सदस्य हैं। इस कार्यक्रम में उन्होंने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस के साथ मिलकर उत्तर मुंबई में 15 स्व-पुनर्विकसित हाउसिंग सोसायटी की चाबियां बांटी। गोयल ने कहा कि मागाठाणे मेट्रो स्टेशन के पास 1000 बिस्तर वाले अस्पताल का निर्माण तेजी से जारी है। साथ ही पश्चिम कांदिवली में 1000 बिस्तर वाले एक अन्य अस्पताल के निर्माण की योजना है जिससे जिससे क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और सुविधा बढ़ेगी।

पेज एक का शेष

### महाशिवरात्रि पर

मेले में स्वच्छता प्रभारी डाक्टर आनंद सिंह ने पीटीआई- भाषा को बताया कि पूरे मेले में 15,000 स्वच्छताकर्मी चौबीसों घंटे ड्यूटी पर तैनात रहे। कई पालियों में उन्होंने साफ सफाई की जिम्मेदारी बखूबी निभाई और मेले में शौचालयों और घाटों को पूरी तरह से साफ रखा। सभी ने उनके कार्यों की सराहना की। महाकुंभ मेले में मौनी अमावस्या को हुई भगदड़ की घटना से इसकी छवि थोड़ी धूमिल हुई, लेकिन श्रद्धालुओं की आस्था पर इस घटना का कोई खास असर नहीं पड़ा और लोगों का आगमन अनवरत जारी रहा। भगदड़ में 30 लोगों की मृत्यु हो गई थी। महाकुंभ मेले में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लेकर कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों, फिल्मी सितारों और खेल जगत, उद्योग जगत की हस्तियों तक ने संगम में डुबकी लगाई और प्रदेश सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सराहना की। इस महाकुंभ में नदियों के संगम के साथ ही प्राचीनता और आधुनिकता का भी संगम देखने को मिला जिसमें एआई से युक्त कैमरों, एंटी ड्रोन जैसी कई अत्याधुनिक प्रणालियों का उपयोग किया गया और मेला पुलिस को इन प्रणालियों का प्रशिक्षण दिया गया। हालांकि, यह मेला कई विवादों को लेकर भी चर्चा में रहा जैसे फिल्म अभिनेत्री ममता कुलकर्णी का महामंडलेश्वर बनना और उनको लेकर विवाद खड़ा होना। इसके अलावा, गंगा जल की शुद्धता को लेकर राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एनपीसीबी) की रिपोर्ट और फिर उस पर सरकार के हवाले से कई वैज्ञानिकों द्वारा गंगा जल की शुद्धता की पुष्टि करना भी चर्चा में रहा। हिंदुओं की मान्यता है कि ग्रह नक्षत्रों के विशेष संयोग से कुंभ और महाकुंभ में गंगा और संगम में स्नान करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। परमार्थ निकेतन आश्रम, ऋषिकेश के प्रमुख चिदानंद सरस्वती ने बताया, मेरे लिए महाकुंभ तब संपन्न होगा जब अंतिम श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा लेगा। आप कह सकते हैं कि बृहस्पतिवार को ब्रह्म मुहूर्त शुरू होने के साथ मेला समाप्त होगा। इस मेले के लिए एक नया जिला-महाकुंभ नगर अधिसूचित किया गया और मेला संचालन के लिए जिला मजिस्ट्रेट और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक समेत पुलिस और प्रशासन की नियुक्ति की गई। यह प्रदेश का 76वां अस्थायी जिला है। महाकुंभ मेले में सभी 13 अखाड़ों ने तीन प्रमुख पर्वों- मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या और बसंत पंचमी पर अमृत स्नान किया। हालांकि, मौनी अमावस्या के दिन भगदड़ की घटना के बाद अखाड़ों का अमृत स्नान अधर में लटक गया था, लेकिन अंततः अखाड़ों के साधु संतों ने अमृत स्नान किया और बसंत पंचमी स्नान के साथ वे मेला से विदा हो गए। मौनी अमावस्या को हुए हादसे को लेकर नेताओं ने सरकार पर निशाना साधना शुरू किया जिसमें पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने महाकुंभ को मृत्युकुंभ करार दिया। हालांकि, सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इसका तगड़ा जवाब दिया। वहीं, समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस ने प्रदेश सरकार पर भगदड़ में मृतकों की संख्या छिपाने का आरोप लगाया। सपा समेत विपक्षी दलों ने श्रद्धालुओं की संख्या पर भी सवाल खड़ा किया, लेकिन सरकार ने 1,800 एआई कैमरों समेत 3,000 से अधिक कैमरों, ड्रोन और 60,000 कर्मचारियों के हवाले से श्रद्धालुओं की सही संख्या बताने की बात कही। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि श्रद्धालुओं की संख्या का मिलान करने के लिए एआई कैमरों के साथ ही हम रोडवेज, रेलवे और हवाईअड्डे के अधिकारियों के साथ निरंतर संपर्क में रहे। महाकुंभ मेले में अग्निशमन विभाग ने आग की घटनाओं को रोकने में अहम भूमिका निभाई और आग लगने की सूचना मिलते ही तत्काल कार्वाई किए जाने से जनहानि की एक भी सूचना नहीं आई। इसके अलावा, श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए 37,000 पुलिसकर्मी, 14,000 होमगार्ड के जवान तैनात रहे। इसके अलावा, तीन जल पुलिस थाने, 18 जल पुलिस कंट्रोल रूम और 50 वाच टावर स्थापित किए गए थे। महाकुंभ में आने वाले अति विशिष्ट लोगों में भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक, उद्योगपति मुकेश अंबानी और गौतम अडाणी, एप्पल के संस्थापक स्टीव जॉब्स की पत्नी लॉरेन पॉवेल, ब्रिटेन के रॉक बैंड कोल्डप्ले के क्रिस मार्टिन प्रमुख रूप से शामिल थे। इनके अलावा, सोशल मीडिया के चर्चित चेहरों में हर्षा रिछारिया, माला बेचने वाली युवती मोनालिसा भोसले और आईआईटी बाबा के नाम से प्रसिद्ध अभय सिंह ने भी इस मेले में सुर्खियां बटोरी।

### शिवरात्रि पर

मंदिर परिसर में स्थित शिव मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने नंदी की पूजा और भगवान शिव का जलाभिषेक किया। बयान के अनुसार, योगी ने अंधियारीबाग स्थित प्राचीन मानसरोवर मंदिर, राजघाट स्थित मुक्तेश्वरनाथ मंदिर और झारखंडी स्थित झारखंडी महादेव मंदिर में भोलेनाथ का दर्शन, पूजन व जलाभिषेक कर लोकमंगल की कामना की। बयान में कहा गया है कि शिव मंदिरों में पूजा-अर्चना के बाद मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को श्रद्धालुओं के लिए उचित सुरक्षा, साफ-सफाई और अन्य बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### महाकुंभ में

प्रयागराज में बुधवार 26 फरवरी महाशिवरात्रि की तिथि तक कुल 45 दिवसों में 66 करोड़ 21 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पावन त्रिवेणी में स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त किया। विश्व इतिहास में यह अभूतपूर्व है, अविस्मरणीय है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि पूज्य अखाड़ों, साधु-संतों, महामंडलेश्वरों एवं धर्माचार्यों के पुण्य आशीर्वाद का ही प्रतिफल है कि समरसता का यह महासमागम दिव्य और भव्य बनकर सकल विश्व को एकता का संदेश दे रहा है। इस सिद्धि के सूत्रधार सभी गणमान्य जनों, देश-विदेश से पधारे सभी श्रद्धालुओं तथा कल्पवासियों का हार्दिक अभिनंदन एवं आभार। महाकुम्भ के सुव्यवस्थित आयोजन के कर्णधार रहे महाकुम्भ मेला प्रशासन, स्थानीय प्रशासन, पुलिस प्रशासन, स्वच्छताकर्मियों, गंगा दूतों, स्वयंसेवी संगठनों, धार्मिक संस्थाओं, नाविकों तथा महाकुम्भ से जुड़े केंद्र व प्रदेश सरकार के सभी विभागों सहित प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग देने वाले सभी महानुभावों व संस्थाओं को साधुवाद। विशेष रूप से प्रयागराज वासियों का धन्यवाद, जिनके धैर्य एवं आतिथ्य सत्कार ने सबको सम्मोहित किया। मां गंगा, भगवान बेनी माधव आप सबका कल्याण करें।

### सड़क हादसों

कुमार ने बुधवार को बताया कि 25/26 फरवरी की दरम्यानी रात झांसी बस स्टैंड से कुछ लोगों को लेकर एक कार उरई की ओर जा रही थी। रास्ते में कानपुर मार्ग पर बचावली गांव के पास सामने से रहे एक ट्रक से उसकी टक्कर हो गई। पीछे से आ रहा एक अन्य ट्रक भी उससे टकरा गया। इस दुर्घटना में कार सवार 38 वर्षीय नीतू और 37 साल के सौरभ की मौके पर ही मौत हो गई तथा छह अन्य लोग घायल हो गये। उन्हें पुलिस ने उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा है। वहीं, एक अन्य घटना में सीपरी बाजार क्षेत्र के शिवपुरी बाईपास पर एक अज्ञात मोटरसाइकिल सवार की किसी वाहन से कुचलकर मौत हो गई। प्रतापगढ़ जिले के कोतवाली देहात क्षेत्र में बुधवार तड़के एक कार के अनियंत्रित होकर एक घर में घुस जाने से अयोध्या जा रहे चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई तथा पांच अन्य घायल हो गये। यह हादसा राजगढ़ गांव में बबुरहा मोड़ के पास हुआ। इस घटना में कार सवार सात लोगों के साथसाथ घर में सो रही रेनू ओझा और उसके पति मनोज समेत नौ लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने राजू सिंह, अभिषेक कुमार सिंह, कार चालक अभिषेक ओझा और सौरभ नामक एक अन्य व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। बाकी पांच घायलों का उपचार किया जा रहा है। कार सवार सभी सात लोग प्रयागराज महाकुम्भ में स्नान करने के बाद अयोध्या दर्शन करने जा रहे थे। वहीं, गाजियाबाद में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर एक एसयूवी ने बुधवार तड़के मोटरसाइकिलों को टक्कर मार दी, जिससे तीन कांवड़ियों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस उपायुक्त (ग्रामीण) सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि पांच कांवड़िए दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर मेरठ से फरीदाबाद जा रहे थे, तभी भोजपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत टोल टैक्स बैरियर के पास एक एसयूवी ने उन्हें टक्कर मार दी। स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। हालांकि, उनमें से तीन- देवेंद्र, हरेंद्र और अजय (सभी की उम्र 30 के आसपास) को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। दो अन्य सुनील और सुंदर (दोनों की उम्र करीब 30 साल) का इलाज किया जा रहा है। जबकि हाथरस जिले के मुरसान कोतवाली क्षेत्र में मुरसान-सादाबाद मार्ग पर किसी अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की मौत हो गयी।

### उत्तराखंड में

केदारनाथ धाम का पुनःनिर्माण कर वहां पूजा अर्चना की कर रात्रि प्रवास किया। अब केदारनाथ धाम में 20 लाख से भी अधिक श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं। इसी प्रकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिथौरागढ़ के आदि कैलाश, जोलीकोंग की यात्रा की, जिससे भी हमारा प्रदेश व कुमाऊं का विश्व पटल पर प्रचार हुआ व पहचान मिली, जिससे धार्मिक पर्यटनों को बढ़ावा मिला है। श्री धामी ने कहा की आदि कैलाश पर जाने वाले यात्री कुमाऊं सड़क मार्ग से ही जाते है जिससे यहां के सभी प्रकार के करोबारियों को वर्ष भर रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा की मानसखण्ड योजना के अंतर्गत कुमाऊं के सभी मंदिरों को जोड़कर एक धार्मिक सर्किट बनाया जा रहा है जिससे धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा की वनखण्डी मंदिर को सुन्दर डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किया जायेगा। उन्होंने कहा की मां पूर्णागिरि मंदिर में शीघ्र रोपवे, शारदा रिवर फ्रंट बनाया जा रहा है जिसमें खटीमा व उसके आस पास के क्षेत्रों को रिवर फ्रंट डीपीआर में जोड़ने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि हनौल क्षेत्र के विकास के लिए सरकार ने 120 करोड़ रुपये धनराशि दी गयी है। सरकार की ओर से पूरे प्रदेश का समेकित विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खटीमा बस अड्डा शीघ्र तैयार होने जा रहा है व टनकपुर बस अड्डे को 200 करोड़ रुपये की धनराशि से आईएसबीटी बनाया जा रहा है। उन्होंने पुनः श्रद्धालुओं को महाशिवरात्रि की शुभकामनायें व बधाई दी। इस अवसर पर जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, एसएसपी मणिकांत मिश्रा, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, एएसपी डॉ. उत्तम सिंह नेगी सहित बढ़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

### भारी बर्फबारी

अन्य क्षतिग्रस्त हो गए। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण दल प्रभावित क्षेत्रों में भेजे गए हैं और गैर-सरकारी संगठनों के सहयोग से सर्वेक्षण जारी है। प्रवक्ता ने कहा कि बर्फबारी के कारण कुछ प्रांतों में सड़कें अवरुद्ध हो गई हैं और लोक निर्माण मंत्रालय के सहयोग से उन्हें फिर से खोलने के प्रयास किए जा रहे हैं।

### राजौरी में सेना

निवासी गानापोरा (काजियाबाद) की कुल 3 कनाल, 12 मरला संपत्ति कुर्क की है। प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस ने जांच कर दोनों फरार आतंकियों की संपत्ति की पहचान की थी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा दे रहे आतंकियों व उनके मददगारों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

### महाकुंभ में

जाने के बाद वहां गए थे। हमने रेलवे के साथ मिलकर काम किया। यह हमारे लिए एक चुनौती नहीं ,बल्कि एक अवसर है। हमारे कर्मियों ने 45 दिनों तक जमीन पर काम किया और उससे पहले दो महीने तक प्रशिक्षण लिया। व्यक्तिगत रूप से यह गर्व की बात है और एक अविस्मरणीय अनुभव है।




# कोहली तोड़ सकता है सचिन का सौ शतक का रिकॉर्ड : जाफर



नयी दिल्ली। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज और मुंबई के धुरंधर वसीम जाफर का मानना है कि विराट कोहली अगले तीन चार साल और खेल सकता है और सचिन तेंदुलकर का सौ अंतरराष्ट्रीय शतकों का रिकॉर्ड भी तोड़ सकता है। छत्तीस वर्ष के कोहली ने दुबई में चैम्पियंस ट्रॉफी के मैच में पाकिस्तान पर छह विकेट से मिली जीत में अपना 82वां अंतरराष्ट्रीय शतक लगाया। इससे पहले वह खराब फॉर्म से जूझ रहे थे। जाफर ने इंडिया कारपोरेट टी20 बैश के लांच के मौके पर कहा , एक क्रिकेटप्रेमी के तौर पर आप विराट को ज्यादा से ज्यादा खेलते देखना चाहते हैं। पाकिस्तान के खिलाफ वह जिस तरह खेल रहा था, कोई नहीं चाहता था कि वह आउट हो। वह रन बनाता है तो सभी को खुशी होती है और मुझे यकीन है कि सभी चाहते हैं कि वह तीन चार साल और खेलकर सारे रिकॉर्ड तोड़े। उन्होंने कहा , वह शतकों का रिकॉर्ड तोड़ सकता है। जब सचिन तेंदुलकर ने सौ शतक बनाये तो लगा था कि इसे कोई नहीं तोड़ सकेगा लेकिन 2010 से जिस तरह से विराट ने रन बनाये हैं तो लगता है कि वह इस असंभव को संभव कर सकता है। अगर विराट रिकॉर्ड तोड़ता है तो सचिन तेंदुलकर को बहुत खुशी होगी। जाफर लीग की समिति के सदस्य हैं। उन्होंने शुभमन गिल की भी तारीफ की लेकिन कहा कि कोहली से तुलना करना उसके साथ ज्यादती होगी।

# भारतीय टीम को चैंपियंस ट्रांफी जीतनी चाहिए : राजपूत



शारजाह। भारत के पूर्व बल्लेबाज और कोच लालचंद राजपूत ने रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम को निर्मम करार देते हुए कहा कि उसे चैंपियंस ट्रॉफी जीतनी चाहिए। भारत ने 2007 में राजपूत के कोच रहते हुए ही पहले टी20 विश्व कप में जीत हासिल की थी और उसके 18 साल बाद इस 63 वर्षीय पूर्व क्रिकेटर को लगता है कि भारत को चैंपियंस ट्रॉफी जीतने में किसी तरह की परेशानी नहीं आनी चाहिए। राजपूत ने कहा, भारतीय टीम निर्मम नजर आ रही है। वह हर मैच में दबदबा बना कर जीत हासिल करना चाहती है। वह विरोधी टीम को मैच में वापसी करने का कोई मौका नहीं देना चाहते हैं। यही सही रवैया है।

## संक्षेप

### पिंक लेडीज़ कप में कोरिया से हारी भारतीय टीम

शारजाह। भारत की सीनियर महिला टीम बुधवार को यहां अल हमरिया स्पोर्ट्स क्लब स्टेडियम में पिंक लेडीज कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने अंतिम मैच में कोरिया से 0-3 से हार गई। फीफा रैंकिंग में 20वें स्थान पर मौजूद कोरियाई टीम मध्यांतर तक 2-0 से आगे थी। कोरिया की तरफ से चोई यूजुंग (आठवें) और चोई डागयेओंग (27वें) ने पहले हाफ में गोल किए। उसकी तरफ से तीसरा गोल मुन यूनजु ने 81वें मिनट में किया। भारत ने इस टूर्नामेंट में तीन मैच खेले। उसने अपने पहले मैच में जॉर्डन को हराया था लेकिन इसके बाद उसे रूस और कोरिया से हार का सामना करना पड़ा।

### दुबई में पहले दौर में हारे रुबलेव

दुबई। रूस के तीसरी वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव कतर ओपन खिताब के तीन दिन बाद दुबई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में क्वालीफायर क्वेंटिन हेलिस से 3-6, 6-4, 7-6 (5) से हारकर बाहर हो गए। विश्व में 77वीं रैंकिंग के खिलाड़ी हेलिस की शीर्ष 10 में शामिल किसी खिलाड़ी के खिलाफ यह पहली जीत है। उनका अगला मुकाबला रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट से होगा। एक अन्य मैच में शीर्ष वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव ने जान लेनार्ड स्ट्रफ को 6-4, 7-6 (4) से हराया। उनका अगला मुकाबला जियोवानी एमपेत्शी पेरिकार्ड से होगा। दूसरी वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर 2014 के अमेरिकी ओपन चैंपियन मारिन सिलिच से 6-2, 3-6, 6-3 से हार गए। नूनो बोर्जेस ने आठवीं वरीयता प्राप्त आर्थर फिल्स को 6-2, 6-1 से हराया। दूसरे दौर में पहुंचने वाले अन्य खिलाड़ियों में पांचवीं वरीयता प्राप्त उगो हम्बर्ट, माटेओ बेरेटिनी, फेलिक्स ऑगर अलियासिमे और क्वालीफायर क्रिस्टोफर ओकोनेल शामिल हैं।

### फखर व अयूब की अनुपस्थिति ने हम पर असर डाला : आकिब जावेद

रावलपिंडी। पाकिस्तान के अंतरिम मुख्य कोच और राष्ट्रीय चयनकर्ता आकिब जावेद ने बुधवार को कहा कि सैम अयूब और फखर जमां के चोटिल होने के कारण बाहर हो जाने से चैंपियंस ट्रॉफी में राष्ट्रीय टीम के अभियान पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। आकिब ने कहा कि सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर होने के बावजूद टीम अपने अभियान का जीत के साथ अंत करने के लिए प्रतिबद्ध है। पाकिस्तान गुरुवार को अपने आखिरी ग्रुप मैच में बांग्लादेश से खेलेगा। उन्होंने कहा, खिलाड़ियों में प्रेरणा की कमी को लेकर कोई चिंता नहीं है। आकिब ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम के चयन का भी बचाव किया और कहा कि सर्वश्रेष्ठ उपलब्ध खिलाड़ियों को चुना गया। चयनित टीम को लेकर टीम प्रबंधन और चयनकर्ताओं को काफी आलोचना का सामना करना पड़ा है। आकिब ने कहा, हमारे कुछ महत्वपूर्ण खिलाड़ी चोटिल होने के कारण नहीं खेल पा रहे थे। उदाहरण के लिए, सैम और फखर जैसे खिलाड़ी मैचों में सकारात्मक प्रभाव पैदा करते हैं।

### आस्ट्रेलियाई स्पिनर मैथ्यू आईसीसी से क्लीन चिट

मेलबर्न। आस्ट्रेलिया के बायें हाथ के स्पिनर मैथ्यू कुहनेमन के गेंदबाजी एक्शन को आईसीसी ने ब्रिसबेन में कराये गए विस्तृत टेस्ट के बाद क्लीन चिट दे दी।

श्रीलंका के खिलाफ पिछले महीने दूसरे टेस्ट के दौरान उनके गेंदबाजी एक्शन की शिकायत की गई थी। अब आईसीसी से गेंदबाजी एक्शन को वैध ठहराये जाने के बाद वह इस साल के आखिर में वेस्टइंडीज के टेस्ट दौरे पर खेलने जा सकते हैं।

# अफगानिस्तान ने इंग्लैंड को 8 रन से हराया

## इब्राहिम जादरान की सेंचुरी के दम पर 7 विकेट खोकर 325 रन बनाये। जादरान ने 146 बॉल पर 177 रन की पारी

एजेंसी

लाहौर। अफगानिस्तान ने इंग्लैंड को चैंपियंस ट्रॉफी में 8 रन से हरा दिया। इसी के साथ इंग्लिश टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई। बुधवार को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में अफगानिस्तान ने बैटिंग चुनी। टीम ने 7 विकेट खोकर 325 रन बनाए। इंग्लैंड 317 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।अफगानिस्तान से आखिरी ओवर में अजमतुल्लाह ओमरजई ने 13 रन डिफेंड किए। उन्होंने 5 विकेट लिए। टीम से इब्राहिम जादरान ने 177 रन बनाए। इंग्लैंड से जो रूट ने 120 रन की पारी खेली।



चैंपियंस ट्रॉफी के 8वें मैच में अफगानिस्तान ने इंग्लैंड को 326 रन का टारगेट दिया है। बुधवार को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में अफगानिस्तान ने बैटिंग चुनी। टीम ने इब्राहिम जादरान की सेंचुरी के दम पर 7 विकेट खोकर 325 रन बनाए। जादरान ने 146 बॉल पर 177 रन की पारी खेली। इसमें 12 चौके और 6 छक्के शामिल रहे। जादरान इस टूर्नामेंट में हाईएस्ट इंडिविजुअल स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज बने हैं। इंग्लैंड ने 48 ओवर के बाद 8 विकेट के नुकसान पर 310 रन बना लिए हैं। जोफ्रा आर्चर और आदिल रशीद क्रीज पर हैं। जिमी ओवर्टन 32 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें ओमरजई ने मोहम्मद नबी के हाथों कैच कराया। उन्होंने जो रूट (120 रन), जैमी ओवर्टन (120 रन) कप्तान जोस बटलर (38 रन) और फिल सॉल्ट (12 रन) के विकेट भी झटके। रूट साढ़े 5 साल और 40 वनडे के बाद वनडे में शतक लगाया है। उन्होंने जून 2019 में वेस्टइंडीज के खिलाफ आखिरी शतक लगाया था। मोहम्मद नबी ने हैरी ब्रूक (25 रन) और जैमी स्मिथ (9 रन) को पवेलियन भेजा। राशिद खान ने बेन डकेट (38 रन) का विकेट लिया। लियम लिविंगस्टन 10 रन बनाकर आउट हुए। 48वें ओवर में इंग्लैंड ने 8वां विकेट गिरा दिया है। यहां जिमी ओवर्टन 32 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें ओमरजई ने मोहम्मद नबी के हाथों कैच कराया। 47वें ओवर में इंग्लैंड ने 300 रन का आंकड़ा पार कर लिया है। इसके अगले ओवर में राशिद खान से जिमी ओवर्टन का कैच ड्रॉप हुआ। अजमतुल्लाह ओमरजई ने 46वें ओवर में अफगानी टीम को बड़ा विकेट दिलाया। यहां जो रूट 120 रन बनाकर आउट हुए। ओवर की पांचवीं बॉल पर रूट का कैच विकेटकीपर गुरबाज ने लिया। इस ओवर से 13 रन आए। 42वें ओवर में इंग्लैंड ने 250 रन का स्कोर हासिल कर लिया है। राशिद के ओवर की आखिरी बॉल पर जो रूट ने एक रन लेकर टीम को 250 पार पहुंचाया। 42वें ओवर की दूसरी गेंद पर जो रूट ने राशिद खान के खिलाफ सिंगल लिया। इसी के साथ उन्होंने अपना 17वां वनडे शतक पूरा किया। उन्होंने साढ़े 5 साल बाद सेंचुरी लगाई है। उन्होंने 14 जून 2019 को वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे वर्ल्ड कप में आखिरी शतक लगाया था। सलामी बल्लेबाज इब्राहिम जदरान के 177 रन की मदद से अफगानिस्तान ने इंग्लैंड के खिलाफ चैम्पियंस ट्रॉफी के करो या मरो के मुकाबले में बुधवार को सात विकेट पर 325 रन बनाये। जदरान ने 146 गेंद की अपनी पारी में 14 चौके और छह छक्के जड़े। कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी ने उनका पूरा साथ निभाते हुए 67 गेंद में 40 रन बनाये और चौथे विकेट की साझेदारी में 103 रन भी जोड़े। अजमतुल्लाह उमरजइ ने 31 गेंद में 41 रन बनाये और पांचवें विकेट के लिये 72 रन की साझेदारी की। बाद में जदरान ने मोहम्मद नबी के साथ छठे विकेट के लिये 111 रन जोड़े। नबी ने 24 गेंद में 40 रन बनाये। इस मैच की विजेता टीम की ग्रुप बी से सेमीफाइनल में प्रवेश की उम्मीदें बरकरार रहेंगी और दूसरी टीम बाहर हो जायेगी। अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन पहले दस ओवर में तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने उन्हें दबाव में रखा। आर्चर ने 64 रन देकर तीन विकेट लिये। रहमतुल्लाह गुरबाज उनका पहला शिकार बने। वहीं सेदिकुल्लाह अतल को उन्होंने पगबाधा आउट किया और रहमत शाह ने स्क्वेयर लेग पर आदिल रशीद को कैच थमाया। अफगानिस्तान ने पावरप्ले के भीतर तीन विकेट 37 रन पर गंवा दिये। इसके बाद जदरान और शाहिदी ने पारी को संभाला।

# शुभमन गिल आईसीसी वनडे रैंकिंग में शीर्ष पर

दुबई। भारत को चैम्पियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में जगह दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने आईसीसी एक दिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। गिल ने यहां बांग्लादेश के खिलाफ नाबाद 101 और पाकिस्तान के खिलाफ 46 रन की पारी खेली थी। उन्हें इससे 21 रेटिंग अंक मिले और अब उनके 817 रेटिंग अंक हो गए हैं। पाकिस्तान के बाबर आजम दूसरे स्थान पर अब उनसे 47 अंक पीछे हैं जबकि पहले यह अंतर 23 अंक का था। पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 100 रन बनाने वाले विराट कोहली पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि केएल राहुल 15वें स्थान पर आ गए हैं। पाकिस्तान के खिलाफ शतक जमाने वाले न्यूजीलैंड के विल यंग आठ पायदान चढकर 14वें और टॉम लैथम 11 पायदान चढकर 30वें स्थान पर आ गए है। वहीं रचिन रविंद्र 18 पायदान चढकर अब 24वें स्थान पर हैं। आस्ट्रेलिया के एलेक्स कारी चार स्थान के फायदे के साथ 50वें और जोश इंगलिस 18 स्थान के फायदे के साथ 81वें स्थान पर हैं। गेंदबाजों में केशव महाराज और मैट हेनरी शीर्ष पांच में और एडम जम्पा शीर्ष दस में पहुंच गए हैं।



**केरल ने विदर्भ को दिए शुरुआती झटके**

नागपुर। केरल में टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने के फैसले को सही साबित करते हुए बुधवार को यहां रणजी ट्रॉफी फाइनल के पहले दिन विदर्भ को लंच से पहले तक तीन विकेट पर 81 रन ही बनाने दिए। केरल की तेज गेंदबाजी के अगुआ एमडी निधिश ने दो विकेट लिए जबकि नई गेंद के उनके जोड़ीदार ईडन एप्पल टॉम ने एक विकेट लिया, जिससे विदर्भ एक समय तीन विकेट पर 24 रन बनाकर संकट में दिख रहा था। इसके बाद दानिश मालेवार (नाबाद 38) और करुण नायर (नाबाद 24) ने चौथे विकेट के लिए 57 रन की साझेदारी करके स्थिति को संभाला। निधिश ने मैच की दूसरी ही गेंद पर पार्थ रेखाडे (00) को आउट कर दिया लेकिन इसका श्रेय कप्तान सचिन बेबी को जाता है।

# इंटरनेशनल मास्टर्स लीग में इंडिया ने इंग्लैंड को हराया



मुंबई। सचिन ने 21 गेंदों पर 34 रन की पारी में पांच चौके और एक छक्का लगाया। डीवाई पाटिल स्टेडियम में मंगलवार को इंडिया मास्टर्स ने इंग्लैंड मास्टर्स को 9 विकेट से हराकर इंटरनेशनल मास्टर्स लीग 2025 में लगातार दूसरी जीत का स्वाद चखा। भारतीय जीत के हीरो लिटिल मास्टर सचिन तेंदुलकर और गुरकीरत सिंह मान रहे। दोनों के बीच 7 ओवर में 75 रनों की ओपनिंग साझेदारी हुई। भारत ने टॉस जीत कर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट के नुकसान पर 132 रन बनाए। 133 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी इंडिया की टीम ने एक विकेट के नुकसान पर इसे हासिल कर लिया। गुरकीरत सिंह मान ने आक्रामक अंदाज में 35 गेंदों पर नाबाद 63 रन बनाए। सचिन और गुरकीरत से भारत को अच्छी शुरूआत दिलाई भारत को लिटिल मास्टर सचिन तेंदुलकर और गुरकीरत सिंह ने अच्छी शुरूआत दिलवाई। सचिन ने 21 गेंदों पर 34 रन की पारी में पांच चौके और एक छक्का लगाया। उन्होंने गुरकीरत सिंह मान के साथ मात्र 7 ओवर में 75 रनों की ओपनिंग साझेदारी की। मान ने भी आक्रामक अंदाज में 35 गेंदों पर नाबाद 63 रन बनाए, जो उनका लगातार दूसरा अर्धशतक है। सचिन क्रिस स्कोफील्ड की गेंद पर टिम एम्ब्रोस के हाथों में कैच थमा कर पवेलियन लौट गए। सचिन के बाद युवराज सिंह ने आते ही इंग्लिश लेग स्पिनर की दूसरी गेंद पर मिडविकेट पर एक बड़ा छक्का लगाया।

उन्होंने 14 गेंदों पर नाबाद 27 रन बनाए और गुरकीरत के साथ 57 रनों की अविजित साझेदारी करके इंडिया मास्टर्स को सिर्फ 11.4 ओवर में जीत दिलाई। इंग्लैंड की खराब शुरूआत इससे पहले, इंग्लिश टीम ने 8 विकेट खोकर 132 रन बनाए। भारत को पहली सफलता अभिमन्यु मिथुन ने दिलवाई। उन्होंने तीसरे ओवर में स्टंप पर फिल मस्टर्ड (8) का विकेट लिया और फिर धवल कुलकर्णी ने मॉर्गन को 13 गेंदों पर 14 रन पर आउट करके मेहमान टीम को पावरप्ले के अंदर परेशानी में डाल दिया।

# गुजरात जॉइंट्स के खिलाफ अपना अभियान पटरी पर लाने उतरेगा आरसीबी

एजेंसी




बेंगलुरु। पिछले मैच में सुपर ओवर में मिली हार को भुलाकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) गुरुवार को यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर चल रही गुजरात जॉइंट्स की टीम के खिलाफ जीत दर्ज करके अपना अभियान वापस पटरी पर लाने की कोशिश करेगा। मौजूदा चैंपियन आरसीबी ने पहले दो मैच जीतकर इस सत्र में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद उसे लगातार दो मैच में मुंबई इंडियंस और यूपी वॉरियर्स से हार का सामना करना पड़ा। दिल्ली कैपिटल्स की टीम मंगलवार को गुजरात जॉइंट्स के खिलाफ जीत दर्ज करके अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है और ऐसे में आरसीबी जीत की राह पर लौटने के लिए बेताब होगी। इस बीच गुजरात जॉइंट्स का लचर प्रदर्शन जारी है। उसकी टीम अभी तक चार मैच में से केवल एक मैच ही जीत पाई है और वह अंक तालिका में सबसे निचले पायदान पर है। पिछले मैच में दिल्ली से मिली हार से टीम अधिक आहत होगी क्योंकि वह बमुश्किल 100 रन के पार पहुंच पाई थी। स्मृति मंधाना की अगुवाई वाली आरसीबी की टीम की पिछले मैच में वॉरियर्स से मिली हार से आहत होगी क्योंकि उसने पूरे मैच में नियंत्रण बनाए रखा था लेकिन आखिर के तीन ओवर में 42 रन का बचाव नहीं कर पाई। यह मैच सुपर ओवर तक चला गया था जिसमें आरसीबी की टीम केवल चार रन ही बना सकी थी। मंधाना ने मैच के बाद कहा था, यह हार निराशाजनक है क्योंकि हमने बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन आखिर में चूक गए। हमें इससे सबक लेकर दमदार वापसी करनी होगी। मंधाना स्वयं रन बनाने के लिए जूझ रही हैं। वह चार मैच में अभी तक केवल एक बड़ी पारी खेल पाई हैं। ऑफ स्पिन को खेलने में परेशानी की उनकी कमजोरी खुलकर सामने आ रही है। इस प्रतियोगिता में ऑफ स्पिनर ने उन्हें सर्वाधिक 11 बार आउट किया है। आरसीबी के लिए अच्छी बात यह है कि इंग्लैंड की डैनी व्याट-हॉज लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है जबकि ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउंडर एलिसे पेरी शानदार लय में हैं। उन्होंने अब तक तीन अर्धशतक लगाए हैं जिनमें पिछले मैच में खेली गई 90 रन की पारी भी शामिल है। आरसीबी के लिए चिंता का विषय उसकी गेंदबाजी है। उसके तेज गेंदबाजों के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव है जबकि उसके स्पिनर बीच के ओवर में रन प्रवाह पर अंकुश लगाने में नाकाम रहे हैं। जहां तक गुजरात जॉइंट्स का सवाल है तो बल्लेबाजी उसके लिए कमजोर कड़ी साबित हो रही है। अगर उसे अपना अभियान पटरी पर लाना है तो उसके बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। मैच शाम 7:30 बजे शुरू होगा।

# जीत के साथ अभियान का अंत करने उतरेंगे पाक और बांग्लादेश

एजेंसी




रावलपिंडी। अपने पहले दो मैच में करारी हार झेलने के बाद सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो चुकी पाकिस्तान और बांग्लादेश की टीम गुरुवार को यहां होने वाले ग्रुप ए के मैच में जब आमने-सामने होगी तो उनका लक्ष्य चैंपियंस ट्रॉफी के अपने अभियान का जीत के साथ अंत करना होगा। चैंपियंस ट्रॉफी जैसे टूर्नामेंट में गलतियों के लिए बहुत कम गुंजाइश होती है लेकिन मेजबान पाकिस्तान ने पहले दोनों मैच में लचर प्रदर्शन किया तथा न्यूजीलैंड और भारत से करारी हार झेलने के बाद उसका अपनी धरती पर चैंपियन बनने का सपना चकनाचूर हो गया। यही कहानी बांग्लादेश की रही जिससे इन दोनों टीमों के बीच होने वाला मैच औपचारिक रह गया है।

इस मैच में अब दोनों टीम प्रतिष्ठा की खातिर एक दूसरे का सामना करेंगी। पाकिस्तान 29 साल बाद किसी वैश्विक प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है लेकिन टीम के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद अब देश के क्रिकेट ढांचे में आमूल चूल बदलाव करने की मांग उठ रही है। यह लगातार तीसरा अवसर है जबकि पाकिस्तान सीमित ओवरों की क्रिकेट के किसी वैश्विक प्रतियोगिता के पहले दौर में बाहर हो गया। इससे पहले 2023 में वनडे विश्व कप और 2024 में टी20 विश्व कप में भी पाकिस्तान की टीम पहले दौर से आगे नहीं बढ़ पाई थी। ऐसे समय में जबकि अन्य टीम बेखौफ और आक्रामक रवैया अपना रही है तब लगता है कि पाकिस्तान अतीत में जी रहा है। उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाज बेहद रक्षात्मक रवैया अपना रहे हैं। अपने बल्लेबाजों के इस तरह के रवैए के कारण पाकिस्तान की टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ रावलपिंडी में 161 और भारत के खिलाफ दुबई में 147 ऐसी गेंद खेली जिन पर रन नहीं बने। बल्लेबाजों के गलत शॉट का चयन, खराब क्षेत्र रक्षण और खिलाड़ियों के चोटिल होने से भी पाकिस्तान की परेशानियां बढ़ी।

उसके सलामी बल्लेबाज फखर जमां चोट के कारण बाहर हो गए और उनकी जगह टीम में लिए गए इमाम उल हक प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे। पाकिस्तान की बल्लेबाजी का मुख्य आधार बाबर आजम और कप्तान मोहम्मद रिजवान हैं लेकिन यह दोनों अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। बाबर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ अर्धशतक लगाया था लेकिन उन्होंने बेहद धीमी बल्लेबाजी की जिसके लिए उनकी कड़ी आलोचना हुई। गेंदबाजी में पाकिस्तान का भरोसा अपने तेज गेंदबाजों पर था लेकिन उसके तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी, नसीम शाह और हारिस रउफ़ कमजोर और अप्रभावी दिख रहे हैं।

# बीएफआई के चुनाव जल्द कराने की जरूरत

एजेंसी




नयी दिल्ली। ओलंपिक पदक जीतने वाले भारत के पहले और एकमात्र पुरुष मुक्केबाज विजेंदर सिंह ने भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के जल्द से जल्द नए सिरे से चुनाव कराने की अपील करते हुए कहा कि अगर मौका मिला तो वह चुनाव लड़ने में संकोच नहीं करेंगे। बीजिंग ओलंपिक 2008 के कांस्य पदक विजेता 39 वर्षीय विजेंदर अभी पेशेवर सर्किट में खेल रहे हैं हालांकि उन्होंने 2022 के बाद से कोई मुकाबला नहीं लड़ा है। विजेंदर ने पीटीआई से कहा, जब भी चुनाव हों, मैं उनमें खड़ा होना चाहूंगा। मैंने पूरी जिंदगी संघर्ष किया है, यह मेरे लिए एक और लड़ाई होगी। मुझे नहीं पता कि मुझे समर्थन मिलेगा या नहीं, लेकिन मैं चुनाव लड़ने से नहीं डरता। उन्होंने कहा, अगर मुझे बदलाव करने का मौका मिलता है तो मैं अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रयास करूंगा लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि मैं एक खिलाड़ी के रूप में संन्यास लेने जा रहा हूं। ऐसा मैं कभी नहीं करूंगा। इससे पहले इस स्टार मुक्केबाज ने अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट में कहा कि भारतीय मुक्केबाजों को अच्छा प्रदर्शन करने के लिए यह जरूरी है कि वे विदेश में अभ्यास करें। विजेंदर ने प्रधानमंत्री कार्यालय और खेल मंत्री मनसुख मांडविया को टैग करते हुए लिखा, इसके लिए, हमें एक मजबूत महासंघ बनाने के लिए जल्द से जल्द नए और निष्पक्ष चुनाव कराने की जरूरत है। अगर सरकार हमें कोई जिम्मेदारी देती है तो मुझे अपने अनुभव से योगदान करने में खुशी होगी। उनकी यह टिप्पणी भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) द्वारा बीएफआई के चुनावों में देरी का हवाला देते हुए महासंघ के कामकाज तदर्थ समिति को सौंपने के कुछ दिनों बाद आई है। अजय सिंह के नेतृत्व वाले बीएफआई ने फैसले को दिल्ली उच्च न्यायालय में चुनौती देने का वादा किया है और आईओए के आदेश को अवैध बताया है। बीएफआई पदाधिकारियों का कार्यकाल तीन फरवरी को समाप्त हो गया था।

**मैं खुद लड़ने को तैयार हूं: विजेंदर**

**मालेवार का शतक, विदर्भ की दमदार वापसी**

नागपुर। युवा बल्लेबाज दानिश मालेवार के नाबाद शतक और अनुभवी करुण नायर के साथ 215 रन की साझेदारी की मदद से दो बार के चैंपियन विदर्भ ने खराब शुरुआत से उबर कर केरल के खिलाफ रणजी ट्रॉफी फाइनल के पहले दिन बुधवार को यहां चार विकेट पर 254 रन बनाए। मालेवार 138 रन बनाकर खेल रहे हैं जो उनके करियर का सर्वोच्च स्कोर है। इस 21 वर्षीय बल्लेबाज का प्रथम श्रेणी क्रिकेट में यह दूसरा शतक है। नायर भी शतक के करीब थे लेकिन दिन के खेल के अंतिम ओवरों में वह आपसी गफलत के कारण रन आउट हो गए। उन्होंने 86 रन बनाए।

# भारत अफ्रीका का बड़ा व्यापारिक साझीदार

## अफ्रीका के प्रति भारत का दृष्टिकोण शोषण नहीं, पारस्परिक लाभकारी संबंधों पर आधारित : जयशंकर

एजेंसी

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अफ्रीका महाद्वीप में अपना प्रभाव बढ़ाने की चीन की लगातार कोशिशों के बीच बुधवार को कहा कि अफ्रीका के प्रति भारत का दृष्टिकोण संबंधों के शोषणकारी मॉडल से नहीं, बल्कि परस्पर लाभकारी साझेदारी बनाने की गहरी प्रतिबद्धता से प्रेरित है। जयशंकर ने कहा कि भारत और जापान अपनी पूरक शक्तियों के साथ अफ्रीका के विकास को सतत और समावेशी तरीके से समर्थन देने की स्थिति में हैं।

विदेश मंत्री ने जापान-भारत-अफ्रीका व्यापार मंच पर अपने व्याख्यान के दौरान कहा, अफ्रीका के प्रति भारत का दृष्टिकोण हमेशा दीर्घकालिक, पारस्परिक रूप से लाभकारी साझेदारी बनाने की गहरी प्रतिबद्धता से प्रेरित रहा है। उन्होंने कहा, भारत संबंधों के शोषणकारी मॉडल के विपरीत क्षमता निर्माण, कौशल विकास और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण में विश्वास करता है जिससे यह सुनिश्चित होता है कि अफ्रीकी देश न केवल निवेश से लाभान्वित हों, बल्कि विकास के लिए आत्मनिर्भर पारिस्थितिकी तंत्र भी विकसित करें। जयशंकर ने कहा कि भारत अफ्रीका का चौथा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है तथा उनके बीच द्विपक्षीय व्यापार लगभग 100 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया है और यह लगातार बढ़



रहा है। उन्होंने कहा कि भारत ने अफ्रीका की संपर्क सुविधा और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए भी महत्वपूर्ण प्रतिबद्धता जताई है जिसके तहत भारत ने 12 अरब डॉलर से अधिक रियायती ऋण दिया है और रेलवे, बिजली उत्पादन, कृषि एवं जलापूर्ति जैसे क्षेत्रों में पूरे महाद्वीप में 200 से अधिक परियोजनाएं पूरी की हैं। जयशंकर ने कहा कि बिजली संयंत्र, पारेषण लाइन, सीमेंट, चीनी एवं कपड़ा कारखानों, प्रौद्योगिकी उद्यान और रेलवे बुनियादी ढांचे समेत भारत की विकास परियोजनाओं ने स्थानीय रोजगार पैदा किए हैं तथा अफ्रीका में जीवन बदल दिया है।

उन्होंने कहा कि अफ्रीका के साथ भारत का गहरा और दीर्घकालिक संबंध उसे भौगोलिक दृष्टि से या औद्योगिक मूल्य श्रृंखला में एक प्राकृतिक सेतु बना सकता है। उन्होंने कहा, भारत तेजी से सतत आर्थिक विकास के लिए तैयार है। यह अफ्रीका और पश्चिम एशिया में विस्तार करने की इच्छुक जापानी कंपनियों के लिए एक आदर्श केंद्र है। उन्होंने कहा, जापानी निवेश, भारत का ठोस औद्योगिक आधार और डिजिटल क्षमताएं तथा अफ्रीका की प्रतिभा एवं खपत मिलकर सभी हितधारकों के लिए लाभकारी परिणाम दे सकती हैं।

जयशंकर ने कहा कि भारत और जापान खासकर महत्वपूर्ण और उभरते क्षेत्रों में अफ्रीकी देशों के लिए लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने की दिशा में भी सहयोग कर सकते हैं। उन्होंने कहा, अफ्रीका की वृद्धि और समृद्धि से न केवल उसके लोगों को लाभ होगा, बल्कि व्यापक वैश्विक स्थिरता एवं आर्थिक प्रगति में भी योगदान मिलेगा। उन्होंने कहा, भारत और जापान अपनी पूरक शक्तियों के साथ अफ्रीका के विकास को सतत और समावेशी तरीके से समर्थन देने की स्थिति में हैं।

# महाशिवरात्रि पर हजारों श्रद्धालुओं ने नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की



काठमांडू। नेपाल और पड़ोसी भारत से हजारों श्रद्धालु महाशिवरात्रि के अवसर पर पूजा-अर्चना करने के लिए बुधवार को सुबह से ही पशुपतिनाथ मंदिर में उमड़ पड़े। काठमांडू में बागमती नदी के तट पर स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में शिवलिंग की पूजा और दर्शन के लिए मंगलवार देर रात से ही लोगों की कतारें लगने लगीं। पशुपति क्षेत्र विकास न्यास (पीएडीटी) के सदस्य सचिव मिलन कुमार थापा ने बताया कि पशुपतिनाथ में श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए अधिकारियों ने विशेष व्यवस्था की है। स्थानीय प्रशासन ने त्योहार के दौरान भांग, गांजा, शराब, मांस और मछली की बिक्री एवं उपभोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस नियम का उल्लंघन करने वालों पर कानूनी कार्वाई की जाएगी। मंदिर मंगलवार देर रात सवा दो बजे खुला और भक्तों को शिवलिंग के दर्शन के लिए चारों द्वारों से मंदिर में प्रवेश की अनुमति दी गई। पशुपतिनाथ मंदिर में बुधवार को नेपाल और भारत से 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है। प्राधिकारियों ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा और मंदिर में पूजा-अर्चना के सुचारू संचालन के लिए 4,000 सुरक्षा कर्मियों और 10,000 स्वयंसेवकों को तैनात किया है। मुख्य मंदिर और मंदिर परिसर को फूलों, रंग-बिरंगी रोशनियों, कागज के झंडों और बैनरों से आकर्षक ढंग से सजाया गया है। मंदिर में दर्शन की सुचारू व्यवस्था के लिए अधिकारियों ने मंदिर के अंदर आठ और बाहर चार कतारें लगवाई हैं। प्राधिकारियों ने भीड़ के प्रभावी प्रबंधन के लिए अलग-अलग मार्ग निर्धारित किए हैं।

संक्षेप

### न्यायालय ने पूर्व अधिकारी की याचिका पर एम्स से मांगा जवाब

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने एम्स से उसके पूर्व मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) की याचिका पर जवाब मांगा है, जिसमें उनके बीच चल रही कानूनी लड़ाई में संस्थान पर झूठी गवाही देने का आरोप है। न्यायमूर्ति सी हरि शंकर और न्यायमूर्ति अजय दिगपॉल की पीठ ने संजीव चतुर्वेदी की याचिका पर एम्स को नोटिस जारी किया है। संजीव चतुर्वेदी ने यह याचिका दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 340 के तहत दायर की है। पीठ ने 24 फरवरी को पारित आदेश में कहा, नोटिस जारी करें यदि कोई उत्तर हो, तो उसे चार सप्ताह के भीतर दाखिल किया जाए, जिसकी अग्रिम प्रति याचिकाकर्ता के विद्वान वकील को दी जाए, जो चार सप्ताह के भीतर उस पर प्रत्युत्तर दाखिल कर सकते हैं। याचिकाकर्ता ने कहा कि एम्स ने वित्त वर्ष 2014-15 के लिए अपनी वार्षिक प्रदर्शन मूल्यांकन रिपोर्ट लिखने के चैनल से संबंधित उनकी याचिका के जवाब में 17 अगस्त, 2016 को दाखिल अपने जवाबी हलफनामे में झूठे बयान दिए हैं। याचिकाकर्ता 2012 से 2014 के बीच एम्स में मुख्य सतर्कता अधिकारी थे और उन्होंने चिकित्सा संस्थान में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्वाई शुरू की थी। उन्हें 2016 में उनके कार्यकाल की समाप्ति से पहले अगस्त 2014 में पद से मुक्त कर दिया गया था।

# छत्तीसगढ़ : एसयूवी व ट्रक की टक्कर में पांच की मौत, 5 घायल

एजेंसी

अंबिकापुर। छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई तथा पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के सीतापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत विशुनपुर गांव के करीब एक तेज रफ्तार एसयूवी (बोलेरो) और ट्रक के बीच हुई टक्कर में बोलेरो वाहन में सवार पांच लोगों राजकुमार अगरिया (55), राजकुमार की पुत्री अंजली अगरिया (25), सूरज अगरिया (14), एक वर्षीय बालक माही और आयुष (10) की मौत हो गई है तथा पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। उन्होंने बताया कि रेवापुर-सखौली गांव निवासी ग्रामीण बोलेरो वाहन में सवार होकर महाशिवरात्रि में दर्शन के लिए करीब के किलकिला शिव मंदिर गए थे। जब वह वापस अपने गांव लौट रहे थे तब विशुनपुर गांव के करीब उनका वाहन ट्रक से टकरा गया। इस घटना में राजकुमार, अंजली, सूरज और माही की मौके पर ही मौत हो गई तथा छह अन्य घायल हो गए।

# अरुणाचल में पचास हजार मेगावाट जलविद्युत उत्पादन की क्षमता

एजेंसी



ईटानगर। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बुधवार को कहा कि अरुणाचल प्रदेश में 50,000 मेगावाट जलविद्युत उत्पादन की क्षमता है और भारत के ऊर्जा क्षेत्र के भविष्य में राज्य प्रमुख भूमिका निभा सकता है। राज्य के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे धनखड़ कामले जिले के बोआसिमला में रहने वाले न्यिशी जनजाति के न्योकुम युलो समारोह में शामिल हुए। उन्होंने वहां एक समारोह को संबोधित करते हुए आदिवासी समुदायों की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने में त्योहारों के महत्व का जिक्र किया। धनखड़ ने आर्थिक विकास, बुनियादी ढांचे और सामाजिक कल्याण में उल्लेखनीय विकास का हवाला देते हुए भारत को दुनिया में सबसे तेजी से विकास करने वाला देश करार दिया। धनखड़ ने कहा, दशकों पहले भारत सरकार ने लुक ईस्ट नीति शुरू की थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे एक्ट ईस्ट नीति में बदल दिया और इस बात पर जोर दिया कि केवल अवलोकन करना ही पर्याप्त नहीं है बल्कि निर्णायक कार्वाई की जरुरत है। उन्होंने कहा, जब कार्वाई की जाती है तो हमें उल्लेखनीय विकास देखने को मिलता है। चाहे वह हवाई यात्रा हो, हवाई अड्डे हों, रेल संपर्क हो, सड़क नेटवर्क हो या फिर 4जी नेटवर्क हो। ये सभी चीजें अरुणाचल प्रदेश की प्रगति को दर्शाते हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि ये सभी उपलब्धियां भारत की अद्वितीय शक्ति को जाहिर करती हैं तथा उन्होंने नागरिकों से राष्ट्रवाद की भावना को कायम रखने का आग्रह किया। उपराष्ट्रपति ने संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू के साथ बोआसिमला में एक बहुउद्देशीय इनडोर हॉल का भी उद्घाटन किया। उन्होंने विश्व की सबसे ऊंची पर्वत चोटी माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली न्यिशी जनजाति की पहली महिला कबाक यानो को भी सम्मानित किया।

# सिद्धरमैया आग की तरह, उन्हें कोई छू नहीं सकता : कर्नाटक के मंत्री

एजेंसी

विजयनगर (कर्नाटक)। कर्नाटक मंत्रिमंडल के एक मंत्री बी. जेड जमीर अहमद खान ने बुधवार को कहा कि मुख्यमंत्री सिद्धरमैया आग की तरह हैं और कोई भी उन्हें या उनकी कुर्सी को नहीं छू सकता। खान ने यह बयान ऐसे समय में दिया है जब राज्य के नेतृत्व में बदलाव होने की अटकलें लगाई जा रही हैं, हालांकि उन्होंने इन अटकलों को भी खारिज कर दिया।

खान ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष बदलने की अटकलों को भी तवज्जो न देते हुए कहा कि सभी लोग पार्टी हाईकमान के फैसले का पालन करेंगे। सिद्धरमैया के करीबी माने जाने वाले खान ने एक सवाल के जवाब में कहा, अभी मुख्यमंत्री की कुर्सी खाली नहीं है। यहां तक कि अध्यक्ष (कर्नाटक कांग्रेस) का पद भी खाली नहीं है। वर्तमान में डी. के. शिवकुमार अध्यक्ष हैं और सिद्धरमैया मुख्यमंत्री हैं। अगर यह खाली होगा तभी चर्चा हो सकती है। उन्होंने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा, क्या कोई सिद्धरमैया की कुर्सी को छू सकता है? यह आग की तरह है। अगर आप आग को छूते हैं तो आपके हाथ जल जाएंगे। सिद्धरमैया आग की तरह हैं। कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस द्वारा मुख्यमंत्री बदलने के मुद्दे पर दिए जा रहे बयानों पर प्रतिक्रिया देते हुए खान ने कहा, कोई कुछ भी कहे मुख्यमंत्री की कुर्सी अभी खाली नहीं है



और सिद्धरमैया आग की तरह हैं। अगर कोई उन्हें छूने की कोशिश करेगा तो वह जल जाएगा। हम उन्हें तगारू (नर भेड़) कहते हैं। इसलिए यह असंभव है। कर्नाटक के राजनीतिक क्षेत्रों खासकर सत्तारूढ़ कांग्रेस में रोटेशनल मुख्यमंत्री (बारी-बारी से मुख्यमंत्री बनने) या सत्ता-साझाकरण फॉर्मूले के तहत किसी और के मुख्यमंत्री बनने की अटकलें लगाई जा रही हैं।

कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार मुख्यमंत्री पद के प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं और उनके मुख्यमंत्री बनने की उनकी महत्वाकांक्षा भी किसी से छिपी नहीं है। खान ने जोर देते हुए कहा कि कांग्रेस एक हाईकमान वाली पार्टी है, इसलिए पार्टी का हर व्यक्ति हाईकमान के निर्णय का पालन करेगा। उन्होंने कहा, यदि मुख्यमंत्री और पार्टी अध्यक्ष को बदला जाना है तो इस पर हम अपनी राय रखेंगे लेकिन अंततः इसका निर्णय पार्टी हाईकमान ही करेगा।

# परिसीमन और केंद्रीय निधि के मुद्दे पर स्टालिन के आरोपों को किया खारिज

एजेंसी



कोयंबटूर (तमिलनाडु)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को केंद्र द्वारा तमिलनाडु के साथ किसी भी तरह का अन्याय किए जाने से इनकार किया और इस प्रकार के आरोपों को ध्यान भटकाने का प्रयास करार दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने 2014-24 की अवधि के दौरान राज्य को 5,08,337 करोड़ रुपये प्रदान किए हैं। शाह ने इसके अलावा स्टालिन पर परिसीमन को लेकर गलत सूचना अभियान फैलाने का आरोप लगाया और इस विषय पर अटकलों पर विराम लगाते हुए कहा कि जब परिसीमन यथानुपात आधार पर किया जाएगा तो तमिलनाडु सहित किसी भी दक्षिणी राज्य के संसदीय प्रतिनिधित्व में कमी नहीं होगी। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने केंद्र सरकार पर शिक्षा का राजनीतिकरण करने और राज्य का महत्वपूर्ण धन रोकने का आरोप लगाया है। स्टालिन ने कहा कि परिसीमन दक्षिणी राज्यों, विशेष रूप से तमिलनाडु को प्रभावित करेगा क्योंकि वे परिवार नियोजन कार्यक्रम को सफलतापूर्वक लागू कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया है कि परिसीमन के कारण तमिलनाडु को 39 लोकसभा सीटों में से 8 का नुकसान होगा। इस मामले पर चर्चा के लिए उन्होंने पांच मार्च को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। राज्य में कानून-व्यवस्था की विफलता को लेकर सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार पर निशाना साधते हुए शाह ने यहां भाजपा कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद कहा, तमिलनाडु में राष्ट्रविरोधी प्रवृत्ति चरम पर है। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा, तमिलनाडु सरकार ने 1998 के बम विस्फोट के आरोपी और मास्टरमाइंड (एसए बाशा) की अंतिम यात्रा के दौरान सुरक्षा मुहैया कराई थी। उन्होंने दावा किया कि ड्रग माफिया को राज्य में मादक पदार्थ बेचने की खुली छूट है और अवैध खनन माफिया यहां राजनीति को भ्रष्ट बना रहे हैं। उन्होंने कार्यक्रम में आरोप लगाया, द्रमुक के सभी नेताओं के पास भ्रष्टाचार में मास्टर डिग्री है। एक नेता नौकरी के बदले नकदी घोटाले में, दूसरा धनशोधन मामले में, तीसरा नेता आय से अधिक संपत्ति के मामले में, चौथा कोयला घोटाले में और पांचवां 6,000 करोड़ रुपये के सीआरआईडीपी घोटाले में शामिल है। ऐसा लगता है कि द्रमुक ने पार्टी सदस्य अभियान के जरिए भ्रष्टाचारियों का चयन किया है।

# पूर्वी थाईलैंड में बस दुर्घटना में 18 की मौत

बैंकाक। पूर्वी थाईलैंड में बुधवार तड़के एक चार्टर्ड बस पलट गई, जिससे 18 लोगों की मौत हो गई और 31 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह दुर्घटना प्राचीनबुरी प्रांत में हुई। ये लोग उत्तरी थाईलैंड से नगर निकाय संबंधी अध्ययन दौरे के लिए तटीय रेयोग प्रांत की यात्रा पर रहे थे। भूमि परिवहन विभाग ने कहा कि वह सड़क दुर्घटना की जांच में पुलिस के साथ समन्वय करेगा तथा सभी सार्वजनिक परिवहन वाहनों का निरीक्षण तेज करेगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे सुरक्षा मानकों को पूरा करें। थाईलैंड में सड़क सुरक्षा एक बड़ी समस्या है।

इंटरटेनमेंट...

# हेरा फेरी की सीक्वल फिल्म से नाखुश थे परेश रावल




मुंबई। एक्टर परेश रावल को सुपरहिट फिल्म हेरा फेरी में बाबूराव गणपतराव आप्टे के रोल में जमकर सराहना मिली थी। 2006 में इसकी सीक्वल फिल्म फिर हेरा फेरी आई, जो हिट रही। हालांकि परेश रावल की मानें तो वो इस फिल्म से खुश नहीं थे।

उनका मानना था कि फिल्म में हंसाने के लिए बेवजह किरदार डाले गए थे। साथ ही परेश रावल ने ये भी खुलासा किया है कि कार्तिक आर्यन को इस फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म हेरा फेरी 3 से निकाल दिया गया है। सिद्धार्थ कानन से बातचीत के दौरान परेश रावल ने कार्तिक आर्यन को हेरा फेरी से निकाले जाने का कारण बताया है। उन्होंने कहा है कि कार्तिक को फिल्म में साइन कर लिया गया था। हालांकि वो राजू का किरदार नहीं निभा रहे थे। जब उन्हें साइन किया गया था, तब फिल्म की स्टोरी लाइन अलग थी। कहानी के अनुसार, राजू उसे कहीं से पकड़ के लाने वाला था। उस समय अक्षय भी फिल्म से नहीं जुड़े थे। बातचीत में परेश रावल ने ये भी बताया है कि अब फिल्म में कार्तिक आर्यन नहीं हैं, अब फिल्म की कहानी पूरी तरह से बदल दी गई है। फिल्म की शूटिंग अगस्त-सितंबर के बीच शुरू हो सकती है। इसी इंटरव्यू में परेश रावल ने ये भी बताया है कि वो फिल्म फिर हेरा फेरी से खुश नहीं थे। उन्होंने कहा, फिल्म में सब ओवरकॉन्फिडेंट थे। फिल्म में मासूमियत नहीं रही। माफी चाहूंगा, लेकिन वो फिल्म ठीक नहीं बनी थी। मैंने नीरज (डायरेक्टर) से कहा था कि तू बहुत बढ़ रहा है इसमें। इसकी कोई जरुरत नहीं हैं।

# सुष्मिता सेन करना चाहती हैं शादी

मुंबई। सुष्मिता सेन ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम लाइव सेशन के जरिए फैंस और फॉलोअर्स के साथ बातचीत की। इस दौरान उन्होंने शादी पर अपने विचार भी शेयर किए। उन्होंने कहा वह शादी तो करना चाहती हैं, लेकिन कोई सही जीवनसाथी मिलना चाहिए। दरअसल, इंस्टाग्राम पर लाइव सेशन के दौरान सुष्मिता सेन ने बताया कि उन्होंने जयपुर में एक शादी अटेंड की थी। इस पर एक यूजर ने सुष्मिता से

**शादी करने लायक भी कोई मिलना चाहिए**

उनकी शादी को लेकर ही सवाल पूछ लिया। जिसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा- 'मैं भी शादी करना चाहती हूं। मिलना चाहिए न कोई शादी करने लायक। ऐसे थोड़ी होती है शादी। कहते हैं न, बहुत रोमांटिक तरीके से तो दिल का रिश्ता होता है। दिल तक बात तो पहुंचनी चाहिए न। शादी भी कर लेंगे।



सुष्मिता सेन ने ढाई साल तक मॉडल रोहमन शॉल को डेट किया था। दोनों के बीच 15 साल का अंतर था। दोनों लिव-इन रिलेशनशिप में भी रहे थे। रोहमन की सुष्मिता की दोनों बेटियों, रेनी और अलीशा, के साथ भी बेहतरीन बॉडिंग है। लेकिन साल 2021 में दोनों का ब्रेकअप हो गया था। इस बात की जानकारी खुद सुष्मिता ने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए दी थी।

### जयपुर की महारानी गायत्री देवी पर बनेगी सीरीज

**मुंबई**। बॉलीवुड में बायोपिक फिल्मों और वेब सीरीज का दौर तेजी से बढ़ रहा है। अब एक और भव्य प्रोजेक्ट ऑडियंस के सामने आने वाला है - महारानी गायत्री देवी पर बन रही वेब सीरीज। यह भारत की शाही विरासत, बदलाव और एक मजबूत महिला की कहानी को दर्शाने वाली सीरीज होगी। हाल ही में बातचीत के दौरान, प्रोड्यूसर प्रांजल खंधाडिया ने इस रॉयल वेब सीरीज के बारे में विस्तार से बताया। इसके अलावा, उन्होंने अपनी अपकमिंग फिल्म 'धक धक 2' और हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'स्वीट ड्रीम्स' पर भी बात की। प्रांजल खंधाडिया ने बताया कि इतिहास के प्रति उनकी हमेशा से गहरी रुचि रही है।

# विक्की कौशल की फिल्म 'छावा' विवादों में

विक्की कौशल फिल्म छावा को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। लेकिन अब फिल्म की कहानी को लेकर विवाद हो गया है। इसके खिलाफ 100 करोड़ रुपए का मानहानि का दावा करने की धमकी दी गई है। शिकायतकर्ता का कहना है कि फिल्म के मेकर्स ने इतिहास से जुड़े तथ्यों को गलत तरीके से पेश किया है। फिल्म मेकर्स पर आरोप है कि फिल्म छावा में गणोजी और कान्होजी नाम के दो किरदारों को गलत तरीके से पेश किया गया

**100 करोड़ की मानहानि केस की धमकी**

है। गणोजी और कान्होजी, संभाजी महाराज को धोखा देकर औरंगजेब के साथ मिलते दिखाए गए हैं। जिसको लेकर गणोजी शिर्के और कान्होजी शिर्के के वंशजों ने फिल्म का विरोध किया है। फाइनेंशियल एक्सप्रेस के अनुसार, गणोजी और कान्होजी शिर्के के 13वें वंशज लक्ष्मीकांत राजा शिर्के ने कहा कि उनके पूर्वजों को फिल्म में गलत तरीके से पेश किया गया है। फिल्म की कहानी पर शिर्के परिवार ने आपत्ति जताई,



उन्होंने कहा कि उनके पूर्वजों को बिना वजह नेगेटिव दिखाया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 20 फरवरी को शिर्के परिवार ने छावा के डायरेक्टर लक्ष्मण उतेकर को एक कानूनी नोटिस भेजा। नोटिस में फिल्म के नैरेटिव को बदलकर इतिहास से जुड़ी गलतियों को हटाने की मांग की गई है। साथ ही शिर्के परिवार ने मेकर्स के खिलाफ 100 करोड़ के मानहानि का केस करने की धमकी दी है। फिल्म में गणोजी और कान्होजी, संभाजी महाराज को धोखा देकर औरंगजेब के साथ मिलते दिखाए गए हैं।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com